इकाई 1 प्रतिदर्श का परिचय व प्रकार (Introduction and Types of Sampling)

इकाई की रुपरेखा

1.16 सन्दर्भ पुस्तकें

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- नमूनाकरण की मूल आवधारणा की व्याख्या कर सकें।
- आंकडे एकत्रित करने की विधियों के प्रकार की व्याख्या कर सकें।
- नमूनाकरण विधियों के प्रकार की व्याख्या कर सकें।
- नमूनाकरण एवं गैर नमूनाकरण त्रुटियों की व्याख्या कर सकें।
- नमूनाकरण वितरण की अवधारणाओं का वर्णन कर सकें।

1.1 प्रस्तावना

जीवन के सभी क्षेत्रों के लिए (जैसे आर्थिक, सामाजिक और व्यापार)सांख्यिकीय जांच और संमकों के विश्लेषण की आवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। सांख्यिकीय आंकडों को एकत्र करने के दो तरीके हैं: (1) जनगणना विधि और (2) नमूना विधि । जनगणना विधि के तहत, पूरी जानकारी के लिए संबंधित जॉच के दायरे या जनसंख्या इकाइयों को एकत्र किया जाता है जबकि नमूना विधि के तहत, इसके विपरीत समग्र की सभी इकाइयों के बारे में जानकारी एकत्रित करने की तुलना में केवल चयनित इकाइयों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती है। आधुनिक समय में नमूना विधि सांख्यिकीय जॉच का एक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय तरीका है। आर्थिक और व्यापार की दुनिया के अलावा, इस विधि का व्यापक रूप से दैनिक जीवन में प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए, एक घर पत्नी को स्वाद पकवान के एक छोटे से नमूने को चखने पर समग्र के सुगंध, नमक, मिर्च खुशबू आदि का पता चलता है। चिकित्सक मरीज के रक्त की जॉच रक्त की केवल एक या दो बूँद द्वारा कर सकता है। उसी तरह हम, दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे गेहूँ, चाल, दाल आदि खरीदने से पहले इन चीजों के नमूनों को देखकर चीजों के गुणवत्ता के बारे में जानते हैं।

कारखानों में सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रक उत्पादन की कुछ इकाईयों का परीक्षण कर समग्र की गुणवत्ता का परीक्षण करता है। एक शिक्षक कुछ छात्रों से प्रश्न पूछकर अपने शिक्षण की प्रभावकारिता के बारे में जान लेता है। वास्तविकता में, शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जहॉ नमूने विधि का प्रयोग नहीं किया जाता है।

1.2 नमूने की बुनियादी अवधारणाऐं

इससे पहले कि आप नमूने के पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करें आप को नमूने से संबधित बुनियादी अवधारणाओ समझना चाहिए जो कि निम्नवत है:

1.2.1 समग्र

सांख्यिकी में समग्र का आशय संग्रहित (कुल) वस्तुऐं/चीजें जिसके बारे में आप जानकारी प्राप्त करते हैं । समग्र का आशय जॉच के तहत पूरे क्षेत्र से है जो ज्ञान की मांग करता है। उदाहरण के लिए यदि आप विद्यालय के 2,000 विद्यार्थियों के औसत मासिक व्यय के बारे मे ंसूचना चाहते हैं, तो उसके सीमित (ii) असीमित प्रकार है।

सीमित समग्र में वस्तुओं की संख्या निश्चित होती है जैसे कालेज में छात्रों या शिक्षकों की संख्या निश्चित है। दूसरी और असीति समग्र में, वस्तुओं की संख्या अनिश्चित होती है जैसे आसमान में तारों की संख्या, समुद्र में पानी की बूॅदें, पेड मे ंपत्नियों की संख्या, सिर पर बालों की संख्या ।

1.2.2 नमूना

समग्र के चयन का एक हिस्सा नमूना कहा जाता है। दूसरे शब्दों में समग्र से चयनित या वर्गीकृत इकाईयों को नमूना कहते हैं। वास्तव में, नमूना समग्र का वह हिस्सा है जिसे जॉच करने के उददेश्य से चयनित करते हैं। उदाहरण के लिए एक अन्वेषक एक कालेज के 2000 छात्रों में से 200 छात्र जो कि 2000 छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं को चयनित करता है तो इन 200 छात्रों को एक नमूने के रूप मे ंकरार दिया जाएगा। इस प्रकार, नमूने का आशय समग्र से चयनित उन इकाईयों से है जो कि समग्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

1.3 संमकों को संग्रह करने की विधियॉ

संख्यिकी संमकों को संग्रह करने के दो तरीके निम्नवत हैं

1.3.1 **जनगणना विधि वह तरीका** है जिसमें जॉच के लिए जानकारी या संमक जो कि समग्र से सम्बन्धित है के प्रत्येक एवम् हर इकाई को एकत्रित करके एवम् उनके आधार पर निष्कर्ष तैयार किया जाता है। उदाहरण के लिए, (मासिक व्यय, औसत ऊॅचाई, औसत वजन इत्यादि) यदि कालेज के 2000 छा़त्रों के बारे में कुछ जानकारी एकत्र की जा रही है उस उद्देश्य में यदि आप कालेज प्रत्येक एवम् हर छात्र से प्रश्नमय करते हैं तो इस विधि को जनगणना विधि कहते हैं। इस उदाहरण में सम्पूर्ण कालेज या सभी 2000 छात्र समग्र समझे जायेंगे और व्यक्तिगत रूप से प्रतयेक छात्र समग्र इकाई कहलायेगा। भारत में जनगणना विधि या पूर्ण गणन विधि का उपयोग हर 10 वर्षों बाद किया जाता है।

1.3.1.1 जनगणना विधि के गुण

(i) **विश्वसनीय और सटीक संमक** : जनगणना विधि द्वारा प्राप्त ऑकडे अधिक विश्वसनीय एवं सटीक होते हैं क्योंकि इस विधि में संमकों को समग्र के प्रत्येक एवं हर इकाई से सम्पर्क कर एकत्रित किया जाता है।

(ii) **व्यापक जानकारी** : यह विधि समग्र के प्रत्येक इकाई के बारे में विस्तृत जानकारी देता है। उदाहरण के लिए, भारतीय जनगणना केवल व्यक्तिायों की संख्या के बारे मे ंज्ञान नहीं देता अपितु व्यक्तियों की आयु, व्यवसाय, आय, शिक्षा, वैवाहिक स्थिति के बारे में भी जानकारी देता है।

(iii) **उपयुक्तता** : यह विधि सीमित दायरे एवम्र विविध विशेषताओं वाले समग्र के लिए अधिक उपयुक्त है। इस विधि का उपयोग गहन अध्ययन मे ंभी वांछित है।

1.3.1.2 जनगणना विधि के दोष :

(i) **अधिक महंगा** : जनगणना विधि एक महंगी विधि है। समग्र के प्रत्येक इकाई से जानकारी एकत्र करने के लिए ज्यादा धन की आवश्यका होती है। यही कारण

है कि सरकार द्वारा इस विधि ज्यादातर उपयोग महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए किया जाता है जैसे –जनगणना।

(ii) **ज्यादा समय का लगना :** इस विधि में ऑकडों के सग्रह में ज्यादा समय लगता है क्योंकि ऑकडे सम्रग के प्रत्येक एंव हर इकाई से संग्रहित किये जाते हैं इस कारण से सांख्यिकी निष्कर्ष बनाने मे ंदेरी होती है।

(iii) **अधिक श्रम का लगना:** ऑकडें संग्रहित करने की इस विधि मे ंबहुत ज्यादा परिश्रम लगता है। इसके लिए प्रगणक की बडी संख्या की आवश्यकता होती है।

(iv) विशिष्ट समस्याओं के लिए उपयुक्त नहीं : यह विधि कुछ विशिष्ट समस्या और अनंत समग्र के सम्बन्ध में उपयुक्त नहीं है। उदाहरण के लिए, अगर समग्र अनन्त है या समग्र की इकाईयॉ खराब या प्रकृति में बहुत जटिल हैं तो जनगणना विधि उपयुक्त नहीं हैं।

1.3.2 नमूना विधि :

नमूना विधि वह विधि है जिसमें समग्र से चयनित नमूना इकाईयों से ऑकडें एकत्रित कर समग्र के लिए निष्कर्ष निकाला जाता है। उदाहरण के लिए यदि कालेज के 2,000 छात्रों के मासिक व्यय का अध्ययन किया जाता है तो आप 2000 छात्रों से जानकारी एकत्र करने के बजाय कुछ चयनित छात्रों से जैसे 100 छात्रों से जानकारी एकत्र कर निष्कर्ष निकाल सकते हैं, तो इस विधि को नूना विधि कहा जायेगा।
नमूने विधि के आधार पर कालेज के सभी छात्रों के मासिक व्यय का ध्यान करना सम्भव है। नमूने विधि के तीन महत्वपूर्ण चरण हैं:

(i) नमूने का चयन करना (ii) नमूने से जानकारी एकत्र करना (iii) समग्र के लिए निष्कर्ष निकालना

1.3.2.1 नमूने विधि के गुण

(i) **कम खर्चीली** : यह विधि कम खर्चीली है। इस विधि मे ंधन एवं श्रम दोनों की बचत होती है क्योंकि इसमे ंसमग्र की कुछ इकाईयों का अध्ययन किया जाता है।

(ii) **समय की बचत** : इस विधि मे ंऑकडे जलदी से एकत्र किये जा सकते हैं क्योंकि ऑकडे समग्र की कुछ इकाईयों से प्रापत किये जाते हैं जिससे ज्यादा समय की बचत होती है।

(iii) **गहन अध्ययन** : नमूना विधि में इकाईयों की संख्या कम होती है जिससे समग्र का गहन अध्ययन किया जा सकता है।

(iv) **संगठनात्मक सुविधा** : इस विधि में अनुसंधान कार्य का आयोजन एवं कियान्वयन अधिक आसानी से किया जा सकता है। अधिक कुशल और सक्षम जॉचकर्ता नियुक्त किये जा सकते हैं।

(v) **अधिक विश्वसनीय परिणाम** : यदि समग्र से नमूनों का चयन इस तरह से किया जाता है कि चयनित नमूने सम्पूर्ण समग्र का प्रतिनिधितव करते हैं, तो इससे उत्पन्न परिणाम अधिक सटीक एवं विश्वसनीय होंगें।

(vi) **अधिक विज्ञान संबंधी** :– नमूना विधि ज्यादा विज्ञान संबंधी है क्योंकि इसमें ऑकडों की पूछताछ अन्य नमूनों के साथ की जा सकती है।

(vii) **एकलौती विधि :** कुछ ऐसे क्षेत्र जहॉ पूछताछ जनगणना विधि से सम्भव नहीं है उन परिस्थितियों में केवल नमूना विधि ही ऑकडें एकत्रित करने के लिए उपयुक्त हैं । यदि समग्र अनन्त या बडे पैमाने पर या खराब होने की प्रकृति का है, तो केवल नमूना विधि का प्रयोग इस तरह के मामलों में किया जाता है।

1.3.2.2 नमूने विधि के दोष :

(i) **कम सटीकता** : नमूने विधि मे ंकम सटीकता होती है क्योंकि समग्र की प्रत्येक इकाई मे ंपूछताछ करने के बजाय इसमे ंकेवल चयनित इकाईयों से आंशिक पूछताछ की जाती है।

(ii) **गलत निष्कर्ष** : यदि एक नमूना चयन की विधि निष्पक्ष या इयके चयन में सावधानी नहीं बरती गई है तो निश्चित रूप से परिणाम गुमराह करते हैं।

(iii) **कम विश्वसनीय** : जनगणना विधि की तुलना में, इस विधि मे ंअन्वेषक के पक्षपात की ज्यादा सम्भावना होती है, जो परिणाम को कम विश्वसनीय बनाता है।

(iv) **निर्दिष्ट ज्ञान की आवश्यकता** : यह एक जटिल विधि है जिसमें नमूने के चयन के लिए निर्दिष्ट ज्ञान की आवश्यकता होती है।

(v) **उपयुक्तता का अभावः** नमूना विधि समग्र के इकाईयों के मध्य विविधता के मामले में उपयुक्त नहीं है।।

1.3.3 जनगणना विधि एंव नमूना विधि में अन्तर :

जनगणना विधि एंव नमूना विधि के बीच मुख्य अन्तर निम्नवत है–

(i) **विस्तार :** जनगणना विधि मे ंसमग्र से सम्बन्धित सभी इकाईयों की जॉच की जाती है जबकि नमूना विधि में केवल कुछ इकाईयों से पूछताछ की जाती है।

(ii) **कीमत :** जनगणना विधि समय, धन एवम् श्रम की दृष्टि से कीमती है जबकि इन मामलों में नमूना विधि किफायती है।

(iii) **जॉच का क्षेत्र** : जॉच के लिए जनगणना विधि का प्रयोग सीमित क्षेत्र तक किया जाता है जबकि नमूने विधि का प्रयोग बढे क्षेत्र तक किया जाता है।

(iv) **समरूपता :** जनगणना विधि का प्रयोग वहॉ पर उपयोगी है जहॉ समग्र के इकाईयों मे ंविविधता होती है जबकि नमूना विधि का प्रयोग समग्र की इकाईयों मे ंसमरूपता होने पर किया जाता हे।

(v) **समग्र का प्रकार** : जनगणना विधि उन क्षेत्रों में ज्यादा उपयुक्त है जहॉ समग्र के प्रत्येक एवं सभी इकाईयों का अध्ययन आवश्यक है। इसके विपरीत, जब समग्र अननत या विशाल या पूर्ण गणन के परिणाम में नष्ट किया जा रहा है तो नमूना विधि को अधिक उपयुक्त माना जाता है।

1.4 नमूनाकरण विधियॉ :

दिये गए समग्र में से नमूना चयन की विधि को नमूनाकरण कहा जाता है। दूसरे शब्दों में, नमूनाकरण संग्रहित सांख्यिकीय सामाग्री के चयन के उस भाग को

दर्शाता है जिसके बारे में समग्र की दृष्टि से जानकारी प्रापत की जाती है । विभिन्न आवश्यकताओं के अनुसार समग्र में से नमूना चयन की कई विधियॉ है :

1.4.1 प्रायिकता नमूनाकरण विधियॉ

1. सरल यादृच्छिक नमूनाकरण
2. स्तरीयकृत यादृच्छिक नमूनाकरण
3. कमबद्ध यादृच्छिक नमूनाकरण
4. बहुचरणीय यादृच्छिक नमूनाकरण
5. गुच्छीय नमूनाकरण

1.4.2 गैर–प्रायिकता नमूनाकरण विधियॉ

1. आलोचनात्मक नमूनाकरण
2. नियतांश नमूनाकरण
3. विस्तृत नमूनाकरण

1.4.1 प्रायिकता नमूनाकरण विधियॉ

प्रायिकता नमूना विधियॉ समग्र में से नमूने चयन की ऐसी विधियॉ हैं जिसमें संस्कृति की सभी इकाईयों को समान अवसर देते हुए नमूने मे ंशामिल किया जताा है। प्रायिकता नमूनाकरण विधियों के विभिन्न रूप होते हैं, जो नीचे दिये गए है :

1. सरल यादृच्छिक नमूनाकरण : सरल यादृच्छिक नमूना वह पद्धति है जिसमें संस्कृति के प्रत्येक इकाई का नमूने में चयनित होने का समान अवसर होता है । कौन सा तत्व नमूने मे ंशामिल होगा और कौन सा नहीं। इस तरह के निर्णय जांचकर्ता द्वारा अपनी इच्छा से नहीं बनाये जाते बल्कि नमूनों का चयन संयोगवश होता है यादृच्छिक नमूना चयन की दो विधियॉ होती हैं :

(अ) लाटरी विधि :– लाटरी विधि :– इस विधि मे समग्र के प्रत्येक इकाई को कागज के एक टुकडे में नामित या कमांकित किया जाता है। इन पर्चीयों को मोडकर कलश या थैले में डाला जाता है। तद्पश्चात कई इकाईयों को एक नमूने मे शामिल करने के लिए कई पर्चीयों को किसी व्यक्ति द्वारा चुना जाता है।

(ब) यादृच्छिक अंकों की तालिका :– कुछ विशेषज्ञों ने यादृच्छिक अंक तालिकाओं का निर्माण किया है। ये तालिकाऐं नमूने के चयन मे ंसहायता करती है। इन सभी विभिन्न तालिकाओं मे ंटिपेट तालिका सबसे प्रसिद्ध एवं उपयोग में है। टिपेट ने 10400 संख्याओं की, 41600 संख्याओं के रूप द्वारा चार अंकों वाली तालिका का निर्माण किया है। इस विधि में, सबसे पहले, समग्र की सभी इकाई यों को कमिक रूप से लिखा जाता है। तद्प्श्चात नमूने के आकार के अनुसार टिपेट तालिका का प्रयोग करते हुए, अंकों का चयन किया जाता है। एक उदाहरण द्वारा, टिपेट तालिका की सहायता से, नमूना चयन को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है :

टिपेट की तालिका का एक उदाहरण :

2952	6641	3992	9792	7979	5911
3170	5224	4167	9525	1545	1396

7203	4356	1300	2693	2370	7483
3408	2762	3563	6107	6913	7691
0560	5246	1112	9025	6008	8127

उदाहरण के लिए, मान लें कि 5000 इकाईयों मे ंसे 12 इकाईयों को चुना जाना है। इन इकाईयों को निर्धारित करने के लिए, टिपेट तालिका के लिए , पहले 5000 इकाईयों को 1 से 5000 तक कमबद्ध करना होगा और तब टिपेट तालिका से 12 अंकों का चयन प्रारम्भ से जो कि 5000 से कम होगा किया जायेगा। ये 12 अंक निम्नवत हैं :

2952	4156	4356	2370
3992	1545	1300	3408
3170	1396	2693	2762

इकाईयों की यह कम संख्या को नमूने मे ंशामिल किया जायेगा। यदि समग्र की इकाईयॉ 100 से कम हो, तब 4 अंक के यादृच्छिक संख्या को , 2 अंकों की संख्या में (छोटा) संक्षिप्त किया जायेगा, और तब इन दो अंकों की संख्या का चयन होगा। इसी तरह 60 इकाईयों मे ंसे यदि 6 इकाईयॉ चयनित करनी है, तो कम संख्या 29, 39, 31, 41, 15 और 13 को नमूने में शामिल किया जायेगा।

गुण : —

1. इस पद्धति (विधि) में निजी पूर्वाग्रह की कोई संभावना नहीं होती है। दूसरे शब्दों में, यह विधि व्यक्तिगत पूर्वाग्रह से युक्त होती है।
2. इस विधि के अन्तर्गतत, समग्र की प्रत्येक इकाई के चयन का अवसर एक समान होता है।
3. इस विधि के प्रयोग से समय, धन तथा श्रम की बचत होती है ।

दोष :

(i) यदि नमूने का आकार छोटा है, तो नमूना पर्याप्त रूप से समग्र का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

(ii) यदि समग्र बहुत छोटा है, तो यह विधि उपयुक्त नहीं है।

(iii) यदि समग्र में कुछ वसतुऐं इतनी महत्वपूर्ण हैं कि नमूने में उनका शामिल किया जाना बहुत जरूरी है तो इस विधि का प्रयोग उचित नहीं होगा।

(iv) जब समग्र की इकाईयॉ विविध लक्षणों के साथ हो तो इस विधि का प्रयोग उचित नहीं होगा ।

(ii) **स्तरीय यादृच्छिक नमूना :**

जब समग्र के इकाईयों मे ंसमरूपता के वजाय विविधता होती है तो इस विधि का प्रयोग किया जाता है। इस विधि के अन्र्तगत समग्र के भी इकाईयों को पहले उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग अलग हिस्सों में विभाजित किया जाता है। उसके बाद यादृच्छिक नमूने का उपयोग करके प्रत्येक परत से नमूना इकाई का चयन किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कालेज के 1500 छा्त्रों में 150 छात्रों का चयन करना है तो सबसे पहले कालेज के विद्यार्थियों को कला, व्यवसाय एंव विज्ञान

विषय के आधार पर तीन वर्गों में विभाजित करना होगा । माना इन तीन संकायों में क्रमशः 500, 700, 300 छात्र हैं औ 10% नमूने लेने हे। तब यादृाच्छिक नमूना विधि के प्रयोग के आधार पर क्रमशः 50, 70 और 30 छात्र चयनति किये जा सकेंगें। इस तरह, इस विधि मे ंप्रत्येक कक्षा या वर्ग की आनुपातिक प्रतिनिधित्व की अवधारणा रहती है और समग्र की सभी इकाईयों को नमूने में चयनित किये जाने का बराबर का मौका मिलता है ।

गुण :

(i) इस विधि में इकाईयों के चयनित होने की ज्यादा सम्भावनाएं होती है।

(ii) तथ्यों के आधार पर विभिन्न स्तर पर इस विधि के तहत तुलनात्मक अध्ययन संभव है।

(iii) इस विधि में ज्यादा शुद्धता होती हैं।

दोष :

(i) इस विधि का सीमित दायरा है क्योंकि इस विधि को तभी अपनाया जा सकता है जब केवल समग्र और उसके विभिन्न तबको का ज्ञान हो ।

(ii) इस विधि में पूर्वाग्रह की संभावना हो सकती है यदि समग्र ठीक से स्तरीकृत न हो ।

(iii) यदि समग्र आकार मे ंभीा बहुत छोटा हो तो इस स्तरीकृत करने में कठनाई होती है।

(iii) क्रमबद्ध यादृच्छिक नमूना :

इस विधि मे ंसमग्र के सभी इकाईयों को क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित ओर गिना जाता है और तब नमूना इकाई को बराबर के अन्तराल में चयनित किया जताा है। उदाहरण के लिए, यदि 50 छात्रों में से 5 को नमूने के लिए चयिनित कर रहे हैं तो 50 छात्रों को गिनकर क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित किया जायेगा। पहले दस में से एक इकाई को यादृच्दिक तरीके से चयनित किया जायेगा। इसके बाद चयनित संख्या से प्रत्येक 10 वीं इकाई का चयन नमूना बनावट के लिए होगा। यदि प्रथम चयनित अंक 5वीं इकाई है तो उसके बाद के अंक 15 वीं इकाई, 25 वीं इकाई, 35 वीं इकाई और 45वीं इकाई होंगें।

गुण :

(i) यह एक सरल विधि है। इसके द्वारा नमूने आसानी से प्रापत किये जा सकते हैं।

(ii) इस विधि द्वारा नमूना चयन में बहुत कम समय लगता है और परिणाम लगभग सटीक होता है।

दोष :

(i) इस विधि में, प्रत्येक इकाई को चयनित होने के बराबर मौके नहीं है क्योंकि केवल पहली इकाई का चयन यादृच्छिक नमूना विधि पर आधारित है।

(ii) यदि सभी इकाइयॉ लक्षणों में भिन्न हैं तो परिणाम उचित नहीं होगें।

(IV) बहु–स्तरीय यादृच्छिक नमूनाः–

जब नमूना पद्धति विभिन्न स्तरों से गुजरती है, तो इसे बहुस्तरीय यादृच्छिक नमूना कहा जाता है। इस विधि मे ंसर्वप्रथम सम्पूर्ण समग्र को स्तरों या उप स्तरों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक स्तर पर कुछ इकाईयों का चयन यादृच्छिक नमूने के आधार पर किया जाता है । तद्पश्चात इन इकाईयों का उप विभाजन किया जाता है और फिर से यादृच्छिक नमूना विधि के आधार पर कुछ उप इकाइयों को चयनति किया जाता है। उदाहरण के लिए एक राज्य में प्रौढ शिक्षा के अध्ययन के उद्देश्य को जानने के लिए, सर्वप्रथम यादृच्छिक आधार कुछ जिलों को चयनित किया जायेगा। तद्पश्चात चयनित जिलों कसे कुछ तहसीलें और तहसीलों से कुछ वार्ड और वार्डों से कुछ परिवारों का चयन किया जायेगा जिनसे समस्या क विषय में पूछताछ की जा सकेगी।

गुण : (i) क्षेत्रीय आधार परसमग्र के अध्ययन की यह सर्वोत्तम विधि है। (ii) यह विधि उन समस्याओं के लिए उपयुक्त है जहॉ अकेले नमूने के आधार पर निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

दोष :

(i) सही ढंग से सटीकता के स्तर का अनुमान लगाने के लिए इस विधि में कई परीक्षणों जिसमें अधिक समय एवं श्रम शामिल हैं की आवश्यकता होती है।

(ii) इस विधि में अनमानित सटीकता का स्तर पूर्व में ही तय होता है जोकि तर्क संगत प्रतीत नहीं होता है।

(V) गुच्छ नमूना :

इस विधि में सीधे समग्र को कई हिस्सों में विभाजित किया जाता है जिन्हें गुच्छ कहते हैं जिनमें से कुछ गुच्छों को यादृच्दिक आधार पर चयनित किया जाता है तब इन गुच्छों का पूर्ण रूप से गणना की जाती है । यह विधि सामान्यतया उद्योग जगत में ंप्रयोग की जाती है – जैसे भेषजीय उद्योग, एक मशीन जो कि प्रत्येक 100 के खेप में दवा की गोलियॉ बनाती है, तो गुणवत्ता निरीक्षण के लिए कुछ यादाृच्दिक खेपों को चयनित कर जॉच की जाती है।

1.4.2 गैर –प्रायिकता नमूनाकरण विधियॉ :–

गैर प्रायिकता नमूना विधियॉ वह विधियॉ हैं जिसमें इकाईयों का चयन प्रायिकता या संभाविता के आधार पर न होकर अन्वेषक के सुविधा या निर्णय के अनुसार होता है। इस तरह की विधियों में इकाईयों का चयन विशेष उद्देश्य के साथ एवमु अन्वेषक की सुविधानुसार होता है।

(1) **निर्णय नमूना** :– इस विधि के अन्तर्गत, नमूना इकाईयों का चयन पूरी तरह से अन्वेषक के निर्णय पर निर्भर करता है। दूसरे शब्दों में, अन्वेषक अपने (उसका/उसकी) निर्णय से पसन्द के नमूने का प्रयोग करता है और अध्ययन के अर्न्तगत समग्र से केवल उन नमूना इकाईयों को शामिल करता है जिनमें विशिष्ट लक्षण हैं।

उदाहरण के लिए यदि एक कक्षा के 80 छात्रों से 20 छात्रों का एक नमूना चयनित करना है जिससे 10 छात्रों की खर्चीली प्रवृत्ति का मनोविश्लेषण किया जा सके,

उन्वेषक उनहीं 20 छात्रों को चयनित करेगा जिनकी, उसका/उसकी राय कक्षा में उक्त अध्ययन पर प्रतिनिधित्व करेंगी।

गुण :–

(1) यह विधि कम खर्चीली है।

(2) यह विधि बहुत सरल और आसान है।

(3) इस विधि का प्रयोग उन क्षेत्रों में उपयोगी है जहॉ लगभग एक ही तरह की इकाईयॉ मौजूद हैं या कुछ इकाईयॉ आवष्यक हैं जिनहें नमूने से बाहर नहीं निकाला जा सकता है।

दोषः–

(1) इस विधि में अन्वेषक के स्वयं के पूर्वाग्रह का एक बडा मौका होता है।

(2) यह विधि बहुत सटीक एवं विश्वसनीय नहीं है।

(2) नियतांश नमूना :–

इस विधि में जॉचकर्ता कुछ मापदण्डों (कोटा) के अनुसार निश्चित कोटा आवंति करते हैं। उनहें अपेक्षित संख्या प्राप्त कर प्रतयेक कोटा को भरने के लिए निर्देश दिये जाते हैं। जानकारी एकत्र करने के लिए अन्वेषकों को व्यक्तियों या (नमूना इकाईयॉ) का चयन अपने निर्णय से कोटा के भीतर किया जाता है। जब सम्पूर्ण नियतांश के सभी या आंशिक प्रतिकियादाता उपलबध या सुगम्य नहीं होते है, तो नियतांश को नये प्रतिक्रियादाता के पूरक में पूर्ण कर लिया जाता है। नियतांष नमूना, निर्णय नमूना का एक प्रकार है।

गुण :– (1) इस विधि मे ंमहत्वपूर्ण इकाईयों को सम्मिलित करने का बडा मौका होता है।

(2) नियतांश की निर्धारित इकाईयों के कारण इस विधि में सांख्यिकी जॉच ज्यादा संगठित होती है।

दोष :– (1) प्रायिकता की पूर्वाग्रह पहले के तरह रहेगी। (2) इस विधि में नमूना त्रुटियों की ज्यादा सम्भावना होती है।

(3) सुविधा नमूना :–

इस गैर प्रायिकता नमूना मे ंअन्वेषक को सुविधानुसार पूर्ण रूप से नमूना पंसद करने की छूट दी जाती है। अन्वेषक कालेज विवरणिका के आधार पर अध्यापकों की सूची से पसंदित नमूना प्रापत करता है और (उसका/उसकी) अपने प्रकाशन के संदर्भ में जानकारी प्रापत करता है। यह विधि कम कीमती एवं सरल है लेकिन अवैज्ञानिक एवं अविश्वसनीय है। इस विधि का परिणाम गणनाओं पर ज्यादा निर्भर करता है। जहॉ पर समग्र को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया जाता है या इकाइयों की सूची उपलब्ध नहीं है या नमूना इकाईयों की सूची उपलब्ध नहीं है या नमूना इकाईयॉ स्वयं में स्पष्ट नहीं है तो यह विधि नमूना चयन के लिए उपयुक्त है।

(4) विस्तृत नमूना :–

इस विधि मे ंनमूने का आकार समग्र के ही रूप में लगभग बडा लिया जाता है जैसे समग्र का 90% केवल उनहीं इकाईयों को छोड दिया जाता है जिनसे ऑकडे एकत्र करने में ज्यादा कठिनाई या लगभग असम्भव होते हैं। बहुत बडा नमूना आकार

होने के कारण इस विधि में बडे स्तर की सटीकता होती है। समस्या का विस्तृत अध्ययन सम्भव है। इस विधि के निष्कासन में भारी संसाधनों की जरूरत होती है।

1.5 नमूनाकरण और गैर नमूनाकरण त्रुटियॉ

हालॉकि एक नमूने की पसंद अत्यन्त सावधानी से की जा कसती है, फिर भी निश्चित रूप से इसमें दाे तरह की त्रुटियॉ शामिल होती हैं:

(1) नमूना त्रुटियां (2) गैर नमूना त्रुटियां

ये त्रुटियॉ ऑकडों के संग्रह, प्रसंस्करण और विश्लेषण में घटित हो सकती हे। ऑकडों के नमूना वितरण की एक महत्वपूर्ण विशेशता यह होती है कि समग्र से बडे आकार का यादृच्छिक नमूना ($n>30$) लिया गया हो जोकि सामान्य रूप से वितरित है या नहीं लेकिन ऑकडों का नमूना वितरण सामान्य वितरण के समीप होगा।

1.5.1 नमूनाकरण (त्रुटियॉ) :–

नमूना गलतियॉ वे हैं जो कि नमूना विधि के कारण पैदा होती है। नमूना गलतीयॉ निम्न कारणों की वजह से मुख्य रूप से उत्पन्न होती हैं:–

(1) नमूना विधि का गलत चयन

(2) नमूना एकत्रित होने की समस्याओं की वजह से एक नमूना इकाई को दूसरे नमूने इकाई के साथ प्रतिस्थापित करने से ।

(3) नमूने इकाईयों का गलत सीमांकन करने से

(4) समग्र के विभिन्न लक्षणों में परिवर्तनशीलता से भिन्नता ।

1.5.2 गैर नमूनाकरण त्रुटियॉ :–

गैर नमूना त्रुटियॉ वो है जो मानवीय कारकों से घटित होती हैं जो एक अन्वेशक से लेकर दूसरे अन्वेशक तक बदलती है।ये निम्न कारकों में से किसी एक कारक के वजह से उत्पन्न होती है :–

(i) खराब योजना।

(ii) नमूना इकाईयों का गलत चयन

(iii) कर्मचारी जो ऑकडे एकत्रित करते हैं उनमें प्रशिक्षण एवं अनुभव का अभाव

(iv) प्रतिक्रियादाता की तरफ से लापरवाही एवं गैर प्रतिक्रिया होने पर

(v) संकलन मेंत्रुटियॉ होने पर

(vi) गलत सांख्यिकी मापों की वजह से

(vii) गलत प्रश्नावली की बनावट से

(viii) नमूना निरीक्षण की जॉच अपूर्ण होने पर

1.6 नमूना वितरण के अवधारणाएँ

अब, आप नमूना वितरण की कुछ बुनियादी बातें समझेगें, जो कि इस प्रकार से हैः

1.6.1 नमूनाकरण वितरण :–

समग्र से चयनित एवं एक नमूने के परीक्षण का उद्‌देश्य समग्र के कुछ लक्षणों का आंकलन करना या अनुमान लगाना होता है। इस प्रक्रिया में नमूना वितरण के ज्ञान की अत्यधिक आवश्यकता होती है।

1.6.2 प्राचल/मापदण्ड :–

समग्र ऑकडों से किसी भी सांख्यिकी मापों की गणना करने को मापदण्ड कहा जाता है। इस प्रकार समग्र माध्य, समग्र मानक विचलन, समग्र परिवर्तनशलता, समग्र अनुपात इत्यादि मापदण्ड हैं। मापदण्डों को ग्रीक शब्द से प्रदर्शित किया जाता है जो कमशः μ, σ ,σ^2 और p है।

1.6.3 ऑकडा / सांख्यिकी :–

नमूना ऑकडों से किसी भी सांख्यिकी मापों द्वारा की गई गणना को सांख्यिकी कहते हैं। इस प्रकार नमूना माध्य, नमूना मानक विचलन, नमूना परिवर्तनशीलता नमूना अनुपात आदि सभी सांख्यिकी है, सांख्यिकी को रोमन शब्दों मे ंप्रदर्शित किया जाता है $\bar{x}$, s, s^2 और p है।

1.6.4 प्रतिस्थापना के साथ और इसके बिना नमूना :–

नमूना, समग्र से चयनित नमूने की एक विधि है। नमूना प्रतिस्थापना के साथ या इसके बिना भी किया जा सकता है। नमूना जहॉ समग्र से प्रत्येक इकाई को एक बार से ज्यादा चुन लिया जाता है तो उसे नमूना प्रतिस्थापना के साथ कहा जाता है। यदि प्रत्येक इकाई को एक बार से ज्यादा नहीं चुन सकते उेस नमूना प्रतिस्थापना के बाहर कहा जाता है। प्रतिस्थापना के साथ नमूना के संदर्भ में समग्र का आकार N होने पर n आकार के नमूनों की कुल सम्भावित संख्या N^n लेकिन यदि प्रतिसीापना के बाहर नमूने के लिए कल्पना कुल सम्भावित नमूनों की संख्या $NC_n =$ m होगी ।

1.7 ऑकडों का नमूनाकरण वितरण

नमूना वितरण सांख्यिकीय अनुमान के सैद्धान्तिक आधार का गठन करता है और इका व्यापार निर्णय लेने के लिए काफी महत्व है।

ऑकडों का नमूना वितरण आवृत्ति वितरण है जो एक ही आकार मे ंएक ही समग्र से तैयार की गई विभिन्न नमूनों से गणना कर विभिन्न मान्यता केसाथ निकाली जाती है। माना आप समग्र (N) से प्रतिस्थापना के साथ या बाहर n आकार के सभी सम्भावित नमूनों को निकालते हैं ।समग्र से निकले हुए सम्भावित प्रत्येक नमूने के लिए आप ऑकडों के लिए जैसे माध्य, माध्यिका, मानक विचालन परिवर्तनशीलता आदि की गणना करते हैं। तब आंकडों के सभी सम्भव मूल्यों को आवृत्ति विभाजन या प्राधिकता विभाजन में वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह के ऑकडों के वितरण से प्रापत वितरण को नमूना वितरण कहते हैं। ऑकडों के प्रकृति के आधार पर आप द्वारा गणना किये हुए विभिन्न नमूना वितरण हो सकते हैं। जैसे यदि कोई विशेष ऑकडा जिसका नमूना माध्य ज्ञात किया जाता है तो वह वितरण माध्य का नमूना वितरण कहलायेगौ यदि आप प्रतयेक नमूने की परिवर्तनशीलता की गणना करते हैं तो इसे परिर्वतनशलता का नमूना वितरण कहते हैं। इसी तरह आप अनुपात, माध्यिका मानक विचलन आदि का नमूने वितरण की गणना कर सकेंगें।

1.8 ऑकडों की मानक त्रुटियॉ

ऑकडों के नमूने विवरण के मानक विचलन को ऑकडों का मानक त्रुटियॉ कहते हैं। जैसा कि विभिनन प्रकार के नमूना वितरण होते हैं, नमूना वितरण के प्रकृति

के आधार पर आपके पास विभिन्न प्रकार की मानक त्रुटियॉ हो सकती हैं नमूना वितरण के माध्य का मानक विचलन को माध्य की मानक त्रुटियॉ कहते हैं। माध्य की मानक त्रुटि नाप की सीमा है नमूना माध्य, समग्र माध्य से पृथक किया जाता है। इस प्रकार, मानक विचलन एवं माध्य मानक त्रुटि के बीच मूलभूत अन्तर यह है कि मानक विचलन जिसमें व्यक्तिगत इकाईयों की मापों की सीमा को मिलान केन्द्र के मूल्य से पृथक किया जाता है और माध्य मानक त्रुटि वह सीमा है जिसमें व्यक्तिगत नमूना माध्य को समग्र माध्य से पृथक किया जाता है। माध्य की मानक त्रुटियों की तरह आप के पास माध्यिका मानक त्रुटियॉ, मानक विचलन, अनुपात , परिवर्तनशीलता आदि हो सकते हैं।

मानक त्रुटि का उपयोग बडी संख्या में समस्याओं के लिए किया जताा है जिनका वर्णन निम्नवत किया जाता हैः–

1) नमूने की विश्वसनीयता के लिए :– मानक त्रुटि नमूने की विश्वसनीयता एवं यर्थाथता के बारे में एक धारणा देती है अर्थात अनुमानित मान प्रेषित मान से कितना ज्यादा भिनन है। ज्यादा मानक त्रुटि होने पर, अनुमानित एवं प्रेषित मानों के बीच में ज्यादा विचलन होता है और नमूने की विश्वसनीयता बहुत कम होती है। मानक त्रुटि बहुत कम होने पर अनुमानित एवं प्रेषित मानों के मध्य बहुत कम विचलन होता है और नमूने की विश्वसनीयता बहुत ज्यादा होती है।

2) परीक्षणों का महत्व :– मानक त्रुटियों का उपयोग छोटे एवं बडे नमूनों से प्राप्त विभिन्न परिणामों के परीक्षण के महत्व में भी किया जाता है यदि प्रेक्षित एवं अनुमानित मानों के मध्य अंतर मानक त्रुटि की तुलना मे ं1.96 से ज्यादा होता है तो आप 5% में परिकल्पना को अस्वीकार करते हैं औश्र निष्कर्ष निकालते हैं कि नमूना व्यापक रूप में समग्र से भिन्न है। लेकिन यदि प्रेक्षित एवं अनुमानित मानों के मध्य अन्तर मानक त्रुटि तुलना में 2.58 से ज्यादा है तो आप शून्य परिकल्पना को 1% में अस्वीकार करते हैं और निष्कर्ष निकालते हैं कि नमूना व्यापक रूप में समग्र से भिन्न होता है।

3) अज्ञात समग्र माध्य की विश्वास सीमाओं को निर्धारित करने के लिए :– मानक त्रुटि विश्वास सीमाओं के भीतर जिसमें विश्वास की निश्चित घात के अस्तित्व की अपेक्षा समग्र प्राचल से निर्धारित कर हमें सक्षम बनाती है।

बडें नमूने के लिए :

μ के 95% विश्वास सीमाओं के लिए

$\bar{x}$ –1.96 मानक त्रुटि और $\bar{x}$ + 1.96 मानक त्रुटि

μ के 99% विश्वास सीमाओं

$\bar{x}$ –2.58 मानक त्रुटि और $\bar{x}$ + 2.58 मानक त्रुटि

छोटे नमूने के लिए :

μ के 95% विश्वास सीमाओं के लिए

$\bar{x} \pm t_{0.05}$ मानक त्रुटि

μ के 99% विश्वास सीमाओं के लिए

$\bar{x} \pm t_{0.01}$ मानक त्रुटि

1.9 माध्यों का नमूना वितरण

यह ध्यान देना आवश्यक है कि नमूना वितरण का प्रयोग नमूना सिद्धान्त में व्यापक रूप से किया जाता है। प्रतिस्थाापना के साथ या के रहित N आकार समग्र जिसका माध्य μ और परिवर्तनशीलता σ^2 है से सभी सम्भव नमूने जिनका आकार n है निकालते हैं। समग्र से निकाले हुए प्रत्येक सभ समीव नमूनों के लिए आप प्रत्येक नमूने के माध्य $\bar{x}$ की गणना करते हैं। माध्य नमूना, नमूना के लिए परिवव्रित होगा। विभिनन नमूनों से प्राप्त समस्त सम्भव माध्यों की सूची को माध्यों का नमूना वितरण कहते हैं।

मध्यों के नमूना वितरण की कुछ महत्वपूर्ण विशेषताऐं निम्नवत हैंः

(1) माध्यों के नमूना वितरण का माध्य समग्र माध्य (μ) के बराबर होता है।

लक्षणिक रूप से, $\mu\bar{x} = \mu$ or $E(\bar{x}) = \mu$ इस गुण को निम्नवत सिद्ध किया जा सकता हैः

N आकार के सीमित समग्र जिसका माध्य μ और परिवर्तनशलता σ^2 है से माना $x_1, x_2, \ldots\ldots x_n$ n आकार का यादृाच्छिक नमूना (प्रतिस्थापना के साथ) प्रदर्शित करता है, तो

$$\bar{x} = \frac{x_1 + x_1 + \cdots x_n}{n}$$

$$E(\bar{x}) = E\left[\frac{\Sigma x}{n}\right] = E\left[\frac{x_1 + x_1 + \cdots + x_n}{n}\right]$$

$$= \frac{1}{n}\{E(x_1) + E(x_2) + \cdots + E(x_n)\}$$

$$= \frac{1}{n}\{\mu + \mu + \mu + \cdots + \mu\} = \frac{1}{n}.n\mu = \mu$$

इस प्रकार माध्यों के नमूना वितरण का माध्य समग्र माध्य के बराबर होता है।

(2) माध्यों के नमूना वितरण की मानक त्रुटि को इस तरीके से प्रापत किया जाता हैः

$$S.E._{\bar{x}} \ or \ \sigma_{\bar{x}} = \frac{S.D. of\ Population}{\sqrt{Size\ of\ the\ sample}} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$$ समग्र का नमूना वितरण

इस गुण को निम्नवत सिद्ध किया जा सकता हैः

$$Var(\bar{x}) = Var\left(\frac{\Sigma x}{n}\right) = Var\left(\frac{x_1 + x_1 + \cdots + x_n}{n}\right)$$

$$= \frac{1}{n^2}[Var(x_1) + Var(x_2) + \cdots Var(x_n)]$$

$$= \frac{1}{n^2}[\sigma^2 + \sigma^2 + \cdots \sigma^2]$$

$$= \frac{1}{n^2} . n\sigma^2 = \frac{\sigma^2}{n}$$

जहॉ σ^2 परिवर्तनशलता है, n नमूना आकार है।

क्योंकि , n>1, स्पष्टतः $\frac{\sigma^2}{n} < \sigma^2 => v(\bar{x}) <$

समग्र परिवर्तनशीलता

$\therefore$ S.E.$\bar{x}$ or $\sigma_{\bar{x}} = \sqrt{var(\bar{x})} = \sqrt{\frac{\sigma^2}{n}} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}}$

इस सूत्र का प्रयोग तभी करते हें जब नमूना वितरण का ध्यान प्रतिस्थापना के साथ रखा जाता है ।

टिप्पणी : जब समग्र निश्चित है और नमूने प्रतिस्थापना के बगैर निकाले जाते है तब $S.E._{\bar{x}}$ को इस तरीके से प्राप्त करते हैं :

$$S.E._{\bar{x}} = \frac{\sigma}{\sqrt{n}} \sqrt{\frac{N-n}{N-1}}$$

(3) माध्यों का नमूना विवरणलगभग सामान्य विवरण माध्य μ और परिवर्तनशीलता σ^2 के साथ होता है,बर्शते बडा नमूना हो (n> 30)।

टिप्पणीयॉ : माध्यों के नमूना वितरण की प्रायिकता को ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सूत्र काप्रयोग किया जाता है। $z = \frac{\bar{x}-\mu}{\sigma_{\bar{x}}}$

उदाहरण : 1.1 एक समग्र जिसमें तीन मानों 2, 5 और 8 शामिल हैं का विचार करें। समग्र से सभी सम्भव नमूनों जिनका आकार 2 हैं, निकालें .1 माध्यों के नमूना वितरण की रचना करें। साथ में वितरण का माध्य और मानक त्रुटि ज्ञात करें।

हल : समग्र मे ंतीन मान सम्मिलित हैं। प्रतिस्थापना के साथ निकाले गए सम्पूर्ण सम्भव नमूनों जिनका आकार 2 है $= N^n = 3^2 = 9$

सम्पूर्ण सम्भावित यादृयच्छिक नमूनों और उनका नमूना माध्य निम्न सारिणी मे ंप्रदर्शित किया जा रहा हैः

नमूना अंक	नमूना मान	नमूना माध्य $\bar{x}$
1	(2,2)	$\frac{1}{2}$ (2+2)=2
2	(5,2)	$\frac{1}{2}$ (5+2)=3.5
3	(8,2)	$\frac{1}{2}$ (8+2)=5
4	(2,5)	$\frac{1}{2}$ (2+5)=3.5
5	(5,5)	$\frac{1}{2}$ (5+5)=5
6	(8,5)	$\frac{1}{2}$ (8+5)=6.5

7	(2,8)	$\frac{1}{2}$(2+8)=5.0
8	(5,8)	$\frac{1}{2}$(5+8)=6.5
9	(8,8)	$\frac{1}{2}$(8+8)=8.0

सभी सम्भव 9 नमूनों के माध्यों के आधारपर माध्यों का नमूना वितरण नीचे दिया जा रहा है।

नमूना माध्य ($\bar{x}$)	आवृत्ति +	$f(\bar{x})$	d=$\bar{x}$ - $\mu_{\bar{x}}$	d^2	fd^2
2	1	2	-3	9	9
3.5	2	7	-1.5	2.25	4.50
5.0	3	15	0	0	0
6.5	2	13	1.5	2.25	4.50
8.0	1	8	+3	9.0	9.0
	$\varepsilon f = 9$	$\varepsilon f(\bar{x})$=45			ε fd^2=27

माध्यों के नमूने वितरण का माध्य

$$\mu_{\bar{x}} = \frac{\Sigma f(\bar{x})}{\Sigma f} = \frac{45}{9} = 5$$

माध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता

$$Var(\bar{x}) = \frac{\Sigma f(\bar{x} - \mu_{\bar{x}})^2}{\Sigma f} = \frac{\Sigma f d^2}{\Sigma f} = \frac{27}{9} = 3$$

अतः मानक त्रुटि $S.E._{\bar{x}} = \sigma_{\bar{x}} = \sqrt{3} = 1.732$

उदाहरण 1.2:– निम्नलिखित समग्र से नमूने माध्यों का नमूना वितरण निर्मित करें :

समग्र इकाईः	1	2	3	4
प्रेषण	22	24	26	28

यदि समग्र से बिना प्रतिसीापना के आकार 2 का यादृच्छिक नमूना लिया जाता है तो वितरण का माध्य एवं मानक त्रुटि ज्ञात कीजिए।

ळलः समग्र में चार मान (22,24,26,28) शामिल हैं। बिना प्रतिसीापना के आकार 2 वाले सभी सम्भव नमूनों की संख्या ${}^4C_2$=6 होती है। सभी सम्भव यादृच्छिक नमूनों एवं उनके नमूना माध्यों को नीचे दिए गए तालिका मे ंप्रदर्शित किया जा रहा हैः

टिप्पणीयॉ

नमूना संख्या	**नमूना मान**	**नमूना माध्य $\bar{x}$**
1.	(22,24)	$\frac{1}{2}(22 + 24) = 23$
2.	(22,26)	$\frac{1}{2}(22 + 26) = 24$

3.	(22,28)	$\frac{1}{2}(22+28)=25$
4.	(24,26)	$\frac{1}{2}(24+26)=25$
5.	(24,28)	$\frac{1}{2}(24+28)=26$
6.	(26,28)	$\frac{1}{2}(26+28)=27$

बिना प्रतिस्थापना के आधारपर सभी 6 नमूनों का माध्य $(\bar{x})$, माध्यों के नमूना वितरण नीचे दिया गया है:

बिना प्रतिस्थापना के माध्यों का नमूना वितरण

नमूना माध्य $(\bar{x})$	आवृत्ति f	$f(\bar{x})$	$d=(\bar{x})-\mu_{\bar{x}}$	d^2	fd^2
23	1	23	-2	4	4
24	1	24	-1	1	1
25	2	50	0	0	0
26	1	26	1	1	1
27	1	27	2	4	4
	$\Sigma f=6$	$\Sigma f(\bar{x}) = 150$			$\Sigma fd^2=10$

माध्यों के नमूने वितरण का माध्य

$$\mu_{\bar{x}}=\frac{\Sigma f(\bar{x})}{\Sigma f}=\frac{150}{6}=25$$

मध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता

$$Var(\bar{x})=\frac{\Sigma f(\bar{x}-\mu_{\bar{x}})^2}{\Sigma f}=\frac{\Sigma fd^2}{\Sigma f}=\frac{10}{6}=\frac{5}{3}$$

अतः

$$S.E._{\bar{x}}=\ \sigma_{\bar{x}}=\sqrt{Var(\bar{x})}=\sqrt{\frac{5}{3}}=1.29$$

विकल्पः माध्यों के नमूने वितरण को प्रायिकता के सम्बन्ध मे ंनिम्नवत भी लिखा जा सकता है:

नमूना माध्य $(\bar{x})$	23	24	25	26	27
प्रायिकता (p)	$\frac{1}{6}$	$\frac{1}{6}$	$\frac{2}{6}$	$\frac{1}{6}$	$\frac{1}{6}$

क्योंकि 25 दो बार घटित होता है, $\frac{2}{6}$. दूसरे नमूनों के प्रत्येक माध्य में केवल घटित प्रायिकता $\frac{1}{6}$.है

माध्यों के नमूने वितरण का माध्य

$$E(\bar{x}) = \Sigma p\bar{x} = \frac{1}{6} \times 23 + \frac{1}{6} \times 24 + \frac{2}{6} \times 25 + \frac{1}{6} \times 26 + \frac{1}{6} \times 27$$
$$= \frac{1}{6}.[23 + 24 + 50 + 26 + 27] = \frac{150}{6} = 25$$

माध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता

$$Var(\bar{x}) = E(\bar{x}^2) - [E(\bar{x})]^2$$
$$E(\bar{x}^2) = 23^2 \times \frac{1}{6} + 24^2 \times \frac{1}{6} + 25^2 \times \frac{2}{6} + 26^2 \times \frac{1}{6} + 27^2 \times \frac{1}{6}$$
$$= \frac{1}{6}.[529 + 576 + 1250 + 676 + 729]$$
$$= \frac{3760}{6} = 626.17$$
$$Var(\bar{x}) = E(\bar{x}^2) - [E(\bar{x})^2] = 626.17 - 625 = 1.67$$

अतः

$$S.E._{\bar{x}} = \sqrt{Var(\bar{x})} = \sqrt{1.67} = 1.29$$

उदाहरण 1.3 : एक समग्र मे ंचार अवयव 3,7,11 और 15 शामिल हैं। सभी सम्भव नमूने जिनका आकार दो है जो समग्र से प्रतिस्थापना के साथ निकाले जाऐं, का संज्ञान लेते हुए ज्ञात कीजिए (i) समग्र माध्य μ (ii) समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 (iii) माध्यों के नमूने वितरण का माध्य (iv) माध्यों के नमूने वितरण की त्रुटियां iii) और (iv) से (i) और (ii) का प्रयोग करते हुए सत्यापित करें औरउपयुक्त सूत्र का प्रयोग करें ।

हलः

(i) μ = समग्र माध्य $= \frac{\Sigma X}{N} = \frac{3+7+11+15}{4} = \frac{36}{4} = 9$

(ii) $\sigma^2 =$ समग्र परिवर्तनशीलता $= \frac{\Sigma(X-\mu)^2}{N} = \frac{(-6)^2+(-2)^2+(2)^2+(6)^2}{4} = \frac{80}{4} = 20$

$$\therefore \quad \sigma = S.D. = \frac{4}{\sqrt{20}}$$

(iii) सभी सम्भव यादृच्छिक नमूना जिनका आकार दो है प्रतिसापिना के साथ $N^n = 4^2 = 16$ है और उनका नमूना माध्य निम्नवत सारिणी मे ंदर्शाया गया हैः

नमूना संख्या	**नमूना मान**	**नमूना माध्य $\bar{x}$**	**नमूना संख्या**	**नमूना मान**	**नमूना माध्य $\bar{x}$**
1	(3,3)	3	9	(11,3)	7

2	(3,7)	5	10	(11,7)	9
3	(3,11)	7	11	(11,11)	11
4	(3,15)	9	12	(11,15)	13
5	(7,3)	5	13	(15,3)	9
6	(7,7)	7	14	(15,7)	11
7	(7,11)	9	15	(15,11)	13
8	(7,15)	11	16	(15,15)	15

बिना प्रतिस्थापना के आधार पर सभी 16 नमूनों का माध्य, $(\bar{x})$ नमूना वितरण को इस तरह से लिखा जा सकता है:

बिना प्रतिस्थापना के नमूने वितरण के माध्य

नमूना माध्य $(\bar{x})$	f	$f(\bar{x})$	$d = (\bar{x}) - \mu_{\bar{x}}$	d^2	fd^2
3	1	3	-6	36	36
5	2	10	-4	16	32
7	3	21	-2	4	12
9	4	36	0	0	0
11	3	33	+2	4	12
13	2	26	+4	16	32
15	1	15	+6	36	36
	$\Sigma f = 16$	$\Sigma f(\bar{x}) = 144$			$\Sigma fd^2 = 160$

नमूना वितरण के माध्यों का माध्य

$$\mu_{\bar{x}} = \frac{\Sigma f(\bar{x})}{\Sigma f} = \frac{144}{16} = 9$$

मध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता

$$Var(\bar{x}) = \frac{\Sigma f(\bar{x} - \mu_{\bar{x}})^2}{\Sigma f} = \frac{160}{16} = 10$$

अतः

$$S.E._{\bar{x}} = \sigma_{\bar{x}} = \sqrt{Var(\bar{x})} = \sqrt{10}$$

सूत्र, $\mu_{\bar{x}} = \mu$ और $V(\bar{x}) = \frac{\sigma^2}{n}$, का प्रयोग करके, माध्यों के नमूना वितरण का माध्य $\mu_{\bar{x}} = \mu = 9$ और माध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता $(\sigma_{\bar{x}})^2 = \frac{\sigma^2}{n} = \frac{20}{2} = 10.$ प्राप्त करते हैं अतः परिणामों (i) और (ii) को प्रयोग करके परिणामों (iii) और (iv) का सत्यापन किया है।

1.10 बडी संख्याओं का नियम एवं केन्द्रीय सीमा प्रमेय

बडी संख्याओं का नियम और केन्द्रीयसीमा प्रयोग दोनों आंकडों के विकास की नींव में उपयुक्त होते हैं।

1.10.1 बडी संख्याओं का नियम :–

बडी संख्याओं का नियम यह बताता है कि जैसे नमूना आकार बढता है, नमूना माध्य समग्र माध्य के और करीब होगा। इसकी आशा नहीं कर सकते कि यदि नमूना आकार पर्याप्त रूप से बढ रहा है तो नमूना माध्य समग्र माध्य के बराबर होगा। बडी संख्याओं के नियम की दो उलझाने होती है।
(1) नमूना आकार को बढाकर, नमूना माध्य और समग्र माध्य के बीच के अन्तर को कम किया जा सकता है और (2) एक नमूना माध्य की परिवर्तनशीलता को दूसरे नमूना माध्य (जो सामन आकार के हैं) को नमूना आकार बढाकर भी कम किया जाता है।

1.10.2 केन्द्रीय सीमा प्रमेय :–

इस विधि काप्रयोग व्यापक रूप से अनुमान एवं निष्कर्ष के क्षेत्र मे ंकिया जाता है। यह प्रमेय बताता हे कि यदि आप सिी समग्र से यादृच्छिक बडे आकार का नमूना n चयनित करते हो जिसका माध्य μऔर मानक विचलन σहै और प्रत्येक नमूने के माध्य की गणना करते हैं, तो माध्य का नमूना वितरण $\bar{x}$सामान्य वितरण जिसका माध्य μ और मानक विचलन $\frac{\sigma}{\sqrt{n}}$ के समीप होता है। यदि समग्र अपने में सामान्य नहीं है तो ाी यह सत्य है। इस प्रमेय की उपयोगिता यह है कि इसमें बिना प्रतिबन्ध के यर्थाथ रूप में समग्र के वितरण तरीके की आवश्यकता होती है।

1.11 सारांश

कुल मिलकार सांख्यिकी ऑकडों को एकत्रित करने की दो विधियॉ होती हैंः (1) जनगणना विधि, और (2) नमूना विधि । वर्तमान में नमूना विधि सांख्यिकी पूछताछ की एक महत्वपूर्ण एवं चर्चित विधि है। अन्वेषक के द्वारा समय और धन की बचत के लिए विभिन्न नमूना विधियों का प्रयोग कर चुनिंदा नमूना लिया जाता है। इसलिए यह कहा जा कसता है कि नमूनाविधि जीवन के सभी क्षेत्रों मे ंअधिक उपयोगी है।

1.12 शब्दावली

गैर प्रायिकता नमूना विधियॉ :वह विधियॉ हैं जिसमें इकाईयों का चयन प्रायिकता या संभाविता के आधार पर न होकर अन्वेषक के सुविधा या निर्णय के अनुसार होता है।
समग्रः सांख्यिकी में समग्र का आशय संग्रहित (कुल) वस्तुऐं/चीजें जिसके बारे में आप जानकारी प्राप्त करते हैं ।

1.13 बोध प्रश्न

रिक्त स्थान भरें

1. ....के तहत, इसके विपरीत समग्र की सभी इकाइयों के बारे में जानकारी एकत्रित करने की तुलना में केवल चयनित इकाइयों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती है।
2. समग्र के चयन का एक हिस्से को .... कहा जाता है।

3. जनगणना विधि का प्रयोग वहॉ पर उपयोगी है जहॉ समग्र के इकाईयों मे ....होती है ।
4. ....विधि मे ंसर्वप्रथम सम्पूर्ण समग्र को स्तरों या उप स्तरों में विभाजित किया जाता है।
5. गैर नमूना त्रुटियॉ वो है जो .... कारकों से घटित होती हैं ।

1.14 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. नमूना विधि 2. नमूना 3. ंविविधता 4. बहुस्तरीय यादृच्छिक 5. मानवीय

1.15 स्वपरख प्रश्न

1. आंकडा एकत्रित करने के विधियों के साथ साथ इनके गुणों एवं दोषों को समझाइएं।
2. नमूना विधियों का वर्णन करें। संबंधित गुणों एवं दोषों की चर्चा भी करें।
3. नमूना एवं गैर नमूना त्रुटियों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।
4. माध्यों के नमूने वितरण का वर्णन करें।
5. मानक विचलन एवं मानक त्रुटि में विभेद करें।
6. बढी संख्या के नियम एवं केन्द्रीय सीमा प्रमेय का वर्णन करें।
7. एक समग्र में निम्नलिखित अवयव 2,4,5,8 और 11 शामिल हैं। ज्ञात कीजिएः

(अ) जब बिना प्रतिसाीपना के नमूना वितरण किया जाता है, तो कितने विभिन्न प्रकार के आकार 3 के नमूने सम्भव हैं।

(ब) सभी सम्भव विभिन्न तरीके के नमूनों की सूची बताऐं।

(स) खण्ड (ब) में दिये गये प्रत्येक नमूनों के माध्यों की गणना करें।

(द) नमूना माध्य $\bar{x}$ के नमूना विवरण को ज्ञात करें।

(न) यदि सभी अवयव समान रूप से संभावित हैं, समग्र माध्य μ के मान की गणना करें।

उत्तर

7

(अ) बिना प्रतिस्थापना के निकाले गए कुल सम्भव आकार 3 के नमूनों की संख्या $5c_3 = 10$ है।

(ब) सभी सम्भव विभिन्न नमूनों और उनके नमूना माध्यों को निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित किया गया है।

नमूना संख्या	नमूना मान	नमूना माध्य $\bar{x}$
1.	(2,4,5)	$\frac{1}{3}(2+4+5) = 3.67$
2.	(2,4,8)	$\frac{1}{3}(2+4+8) = 4.67$
3.	(2,4,11)	$\frac{1}{3}(2+4+11) = 5.67$
4.	(2,5,8)	$\frac{1}{3}(2+5+8) = 5.0$
5.	(2,5,11)	$\frac{1}{3}(2+5+11) = 6.0$

6.	(2,8,11)	$\frac{1}{3}(2+8+11)=7.0$
7.	(4,5,8)	$\frac{1}{3}(4+5+8)=5.67$
8.	(4,5,11)	$\frac{1}{3}(4+5+11)=6.67$
9.	(4,8,11)	$\frac{1}{3}(4+8+11)=7.67$
10.	(5,8,11)	$\frac{1}{3}(5+8+11)=8.0$

(स) उपरोक्त तालिका में, आपके पास बिना प्रतिस्थापना के आकार 3 के 10 सम्भव नमूने हैं। क्योंकि 567 दो बार घटित होता है, इसके घटित होन की प्रायिकता $\frac{2}{10}$ है। अन्य, प्रत्येक नमूना माध्य में मान केवल एक बार $\frac{1}{10}$ की प्रायिकता के साथ घटित होता है।

(द) माध्यों का नमूना वितरण ($\boldsymbol{x}$) अथवा नमूने माध्य का प्रयिकता वितरण ($\boldsymbol{x}$) नीचे दिया जा रहा है

नमूना वितरण $\bar{x}$	3.67	4.67	5	5.67	6	6.67	6	7.67	8.0
प्रायिकता (p)	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{2}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$	$\frac{1}{10}$

(घ) समग्र में मान (2,4,5,8,11) शामिल हैं। इसलिए, क्योंकि प्रत्येक मान समान रूप से संभावित हैं, प्रत्येक मान की घटित होने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ हैं।

नमूना माध्य $\bar{x}$	2	4	5	8	11
प्रायिकता (p)	$\frac{1}{5}$	$\frac{1}{5}$	$\frac{1}{5}$	$\frac{1}{5}$	$\frac{1}{5}$

प्रायिकता माध्य $=\mu=2\times\frac{1}{5}+4\times\frac{1}{5}+5\times\frac{1}{5}+8\times\frac{1}{5}+11\times\frac{1}{5}$

$$=\frac{1}{5}.[2+4+5+8+11]=\frac{30}{5}=6$$

1.16 सन्दर्भ पुस्तकें

1. Roy Ramendu, ‘*Principles of Statistics*’ Prayag Pustak Bhawan, Allahabad.
2. Gupta S. P. & Gupta M. P., ‘*Business Statistics*’ Sultan Chand & Sons, New Delhi.
3. Shukla S. M. & Sahai S. P., ‘*Advanced Statistics*’ Sahitya Bhawan Publications, Agra.
4. Goon, Gupta and Dasgupta, ‘Basic Statistics’ World Press Limited – Calcutta.
5. Fundamentals of Business Statistics – Sanchethi and Kappor.
6. Srivastava, Shenoy and Guptha, ‘Quantitative Methods in Management’.

इकाई–2 बिन्दु अनुमानक एवं अंतराल अनुमानक संरचना (Point Estimation and Interval Estimation)

इकाई की रुपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- अनुमान की बुनियादी अवधारणाओं की व्याख्या कर सकें।
- अच्छे अनुमानों की विशेषताओं की व्याख्या कर सकें।
- अनुमानों के प्रकारों का वर्णन कर सकें।
- लक्ष्य आंकलनों की उपयोगिता का वर्णन कर सकें।
- अन्तर आंकलन की उपयोगिता का वर्णन कर सकें।

2.1 प्रस्तावना

रोजमर्रा की जिन्दगी में, नमूना ऑकडा से समग्र प्राचल के बारे मे ंआंकलन करने की आवश्यकता पडती है। उदाहरण के लिए, मान लो कि आप किसी विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रतिदिन औसत मात्रा मे ंपिया हुआ कोका कौला को ज्ञात करने के इच्छुक हैं। सभी छात्रों के औसत मात्रा को ज्ञात करने पर कठनाई होती है। इस समस्या का हल निकालने के लिए, आप एक नमूना ले सकते हैं औसत कोका कौला के औसत मात्रा का पता लगायेंगें। तब इस नमूना माध्य का प्रयोग समग्र का औसत ज्ञात करने में करेंगें। वास्तव में, नमूना औसत के आधार पर आप समग्र औसत को अनुमानित कर सकते है।

आगणन का सिद्धान्त अज्ञात समग्र प्राचलों के अनुमानो ंके साथ (जैसे –समग्र माध्य और समग्र परिवर्तनशीलता) समरूपी ऑकडें नमूनों से (जैसे नमूने बाध्य, नमूने परिवर्तनशीलता) का वर्णन करता है।

2.2 सांख्यिकी आगणन की बुनियादी अवधारणाऐं

सांख्यिकी आगणन के अध्ययन मकें निम्नलिखित पदों का प्रयोग किया जाता हैः

2.2.1 आगणक एवं अनुमान

समग्र प्राचलों का अनुमान लगाने के लिए आप विभिन्न नमूना आंकडों का प्रयोग कर सकते हैं जो नमूना ऑकडे जैसे नमूना माध्य $\bar{x}$, नमूना माध्यिका m, नमूना परिवर्तनशीलता S^2 इत्यादि जो अज्ञात समग्र प्राचलों जैसे समग्र माध्य μ, समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 आदि का अनुमान लगाते हैं उन्हें आगणक कहा जाता है और आगणक से वास्तविक मान लेने को अनुमानित कहा जाता है।

यदि θ (ठीटा पडें) समग्र पाचल θ का आगणक है।

टिप्पणीयॉ :– तथ्य अनुमान एवं अन्तराल अनुमान

2.2.2 समग्र प्राचल का अनुमान दो तरीको ंसे किया जा सकता है।

(1) तथ्य अनुमान :– ऑकडों का एक एकल मान जिसे अज्ञात समग्र प्राचल के अनुमान के लिए प्रयोग किया जाता है उसे तथ्य अनुमान कहते हैं। जैसे नमूना माध्य $\bar{x}$,जिसे μ के तथ्य आगणन के लिए समग्र माध्य μ को अनुमानित करने मे ंप्रयोग कर सकते है। इसी तरह S^2 ऑकडा σ^2 का तथ्य आंगणक है जबकि S^2 के मान की गणना यादृच्छिक नमूने से करते है। तथ्य आंकलन वास्तविक अंक प्रणाली मे ंऔर जिसे तथ्य आंगणक कहते हैं एक एकल तथ्य है।

(2) अंतराल अनुमान :– एक अंतराल का अनुमान संभावित सीमा के भीतर प्राचल को संदर्भित करता है जो वास्तविक मान को असत्य ठहराने के लिए अपेक्षित है । इस तरह के विस्तार की दो चरम सीमाओं को विश्वस्त हो विश्वास सीमाऐं कहा जाता है और इस विस्तार को विश्वास अंतराल कहा जाता है।

इनका निर्धारण समग्र के नमूना अध्ययनों के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार, नमूना अध्ययनों के आधार पर जब आप छात्रावास में रह रहे छा़त्रों की औसत मासिक व्यय का अनुमान लगाते हैं जो रू0 5,000 और रू0 6,000 के बीच है यह अन्तर अनुमान का एक उदाहरण होगा। और रू0 5,000 और रू0 6,000 की राशि छात्रों की वास्तविक व्यय के भीतर की चरम सीमाओं के अस्तित्व में होगी।

2.3 एक अच्छे आगणक की विशेषताऐं

समग्र प्राचल मे ंएक से ज्यादा आगणक हो सकते हैं, जैसे समग्र माध्य (μ) का अनुमान या तो नमूना माध्य ($\bar{x}$) या नमूना माध्यिका (m) या नमूना बहुलक के द्वारा किया जा सकता हे। इसी तरह, समग्र परिवर्तनशलता (σ^2) का अनुमान या तो नमूना परिवर्तनशीलता (s^2), नमूना मानक विचलन (s), नमूना माध्य विचलन द्वारा किया जा सकता है। इसलिए ,प्रापय आगणकों की संख्या के बाहर एक अच्छे आगणक को निर्धारित करना आनिवार्य होता है। एक अच्छा आगणक वह है जो प्राचल के सही सम्भव मानों के समीप होता हैं। अच्छे आगणक में निम्नलिखित लक्षण या विशेषताऐं होती हैं।

2.3.1 निष्पक्ष आगणक

निष्पक्ष आगणक को समग्र पाचल θ का निष्पक्ष आगणक कहा जायेगा यदि आगणक के नमूना वितरण का माध्य समग्र प्राचल θ के तुल्य एक समान है।

तथ्य आगणक और अन्तराल आगणक

टिप्पणीयॉ

लाक्षणिक रूप से , $\mu_{\hat{\theta}} = \theta$

गणितीय अपेक्षाओं के मामले में $\hat{\theta}$ एक निष्पक्ष आकलनकर्ता है यदि आकलनकर्ता का अपेक्षित मान प्राचल के अनुमानित मान के बराबर है।

लाक्षणिक रूप से , $E(\hat{\theta}) = \theta$

उदाहरण 2.1 :– नमूना माध्य $\bar{x}$, समग्र माध्य μ , का एक निष्पक्ष आकलन कर्ता है क्योंकि, माध्यों के नमूने वितरण का माध्य $\mu_{\bar{x}}$ या $E(\bar{x})$ समग्र माध्य μ के बराबर है।

लाक्षणिक रूप से , $\mu_{\bar{x}} = \mu$ या $E(\bar{x}) = \mu$

उदाहरण 2.2: नमूना परिवर्तनशीलता s^2 , समग्र परिवर्तनशीलता σ^2 के झुकाव का एक आकलन कर्ता हे। क्योंकि नमूना वितरण की परिवर्तनशीलता समग्र परिवर्तनशलता के बराबर नहीं है।

लाक्षणिक रूप से $\mu_s^2 \neq \sigma^2 \; or \; E(s^2) \neq \sigma^2$

फिर भी , परिवर्तित नमूना परिवर्तनशीलता (s^2) , समग्र परिवर्तनशीलता का एक निष्पक्ष आकलन कर्ता है, क्योंकि

$$E(\hat{s}^2) \neq \sigma^2 \qquad Where\ \hat{s}^2 = \frac{n}{n-1} \times s^2$$

उदाहरण 2.3 :– नमूना अनुपात p समग्र अनुपात P का एक निष्पक्ष आकलन कर्ता है क्योंकि, नमूने वितरण का आनुपातिक माध्य, समग्र आनुपातिक माध्य के बराबर हे।

लाक्षणिक रूप से , $\mu_P = p$ or $E(p) = p$

2.3.2 समान आकलनकर्ता

एक आकलनकर्ता को एक समान कहेंगें, यदि नमूना आकार बढे तो आकलन कर्ता का दृष्टिकोण समग्र प्राचल है। दूसरे शब्दों में, एक आकलनकर्ता $\hat{\theta}$ को समग्र प्राचल θ का एक समान आकलनकर्ता कहेंगें यदि n बहुत बडा है तो $\hat{\theta}$ की प्रायिकता का दृष्टिकोण θ के लिए 1 है।

लाक्षणिक रूप से , $P(\hat{\theta} \to \theta) \to 1 \quad \text{as} \quad n \to \infty$

टिप्पणी :– एक समान आकलनकर्ता की निष्पक्ष होने की जरूरत है। एक आकलनकर्ता के एक समान होने का पर्याप्त लक्षण यह है कि

(i) $E(\hat{\theta}) \to \theta$

(ii) $Var(\hat{\theta}) \to 0 \quad \text{as} \quad n \to \infty$

उदाहरण 2.4 :– नमूना $\bar{x}$, समग्र माध्य μ का एक समान आकलन कर्ता है क्योंकि नमूने माध्य के अपेक्षित मान का दृष्टिकोण समग्र माध्य है और यदि नमूने का आकार पर्याप्त रूप से बढाये तो नमूने माध्य की परिवर्तनशीलता का दृष्टिकोण शून्य है।
लाक्षणिक रूप से ,

$$(i) E(\bar{x}) \to ì$$

$$(ii) Var\,(\bar{x}) = \frac{\sigma^2}{n} \to 0 \quad as \quad n \to \infty$$

उदाहरण 3.5 : नमूना माध्यिका भी समग्र माध्य का एक समान आकलनकर्ता है क्योंकि

$(i) E(m) \to ì$

$(ii) Var\,(m) \to 0 \quad as \quad n \to \infty$

2.3.3 सक्षम आकलनकर्ता :–

सक्षमता एक सापेक्ष शब्द है। आमतौर पर एक आकलनकर्ता की सक्षमता को दूसरे आकलनकर्ता द्वारा तुलना कर परिभाषित किया जाता है। मान लो कि आप θ के दो निष्पक्ष आकलनकार्त $\hat{\theta}1$ और $\hat{\theta}_2$ का संज्ञान ले रहे हैं। इनमे ंसे $\hat{\theta}1$ आकलन कर्ता को θ को सक्षम आकलनकार्त कहा जायेगा यदि $\hat{\theta}1$ की परिवर्तनशलता, $\hat{\theta}_2$ की परिवर्तनशीलता से कम है।

लाक्षणिक रूप से , $Var(\hat{\theta}_1) < Var(\hat{\theta}_2)$

तब $\hat{\theta}_1$ को एक सक्षम आकलनकर्ता कहा जाता है।

उदाहरण 2.6: नमूना माध्य ($\bar{x}$) नमूना माध्यिका (m) की तुलना में समग्र माध्य का एक निष्पक्ष और सक्षम आकलनकर्ता है क्योंकि माध्यों के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता माध्यिका के नमूने वितरण की परिवर्तनशीलता की तुलना में कम होती हे।

दो निष्पक्ष आकलनकर्ताओं की सापेक्ष सक्षमता नीचे दी जा रही है:
आप जानते हैं कि

$$Var\,(\bar{x}) = \frac{\sigma^2}{n}, Var\,(m) = \frac{ð}{2} . \frac{ó^2}{n}$$

$$= \frac{Var(\bar{x})}{Var\,(m)} = \frac{\frac{ó^2}{n}}{\frac{ðó^2}{2n}} = \frac{2}{ð} = \frac{14}{22} = \frac{7}{11} = 0.64 \left[ð = \frac{22}{7}\right]$$

सक्षमता $Var\,(\bar{x}) = 0.64.Var\,(m)$

इस प्रकार नमूना माध्य $\bar{x}$ में नमूना माध्यिका की तुलना में 64% ज्यादा सक्षमता होती है। अतः नमूना माध्य, नमूना माध्यिका की तुलना में समग्र माध्य का ज्यादा सक्षम आकलनकर्ता है।

2.3.4 सक्षम आकलनकर्ता

एक अच्छे आगणक की अन्तिम विशेषता उसकी सक्षमता होनी चाहिएं। एक आकलनकर्ता $\hat{\theta}$ को θ का सक्षम आकलनकर्ता कहा जाता है यदि यह प्राचल के संदर्भ में, नमूने में सभी सूचनाओं को सम्मलित करता है। दूसरे शब्दों मे ंएक सक्षम आकलनकर्ता, समग्र के बारे मे ंनमूने मे ंउपस्थिति सभी सूचनाओं का प्रयोग करके उसे प्रस्तुत करता है। नमूना माध्य $\bar{x}$ को ससमग्र माध्य μ का एक सक्षम आकलनकर्ता कहा जाता है।

2.4 तथ्य आकलनकर्ता का उपयोग

अब आप तथ्य आकलनकर्ता के उपयोगों का अध्ययन करेंगें जो निम्नवत हैः

2.4.1 एकल नमूने की स्थिति में तथ्य आकलनकर्ता

जब अज्ञात समग्र से एक एकल स्वतन्त्र यादृच्छिक नमूना निकालते हैं तो उसे एकल नमूना कहते है। समग्र पाचल के तथ्य आकलनकर्ता की व्याख्या निम्न उदाहरणों से दी जा सकती है।

उदाहरण 2.7: एक गोले के व्यास (मोटाई) के 10 नामों के नमूने का माध्य $\bar{x} =$ 4. 38 इंच और परिवर्तनशीलता $=$ 0.06 इंच दी गई है। (अ) सच्चे/माध्य (अर्थात् समग्र माध्य) और (ब) सही परिवर्तनशीलता (अर्थात समग्र परिवर्तनशलता) के निष्पक्ष एवं सखम अनुमान ज्ञात कीजिए ।

हल : आप को n=10, $\bar{x}$=4.38, s^2=.06 इंच दिया गया है।

(अ) सही माध्य (μ) का निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमान $\bar{x} = 4.38$ होगा।

(ब) सही परिवर्तनशीलता σ^2 का निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमान :

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1}.s^2 \text{ है।}$$

इसमें मानों को रखकर आप

$$\hat{s}^2 = \frac{10}{10-1} \times .06 = 1.11 \times 0.06 = .066 \text{ प्राप्त करते है।}$$

इस प्रकार $\mu = 4.38, ó^2 = 0.666.$

उदाहरण 2.8 : एक अज्ञात समग्र से निम्नलिखित पांच प्रेक्षण एक यादृच्छिक नमूने को गठित करते हैं: 6.33, 6.36, 6.32 औश्र 6.37 सेंटिमीटर (अ) सही माध्य का और (ब) सही परिवर्तनशीलता का निष्पक्ष और सक्षम अनुमान ज्ञात कीजिए ।

टिप्पणीयॉ (अ)

हल : सही माध्य (अर्थात् समग्र माध्य) का निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमानित मान दिया जा रहा है।

$$\bar{x} = \frac{\sum x}{n} = \frac{6.33 + 6.37 + 6.36 + 6.32 + 6.37}{5} = \frac{31.75}{5} = 6.35$$

(ब) सही परिवर्तनशीलता (अर्थात समग्र परिवर्तनशीलता) का निष्पक्ष एव ंसक्षम अनुमान

$$\hat{s}^2 = \frac{\sum(x - \bar{x})^2}{n - 1}$$

जहॉ $\hat{s}^2$ =संशोधित नमूना परिवर्तनशीलता है

$$= \frac{(6.33 - 6.35)^2 (6.37 - 6.35)^2 (6.36 - 6.35)^2 (6.32 - 6.35)^2 (6.37 - 6.35)^2}{5 - 1}$$

$= \frac{.0022}{4} = .00055\, cm^2$ (वर्ग सेन्टीमीटर)

उदाहरण 2.9 : भार (किग्रा) के अनुसार वर्गीकृत निम्नलिखित ऑकडें एक विश्वविद्यालय के 100 छात्रों के यादृच्छिक नमूनों से संदर्भित हैः

भार (किग्रा)	60-62	63-65	66-68	69-71	72-74
छात्रों की संख्या	5	18	42	27	8

(अ) समग्र माध्य और (ब) समग्र परिवर्तनशीलता के निष्पक्ष और सक्षम अनुमानों को ज्ञात कीजिए।

Calculation of Mean and variance

Weight	No. of Students (f)	M.V. (m)	A=67, d=m-A	d'=d/3	fd'	fd'^2
60-62	5	61	-6	-2	-10	20
63-65	18	64	-3	-1	-18	18
66-68	42	67	0	0	0	0
69-71	27	70	+3	+1	+27	27
72-74	8	73	+6	+2	+16	32
	$n = 100$				$\sum fd' = 15$	$\sum fd'^2 = 97$

समग्र माध्य के निष्पक्ष एवं सक्षम अनुमानों के मानों की निम्नवत दिया जा रहा है।

$$\bar{x} = A + \frac{\sum fd'}{n} \times i$$

$$= 67 + \frac{15}{100} \times 3 = 67 + (0.45) = 67.45$$

(ब) समग्र माध्य का निष्पक्ष एवं अनुमानित मान निम्नवत है

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1} . s^2$$

जहाँ

$$s^2 = \frac{\sum fd'^2}{n} - \left(\frac{\sum fd'}{n}\right)^2 \times i^2$$

$$= \left[\frac{97}{100} - \left(\frac{15}{100}\right)^2\right] \times 3^2$$

$$= [0.97 - .0225] \times 9 = 8.5275$$

अब

$$\hat{s}^2 = \frac{n}{n-1} s^2 = \frac{100}{99} \times 8.5275 = 8.6136$$

इस प्रकार

$$\mu = 67.45, \sigma^2 = 8.6136$$

2.4.2 नमूना पुनरावृत्ति की घटना में तथ्य आंकलन

उदारहण :– एक शहर में 8000 स्नातकों मे से 800 महिलाएं हैं 1600 स्नातक कर्मचारियों मे ंसे 120 महिलाएं हैं x^2 का प्रयोग करके ज्ञात करें कि लिंग के आधारपर नियुक्ति में कोई विभेद है। 1 स्वतन्त्रता की श्रेणी के लिए 5% स्तर पर x^2 का मान 3.84 है।

हल :– प्रश्न में दी गई जानकारी को 2×2 तालिका में सारणीबद्ध किया जा सकता है।

	कार्यरत	बेरोजगार	योग
पुरूष	1480	5720	7200
महिला	120	680	800
योग	1600	6400	8000

हम इस अवधारणा को मानते हैं कि लिंग के आधार पर नियुक्ति में कोई अंतर नहीं है।

$$\frac{7200 \times 1600}{8000} = 1440$$
$$\frac{7200 \times 6400}{8000} = 5760$$
$$\frac{1600 \times 800}{8000} = 160$$
$$\frac{6400 \times 800}{8000} = 640$$ है।

O	**E**	**O – E**	**$(O – E)^2$**	**$\frac{(O-E)^2}{E}$**
1480	1440	40	1600	1.111
120	160	– 40	1600	10.000
5720	5760	– 40	1600	0.278
680	640	40	1600	2.500

$$\sum \frac{(O-E)^2}{E} = 13.889$$

$$\chi^2 = \sum \frac{(O-E)^2}{E} = 13.889$$

d.f. = (r – 1) (c – 1)

= 1 × 1 = 1

1d.f के लिए $x_{0.05}^2 = 3.84$ है जो कि तालिका मान 3.84 से बहुत अधिक है इसलिए , परिकल्पना अस्वीकार्य है। इसका अर्थ है कि लिंग के आधार पर नियुक्तियॉं हुई है।

10.5 सारांश

महत्व का स्तर आमतौर पर यूनानी प्रतीक (लोअरकेस अल्फा) द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है। महत्व के लोकप्रिय 10%(0.1), 5%(0.05), 1%(0.01), 0.5%(0.005), 0.1%(0.001) है। यदि महत्व का एक परीक्षण महत्व स्तर से कम पी मान देता है, तो शून्य परिकल्पना को अस्वीकार कर दिया जाता है। ऐसे परिणामों को अनौपचारिक रूप से सांख्यिकी में महत्वपूर्ण कहा जाता हैं उदाहरण के लिए, यदि कोई तर्क करता है कि ''एक हजार में केवल एक ही मौका संयोग से होता है।,'' सांख्यिकीय महत्व का 0.001 एक स्तर निहित है। कम महत्व के स्तर के लिए मजबूत साक्ष्य की आवश्यकता होती हैं महत्व का स्तर चुनना काफी हद तक मनमाना कार्य है, लेकिन कई अनुप्रयोगों के लिए 5% का स्तर चुना जाता है, इसके कोई बेहतर कारण नहीं है, यह परंपरागत है।

कुछ स्थितियों मे यह $1-\propto$ के रूप में सांख्यिकीय महत्व व्यक्त करने के लिए सुविधाजनक है। सामान्य तौर पर, जब एक घोषित महत्व की व्याख्या करते हैं, तो सावधानी वरतनी चाहिए कि, वास्तव में सांख्यिकीय तरीके से परीक्षण किया जा रहा है। बराबर प्रभावों को बंद करने के विभिन्न स्तरों में महत्व के निर्धारण विश्वसनीयता बढाने के छोटे स्तर लेकिन गलत शून्य परिकल्पना (II प्रकार की त्रुटियॉं ''गलत नकारात्मक दृढ संकल्प) को अस्वीकार करने में विफल रहने का अधिक जोखिम चलाते हैं , और इसलिए कम सांख्यिकीय शक्ति होती है। इस स्तर का चयन अनिवार्यतः महत्व एवं शक्ति के बीच एक समझौता है, और इसका परिणाम टाइप I त्रुटि और टाइप II त्रुटि के बीच होता है।

10.6 शब्दावली

स्वतन्त्रता की श्रेणी : – जिसका अर्थ है कि वर्गों की संख्या जिनाक मान बिना किसी प्रतिबंध के उल्लंघन के मुताविक सौंपा जा सकता है।

काई वर्ग परीक्षण :– गुणों के तर्क संगत के लिए सांख्यिकीय में प्रयोग किया जाता है।

10.7 बोध प्रश्न

1. नमूना आकार $n = 10, \mu = 5$ किग्रा

दिए हुए नमूने आंकडों मे ेसे सबसे पहले $\bar{x}$ और s की गणना करते हैं।

Total

x:	4.7	4.9	5.0	5.1	5.2	4.6	4.7	**49.3**
x^2:	22.09	24.01	25.00	26.01	27.04	21.16	22.09	**243.73**

$\bar{x} = \frac{49.3}{10} = 4.93$

$$S = \sqrt{\frac{\Sigma x^2}{n} - \left(\frac{\Sigma x}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{243.73}{10} - (4.93)^2}$$

$$= \sqrt{2.4373 - 24.30}$$

$$= \sqrt{0.073} = 0.27$$

$H_0 = \mu = 5$ किग्रा

$H_1 = \mu \neq 5$ किग्रा

t आंकडा परीक्षण $= \frac{\bar{x}-\mu}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}} = \frac{4.93-5}{\frac{.27}{\sqrt{9}}} = \frac{-0.07\times 3}{.27} = -0.78$

$d.f = n - 1 = 10 - 1 = 9$

$9. d.f.$ के लिए 5% महत्व के स्तर पर तालिका मान $= 2.262$

2. $\mu = 2.00$ सेमी, $n = 10$ ट्यूब $\bar{x} = 2.01$ सेमी

$\sigma = \sqrt{0.004}$ सेमी

चूंकि $n < 30$, नमूना, छोटा नमूना है। इसलिए माध्य के परीक्षण के लिए t परीक्षण का प्रयोग करते हुए

$H_0: \mu = 2.00$ सेमी

$H_1: \mu \neq 2.00$ सेमी

आंकडा परीक्षण $t = \frac{\bar{x}-\mu}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}}$ है।

$= \frac{\bar{x}-\mu}{\frac{s}{\sqrt{n-1}}} = \frac{2.01-2.00}{\sqrt{\frac{0.004}{9}}} = \frac{.01\times 3}{\sqrt{.004}} = \frac{0.03}{0.0632} = 0.475$

$d.f$ (स्वतन्त्रता की श्रेणी की संख्या)$= 9$

$9. d.f$ के लिए 5% स्तर पर तालिका मान $= 2.262$

3. $p_1 = \frac{16}{500} = 0.032$(पहले नमूने में)

$p_2 = \frac{3}{100} = 0.0.$(दूसरे नमूने में)

मान लें कि मशीन मरम्मत के बाद नहीं सुधरी हुई है।

$$S.E.(p_1 - p_2) = \sqrt{pq\left(\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n_2}\right)}$$

$$p = \frac{n_1 p_1 + n_2 p_2}{n_1 + n_2}$$

$$p = \frac{500 \times 0.032 + 100 \times 0.3}{500 + 100}$$

$$= \frac{16+3}{600} = 0.03$$

$$q = 1 - 0.03 = 0.97$$

$$S.E.(p_1 - p_2) = \sqrt{pq\left(\frac{1}{n_1} + \frac{1}{n_2}\right)}$$

$$= \sqrt{(0.03)(0.97)\left(\frac{1}{500}\right) + \left(\frac{1}{100}\right)}$$

$$= \sqrt{(0.03)(0.97)(0.002 + 0.01)}$$

$$= 0.0187$$

$$z = \frac{0.032 - 0.03}{0.0187} = \frac{0.002}{0.0187} = 0.106$$

4. माना x_1 और x_2 क्रमशः घंटों में कारखानों (A) और कारखाना (B) के मजदूरों की मजदूरी (रू0 में) को प्रदर्शित करते हैं तो हमें दिया गया है।

$$n_1 = 150 \quad \bar{x}_1 = 2.56 \quad s_1 = 1.08 \quad = \sigma_1$$

$$n_2 = 200 \quad \bar{x}_2 = 2.87 \quad s_2 = 1.28 \quad = \sigma_2$$

शून्य परिकल्पना H_0

$\mu_1 = \mu_2$ कारखाना A एवं कारखाना B में मजदूरों के मजदूरी के औसत स्तर के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

वैकल्पिक परिकल्पना H_1

$\mu_2 > \mu_1$ या $\mu_1 < \mu_2$ (आंये पुच्छीय परीक्षण)

आंकडा परीक्षण

H_0 के अर्न्तगत, आंकडा परीक्षण (बडे नमूनों के लिए)

$$z = \frac{\overline{X}_1 - \overline{X}_2}{\sqrt{\frac{\sigma_1^2}{n_1} + \frac{\sigma_2^2}{n_2}}} = \frac{\overline{X}_1 - \overline{X}_2}{\sqrt{\frac{S_1^2}{n_1} + \frac{S_2^2}{n_2}}}$$

$$\therefore z = \frac{2.56 - 2.87}{\sqrt{\frac{(1.08)^2}{150} + \frac{(1.28)^2}{200}}}$$

$$z = \frac{-0.31}{\sqrt{0.016}} = \frac{-0.31}{0.126}$$

$$= -2.46$$

महत्वपूर्ण क्षेत्र

एक पुच्छीय परीक्षण के लिए, 5% महत्व के स्तर पर Z का महत्वपूर्ण मान 1.645 है। बाएं पुच्छीय परीक्षण्सा के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र में Z के सभी मान शामिल है।

10.8 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. निष्कर्ष :– 5ः स्तर पर शून्य परिकल्पना (H_0) स्वीकार हैं इसलिए मशीन उचित ढंग से काम कर रही है।

2. निष्कर्ष : 5ः स्तर पर H_0 स्वीकार्य है चूकि t का परिकलित मान, t के तालिका मान से कम है। इसलिए समग्र माध्य और नमूना माध्य के बीच का अंतर महत्वपूर्ण नहीं है।

3. चूंकि (1% स्तर पर) अंतर 2.58 से कम है, प्रयोगों के परिणाम परिकल्पना को प्रमाणित करते हैं। इसलिए, हम निष्कर्ष निकालते हैं कि मशीन मरम्मत के बाद भी नहीं सुधरी है।

4. निष्कर्ष :– चूँकि 5% महत्व के स्तर पर Z का परिकलित मान (–2.46) महत्वपूर्ण मान (1.645) की तुलना में कम है। इसलिए शून्य परिकल्पना 5% महत्व के स्तर पर अस्वीकार्य है और हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कारखाना B द्वारा प्रदत्त औसतन प्रति घंटा मजदूरी कारखाने A द्वारा भुगतान की तुलना मे निश्चित रूप से अधिक है।

10.9 स्वपरख प्रश्न

1. एक भरने की मशीन से 5 किलो पाउडर भरने की उम्मीद है। 10 थैलों के नमूने ने 4.7, 4.9, 5.0, 5.1, 5.4, 5.2, 4.6, 5.1, 4.6 और 4.7 के वनज दिए । जांच करें कि मशीन ठीक से कमान कर रही है।
2. एक कम्पनी 2.00 सेमी की औसत व्यास के स्टील ट्यूब का निर्माण क्र रही है। 10 ट्यूबों का एक नमूना 2.01सेमी का एक आंतरिक व्यास और 0.004 सेमी^{2} का विचलन देता है। क्या माध्य के मान में अंतर महत्वपूर्ण है। 5% के स्तर पर 9 d.f के लिए t का मान =2.262
3. एक मशीन ने 500 के नमूने मे ंसे 16 अपूर्ण लेखों को मशीन में लिया, मशीन की मरम्मत के बाद यह 100 के खेप में से 3 अपूर्ण लेखों को लेती हैं क्या मशीन मे सुधार हुआ है।

4. कारखाना A में 150 श्रमिकों के एक नमूने की औसत प्रतिघंटा मजदूरी रू0 2.56, रू0 1.08 के मानक विचलन के साथ थी। कारखाना B मे 200 श्रमिकों के एक नमूने की औसत प्रतिघंटा मजदूरी रू0 2.87 , रू0 1.28 के मानक विचलन के साथ थी। क्या एक सुरक्षित रूप में अनुमान लगाया जा सकता है कि कारखाना A द्वारा भुगतान किए गए प्रति घंटे की मजदूरी कारखाना B से अधिक है।

10.10 सन्दर्भ पुस्तकें

1. मूल सांख्यिकीय – गौण, गुप्ता और दासगुप्ता वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड –कलकत्ता
2. व्यावसायिक सांख्यिकीय की बुनियादी बातें संचेती और कपूर
3. प्रबंधन में मात्रात्मक तरीके – श्रीवास्तव, शेनाय और गुप्ता
4. व्यावसायिक सांख्यिकीय – गुप्ता और गुप्ता

इकाई 11 आंशिक और बहुगुणी सहसंबंध (Partial & Multiple Correlation)

इकाई की रुपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- बहु संख्यक सह सम्बन्ध की व्याख्या कर सकें।
- आंशिक सह सम्बन्ध की व्याख्या कर सकें।
- सरल, आंशिक और बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांकों के बीच सम्बन्ध स्थापित कर सकें।

11.1 प्रस्तावना

आंकडों मे, निर्भरता दो यादृच्छिक चरों या दो आंकडों के समूहों के बीच किसी भी सांख्यिकीय संबंध को संदर्भित करती है। सह सम्बन्ध निर्भरता से संबंधित सांख्यिकीय संबंधों की एक व्यापक श्रेणी के किसी भी संदर्भ को दर्शाता है। निर्भर घटनाओं के परिचित उदाहरणों मे माता पिता और उनके वंश के शारीरिक अंतर के बीच हस सम्बन्ध और एक उत्पाद की मांग और उसकी कीमत के बीच सहसम्बन्ध शामिल है। सह सम्बन्ध महत्वपूर्ण है क्योंकि वे भविष्य मे किसी सम्बन्ध का संकेत कर सकते हैं जिनका दैनिक व्यवहार में दुरूपयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, बिजली की मांग और मौसम के बीच सह सम्बन्ध के आधार पर बिजली की उपादेयता नरम दिन पर कम शक्ति का उत्पादन कर सकती है। इस उदाहरण मे एक कारणात्मक सहसम्बन्ध है क्योंकि अधिकतम (गर्मी एवं ठंडक) वाला मौसम लोगों को ज्यादा ठंडक और गर्मी के लिए बिजली का प्रयोग करना पढता है। यद्यपि, इस तरह की कारणात्मक सहसम्बन्ध की उपस्थिति को प्रमाणित करने के लिए सांख्यिकीय निर्भरता महत्वपूर्ण नहीं है। औपचारिक रूप में निर्भरता किसी ऐसी स्थिति को संदर्भित करती है। जिसमें यादृच्छिक चर, संभव्य स्वतन्त्रता एक गणितीय स्थिति को संतुष्ट नहीं करती है। अस्पष्ट व्यवहार में, सहसम्बन्ध स्वतंत्रता में से दो या अधिक यादृच्छिक गंतव्य को संदर्भित कर सकता है। लेकिन तकनीकी रूप से यह कई और विशेष

तरीके के माध्य मानों के बीच सम्बन्ध संदर्भित करता है। विभिन्न प्रकार के सहसम्बन्ध गुणांक हैं प्रायः p सर r द्वारा प्रदर्शित करते हैं जो सह सम्बन्ध की श्रेणी मापते हैं। सम्बन्ध और चरों के बीच निर्भरता ज्ञात करने के लिए आंशिक और बहुसंख्यक सहसम्बन्धों का अध्ययन करते हैं यह सरल सहसंबंध की तकनीक का एक विस्तार है जिसके अन्तर्गत आप तीन या अधिक चरों के बीच अंतर संबंध का अध्ययन कर सकते है।

11.2 बहुसंख्यक सहसम्बन्ध

बहुसंख्यक सहसम्बन्ध गुणांक एक माप है जो कि किसी अन्य चर के समुच्चय के रैखिक कार्य का उपयोग कर दिये गये चर के लिए भविष्यवाणी की जा सकती है। इसे निर्णायक गुणांक द्वारा मापा जाता है, लेकिन विशेष धारणा के अन्तर्गत सर्वोतम संभव रेखीय भविष्यवाणियों का उपयोग किया जाता है। जबकि निर्णायक गुणांक को अधिक सामान्य मामलों मे परिभाषित किया जाता हें बहुसंख्यक निर्धारण गुणांक के मान 0 और 1 के बीच होते हैं। एक उच्चमान स्वतंत्र चर से आश्रित चर का बेहतर पूर्वानुमान देता है, मान एक होने पर भविष्यवाणी सही है और शून्य मान दर्शाता है कि आश्रित चर का कोइ रैखिक संयोजन सरल पूर्वानुमान की तुलना मे बेहतर है जो कि लक्ष्य चरों के माध्यों में शामिल है।

बहुसंख्य सहसम्बन्ध तीन या अधिक चरों के बीच सम्बन्ध का अध्ययन है। वह एकल आश्रित चर पर दो या अधिक स्वतन्त्र चरों के संयुक्त प्रभाव को मापता है। उदाहरण के लिए, यदि उर्वरक की माप के संयुक्त प्रभाव का गेहूँ की पैदावार (x_1) पर अध्ययन करते है यह प्रश्न बहुसंख्यक सह सम्बन्ध का है। आप बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांक को $R_{1.23}$ से प्रदर्शित करेंगे जिसमें x_1 निर्भर चर तथा इसके बीच निर्भर चर तथा इसके बीच x_2 एवं x_3 स्वतन्त्र चर है। इसी प्रकार आप बहुसंख्यक सह सम्बन्धों को $R_{2.13}$ और $R_{3.12}$ से प्रदर्शित कर सकते हैं।

बहुसंख्यक सह सम्बन्ध के गुणांक की गणना :–

बहुसंख्यक सह सम्बन्धों के गुणांकों $R_{1.23}$, $R_{2.13}$ और $R_{3.12}$ की गणना के सूत्र निम्नवत हैं

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$R_{123} =$ बहुसंख्यक सहसम्बन्ध गुणांक है।

$r_{12}, r_{13}, r_{23} =$ सरल या शून्य क्रम सहसंबंध है।

$$R_{2.13} = \sqrt{\frac{r_{21}^2 + r_{23}^2 - 2r_{21}.r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}}$$

$$R_{3.12} = \sqrt{\frac{r_{31}^2 + r_{32}^2 - 2r_{31}.r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}}$$

बहुसंख्यक सहसंबंध गुणांक की सीमाऐं :–

बहुसंख्यक सहसम्बन्ध गुणांक $(R_{1.23})$ का मान 0 और 1 के बीच होता है। यह कभी भी नकारात्मक नहीं हो सकता है।

$0 \geq R_{1.23} \leq 1$

उदाहरण 11.1 :– निम्नलिखित आंकडों में से $(R_{1.23})$, $(R_{2.13})$ और $(R_{3.12})$ की गणना करें।

हल :– $r_{12} = 0.60 , r_{13} = 0.70 , r_{23} = 0.65$ दिया हुआ है।

(i)

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.6)^2 + (0.7)^2 - 2\,(0.6)\,(0.7)\,(0.65)}{1 - (0.65)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.36 + 0.49 - 0.546}{0.5775}}$$

$$= \sqrt{0.526}$$

$$= 0.725$$

(ii)

$$R_{2.13} = \sqrt{\frac{r_{21}^2 + r_{23}^2 - 2r_{21}.r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.6)^2 + (0.65)^2 - 2(0.6)(0.65)(0.7)}{1 - (0.70)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.36 + 0.4225 - 0.546}{1 - 0.49}}$$

$$= \sqrt{0.4638}$$

$$= 0.6809$$

(iii)

$$R_{3.12} = \sqrt{\frac{r_{31}^2 + r_{32}^2 - 2r_{31}.r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.70)^2 + (0.65)^2 - 2\,(0.70)\,(0.65)\,(0.60)}{1 - (0.60)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.49 + 0.4225 - 0.546}{1 - 0.36}}$$

$$= \sqrt{0.5726} = 0.756$$

उदाहरण 11.2 : विद्यार्थियों के एक बडे समूह के लिए

$x_1 =$ अर्थशास्त्र में अंक, $x_2 =$ गणित में अंक , $x_3 =$ सांख्यिकीय में अंक , $r_{12} = 0.69\,, r_{13} = 0.45\,, r_{23} = 0.58$

ब्हुसंख्यक सह सम्बन्ध का गुणांक $R_{3.12}$ ज्ञात कीजिऐ।

हल :–

$$R_{3.12} = \sqrt{\frac{r_{31}^2 + r_{32}^2 - 2r_{31}.r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}}$$

$$\sqrt{\frac{(0.45)^2 + (0.58)^2 - 2\,(0.45)\,(0.58)\,(0.69)}{1 - (0.69)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.2025 + 0.3364 - 0.3601}{1 - 0.4761}}$$

$$= \sqrt{0.3412} = 0.584$$

उदाहरण 11.3 :– शून्य कम सहसंबंध गुणांक निम्नवत दिए हुए हैं।

$r_{12} = 0.98\,, r_{13} = 0.44\,, r_{23} = 0.54$ पहले को निर्भर चर और दूसरे और तीसरे चरों को स्वतन्त्र चर मानते हुए बहुसंख्यक सहसंबंध गुणांक की गणना करें।

हलः– आपको बहुसंख्यक सहसंबंध गुणांक की गणना करनी है जिसके लिए पहला निर्भर चर और दूसरा एवं तीसरा चर स्वतन्त्र चर है या आपका $R_{1.23}$ ज्ञात करना है।

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर ,

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{(0.98)^2 + (0.44)^2 - 2(0.98)(0.44)(0.54)}{1 - (0.54)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.9604 + 0.1936 - 0.4657}{1 - 0.2916}}$$

$$= \sqrt{\frac{.6883}{.7084}}$$

$$= \sqrt{0.9716} = 0.985$$

उदाहरण 11.4 :– यदि $R_{1.23} = 1$, सिद्ध करें कि $R_{2.13} = 1$

हल :–

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

और

$$R_{2.13} = \sqrt{\frac{r_{21}^2 + r_{23}^2 - 2r_{21}.r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}}$$

$R_{2.13} = 1$ रखते हुए एवं दोनों पक्षों का वर्ग करते हुए

$$1 = \frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}$$

$$\Rightarrow r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23} = 1 - r_{23}^2$$

$$\Rightarrow r_{12}^2 + r_{23}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23} = 1 - r_{13}^2$$

$$\Rightarrow \frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{23}.r_{23}}{1 - r_{13}^2} = 1$$

$$\Rightarrow R_{2.13}^2 = 1\ or\ R_{2.13} = 1$$

इसलिए बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गैर नकारात्मक समझा जाता है।

11.3 आंशिक सहसंबंध

गिल्फोर्ड (1973) के अनुसार , x और y के बीच आंशिक सहसंबंध नियंत्रित चरों $Z = (z_1, z_2, \dots\dots z_n)$ के दिए हुए समूहों, जिसे P_{xyz} लिखा जाता है, सहसंबंध अवशिष्टों R_x और R_y के बीच क्रमशः x का z के साथ और y का z के साथ रैखिक सहसंबंध के परिणामस्वरूप है। वास्तव में, पहला क्रम आंशिक सहसंबंध , सहसंबधं और हटाने योग्य संबंधों के उत्पाद के बीच अंतर के अलावा कुछ भी नहीं है, जो इटाए जाने योग्य संबंधों के अलगाव के गुणांकों के उत्पाद से विभाजित है। चरों में से तीसरे चर के प्रभाव को निकालने के पश्चात आंशिक सहसंबंध दो चरों के बीच सह सबंधं है। उदाहरण के लिए, यदि आप गेहॅू की पैदावार x_1 और खाद की मात्रा x_2 के प्रभाव को नजरअंदाज करते हुए (समान जलवायु होने की) के बीच सम्बन्ध को मापते हैं, तब यह प्रश्न आंशिक सहसबंध का है। तीन चरों $(x_1,\ x_2, x_3)$ के लिए,

तीन आंशिक सहसबंधं गुणांक होते हैं। जिनकों $r_{12.3}$, $r_{13.2}$ और $r_{23.1}$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। $r_{12.3}$ आंशिक सहसबंध गुणांक x_1 और x_2 के बीच संबधं को दिखाता है जब x_3 का प्रभाव x_1 और x_2 दोनों से विलुप्त किया जाता है।

आंशिक सह सम्बन्ध गुणांकों की गणना :– आंशिक सहसम्बन्ध गुणांकों $r_{12.3}$, $r_{13.2}$ और $r_{23.1}$ की गणना के लिए सूत्र निम्न प्रकार से है :

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

जहॉ $r_{12.3} = x_1$ और x_2 के बीच आंशिक सहसम्बन्ध है।

r_{12} , r_{13} और $r_{23} =$ सरल या शून्य क्रम सह सम्बन्ध गुणांक है।

ठसी तरह, आप के पास

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1 - r_{21}^2}\sqrt{1 - r_{31}^2}}$$

$$r_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{\sqrt{1 - r_{12}^2}\sqrt{1 - r_{32}^2}}$$

आंशिक सह सम्बन्ध गुणांकों की सीमाऐं :–

$r_{12.3}$ का मान -1 और +1 के बीच मे स्थित होता है।

$$-1 \le r_{12.3} \le 1$$

उदाहरण 11.5 :– $r_{12} = 0.7\, , r_{13} = 0.61$ और $r_{23} = 0.4$ दिया हुआ है। $r_{12.3}$, $r_{13.2}$ और $r_{23.1}$ का मान ज्ञात कीजिए ।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर,

$$r_{12.3} = \frac{0.7 - (0.61)(0.4)}{\sqrt{1 - (0.61)^2}\sqrt{1 - (0.4)^2}}$$

$$= \frac{0.456}{0.792 \times 0.916} = 0.629$$

$$r_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{\sqrt{1 - r_{12}^2}\sqrt{1 - r_{32}^2}}$$

$$= \frac{0.61 - (0.7)(0.4)}{\sqrt{1 - (0.7)^2}\sqrt{1 - (0.4)^2}}$$

$$= \frac{0.61 - 0.28}{\sqrt{1 - .49}\sqrt{1 - .16}}$$

$$= \frac{0.33}{0.714 \times 0.916}$$

$$= \frac{0.33}{0.654}$$

$$= 0.505$$

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1-r_{21}^2}\sqrt{1-r_{31}^2}}$$

$$= \frac{0.4 - (0.7)(0.61)}{\sqrt{1-(0.7)^2}\sqrt{1-(0.61)^2}}$$

$$= \frac{0.4 - 0.427}{\sqrt{1-(0.49)}\sqrt{1-.3721}}$$

$$= \frac{-0.027}{0.714 \times 0.792}$$

$$= -0.048$$

उदाहरण 11.6 :– 30 सूती पौधों के अवलोकन के आधार पर, सूत की पैदावार में सहसंबंध x_1, बच पोतों की संख्या x_2 और ऊँचाई $x_3 : r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.65, r_{23} = 0.7$ पाए गऐ।
सूत की पैदावार और बीज पोतों की संख्या, ऊँचाई के प्रभाव को निकालते हुए के बीच आंशिक सहासंबंध की गणना करें।
हल :– आपकों सूत की पैदावाद और बीजपोतों की संख्या के बीच आंशिक सहसंबंध ज्ञात करना है।, ऊँचाई के प्रभाव की निकालते हुए या आपकों ज्ञात करना है $r_{12.3}$

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1-r_{13}^2}\sqrt{1-r_{23}^2}}$$

दिये गये मानों को प्रतिस्थापित करने पर,

$$r_{12.3} = \frac{0.8 - (0.65)(0.7)}{\sqrt{1-(0.65)^2}\sqrt{1-(0.7)^2}}$$

$$= \frac{0.8 - 0.45}{\sqrt{1-0.4225}\sqrt{1-0.49}}$$

$$= \frac{0.345}{0.76 \times 0.714}$$

$$= \frac{0.345}{0.543}$$

$$= 0.635$$

उदाहरण 12.7 :— विद्यार्थियों के एक बडे समूह के लिए x_1 =सिद्धान्त में अंक, x_2 =रीति में अंक , x_3 =मैदान कार्य में अंक। निम्नलिखित परिणाम प्रापत हुए थे : $r_{12} = 0.69$, $r_{13} = 0.45$ और $r_{23} = 0.58$ रीति में अंक को नियत रखते हुए, मैदान कार्य में अंक और सिद्धान्त में अंक के बीच आंशिक सह सम्बन्ध गुणांक की गणना करें और परिणाम की व्याख्या करें।

हल :— रीति में अंक को नियत रहते हुए, मैदान कार्य में अंक और सिद्धान्त में अंक के बीच आपकों आंशिक सहसम्बन्ध ज्ञात करना है या आपको $r_{31.2}$ ज्ञात करना है।

$$r_{31.2} = \frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{\sqrt{1 - r_{32}^2}\sqrt{1 - r_{12}^2}}$$

$$= \frac{0.45 - (0.58)(0.69)}{\sqrt{1 - (0.58)^2}\sqrt{1 - (0.69)^2}}$$

$$= \frac{0.45 - 0.4002}{\sqrt{1 - 0.3364}\sqrt{1 - 0.4761}}$$

$$= \frac{0.0498}{\sqrt{0.6636}\sqrt{0.5239}}$$

$$= \frac{0.0498}{0.81 \times 0.72}$$

$$= \frac{0.0498}{0.5832}$$

$$= 0.085$$

इस प्रकार, मैदान कार्य में अंक और सिद्धान्त में अंक के बीच में कम श्रेणी का सहसम्बन्ध है।

उदाहरण 11.8 :— क्या वह संभव है कि प्रयोगात्मक आंकडों में निम्नवत समूह हो।

$r_{12} = 0.6$, $r_{13} = 0.8$ और $r_{23} = 0.5$

यह देखने के लिए कि क्या दिए गए आंकडों में असंगति है, आपकों $r_{12.3}$ का मान एक से ज्यादा है, तो असंगति है, अन्यथा नहीं ।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1-r_{13}^2}\sqrt{1-r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर

$$= \frac{0.6 - (-0.5)(0.8)}{\sqrt{1-(0.5)^2}\sqrt{1-(0.8)^2}}$$

$$= \frac{0.6 + 0.4}{\sqrt{1-0.25}\sqrt{1-0.64}}$$

$$= \frac{1}{\sqrt{0.75}\sqrt{0.36}}$$

$$= \frac{1}{0.866 \times 0.6}$$

$$= \frac{1}{0.52}$$

$$= 1.92$$

चूँकि $r_{12.3}$ का मान एक से बडा है, दिये गये आंकडों में कुछ असंगति है।

विकल्प के रूप में :– आप आकडों में विसंगति की जांच $R_{1.23}$ की गणना द्वारा भी कर सकते हैं यदि $R_{1.23}$ का मान 1 से ज्यादा है, तो कुछ विसंगति अन्यथा नहीं।

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1-r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.6)^2 + (-0.5)^2 - 2(0.6)(-0.5)(0.8)}{1-(0.8)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.36 + 0.25 + 0.48}{1 - .64}}$$

$$= \sqrt{\frac{1.09}{0.36}}$$

$$= \sqrt{3.0277}$$

$$= 1.74$$

चूँकि , $R_{1.23}$ का मान एक से ज्यादा है, दिये हुए आंकडों मे कुछ विसंगति है।

उदाहरण 11.9 :– मान लें कि, दिये हुए समूह में x_1, x_2, x_3 के मान : $r_{12} = 0.96\,, r_{13} = 0.36\,, r_{23} = 0.78$ कम्प्यूटर द्वारा प्राप्त हुए हैं। व्याख्या करें कि इन गणना किये हुए मानों को त्रुटियों से स्वतन्त्र कहा जा सकता है।

हल :– इन गणनो किये हुए मानों को त्रुटियों से स्वतन्त्र कहा जाता है या नहीं, बताने के लिए $r_{12.3}$ के मान कि आपको गणना करनी है। यदि $r_{12.3}$ मान 1 से ज्यादा हो तो गणना किये गए मान को त्रुटियों से स्वतन्त्र नहीं कहा जा सकता है।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर

$$r_{12.3} = \frac{0.96 - (0.36)(0.78)}{\sqrt{1 - (0.36)^2}\sqrt{1 - (0.78)^2}}$$

$$= \frac{0.96 - 0.2808}{\sqrt{0.8704}\sqrt{0.3916}}$$

$$= \frac{0.6792}{0.9329 \times 0.6258}$$

$$= \frac{0.6792}{0.5838}$$

$$= 1.163$$

चूँकि $r_{12.3}$ एक से ज्यादा है, गणनाकर दिये गए मान कुछ त्रुटि रखते हैं।

13.4 सरल, आंशिक एवं बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांकों के बीच सम्बन्ध

सरल, आंशिक एवं बहुसंख्यक सहसम्बन्ध गुणांकों के बीच सम्बन्ध होता है। जिनहें निम्नलिखित समीकरणों से समझते हैं।

(i) $1 - R_{1.23}^2 = (1 - r_{12}^2)(1 - r_{13.2}^2)$

(ii) $1 - R_{2.13}^2 = (1 - r_{21}^2)(1 - r_{23.1}^2)$ और

(iii) $1 - R_{3.12}^2 = (1 - r_{31}^2)(1 - r_{32.1}^2)$

उदाहरण 11.10 :– एक विस्तरीय चर वितरण में, $r_{12} = 0.60\,, r_{13} = 0.70\,, r_{23} = 0.65$ दिये हुए हैं।

बहुसंख्यक , सरल और आंशिक सहसंबंध गुणांक इस तरह से सम्बन्धित है।

$$R_{1.23}^2 = 1 - (1 - r_{12}^2)(1 - r_{13.2}^2)$$

$$r_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{\sqrt{1 - r_{12}^2}\sqrt{1 - r_{32}^2}}$$

$$= \frac{0.70 - 0.60 \times 0.65}{\sqrt{1-(0.60)^2}\sqrt{1-(0.65)^2}}$$

$$= \frac{0.70 - 0.39}{0.8 \times 0.760}$$

$$= 0.509$$

$$\therefore \qquad r_{13.2}^2 = 0.259,$$

$$r_{12}^2 = 0.36$$

$R_{1.23}^2$ के लिए , r_{12}^2 और $r_{13.2}^2$ के मान प्रतिस्थापित करने पर, आपके पास

$$R_{1.23}^2 = 1 - (1 - 0.36)(1 - 0.259)$$

$$= 1(0.64)(0.74) = 0.526.$$

उदाहरण 11.11 x_1, x_2, x_3 को उनके माध्यों में से मापा जाता है

$$N = 10, \sum x_1^2 = 90, \sum x_2^2 = 160, \sum x_3^2 = 40$$

$$\sum x_1 x_2 = 60, \sum x_2 x_3 = 60, \sum x_3 x_1 = 40$$

के साथ है। $x_{12.3}$ और $R_{2.31}$ की गणना करें।

हल :–

$$r_{12} = \frac{\sum x_1 x_2}{\sqrt{\sum x_1^2}\sqrt{\sum x_2^2}}$$

$$= \frac{60}{\sqrt{\sqrt{90 \times 160}}}$$

$$= \frac{60}{120}$$

$$= 0.5$$

$$r_{13} = \frac{\sum x_1 x_3}{\sqrt{\sum x_1^2} \times \sum x_3^2}$$

$$= \frac{40}{\sqrt{\sqrt{90 \times 40}}}$$

$$= \frac{40}{60}$$

$$= 0.67$$

$$r_{23} = \frac{\sum x_2 x_3}{\sqrt{\sum x_2^2 \times \sum x_3^2}}$$
$$= \frac{60}{\sqrt{\sqrt{160 \times 40}}}$$

$$= \frac{60}{80}$$

$$= 0.75$$

अब,

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर, आपके पास

$$r_{12.3} = \frac{0.5 - 0.67 \times 0.75}{\sqrt{1 - (0.67)^2}\sqrt{1 - (0.75)^2}}$$

$$= -\frac{0.0025}{0.4910}$$

$$= -0.0051$$

$$R_{2.31} = \sqrt{\frac{r_{23}^2 + r_{21}^2 - 2r_{23}.r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.75)^2 + (0.5)^2 - 2(0.75)(0.5)(0.67)}{1 - (0.67)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.5625 + 0.25 + 0.5025}{0.5511}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.31}{0.5511}}$$

$$= 0.75$$

उदाहरण 11.12 :— निम्नलिखित आंकडों में से $r_{12.3}$ और $R_{1.23}$ की गणना :

X:	3	4	5	6	7	8	9
Y:	2	5	6	4	3	2	4
Z:	5	6	4	5	6	5	8

हल :— $r_{12.3}$ और $R_{1.23}$ की गणना :—

X	X^2	Y	Y^2	Z	Z^2	XY	XZ	YZ
3	9	2	4	5	25	6	15	10
4	16	5	25	6	36	20	24	30
5	25	6	36	4	16	30	20	24
6	36	4	16	5	25	24	30	20
7	49	3	9	6	36	21	42	18
8	64	2	4	5	25	16	40	10
9	81	4	16	8	64	36	72	32
$N = 7$ $\sum X = 42$	$\sum X^2 = 42$	$\sum Y = 26$	$\sum Y^2 = 110$	$\sum Z = 39$	$\sum Z^2 = 227$	$\sum XY = 153$	$\sum XZ = 243$	$\sum YZ = 144$

$$r_{12} = \frac{N.\sum XY - \sum X.\sum Y}{\sqrt{[\sum X^2.N - (\sum X)^2][\sum Y^2.N - (\sum Y)^2]}}$$

$$= \frac{7 \times 153 - (42 \times 26)}{\sqrt{[280 \times 7 - (42)^2][110 \times 7 - (26)^2]}}$$

$$= -0.155$$

$$r_{13} = \frac{N.\sum XZ - \sum X.\sum Z}{\sqrt{[\sum X^2.N - (\sum X)^2][\sum Z^2.N - (\sum Z)^2]}}$$

$$= \frac{7 \times 243 - (42 \times 39)}{\sqrt{[280 \times 7 - (42)^2][227 \times 7 - (39)^2]}}$$

$$= 0.546$$

$$r_{23} = \frac{N.\sum YZ - \sum Y.\sum Z}{\sqrt{[\sum Y^2.N - (\sum Y)^2][\sum Z^2.N - (\sum Z)^2]}}$$

$$= \frac{144 \times 7 - 26 \times 39}{\sqrt{[110 \times 7 - (26)^2][227 \times 7 - (39)^2]}}$$

$$= -0.075$$

आंशिक सह सम्बन्ध गुणांक

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{-0.155 - (0.546 \times -0.075)}{\sqrt{1 - (0.546)^2}\sqrt{1 - (-0.075)^2}}$$

$$= -0.1366$$

बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांक

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(-0.155)^2 + (0.556)^2 - (2 \times -0.155 \times 0.546 \times -0.075)}{1 - (-0.075)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.024 + 0.298 - (.01269)}{1 - .006}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.1951}{0.994}}$$

$$= \sqrt{0.1962}$$

$$= 0.443$$

उदाहरण 11.13 विस्तरीय चर वितरण में ,

$r_{12} = 0.80, r_{23} = -0.56, r_{31} = -0.40$ $r_{23.1}$ and $R_{1.23}$. की गणना करें।

हल :–

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1 - r_{21}^2}\sqrt{1 - r_{31}^2}}$$

$$= \frac{-0.56 - (0.8)(-0.40)}{\sqrt{1 - (0.8)^2}\sqrt{1 - (-0.4)^2}}$$

$$= \frac{-0.56 + 0.32}{\sqrt{1 - 0.64}\sqrt{1 - 0.16}}$$

$$= \frac{-0.24}{\sqrt{0.36 \times 0.84}}$$

$$= \frac{-0.24}{0.5499}$$

$$= -0.436$$

(i)

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.8)^2 + (-0.4)^2 - 2(0.8)(-0.4)(-0.56)}{1 - (-0.56)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.64 + 0.16 - 0.3584}{1 - 0.3136}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.4416}{0.6864}}$$

$$= 0.802$$

उदाहरण 11.14 x_1 (पैदावार) ए x_2(सिंचाई) और x_3(खाद) के बची में रैखिका सह सम्बन्ध गुणांक निम्नवत है :

$r_{12} = 0.81, r_{13} = 0.90, r_{23} = 0.65$

(1) पैदावार का सिंचाई के साथ आवाज करने वाला एक खाद तत्व
(2) पैदावार का आवाज करने वाले खाद के साथ सिंचाई एक तत्व के आंशिक सहसम्बन्ध गुणांक की गणना करें।

हल :– आपको ज्ञात करना है

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

इन मानों को प्रतिस्थापित करने पर,

$$r_{12.3} = \frac{(0.81) - (0.90)(0.65)}{\sqrt{1 - (0.90)^2}\sqrt{1 - (0.65)^2}}$$

$$= \frac{0.81 - 0.585}{0.4358 \times 0.7599}$$

$$= \frac{0.225}{0.3311}$$

$$= 0.679$$

आपको ज्ञात करना है $r_{13.2}$

$$r_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{\sqrt{1 - r_{12}^2}\sqrt{1 - r_{32}^2}}$$

$$= \frac{(0.90) - (0.81)(0.65)}{\sqrt{1 - (0.81)^2}\sqrt{1 - (0.65)^2}}$$

$$= \frac{0.3735}{\sqrt{0.3439}\sqrt{0.5775}}$$

$$= \frac{0.3735}{0.5864 \times 0.7599}$$

$$= \frac{0.3735}{0.4456}$$

$$= 0.838$$

उदाहरण : 11.15 नीचे शून्य क्रम सह सम्बन्ध गुणांक दिया हुआ है, ज्ञात करें (1) x_2 और x_3 के बीच आंशिक सह सम्बन्ध गुणांक (2) x_2 और x_3 में x_1 निर्भर चर लेते हुए बहुसंख्यक सह सम्बन्ध

$$r_{12} = 0.98, r_{13} = 0.44, r_{23} = 0.54$$

हल :–

(i)

$$r_{23.1} = \frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{\sqrt{1 - r_{21}^2}\sqrt{1 - r_{31}^2}}$$

$$= \frac{0.54 - (0.98)(0.44)}{\sqrt{1 - (0.98)^2}\sqrt{1 - (0.44)^2}}$$

$$= \frac{0.54 - 0.4312}{\sqrt{1 - 0.9604}\sqrt{1 - 0.1936}}$$

$$= \frac{0.1088}{\sqrt{0.0396}\sqrt{0.8064}}$$

$$= \frac{0.1088}{0.1786}$$

$$= 0.6091$$

(ii)

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(0.98)^2 + (0.44)^2 - 2(0.98)(-0.44)(0.54)}{1 - (0.54)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.9604 + 0.1936 - 0.4656}{1 - (0.2916)}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.6884}{0.7084}}$$

$$= \sqrt{0.9717}$$
$$= 0.985$$

उदाहरण 11.16 :– प्रयोगात्मक आंकडों के समूह में से क्या यह संभव है कि निम्नलिखित आंकडे प्राप्त होते हैं :

(i) $r_{23} = 0.8, r_{31} = 0.5, r_{12} = 0.6$

(ii) $r_{23} = 0.7, r_{31} = -0.4, r_{12} = 0.6$

हल :– (1) इस कम को देखने के लिए क्या आंकडों मे ंविसंगति है, आपको $r_{12.3}$ की गणना करनी चाहिए, यदि इसका मान एक से ज्यादा है, तो विसंगति है अन्यथा नहीं ।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{0.6 - (-0.5)(0.8)}{\sqrt{1 - (0.5)^2}\sqrt{1 - (0.8)^2}}$$

$$= \frac{0.20}{\sqrt{0.75}\sqrt{0.36}}$$

$$= \frac{0.20}{0.52}$$

$$= 0.384$$

चूँकि $r_{12.3}$ का मान एक से कम है, आंकडा तर्क संगत है

(ii)

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{(0.6) - (-0.4)(0.7)}{\sqrt{1 - (-0.4)^2}\sqrt{1 - (0.7)^2}}$$

$$= \frac{0.6 + 0.28}{\sqrt{0.84}\sqrt{0.51}}$$

$$= \frac{0.88}{0.655}$$

$$= 1.344$$

चूँकि $r_{12.3}$ का मान एक से ज्यादा है, दिये गये आंकडों में विसंगति है।

उदाहरण 11.17 निम्नलिखित आंकडों के लिए तर्क संगत परीक्षण करें।

$$r_{12} = 0.8, r_{13} = 0.4, r_{23} = -0.56$$

हल :– क्या दी हुई गणनाऐं तर्क संगत हैं या नहीं, के परीक्षण के लिए, $r_{13.2}$ की आप गणना करते हैं। यदि $r_{13.2}$ एक से ज्यादा आता है तब गणनाऐं तर्क संगत नहीं हो सकती है।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1-r_{13}^2}\sqrt{1-r_{23}^2}}$$

$$= \frac{(0.8) - (0.4)(-0.56)}{\sqrt{1-(-0.4)^2}\sqrt{1-(-0.56)^2}}$$

$$= \frac{0.8 + 0.224}{\sqrt{0.84}\sqrt{0.6864}}$$

$$= \frac{1.024}{0.7593}$$

$$= 1.349$$

चूँकि $r_{12.3}$ एक से ज्यादा है, r_{12}, r_{13}, r_{23} की गणनाएं तर्क संगत नहीं है।

उदाहरण 11.18 यदि $r_{12} = 0.77, r_{13} = 0.72, r_{23} = 0.52$ हो, आंशिक सहसम्बन्ध गुणांक $r_{12.3}$ और बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांक $R_{1.23}$ ज्ञात करें।

हल :– $r_{12} = 0.77, r_{13} = 0.72, r_{23} = 0.52$ दिया हुआ है।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1-r_{12}^2}\sqrt{1-r_{23}^2}}$$

$$= \frac{.77 - .72 \times .52}{\sqrt{1-(.72)^2}\sqrt{1-(.52)^2}}$$

$$= \frac{.77 - .37}{\sqrt{1-.5184}\sqrt{1.2704}}$$

$$= \frac{.40}{\sqrt{.4816} \times \sqrt{.7296}}$$

$$= \frac{.4}{.593}$$

$$= 0.6745$$

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1-r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(.77)^2 + (.72)^2 - 2(.77)(.72)(.52)}{1-(0.54)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.9604 + 0.1936 - 0.4656}{1 - (.52)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{.5929 + .5184 - .5766}{1 - .2704}}$$

$$= \sqrt{\frac{.5347}{.7296}}$$

$$= 0.856$$

उदाहरण 11.19 यदि $r_{12} = 0.60, r_{13} = 0.70, r_{23} = 0.65$ x_1 और x_2 के बीच आंशिक सह सम्बन्ध x_2 और x_3 के बीच x_1 निर्भर पर बहुसंख्यक सहसम्बन्ध ज्ञात करें।

हल :– $r_{12} = 0.60, r_{13} = 0.70, r_{23} = 0.65$ दिया है।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{0.6 - 0.7 \times 0.65}{\sqrt{1 - (0.7)^2}\sqrt{1 - (0.65)^2}}$$

$$= \frac{0.6 - 0.455}{\sqrt{.4816 \times 0.5775}}$$

$$= \frac{0.145}{0.543}$$

$$= 0.2670$$

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(.6)^2 + (.7)^2 - 2(.6)(.7)(.65)}{1 - (.65)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{0.9604 + 0.1936 - 0.4656}{1 - (.52)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{.304}{.5775}}$$

$$= 0.726$$

उदाहरण 11.20 तीन चरों x_1(ऊँचाई) , x_2(भार) और x_3(छात्रों के व्यास) के मध्य 10 यादृच्छिक चयनित खिलाडियों का सहसम्बन्ध निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है :

	x_1	x_2	x_3
x_1	1.0000	0.8630	0.6480
x_2		1.0000	0.7090
x_3			1.0000

$r_{12.3}$ और $R_{1.23}$ की गणना करें ।

हल : $r_{12} = 0.60, r_{13} = 0.70, r_{23} = 0.65,$ दिया गया है।

$$r_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{\sqrt{1 - r_{13}^2}\sqrt{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \frac{0.863 - 0.648 \times 0.709}{\sqrt{1 - (0.648)^2}\sqrt{1 - (0.709)^2}}$$

$$= \frac{.863 - .4594}{\sqrt{.580} \times \sqrt{.497}}$$

$$= \frac{.4036}{\sqrt{.2883}}$$

$$= \frac{.4036}{.537}$$

$$= 0.752$$

$$R_{1.23} = \sqrt{\frac{r_{12}^2 + r_{13}^2 - 2r_{12}.r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{(.863)^2 + (.648)^2 - 2(.863)(.648)(.709)}{1 - (.709)^2}}$$

$$= \sqrt{\frac{.745 + .42 - .793}{.497}}$$

$$= 0.865 .$$

11.5 सारांश

कुल मिलाकर, बहु सहसम्बन्ध तीन या अधिक चरों के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन होता है और यह दो या अधिक स्वतन्त्र चरों के एकल आश्रित चर पर प्रभाव को मापता है। बहु सह सम्बन्ध गुणांक से अन्य चरों के समूह के रैखिक फलन का प्रयोग करते हुए अच्छे दिये हुए चर पूर्वानुमान करने की माप है। इसे निर्धारण के लिए गुणांक के द्वारा मापा जाता है, लेकिन विशेष अवधारणा के अन्तर्गत सबसे अच्छा संभावित रैखिक पूर्वानुमान का प्रयोग किया जाता है, जहॉं ज्यादातर सामान्य परिस्थितियों के लिए निर्धारण का गुणांक परिभाषित हाता है। बहु निर्धारण गुणांक के मान शून्य और एक के मध्य होते हैं, एक ऊँचा मान स्वतन्त्र चरों में से आश्रित चर का एक अच्छा पूर्वानुमान प्रदर्शित करता है, मान एक यह दर्शाता है कि पूर्वानुमान सटीक है और शून्य मान यह दर्शाता है कि सामान्य पूर्वानुमान की तुलना में जिसमें लक्ष्य चर का मान शामिल है, आश्रित चरों का रैखिक बेहतर है। इसके अलावा, आंशिक सहसम्बन्ध चरों के मध्य तीसरे चर के प्रभाव को निकालने के पश्चात दो चरों के मध्य सरल सह सम्बन्ध होता है।

11.6 शब्दावली

सहसंबंधः दो या दो से अधिक चीजों के बीच रिश्ते या संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया ।

11.7 बोध प्रश्न

1. एक विचरीय वितरण में $r_{12} = 0.41, r_{13} = 0.71, r_{23} = 0.5$ पाये जाते हैं।$r_{23.1}$ और $r_{13.2}$ के मान ज्ञात कीजिए ।

2- यदि $r_{12} = 0.7, r_{13} = 0.61, r_{23} = 0.4$, $r_{12.3}, r_{13.2}$ और $r_{23.1}$ के मान ज्ञात कीजिए।

3. क्या निम्न प्रयोगात्मक आंकडे होना सम्भव है : $\mathrm{r}_{12} = 0.6, \mathrm{r}_{23} = 0.8, \mathrm{r}_{31} = -0.5$

4. एक विचरीय वितरण में $\mathrm{r}_{23} = .2, \mathrm{r}_{13} = .5, \mathrm{r}_{12} = .6$ हैं $\mathrm{r}_{12.3}$ और $\mathrm{R}_{1.23}$ की गणना करें।

5. मान लें कि दिये गए समूहों x_1, x_2, x_3 के मानों के लिए $r_{12} = 0.91, r_{13} = 0.33$ and और $r_{23} = 0.81$. की गणना कम्प्यूटर से की जाती है। व्याख्या करें कि क्या ये गणनाऐं त्रुटियों से मुक्त कही जा सकती है।

11.8 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. $[r_{23.1} = 0.325, r_{13.2} = 0.639]$

2. $[r_{12.3} = 0.629, r_{13.2} = 0.505, r_{23.1} = 0.048]$

3. [$r_{12.3} = 1.92$, असंगत]

4. $[r_{12.3} = 0.47, R_{1.23} = 0.714]$

5. [$r_{12.3} = 1.161$; त्रुटियों से स्वतन्त्र नहीं]

11.9 स्वपरख प्रश्न

1. बहु संख्यक सह सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए ।
2. आंशिक सह सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।
3. सरल, आंशिक और बहुसंख्यक सह सम्बन्ध गुणांकों के के मध्य पाए जाने वाले संबंधो की व्याख्या कीजिए ।

11.10 सन्दर्भ पुस्तकें

1. मूल सांख्यिकीय – गौण, गुप्ता और दासगुप्ता वर्ल्ड प्रेस लिमिटेड –कलकत्ता
2. व्यावसायिक सांख्यिकीय की बुनियादी बातें संचेती और कपूर
3. प्रबंधन में मात्रात्मक तरीके – श्रीवास्तव, शेनाय और गुप्ता
4. व्यावसायिक सांख्यिकीय – गुप्ता और गुप्ता

इकाई 12 बहु प्रतीपगमन विश्लेषण

इकाई की रूपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- बहु प्रतीपगमन की अवधारणा को परिभाषित कर सकें।
- सामान्य समीकरणों का प्रयोग करते हुए बहु प्रतीपगमन तैयार कर सकें ।
- सरल सह सम्बन्ध गुणांकों के सम्बन्ध में बहु प्रतीपगमन समीकरण तैयार कर सकें।
- बहु प्रतीपगमन के लिए आंकलन की मानक त्रुटि की अवधारणा को समझ सकें।

12.1 प्रस्तावना

पिछली इकाई में आपने आंशिक एवं बहु सहसम्बन्ध जो कि सरल सह सम्बन्ध तकनीकी का विस्तार है, का अध्ययन कर चुके हैं। इसी प्रकार, बहु प्रतीपगमन भी सरल प्रतीपगमन तकनीक का विस्तार होता है जिसके अन्तर्गत आप तीन या अधिक चरों के मध्य परस्पर सम्बन्ध का अध्ययन करेंगें। इसका प्रयोग स्वतन्त्र चरों के दिये हुए मानों के लिए आश्रित चर के सबसे संभावित मान के आंकलन में भी किया जाता है।

12.2 बहु प्रतीपगमन

बहु प्रतीपगमन में आप तीन चरों का अध्ययन करेंगे और आप एक चर का आश्रित चर के रूप में और अन्य दो चरों का स्वतन्त्र चर के रूप में विचार कर सकते हैं। बहु प्रतीपगमन समीकरणों का हल निम्नलिखित विधियों द्वारा निकाला जा सकता है :–

12.2.1 सामान्य समीकरणों का प्रयोग करते हुए बहु प्रतीपगमन समीकरण

इस विधि को न्यूनतम वर्ग विधि के रूप में भी जाना जाता है। इस विधि के अर्न्तगत प्रतीपगमन समीकरणों की गणना तीन सामान्य समीकरणों के हल द्वारा की जाती है, उदाहरण के लिए

x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण निम्न द्वारा दिया जाता है :–

$x_1 = a_{1.23} + b_{12.3} + b_{13.2}x_3$

जहॉ x_1 = आश्रित चर , x_2, x_3 = स्वतन्त्र चर

$b_{12.3}$ एवं $b_{13.2}$ = आंशिक प्रतीपगमन गुणांक

न्यूनतम वर्ग विधि का प्रयोग करते हुए, नियतांकों $a_{1.23}$, $b_{12.3}$ और $b_{13.2}$ के मानों को निम्नलिखित तीन सामान्य समीकरण के हल द्वारा प्राप्त किया जाता है :–

$$\Sigma X_1 = N.a_{1.23} + b_{12.3}\Sigma X_2 + b_{13.2}\Sigma X_3$$
$$\Sigma X_1X_2 = a_{1.23}\Sigma X_2 + b_{12.3}\Sigma X_2^2 + b_{13.2}\Sigma X_2X_3$$
$$\Sigma X_1X_3 = a_{1.23}\Sigma X_3 + b_{12.3}\Sigma X_2X_3 + b_{13.2}\Sigma X_3^2$$

इसी तरीके से, x_2 का x_1 एवं x_3 में और x_3 , का x_1 का x_2 में बहुप्रतीपगमन समीकरण और इनके सामान्य समीकरणों को निम्न रूप में भी लिखा जा सकता है :–

x_2 का x_1 एवं x_3 में बहुप्रतिगन समीकरण निम्नवत दिया जाता है :–

$X_2 = a_{2.13} + b_{21.3}X_1 + b_{23.1}X_3$

तीन सामान्य समीकरण इस प्रकार है :–

$$\Sigma X_2 = Na_{2.13} + b_{21.3}\Sigma X_1 + b_{23.1}\Sigma X_3$$
$$\Sigma X_2X_1 = a_{2.13}\Sigma X_1 + b_{21.3}\Sigma X_1^2 + b_{23.1}\Sigma X_3X_1$$
$$\Sigma X_2X_3 = a_{2.13}\Sigma X_3 + b_{21.3}\Sigma X_1X_3 + b_{23.1}\Sigma X_3^2$$

x_3 , का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन समीकरण निम्न प्रकार से दिया जाता है :–

$X_3 = a_{3.12} + b_{31.2}X_1 + b_{32.1}X_2$

तीन सामान्य समीकरण इस प्रकार है :–

$$\Sigma X_3 = Na_{3.12} + b_{31.2}\Sigma X_1 + b_{32.1}\Sigma X_2$$
$$\Sigma X_3X_1 = a_{3.12}\Sigma X_1 + b_{31.2}\Sigma X_1^2 + b_{32.1}\Sigma X_2X_1$$
$$\Sigma X_3X_2 = a_{3.12}\Sigma X_2 + b_{31.2}\Sigma X_1X_2 + b_{32.1}\Sigma X_2^2$$

उदाहरण 12.1 : निम्नलिखित आंकडों के समूह के लिए, x_1 , का x_2 एवं x_3 में बहुप्रतीपगमन समीकरण की गणना करें :

X_1:	4	6	7	9	13	15
X_2:	15	12	8	6	4	3
X_3:	30	24	20	14	10	4

हल : X_1 का X_2 एवं X_3 में प्रतीपगमन समीकरण है :

$X_1 = a_{1.23} + b_{12.3}X_2 + b_{13.2}X_3$

तीन सामान्य समीकरण इस प्रकार है :

$\Sigma X_1 = Na_{1.23} + b_{12.3}\Sigma X_2 + b_{13.2}\Sigma X_3$

$\Sigma X_1 X_2 = a_{1.23}\Sigma X_2 + b_{12.3}\Sigma X_2^2 + b_{13.2}\Sigma X_3 X_2$

$\Sigma X_1 X_3 = a_{1.23}\Sigma X_3 + b_{12.3}\Sigma X_2 X_3 + b_{13.2}\Sigma X_3^2$

X_1	X_2	X_3	X_1X_2	X_1X_3	X_2X_3	X_2^2	X_3^2
4	15	30	60	120	450	225	900
6	12	24	72	144	288	144	576
7	8	20	56	140	160	64	400
9	6	14	54	126	84	36	196
13	4	10	52	130	40	16	100
15	3	4	45	60	12	9	16
$\sum X_1 = 54$	$\sum X_2 = 48$	$\sum X_3 = 102$	$\sum X_1X_2 = 339$	$\sum X_1X_3 = 720$	$\sum X_2X_3 = 1034$	$\sum X_2^2 = 494$	$\sum X_3^2 = 2188$

इन मानों को सामान्य समीकरणों में प्रतिस्थापित करने पर :

$54 = 6a_{1.23} + 48b_{12.3} + 102b_{13.2}$

$339 = 48a_{1.23} + 494b_{12.3} + 1034b_{13.2}$

$720 = 102a_{1.33} + 1034b_{12.3} + 2188b_{13.2}$

समीकरण (i) को 8 द्वारा गुणा करने पर आप प्राप्त करते हैं

$432 = 48a_{1.23} + 384b_{12.3} + 816b_{13.2}$

समीकरण (ii) को (iv) से घटाने पर, आप प्राप्त करते हैं

$-93 = 110b_{12.3} + 218b_{13.2}$

समीकरण (i) को 17 द्वारा गुणा करने पर, आप प्राप्त करते हैं

$918 = 102a_{1.23} + 816b_{12.3} + 1734b_{13.2}$

समीकरण (ii) को (vi) से घटाने पर, आप प्राप्त करते हैं

$-198 = 218b_{12.3} + 454b_{13.2}$

समीकरण (v) को 109 द्वारा गुणा करने पर , आप प्राप्त करते हैं

$-10137 = 11990b_{12.3} + 23762b_{13.2}$

समीकरण (vii) को 55 द्वारा गुणा करने पर, आप प्राप्त करते हैं :

$-10890 = 11990b_{12.3} + 24970b_{13.2}$

समीकरण (viii) को (ix) से घटाने पर , आप प्राप्त करते हैं :

$753 = -1208b_{13.2}$

$$b_{13.2} = -\frac{753}{1208}$$

$= -0.623$

$b_{13.2}$ के मान को समीकरण (v) में प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं

$-93 = 110b_{12.3} + 218(-0.623)$

$$135.814 - 93 = 110b_{12.3}$$

$$b_{12.3} = \frac{42.814}{110}$$
$$= 0.389$$

$b_{12.3}$ एवं $b_{13.2}$ के मानों को समीकरण (i) में प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं

$$6a_{1.23} + 48(0.389) + 102(-0.623) = 54$$
$$6a_{1.23} + 18.672 - 63.546 = 54$$
$$6a_{1.23} = 54 - 18.672 + 63.546$$
$$6a_{1.23} = 98.874$$

$$a_{1.23} = \frac{98.874}{6}$$
$$= 16.479$$

सरल विधि :— यदि चरों के मानों का आकार बहुत बडा होता है, तब सामान्य समीकरणों के हल की उपरोक्त प्रणाली एक बहुत कठिन प्रकिया होती है। इस स्थिति में, वास्तविक मानों के स्थान में चरों का माध्यों से विचलन का प्रयोग संगणनात्मक प्रकिया के सरलीकरण में किया जाता है।

x_1 , का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण विचलन में निम्न द्वारा दिया जाता है।

$$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$$

or

$$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

where

$$x_1 = X_1 - \bar{X}_1, x_2 = X_2 - \bar{X}_2, x_3 = X_3 - \bar{X}_3$$

आंशिक प्रतीपगमन गुणांकों ($b_{12.3}$ and $b_{13.2}$) के मानों को निम्नलिखित दो सामान्य समीकरणों के हल द्वारा प्राप्त किया जा सकता है :

$$\Sigma x_1 x_2 = b_{12.3}\Sigma x_2^2 + b_{13.2}\Sigma x_3 x_2$$
$$\Sigma x_1 x_3 = b_{12.3}\Sigma x_2 x_3 + b_{13.2}\Sigma x_3^2$$

आगे हल करने पर, आपके पास

$$b_{12.3} = \frac{(\Sigma x_1 x_2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_1 x_3)(\Sigma x_2 x_3)}{(\Sigma x_2^2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_2 x_3)^2}$$

$$b_{13.2} = \frac{(\Sigma x_1 x_3)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_1 x_2)(\Sigma x_3 x_2)}{(\Sigma x_3^2)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_3 x_2)^2}$$

इसी तरीके से x_2 का x_1 एवं x_3 में, और x_3 का x_1 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण विचलन के रूप में निम्न द्वारा दिया जाता है।

$$X_2 - \bar{X}_2 = b_{21.3}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{23.1}(X_3 - \bar{X}_3)$$

और

$$x_2 = b_{21.3}x_1 + b_{23.1}x_3$$

दो सामान्य समीकरण है :

$$\Sigma x_2 x_1 = b_{21.3}\Sigma x_1^2 + b_{23.1}\Sigma x_1 x_3$$

$$\Sigma x_2 x_3 = b_{21.3}\Sigma x_1 x_3 + b_{23.1}\Sigma x_3^2$$

आगे हल करने पर, आपके पास

$$b_{21.3} = \frac{(\Sigma x_2 x_1)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_2 x_3)(\Sigma x_1 x_3)}{(\Sigma x_1^2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_1 x_3)^2}$$

$$b_{23.1} = \frac{(\Sigma x_2 x_3)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_2 x_1)(\Sigma x_3 x_1)}{(\Sigma x_3^2)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_3 x_1)^2}$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन समीकरण विचलन के रूप में निम्न द्वारा दिया जाता है :

$$X_3 - \bar{X}_3 = b_{31.2}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{32.1}(X_2 - \bar{X}_2)$$

या

$$x_3 = b_{31.2}x_1 + b_{32.1}x_2$$

दो सामान्य समीकरण हैं :

$$\Sigma x_1 x_3 = b_{31.2}\Sigma x_1^2 + b_{23.1}\Sigma x_1 x_2$$

$$\Sigma x_2 x_3 = b_{31.2}\Sigma x_1 x_2 + b_{32.1}\Sigma x_2^2$$

आगे हल करने पर, आपके पास

$$b_{31.2} = \frac{(\Sigma x_3 x_1)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_3 x_2)(\Sigma x_1 x_2)}{(\Sigma x_1^2)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_1 x_2)^2}$$

$$b_{32.1} = \frac{(\Sigma x_3 x_2)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_3 x_1)(\Sigma x_2 x_1)}{(\Sigma x_2^2)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_2 x_1)^2}$$

उदाहरण 12.2 निम्नलिखित आंकडों में से, x_3 का x_1 एवं x_2 में वास्तविक माध्य विधि का प्रयोग करते हुए न्यूनतम वर्ग प्रतीपगमन ज्ञात करें।

जब $x_1 = 10$ और $x_2 = 6$ पर x_3 का आंकलन भी

X_1:	3	5	6	8	12	14
X_2:	16	10	7	4	3	2
X_3:	90	72	54	42	30	12

हल :–

X_1	$x_1 = ($	x_1^2	X_2	$x_2 = (X_2$	x_2^2	X_3	$x_3 = (X_3$	x_3^2	x_1x_2	x_1x_3	x_2x_3
3	-5	25	16	+9	81	90	+40	1600	-45	-200	+360
5	-3	9	10	+3	9	72	+22	484	-9	-66	+66
6	-2	4	7	0	0	54	+4	16	0	-8	0
8	0	0	4	-3	9	42	-8	64	0	8	+24
12	+4	16	3	-4	16	30	-20	400	-16	-80	+80
14	+6	36	2	-5	25	12	-38	1444	-30	-228	+190
$\Sigma X_1 =$	$\Sigma x_1 = 0$	$\Sigma x_1^2 = 90$	$\Sigma X_2 = 42$	$\Sigma x_2 = 0$	$\Sigma x_2^2 = 140$	$\Sigma X_3 = 300$	$\Sigma x_3 = 0$	$\Sigma x_3^2 = 4008$	$\Sigma x_1x_2 = 100$	$\Sigma x_1x_3 = -582$	$\Sigma x_2x_3 = 720$

$$\bar{X}_1 = \frac{48}{6} = 8, \bar{X}_2 = \frac{42}{6} = 7, \bar{X}_3 = \frac{300}{6} = 50,$$

X_3 का X_1 एवं X_2 में प्रतीपगमन समीकरण है :–

$$X_3 - \bar{X}_3 = b_{31.2}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{32.1}(X_2 - \bar{X}_2)$$

$$b_{31.2} = \frac{(\Sigma x_3 x_1)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_3 x_2)(\Sigma x_1 x_2)}{(\Sigma x_1^2)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_1 x_2)^2}$$

$$= \frac{(-582)(140) - (720)(-100)}{(90)(140) - (-100)^2}$$

$$= \frac{-81480 + 72000}{12600 - 10000} = \frac{-9480}{2600} = -3.646$$

$$b_{32.1} = \frac{(\Sigma x_3 x_2)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_3 x_1)(\Sigma x_2 x_1)}{(\Sigma x_2^2)(\Sigma x_1^2) - (\Sigma x_2 x_1)^2}$$

$$= \frac{(720)(90) - (-582)(-100)}{(90)(140) - (-100)^2}$$

$$= \frac{64800 + 58200}{12600 - 10000} = \frac{6600}{2600} = 2.538$$

इन मानों को उपरोक्त समीकरणों में प्रतिस्थापित करने पर, आप प्राप्त करते हैं :–

$$X_3 - 50 = -3.646(X_1 - 8) + 2.538(X_2 - 7)$$

$$X_3 - 50 = -3.646X_1 + 29.168 + 2.538X_2 - 17.766$$

$$X_3 = -3.646X_1 + 2.538X_2 + 61.402$$

जब $X_1 = 10$ एवं $X_2 = 6$, हो तो ,

$$X_3 = -3.646(10) + 2.538(6) + 61.402$$

$= -36.46 + 15.228 + 61.402 = 40.17 \ or \ 40.$

उदाहरण 12.3 निम्नलिखित जानकारी दी हुई है (चरों का मापन उनके सम्बन्धित माध्यों से लिया गया है) :–

$\Sigma x_1 x_2 = 720, \Sigma x_2 x_3 = -582, \Sigma x_1 x_3 = -100$

$\Sigma x_2^2 = 4008, \Sigma x_3^2 = 90, \Sigma x_1^2 = 140$

$\bar{X}_1 = 7, \bar{X}_2 = 50, \bar{X}_3 = 8$

X_1 का X_2 एवं X_3. में बहु प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें। X_1 का आंकलन करें जब $X_2 = 10$ और $X_3 = 95$ हो

हल :– x_1 का x_2 एवं x_3 में प्रतीपगमन समीकरण निम्न द्वारा दिया जाता है।

$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$

$$b_{12.3} = \frac{(\Sigma x_1 x_2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_1 x_3)(\Sigma x_2 x_3)}{(\Sigma x_2^2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_2 x_3)^2}$$

$$= \frac{(720)(90) - (-100)(-582)}{(4008)(90) - (-582)^2}$$

$$= \frac{64800 + 58200}{360720 - 338724}$$

$$= \frac{6600}{21996}$$

$= 0.30$

$$b_{13.2} = \frac{(\Sigma x_1 x_3)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_1 x_2)(\Sigma x_3 x_2)}{(\Sigma x_3^2)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_3 x_2)^2}$$

$$= \frac{(-100)(4008) - (720)(-582)}{(4008)(90) - (-582)^2}$$

$$= \frac{-400800 + 419040}{360720 - 338724}$$

$$= \frac{18240}{21996}$$

$$= 0.83$$

आप को दिया गया है : $\bar{X}_1 = 7, \bar{X}_2 = 50, \bar{X}_3 = 8$

इन मानों को उपरोक्त समीकरण में प्रतिस्थापित करने पर आप प्राप्त करते हैं।

$X_1 - 7 = 0.30(X_2 - 50) + 0.83(X_3 - 8)$

या

$X_1 - 7 = 0.30X_2 - 15 + 0.83X_3 - 6.64$

$\therefore X_1 = 0.30X_2 + 0.83X_3 - 14.64$ आवश्यक समीकरण है।

जब $X_2 = 20$ एवं $X_3 = 30$ हो

$X_1 = 0.30(20) + 0.83(30) - 14.64 = 6 + 24.9 - 14.64 = 16.26$

उदाहरण 12.4 तीन चरों x_1 , x_2 एवं x_3 के लिए आंकडे नीचे दिये गए हैं।

$\Sigma x_1x_2 = 218, \quad \Sigma x_1x_3 = -198, \quad \Sigma x_2x_3 = -93$

$\Sigma x_1^2 = 454, \quad \Sigma x_2^2 = 110, \quad \Sigma x_3^2 = 90$

x_1 , x_2 एवं x_3 का मापन उनके माध्यों से हुआ है। दो आंशिक प्रतीपगमन गुणांक $(b_{12.3}\ and\ b_{13.2})$ ज्ञात करें।

हल :–

$$b_{12.3} = \frac{(\Sigma x_1x_2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_1x_3)(\Sigma x_2x_3)}{(\Sigma x_2^2)(\Sigma x_3^2) - (\Sigma x_2x_3)^2}$$

$$= \frac{(218)(90) - (-198)(-93)}{(90)(110) - (-93)^2}$$

$$= \frac{19620 - 18414}{9900 - 8649}$$

$$= \frac{1206}{1251}$$

$$= 0.964$$

$$b_{13.2} = \frac{(\Sigma x_1x_3)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_1x_2)(\Sigma x_3x_2)}{(\Sigma x_3^2)(\Sigma x_2^2) - (\Sigma x_3x_2)^2}$$

$$= \frac{(-198)(110) - (218)(-93)}{(90)(110) - (-93)^2}$$

$$= \frac{-21780 + 20274}{9900 - 8649}$$

$$= \frac{-1506}{1251}$$

$$= -1.203$$

12.2.2 बहु प्रतीपगमन समीकरण सह सम्बन्ध गुणांक के रूप में :–

जब $\bar{X}_1, \bar{X}_2$ $\bar{X}_3, \sigma_1, \sigma_2$ एवं σ_3 एवं r_{12}, r_{13} एवं r_{23} दिये हुए है।, तब बहु प्रतीपगमन समीकरण को निम्नलिखित तरीके से व्यक्त किया जाता है :–

x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण

$$X_1 - \bar{X}_1 = b_{12.3}(X_2 - \bar{X}_2) + b_{13.2}(X_3 - \bar{X}_3)$$

or

$$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

जहाँ

$$x_1 = X_1 - \bar{X}_1, x_2 = X_2 - \bar{X}_2, x_3 = X_3 - \bar{X}_3$$

आंशिक प्रतीपगमन गुणांकों ($b_{12.3}$ and $b_{13.2}$) के मानों को निम्नलिखित सूत्र प्रयोग द्वारा निर्धारित किया जाता है :–

$$b_{12.3} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]$$

$$b_{13.2} = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]$$

x_1 का x_2 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण को निम्न तरीके से भी लिखा जा सकता है :–

$$x_1 = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right]x_2 + \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{32}^2}\right]x_3$$

या

$$X_1 - \bar{X}_1 = \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{12} - r_{13}.r_{23}}{1 - r_{23}^2}\right](X_2 - \bar{X}_2) + \left[\frac{\sigma_1}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{13} - r_{12}.r_{32}}{1 - r_{23}^2}\right](X_3 - \bar{X}_3)$$

x_2 का x_1 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण

$$X_2 - \bar{X}_2 = b_{21.3}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{23.1}(X_3 - \bar{X}_3)$$

या

$$x_2 = b_{21.3}x_1 + b_{23.1}x_3$$

जहाँ,

$$b_{21.3} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right]$$

$$b_{23.1} = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right]$$

x_2 का x_1 एवं x_3 में बहु प्रतीपगमन समीकरण को निम्नवत भी लिखा जा सकता है :–

$$x_2 = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right]x_1 + \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right]x_3$$

या

$$X_2 - \bar{X}_1 = \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{21} - r_{23}.r_{13}}{1 - r_{13}^2}\right](X_1 - \bar{X}_1) + \left[\frac{\sigma_2}{\sigma_3}\right].\left[\frac{r_{23} - r_{21}.r_{31}}{1 - r_{31}^2}\right](X_3 - \bar{X}_3)$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन समीकरण

$$X_3 - \bar{X}_3 = b_{31.2}(X_1 - \bar{X}_1) + b_{32.1}(X_2 - \bar{X}_2)$$

या

$$x_3 = b_{31.2}x_1 + b_{32.1}x_2$$

जहाँ,

$$b_{31.2} = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right]$$

$$b_{32.1} = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right]$$

x_3 का x_1 एवं x_2 में बहु प्रतीपगमन को निम्नवत भी लिखा जा सकता है :–

$$x_3 = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right]x_1 + \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right]x_2$$

या

$$X_3 - \bar{X}_3 = \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_1}\right].\left[\frac{r_{31} - r_{32}.r_{12}}{1 - r_{12}^2}\right](X_1 - \bar{X}_1) + \left[\frac{\sigma_3}{\sigma_2}\right].\left[\frac{r_{32} - r_{31}.r_{21}}{1 - r_{21}^2}\right](X_2 - \bar{X}_2)$$

ध्यान दें : $r_{12} = r_{21}, r_{23} = r_{32}, r_{13} = r_{31}$

उदाहरण 12.5 :– गणित में एक शिक्षक सेमेस्टर के दौरान दिए गए दो परीक्षा में अन्तिम परीक्षा के अंकों के सम्बन्ध को निर्धारित करना चाहता है। एक विद्यार्थी के प्रथम, द्वितीय एवं अन्तिम परीक्षा में अंक को क्रमशः x_1 , x_2 , x_3 कहा गया है , उसने कुल 120 विद्यार्थियों में से निम्नलिखित गणना की :

$\bar{X}_1 = 6.8 \quad \bar{X}_2 = 7.0 \quad \bar{X}_3 = 74$
$\sigma_1 = 1.0 \quad \sigma_2 = 0.80 \quad \sigma_3 = 9.0$
$r_{12} = 0.60 \quad r_{13} = 0.70 \quad r_{23} = 0.65$

1. उचित प्रतीपगमन समीकरण ज्ञात करें।
(स) सांकेतिक विधि :– कभी कभी हमें बडे मानों के साथ समझौता करना पडता है। यह गणना की प्रक्रिया को बहुत जटिल बनाता है। इन स्थितियों में, हम सांकेतिक विधि की सहायता ले सकते है। यह एक सरल मार्ग विधि का विस्तार है। इस प्रकार, सांकेतिक विधि का प्रयोग समस्याओं के सरलीकरण के लिये किया जाता है जिसमें बडे मान शामिल होते हैं। बीजांक एक स्थायी द्वारा जोड, घटाना, गुणा या भाग का उल्लेख करता है। यदि सभी n पदों को एक सार्वाजनिक कारक जिसे स्थायी कहा जाता है द्वारा या तो गुणा किया जाता है या भाग दिया जाता है या एक अपरिवर्तनशील को प्रत्येक n पदों में जोडा या घटाया जाता है, तब भी F अनुपात का मान प्रभावित नहीं होता है। इसका अर्थ है कि वास्तविक माप की गणना को परिणामों के अनुगामी सामजस्यों के आवश्यकता बिना सरलीकरण किया जा सकता है। एक बार दिये हुए मान कुछ सार्वजनिक मान के साथ परिवर्तित किये जाते हैं, तब सरल मार्ग विधि के सभी चरणों को F अनुपात को ज्ञात और व्याख्या करने के लिए अंगीकृत किया जा सकता है।

उदाहरण 5:– 5 मोटर कार टायरों के यादृच्छिक प्रतिदर्शों को तीन कम्पनीयों द्वारा निर्मित प्रत्येक के 3 ब्रान्डों से लिया गया है। इन टायरों (मीलवार दौड द्वारा मापने के रूप में) नीचे दिखाया गया है। आंकडों के आधार पर, परीक्षण करें कि 3 ब्रान्ड के टायरों का औसत जीवनकाल समान है या नहीं।

टायरों का जीवनकाल ('000 मील)

ब्रान्ड

A	B	C
35	32	34
34	32	33
34	31	32
33	28	32
34	29	33

हल : $H_0 : \mu_1 = \mu_2 = \mu_3$

शून्य परिकल्पना मानते है कि तीन ब्रान्ड के टायरों के मध्य कोई अन्तर नहीं है। गणनाओं के सरलीकरण के कम में, प्रत्येक अवलोकन को 30 द्वारा कम किया जाता है।

बीजांक आंकडा है :–

A	B	C
5	2	4
4	2	3
4	1	2
3	–2	2
4	–1	3

$T = \sum X_{ij}$

$= 5 + 4 + 4 + 3 + 4 + 2 + 2 + 1 - 2 - 1 + 4 + 3 + 2 + 2 + 3 = 36$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(36)^2}{15} = 86.4$

कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$=(5)^2+(4)^2+(4)^2+(3)^2+(4)^2+(2)^2+(2)^2+(1)^2+(-2)^2+(-1)^2+(4)^2+(3)^2+(2)^2+(2)^2+(3)^2-86.4$

$= 138 - 86.4 = 51.6$

SS मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \frac{(20)^2}{5} + \frac{(2)^2}{5} + \frac{(14)^2}{5} - 86.4$

$= 80 + 0.8 + 39.2 - 86.4$

$= 120 - 86.4 = 33.6$

SS भीतर $= \sum X_{ij}^2 - \sum \frac{(T_j)^2}{n_j}$

$= 138 - 120 = 18$

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

प्रसरण के श्रोत	SS	d.f.	MS	F-ratio	5% F-सीमा
मध्य प्रतिदर्श	33.6	3 – 1= 2	$\frac{33.6}{2}$ = 16.8	$\frac{16.8}{1.5}$ = 11.2	F (2,12) = 3.89
भीतर प्रतिदर्श	18.0	15– 3 = 12	$\frac{18}{12}$ = 1.5		
योग	51.6				

F(11.2) का परिकल्पित मान तालिका मान (3.89) से अधिक है, इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार है और हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि टायरों के 3 ब्राण्डों का औसत जीवनकाल एकसमान नहीं है।

2. दो तरफा ANOVA

एकतरफा ANOVA में आपको ध्यान देना चाहिए कि एकल कारक के विभिन्न स्तरों के निरूपण संगठन जो कि प्रयोग में नियंत्रित रहता है। लेकिन वास्तविक जीवन स्थितियों में, एक शोधकर्ता एक ही समय में एक से अधिक कारकों के प्रभाव को जानने में रूचि रख सकते हैं या हम बहुत सी उन स्थितियों का सामना कर सकते हैं जिसमें रूचि का प्रतिक्रिया चर एक से अधिक कारकों द्वारा प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के लिए, कृषि सम्बन्धी परिणाम उर्वरक के प्रकार एवं बीज की प्रजाति द्वारा प्रभावित किया जा सकता है, उत्पादन को मशीनों की विभिन्न प्रजातियों एवं मजदूरों के विभिन्न वर्गो द्वारा प्रभावित किया जा सकता है, उत्पाद विक्री को विज्ञापन स्तरें एवं कीमत स्तरों द्वारा प्रभावित किया जा सकता है। इन स्थितियों में, हम दो तरफा ANOVA का प्रयोग करेगें। इस प्रकार, दो तरफा ANOVA तकनीक प्रयोग की जाती है जब आंकडों का वर्गीकरण दो कारकों के आधार पर होता है। हम परीक्षण की रचना इस तरीके से कर सकते है। कि एक ही समय में दो कारकों के प्रभाव का परीक्षण प्रसरण के विश्लेषण से किया जा सके। दो तरफा ANOVA के साथ, एक ही समय, एक से आंकडे के साथ हम परिकल्पना के दो समूहों का परीक्षण कर सकते हैं। इस तकनीक का सबसे बडा लाभ यह है कि यह शोधकर्ता को कारकों के मध्य पारस्परिक प्रभाव के निरीक्षण के लिए समर्थ बनाता है। दो तरफा प्रारूप के प्रत्येक कारक में पुनरावृत्ति मापें हो सकती है या पुनरावृत्ति मापें नहीं हो सकती है।

(अ) अपुनरावृत्ति मानों के साथ :– दो तरफा वर्गीकरण में प्रसरण के विश्लेषण के लिए प्रक्रिया एकतरफा वर्गीकरण की स्थिति से थोडी सी भिन्न होती है। जब हमारे पास पुनरावृत्ति मान नहीं होते हैं, प्रतिदर्शों के भीतर वर्गों के योगों की गणना सीधे नहीं की जा सकती हैं इस अवशेष या विचरण त्रुटि की गणना एक निरूपण के मध्य प्रजातियों के प्रसरण के लिए वर्गों के योग द्वारा एवं दूसरे निरूपण के मध्य प्रजातियों के प्रसरण के लिए वर्गों के योग को कुल प्रसरण के लिए वर्गों के योग में से घटाकर की जाती है। संगणना प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं :–

- जब दोतरफा AVOVA की गणना करते हैं, यदि मान जटिल होते हैं, तब बीजांक प्रारम्भ में किया जा सकता है और तद्पश्चात अगले चरणों का अनुसरण करते हैं।
- सभी प्रतिदर्शो में एकल पदो के मानों या बीजांक मानों का योग किया जाता है और इस संगकलन को T के रूप में जाना जाता है। सांकेतिक रूप में,

  $T = \sum X_{ij}$
- तद्पश्चात निम्नलिखित तरीके से संशोधनकारक ज्ञात किया जाता है

  संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n}$
- अगले चरण में संशोधन कारक को एकल पदो के वर्गों के योग मे से घटाया जाता है और परिणामी मान कुल प्रसरण के लिए वर्गों के विचलनों का कुल योग होता है।

  सांकेतिक रूप में,

  कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$
- अब स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए हमें विचलनों के वर्गो का योग ज्ञात करना पडता है। इस मान की गणना के लिए ,विभिन्न स्तम्भों का योग किया जाता है और प्रत्येक स्तम्भ के योग के वर्ग को सम्बन्धित स्तम्भ में पदों की संख्या द्वारा विभाजित किया जाता है और इन मानों को संकलित किया जाता है और तद्प्श्चात इस संकलन में से संशोधन कारक को घटाया जाता है, सांकेतिक रूप में,

  स्तम्भों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$
- अब स्तरम्भों के मध्य प्रसरण के लिए हमकें विचलनों के वर्गों का योग ज्ञात करना पडता है। इस मान की गणना के लिए, विभिन्न स्तम्भों का योग किया जाता है और प्रत्येक स्तम्भ के योग के वर्ग को सम्बन्धित स्तम्भ में पदों की संख्या द्वारा विभाजित किया जाता है और इन मानों को संकलित किया जाता है और तद्पश्चात इस संकलन में से संशोधन कारक को घटाया जाता है सांकेतिक रूप में,

  स्तम्भों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$
- स्तम्भों के मध्य गणना के पश्चात हमें पंक्तियों के मध्य SS की गणना करनी पडती है। पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग की गणना कुल पंक्ति के वर्ग के योग को सम्बन्धित पंक्ति में पदों की संख्या द्वारा विभाजन में से संशोधन कारक को घटाकर की जाती है। सांकेतिक रूप से

  पंक्तियों के मध्य $SS = \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

- अगले चरण में, स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों का योग और पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों का योग को कुल प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग मे से घटाकर किया जाता है और परिणामी मान अवशेष या त्रुटि प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गों के योग को दर्शाता है। इसे निम्नवत वर्णित किया जा सकता है :–

  अवशेष ss = कुल ss –(स्तम्भों के मध्य ss = पंक्तियों के मध्य ss)

- F अनुपात के मान को प्राप्त करने के लिए, हमें भिन्न वर्गों के योग के लिए अंशों की स्वतन्त्रता ज्ञात होनी चाहिए जिसके लिए निम्न के अन्तर्गत कार्य करना पड सकता है :–

  कुल प्रसरण के लिए $d.f. = (c \cdot r - 1)$

  स्तम्भों के मध्य प्रसरण के लिए $d.f. = (c - 1)$

  पंक्तियों के मध्य प्रसरण के लिए $d.f. = (r - 1)$

  अवशेष प्रसरण के लिए $d.f. = (c - 1)\,(r - 1)$

  जहॉ c = स्तम्भों की संख्या r = पंक्तियों की संख्या

- तब एक दो तरफा AVOVA तालिका निम्नलिखित तरीके से निर्मित की जाती है :–

दो तरफा AVOVA के लिए प्रसरण के विश्लेषण की तालिका

विचरण के श्रोत	वर्गों का योग (SS)	स्वतंत्रता का अंश ($d.f.$)	माध्य वर्ग (MS)	F-अनुपात
स्तम्भों के मध्य	$\sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$	(c – 1)	$\frac{\text{SS between Columns}}{(c-1)}$	$\frac{\text{MS between columns}}{(\text{MS residual})}$
पंक्तियों के मध्य	$\sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$	(r – 1)	$\frac{\text{SS between rows}}{(r-1)}$	$\frac{MS\ between\ rows}{(MS\ residual)}$
अवशेष या त्रुटि	कुल SS – (स्तम्भों के मध्य SS + पंक्तियों के मध्य SS)	(c–1)(r–1)	$\frac{\text{SS residual}}{(c-1)(r-1)}$	
कुल	$\sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$	(c.r – 1)		

आपकों यह स्पष्ट होना चाहिए कि अपुनरावृत्ति मानों के साथ दो तरफा ANOVA में अवशेष प्रसरण का आधार F अनुपात होता है। अवशेष प्रसरण के घटित होने के लिए

कारण प्रतिचयन की अस्थिरता होती है। महत्व के निर्दिष्ट स्तर पर दिये हुए अंश की स्वतन्त्रता के लिए दोनों F अनुपातों की तुलना उनके समरूपी तालिका मानों के साथ की जाती है। F के आधार पर शून्य परिकल्पनाओं के लिए स्वीकृत एवं अस्वीकृत मानदण्ड समान रहते हैं।

उदाहरण 6:– निम्नलिखित आंकडे इकाईयों की संख्या के प्रतिदिन उत्पादन को प्रदर्शित करते है। जो 3 भिन्न मजदूरों द्वारा 4 भिन्न प्रकार की मशीनों से निकले है। नीचे दिये हुए आंकडों में दो तरफा ANOVA को प्रदर्शित करें।

मजदूर	**मशीन के प्रकार**			
	A	***B***	***C***	***D***
I	38	40	41	39
II	45	42	49	36
III	40	38	42	42

(सांकेतिक विधि का प्रयोग दिये हुए संख्याओं को 40 से घटाकर करें)

हलः हम शून्य परिकल्पना लेते है कि उत्पादकता माध्य में मशीन प्रकार एवं विभिन्न मजदूरों के सन्दर्भ में कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं है। प्रत्येक मान को 40 में से घटाकर कर, हम प्राप्त करते हैं :–

मजदूर	**मशीन प्रकार**				**कुल**
	A	B	C	D	
I	–2	0	+1	–1	–2
II	+5	+2	+9	–4	+12
III	0	–2	+2	+2	+2
कुल	***+3***	***0***	***+12***	***–3***	***+12***

उपरोक्त तालिका से 'T' स्पष्ट है कि या $\sum X_{ij} = 12$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(12)^2}{12} = 12$

कुल SS $= \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$= (-2)^2 + (5)^2 + (0)^2 + (0)^2 + (2)^2 + (-2)^2 + (1)^2 + (9)^2 + (2)^2 + (-1)^2 + (-4)^2 + (2)^2 - 12$

$= 4 + 25 + 0 + 0 + 4 + 4 + 1 + 81 + 4 + 1 + 16 + 4 - 12 = 144 - 12 = 132$

मशीनों के मध्य वर्गों का योग $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \frac{(3)^2}{3} + \frac{(0)^2}{3} + \frac{(12)^2}{3} + \frac{(-3)^2}{3} - 12$

$= 3 + 0 + 48 + 3 - 12 = 42$

मजदूरों के मध्य वर्गों का योग $= \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

$$= \frac{(-2)^2}{4} + \frac{(12)^2}{4} + \frac{(2)^2}{4} - 12$$
$$= 1 + 36 + 1 - 12 = 26$$

SS अवशेष = कुल SS – (मशीनों के मध्य SS + मजदूरों के मध्य SS)

= 132 – (42 + 26) = 132 – 68 = 64

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

विचरण के श्रोत	SS	d.f.	MS	F-अनुपात	5% F-सीमा
मशीनों के मध्य मजदूरों के मध्य अवशेष	42 26 64	4– 1= 3 3– 1 =2 (4 –1)(3–1) =6	$\frac{42}{3} = 14$ $\frac{26}{2} = 13$ $\frac{64}{6} = 10.67$	$\frac{14}{10.67} = 1.31$ $\frac{13}{10.67} = 1.22$	F (3,6) = 4.76 F(2,6) = 5.14
कुल	132	(4×3 – 1) =11			

चूँकि F अनुपातों (1.31,1.22) दोनों परिकल्पित मान उनके तालिका मानों (4.76, 5.14) से कम है इसलिए, दोनों शून्य परिकल्पनाऐं स्वीकार है और हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उत्पादकता माध्यों मे मशीन प्रकार के साथ साथ मजदूरों के सन्दर्भ में कोई अर्थपूर्ण अन्तर नहीं है।

(ब) पुनरावृत्ति मानों के साथ :– कदाचित हमें दो तरफा प्रारूप की कुछ स्थितियों मे सामना करना पढ सकता है जहॉ सभी वर्गों के लिए पुनरावृत्ति मापें होती है। दो तरफा प्ररूप के अपुनरावृत्ति मानों के साथ और दो तरफा पुनरावृत्ति मानों की संगणना प्रक्रिया मे केवल एक अन्तर होता है । कुल SS स्तम्भों के मध्य SS और पंक्तियों के मध्य SS की गणना समान तरीके से की जाती है। पुनरावृत्ति मानों की स्थिति में, हमें अन्योन्यक्रिया विचरण की गणना करनी पडती है। दो तरफा विश्लेषण में अन्योन्यकिया का तात्पर्य यह है कि दो निरूपण तन्त्र नहीं है और एक कारक का विशेष निरूपण का प्रभाव दूसरे कारक के स्तर पर आश्रित रहता है और विपरीत क्रम में प्रतिदर्शों के भीतर प्रसरण के लिए वर्गों के योग की गणना एक तरफा ANOVA की स्थिति के रूप में समान तरीके से की जाती है। अन्योन्य किग्रा विचरण की गणना शेष बचे वर्गो के योग के पर एवं बचे शेष स्वतन्त्रता के अंशों के आधार पर की जाती है।

एक अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया प्रभाव इंगित करता है कि एक कारक के लिए निरूपण का प्रभाव दूसरे कारक द्वारा दृढता से प्रभावित हुआ है।

ANOVA तालिका को सामान्य तरीके से तैयार किया जाता है।

उदाहरण 7 :– क्या अन्योन्यक्रिया विचरण निम्नलिखित सूचना सम्बन्धित मील संख्या आधारित विभिन्न ब्रान्डों की गैसोलीन एवं कारों की स्थिति में अर्थपूर्ण है :–

	गैसोलीन के ब्रान्ड		
कार	***X***	***Y***	***Z***
A	12	10	9
	12	9	11
B	12	7	10
	11	8	11
C	10	11	8
	11	11	7

हल :– H_0 कारों एवं गैसोलीन ब्रान्डों के मध्य कोई अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया नहीं है।

$T = \sum X_{ij}$

$= (12 + 12 + 10 + 9 + 9 + 11) + (12 + 11 + 7 + 8 + 10 + 11) + (10 + 11 + 11 + 11 + 8 + 7)$

$= 63 + 59 + 58 = 180$

संशोधन कारक $= \frac{(T)^2}{n} = \frac{(180)^2}{18} = 1800$

कुल $SS = \sum X^2_{ij} - \frac{(T)^2}{n}$

$= (12)^2 + (12)^2 + (10)^2 + (9)^2 + (9)^2 + (11)^2 + (12)^2 + (11)^2 + (7)^2 + (8)^2 + (10)^2 + (11)^2 + (10)^2 + (11)^2 + (11)^2 + (11)^2 + (8)^2 + (7)^2 - 1800$

$= 1846 - 1800 = 46$

SS स्तम्भों के मध्य $= \sum \frac{(T_j)^2}{n_j} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \left\{\left(\frac{68 \times 68}{6}\right) + \left(\frac{56 \times 56}{6}\right) + \left(\frac{56 \times 56}{6}\right)\right\} - 1800$

$= 770.67 + 522.67 + 522.67 - 1800 = 1816.01 - 1800 = 16.01$

SS पंक्तियों के मध्य $= \sum \frac{(T_i)^2}{n_i} - \frac{(T)^2}{n}$

$= \left\{\left(\frac{63 \times 63}{6}\right) + \left(\frac{59 \times 59}{6}\right) + \left(\frac{58 \times 58}{6}\right)\right\} - 1800$

$= 661.5 + 580.17 + 560.67 - 1800 = 1802.34 - 1800 = 2.34$

प्रतिदर्शो के भीतर SS की गणना वर्ग के भीतर इसके माध्य के साथ प्रत्येक पद द्वारा घटाकर करते हैं।

[उदाहरण के लिए A & X → (12 +12)/2 = 12; A & Y→(10 + 9)/2 = 9.5 और इसी प्रकार]

SS भीतर =

$$(12-12)^2 + (12-12)^2 + (12-11.5)^2 + (11-11.5)^2+(10-10.5)^2+(11-10.5)^2 + (10-9.5)^2 + (9-9.5)^2 + (7-7.5)^2 + (8-7.5)^2+(11-11)^2+(11-11)^2+(9-10)^2+(11-10)^2 + (10-10.5)^2 + (11-10.5)^2 + (8-7.5)^2 + (7-7.5)^2$$

$$= 0 + 0 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 + 0.25 +0.25 +0.25 + 0 + 0 + 1 + 1 + 0.25 + 0.25 +0.25 +0.25 = 5$$

SS अन्योन्यक्रिया = कुल SS – (SS स्तम्भ + SS पंक्ति + SS भीतर)

$$= 46 - (16.01 + 2.34 + 5) = 46 - 23.35 = 22.65$$

ANOVA तालिका निम्नवत है :–

विचरण के श्रोत	**SS**	**d.f.**	**MS**	**F-**अनुपात	**5% F-**सीमा
स्तम्भों के मध्य	16.01	3– 1= 2	$\frac{16.01}{2} = 8$	$\frac{8}{0.56} = 14.28$	F (2,9) = 4.26
पंक्तियों के मध्य	2.34	3– 1 =2	$\frac{2.34}{2} = 1.17$	$\frac{1.17}{0.56} = 2.09$	F (2,9) = 4.26
प्रतिदर्श के भीतर	5.00	18 – 9 = 9	$\frac{5}{9} = 0.56$		
अन्योन्यक्रिया	22.65	17–(2+2+9) =4	$\frac{22.65}{4} = 5.66$	$\frac{5.66}{0.56} = 10.1$	F(4,9) = 3.63
कुल	46	18-1=17			

अन्योन्यक्रिया (10.1) के लिए F अनुपात का परिकल्पित मान इसके तालिका मान (3.63) से अधिक है, इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार्य है। इसका अभिप्राय है कि कारों एवं गैसोलीन के ब्रान्डों के मध्य अर्थपूर्ण अन्योन्यक्रिया है, इसलिए स्तम्भ प्रभाव एवं पंक्ति प्रभाव के परिणामों का कोई उपयोग नहीं हैं।

(स) रेखाचित्रीय विधि :– यदि आपको दो तरफा ANOVA के पुनरावृत्ति मानों के साथ आवश्यक समस्याओं के साथ व्यवहार करन पडता है, तब आपके पास रेखाचित्रीय विधि का भी विकल्प होता है। इस प्रकार, दो तरफा प्रारूप में , रेखाचित्रीय विधि विभिन्न कारकों के मध्य अन्योन्यक्रिया का भी अध्ययन किया जा सकता है। रेखाचित्रीय विधि में, एक कारक को x अक्ष में रेखांकित और दूसरे कारक को y अक्ष में रेखांकित किया जाता है। सभी प्रतिदर्शों के लिए माध्यों को बिदुरेख में

रेखांकित किया जाता है और पृथक रेखाओं द्वारा तर्कसंगत किया जाता है। यदि प्रत्येक प्रतिदर्श पदों को जोडने वाली रेखाऐं एक दूसरे के विरूद्ध नहीं होती हे, तब इसका सूचक अन्योन्यक्रिया का नहीं हाता है, जबकि रेखाऐं एक दूसरे विपरीत (विरूद्ध) होती है इसका अभिप्राय कारकों के मध्य एक अन्योन्यक्रिया का होना है। प्रत्येक प्रतिदर्श पदों से सम्बन्धित रेखाओं के रेखाचित्रीय निरूपण अन्योन्यक्रिया के प्रकार के बारे में इंगित करता है। उदाहरण के लिए, अन्योन्यक्रिया क्रमवाचक प्रकार की हो सकती है जहॉ एक कारक से सम्बन्धित प्रभाव का श्रेणी क्रम एक समान रहता है। दूसरे कारक के परिवर्तन से सम्बन्धित प्रभावों का श्रेणी क्रम हो तो अन्योन्यक्रिया क्रमवार प्रकार की नहीं होगी। यह गैर क्रमवार अन्योन्यक्रिया गैर विपरीत शेष या विपरीत शेष प्रकार की हो सकती है।

17.4 सारांश

इस इकाई में, आपने F अनुपात और ANOVA के बारे मे अध्ययन किया। F परीक्षण दो प्रसरणों के अनुपात पर आधारित होता है। इसका प्रयोग यह निर्धारण करने में किया जाता है कि क्या दो सम्बन्धित प्रतिदर्शों को समान प्रसरण के सामान्य समग्रों से लिया गया है। F परीक्षण सामान्य स्थिति, समरूपता, यादृच्छिकता, त्रुटि की स्वतन्त्रता की अवधारणा पर आधारित होता है। ANOVA कारणों के वर्ग की वजह से विचरण के पृथककरण में से दूसरे वर्गो की वजह से विचरण की एक सांख्यिकीय तकनीक के लिए हैं विशेष रूप से इसे उस परीक्षण के लिए प्रारूपित किया जाता है जहॉ दो से अधिक मात्रात्मक (परिमाणात्मक) समग्रों के माध्य समान होते हैं। यदि आंकडे को केवल एक कारक के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है तब एक तरफा ANOVA प्रयोग होता है जबकि यदि आंकडे को दो करकों के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है तब दो तरफा ANOVA प्रयुक्त होता है। एक तरफा ANOVA में, F अनुपात की गणना माध्य वर्ग के माध्य और माध्य वर्ग के भीतर अनुपात के रूप में की जाती है। शून्य परिकल्पना की स्वीकार्यता और अस्वीकारिता के सम्बन्ध मे निर्णय F के परिकल्पित एक तालिका मान की तुलना के आधार पर लिया जाता है। दो तरफा ANOVA में एक साथ एक कारक से अधिक के प्रभाव का अध्ययन किया जाता है। अपुनरावृत्ति मानों की दशा में, दो F अनुपातों की गणना की जाती है। पहली स्तम्भों के मध्य और दूसरी पंक्तियों के मध्य पुनरावृत्ति मानों की दशा में, उपरोक्त वर्णित दो F अनुपातों के अतिरिक्त, दूसरा F अनुपात भी अन्योन्यक्रिया विचरण की गणना के लिए लिया जाता है।

एकतरफा और दो तरफा ANOVA के लिए स्वीकृत और अस्वीकृत मानदण्ड एक समान रहते हैं। जटिल आंकडों की दशा में, आंकडों के सरलीकरण के लिए सांकेति विधि का प्रयोग किया जा सकता है।

17.5 शब्दावली

- AVOVA : प्रसारण का विश्लेषण ।
- SS : प्रसरण के लिए विचलनों के वर्गो का योग ।
- MS : औसत (माध्य) वर्ग।

- **अन्योन्यक्रिया प्रभाव** : एक कारक दूसरे कारक के लिए उपचार का प्रभाव ।

17.6 बोध प्रश्न

(अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति

1. ''प्रसरण'' शब्द सबसे पहले सांख्यिकीविद् ————————द्वारा प्रयोग किया गया था।
2. ANOVA तकनीक प्रारम्भ में ———————अनुसंधान में प्रयोग की गई थी।
3. प्रतिदर्श के भीतर माध्य वर्ग गणना के लिए स्वतन्त्रता के अंश में सम्मिलित ——————घटाने पर ———————।
4. ————————विधि ANOVA तकनीक में गणनात्मक कार्य सरलीकरण के लिए प्रयोग होती है।
5. आलेखी विधि के अन्तर्गत ———————कारकों के मध्य रेखाओं को पार करने द्वारा इंगित किया जाता है।

(ब) सत्य या असत्य

1. F- परीक्षण के अनुप्रयोग के लिए वर्गों की समरूपता एक आवश्यक अवधारणा होती है। (सत्य/असत्य)
2. F- परीक्षण दो मानक विचलनों के अनुपात पर आधारित है। (सत्य/असत्य)
3. प्रसरण के विश्लेषण परीक्षण का उद्देश्य दो प्रतिदर्श प्रसरणों के मध्य अन्तर के महत्व का परीक्षण करना होता है। (सत्य/असत्य)
4. द्विमार्गी ANOVA पुनरावृत्ति मानों के साथ न होने पर की स्थिति में अन्योन्यक्रिया चिरण की मणना की जाती है। (सत्य/असत्य)
5. $(n-k)$ अवशेष प्रसारण के लिए स्वतन्त्रता के अंश को इंगित करता है। (सत्य/असत्य)

17.7 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ)

1. आर0ए0 फिशर 2. भूमि विषयक 3. कुल प्रतिदर्श आकार प्रतिदर्शों की संख्या
4. सांकेतिक शब्दों में बदलना 5. अन्योन्यक्रिया

(ब)

1. सत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. असत्य 5. असत्य

17.8 स्वपरख प्रश्न

1. F- परीक्षण का उद्देश्य क्या होता है ?
2. शब्द माध्य वर्ग को परिभाषित करें ?
3. संशोधन कारक का सूत्र लिखें ?
4. F- परीक्षण की अवधारणाऐं एवं तकनीक का वर्णन करें ?
5. प्रसरण के विश्लेषण का अर्थ समझाइयें। द्विमार्गी वर्गीकरण के लिए ANOVA की तकनीक का संक्षेप में वर्णन करें ?
6. दो यादृच्छिक प्रतिदर्शों को दो सामान्य समग्रों में से लिया गया है :

प्रतिदर्श 1	75	68	65	70	84	66	55
प्रतिदर्श 2	42	44	56	52	46		

5 प्रतिशत महत्व के स्तर में प्रसरण अनुपात का प्रयोग करते हुए परीक्षण करें कि दो समग्रों में समान प्रसरण है। ($F = 2.37, H_0$: स्वीकार्य)

7. 8 अवलोकनों के एक प्रतिदर्श में, माध्य में से पदो के विचलनों के वर्गों का 84.4 था। 10 अवलोकनों के एक दूसरे प्रतिदर्श में ये मान 102.6 पाया गया था। 5 प्रतिशत स्तर पर परीक्षण करें कि अन्तर महत्वपूर्ण है। आपको 5 प्रतिशत का स्तर दिया गया है, $v_1 = 7$ एवं $v_2 = 9$ स्वतन्त्रता की श्रेणीयों के लिए F का समीक्षात्मक मान 3.29 है और $v_1 = 8$ एवं $v_2 = 10$ स्वतन्त्रता श्रेणीयों के लिए यह मान 3.07 है। ($F = 1.06, H_0$: स्वीकार्य)

8. सामान्य समग्र में से समान प्रसरणों के साथ नीचे तीन प्रतिदर्श प्राप्त किये गये। परिकल्पना परीक्षण करें कि प्रतिदर्श माध्य एक समान हैः

8	7	12
10	5	9
7	10	13
14	9	12
11	9	14

$v_1 = 2$ एवं $v_2 = 12$ के लिए 5 प्रतिशत महत्व के स्तर पर F का तालिका मान 3.88 है।

($F = 4, H_0$: अस्वीकार्य)

9. एक कम्पनी यह जानने के लिए इच्छुक है कि क्या तीन बिक्रीकर्ता एक समान प्रर्दशन कर रहे हैं। तीन बिक्रीकर्ताओं का साप्ताहिक बिक्री अभिलेख है।

A(Rs)	B (Rs)	C (Rs)
300	600	700
400	300	300
300	300	400
500	400	600
0	..	500

10. तीन प्रयोग शक्ति के प्रतिदर्श के संतुष्टि आर्द्रता का निर्धारण करते हैं, प्रत्येक व्यक्ति प्रत्येक 4 प्रेषणों में से एक प्रतिदर्श लेता है। परिणाम निम्नवत है।

प्रयोग	प्रेषण			
	I	II	III	IV
A	9	10	9	10
B	12	11	9	11
C	11	12	10	12

इन आकडों से प्रसरण का विश्लेषण निर्धारित करें और वर्णन करें कि वन्या प्रेषणों के मध्य या प्रयोगों के मध्य कोई महत्वपूर्ण अन्तर है प्रेषणों के मध्य $F = 4.02, H_0$स्वीकृत

प्रयोगों के मध्य $F = 6.91, H_0$अस्वीकृत

11. निम्नलिखित तीन ड्रगों के से सम्बन्धित सूचना के आधार पर ANOVA तालिका का निर्माण करें और यह परीक्षण करें कि ड्रगों की प्रभावशीलता तीन विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों रक्तचाप को कम करती है।

व्यक्ति का वर्ग	ड्रग		
	X	Y	Z
A	14	10	11
	15	9	11
B	12	7	10
	11	8	11
C	10	11	8
	11	11	7

1. क्या ड्रग्स भिन्न प्रकार से प्रतिक्रिया करते हैं ?
2. क्या भिन्न वर्ग के व्यक्ति भिन्न प्रकार से प्रभावित हैं ?
3. क्या अन्योन्यक्रिया पद महत्वपूर्ण है ? $(F = 36.9, 19.1, 18.78)$ सभी तीन H_0 अस्वीकार है

17.9 संदर्भ पुस्तकें

1. गुप्ता एस0 पी0 , ''सांख्यिकीय विधियॉ सुल्तान चन्द एवं सन्स, नई दिल्ली
2. दास एन0जी0 सांख्यिकीय विधियॉ टाटा मेग्रो हिल, नई दिल्ली
3. बाजपेई नवल व्यवसाय सांख्यिकीय पियरसन

इकाई 18 बहुभिन्नरूपी विश्लेषण तकनीक (Multivariate Analysis Technique)

इकाई की रूपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- बहुप्रसरण विश्लेषण की अवधारणा एवं महत्व का वर्णन कर सके।
- बहुप्रसरण तकनीकों का वर्गीकरण को स्पष्ट कर सके।
- बहुप्रसरण की तकनीकों का वर्णन कर सके।

18.1 प्रस्तावना

पिछली इकाईयों में, आप विभिन्न प्रकार के प्राचल एवं गैर प्राचल परीक्षणों के बारे में अध्ययन कर चुके हैं। ये परीक्षण उन आंकडों के साथ व्यवहार करते है। जो कि एकल कारक या अधिक से अधिक दो कारकों पर आधारित होते हैं लेकिन वास्तविक जीवन में, हमें बहुत सी उन घटनाओं के साथ व्यवहार करना पडता है जो कि एक ही साथ एक से अधिक कारकों द्वारा प्रभावित होते है। इन जटिल घटनाओं की दशा में, एकल चर एवं द्विचर तकनीकें आंकडों के विश्लेषण के लिए सहायक नहीं होती है। हमें बहुचर विश्लेषण तकनीकों की सहायता लेनी पडती हैं ।

बहुचर विश्लेषण सभी सांख्यिकीय विधियों से सम्बन्ध रखता है जो अध्ययन के अन्तर्गत सभी व्यक्ति या वस्तुओं के बहुमापों का विश्लेषण एक साथ करता है। दूसरे

शब्दों में, कोई भी दो चरों से अधिक के एक साथ किये गये विश्लेषण को बहुचर विश्लेषण के रूप में सुविचारित किया जा सकता है । इस प्रकार, बहुचर विश्लेषण तकनीकें चरों के मध्य विभिन्न सम्बन्धों को समझने एवं व्याख्या में सहायता करता है। इस इकाई में, आप कुछ आमतौर पर प्रयुक्त बहुचर विश्लेषण तकनीकों जैसे कारक विश्लेषण बहु प्रतीपगमन, गुच्छ विश्लेषण MDS सामूहिक विशलेषण, इत्यादि का अध्ययन करेगें।

18.2 बहुचर विश्लेषण की अवधारणा एवं महत्ता

एकल चर एवं द्विचर तकनीकों की सीमाओं के क्रम में, बहुचर विशलेषण तकनीकियॉ प्रकट होती है। एकलचर विश्लेषण अध्ययन के अन्तर्गत चरों के स्तर एवं वितरण के बारे में केवल सूचना प्रदान करने में सहायता करता है।

बहुचर विश्लेषण केवल चरों के मध्य सम्बन्ध के अंश को स्थापित करने में सहायता करता है। यदि प्रत्येक चर के लिए एकल चर विशलेषण की श्रेणीयॉ स्वतन्त्र रूप से निष्पादित की जाती हैं, यह परिणामों की व्याख्या को अनुचित रूप में प्रभावित कर सकता है। बहुचर विश्लेषण तकनीकियॉ हमें चरों के मध्य एक साथ जटिल सम्बन्धों के उचित तरीके से विश्लेषण में सहायता करता है।

पाल ई0 ग्रीन के अनुसार, ''बहुचर तकनीकियॉ दो या अधिक समूहों की मापों के मध्य सम्बन्ध विश्लेषण के लिए प्रक्रियाओं का संकलन होता है जो एक या अधिक वस्तुओं के प्रतिदर्शों मे प्रत्येक वस्तु के लिए बनाया गया था। यदि केवल मापों के दो समूह शामिल होते हैं, आंकडे विशिष्ट रूप से द्विचर के रूप में निर्दिष्ट होते हैं'' सरल शब्दों में, जब तीन या अधिक चरों का एक साथ विश्लेषण किया जाता है तब बहुचर तकनीकियॉ प्रयुक्त होती है।

चूॅकि, जटिल वास्तविक जीवन आंकडे को बहुचर तकनीकियों की सहायता से संयोजित अर्थपूर्ण अंकों में परिवर्तित करना सम्भव हैं। इस प्रकार यह शोध सम्बन्धी विभिन्न क्षेत्रों जैसे अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि, चिकित्सा, वाणिज्य, प्रबन्ध शिक्षा इत्यादि क्षेत्रों मे एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में साबित हुआ है। यह व्यवसाय सम्बन्धी समस्याओं के निर्णय निर्धारण में भी सहायक होता है। संक्षेप में जब कभी एक घटना बहुत कारकों या चरों द्वारा प्रभावित होती है, तब इसके उचित विशलेषण के लिए बहुचर तकनीकियॉ प्रयुक्त की जाती चाहिए। के0 टेकुची के अनुसार,''यदि शोधकर्ता प्रतिदर्श बहुमापों के आधार पर प्रायिकता कथनों के सृजन में रूचि रखता है, तब आंकडे विश्लेषण की सबसे अच्छी रणनीति, कुछ बहुचर सांख्यिकीय तकनीक का प्रयोग होना होता है।'' बहुचर तकनीकियॉ गुण आनुभाविक होती है जो जटिल आंकडों का विश्लेषण करती है। यह आंकडों के बडे अंकों को छोटी संख्या के संयोजित अर्थपूर्ण अंकों में रूपान्तरित करती है। एक सही बहुचर स्थिति की घटना में, सभी चरों को यादृच्छिक होना चाहिए और उनको इस तरीके से परस्पर सम्बन्धित किया जाना चाहिए कि उनका विभिन्न प्रभाव अर्थपूर्ण रूप मे पृथक रूप से व्याख्या न कर सके। आपको हमशा याद रखना चाहिए कि बहुचर तकनीकियों की इस नाम द्वारा जाना जाता है क्योकि इसमें बहुचर या चरों का बहुसंमिश्रण शामिल होता है और न कि बहु अवलोकन ।

इस सम्बन्ध में दूसरा विचारणीय तथ्य इसका जटिल विस्तृत गणना प्रक्रिया का होना है। बहुचर तकनीकियों को हाथ से हल करना बहुत कठिन होता है। इन तकनीकियों के माध्यम से एक समस्या को हल करने के लिए एकल चर विश्लेषण रैखिक बीजगणित, सदिश बीजगणित, लम्बकोणीय और तिर्यक अनुमानों की मूलभूत अवधारणाओं का ज्ञान आवश्यक होता है जो सम्पूर्ण तथ्य को बहुत जटिल बनाता है। हमें बहुचर तकनीकों के माध्यम से समस्या के हल के लिए कम्प्यूटर साफ्टवेयर प्रोग्राम का प्रयोग करना चाहिए। विशेषीकृत कम्प्यूटर साफ्टवेयर प्रोग्राम का आजकल के वर्षों में शोध के क्षेत्र बढता हुआ प्रयोग बहुचर तकनीकों की लोकप्रियता का मुख्य कारण है।

18.3 शब्दावली

आपको बहुत से पदों से परिचित होना चाहिए जिन्हें बहुचर विश्लेषण के प्रकरण मे प्रयोग किया जाता हैं क्योंकि समान पदों का प्रयोग एकलचर एवं द्विचर विश्लेषण में किया जाता है। लेकिन इन पदो के अतिरिक्त कुछ पद होते हैं जिन्हें प्रायः इस प्रकरण में प्रयोग किया जाता है और आपकों बहुचर विश्लेषण की अवधारणा की उचित समझ के लिए इनके अर्थ की जानकारी होनी चाहिए और ये पद नीचे वर्णित है :

- **चर मात्रा :–** एक चर मात्रा अनुभव के साथ ज्ञात वजनों के चरों का एक रैखीय मिश्रण होता है। चर शोधकर्ता द्वारा निर्दिष्ट किये जाते हैं, जबकि निर्दिष्ट उद्देश्य के मिलान के लिए वजनों का निर्धारण बहुचर तकनीक द्वारा किया जाता है। गणितीय रूप में, इसे निम्नवत व्यक्त किया जा सकता हैः–

  चर मात्रा मान = $w_1X_1 + w_2X_2 + w_3X_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + w_nX_n$

  जहॉ X_n अवलोकित चर है और बहुचर तकनीक द्वारा वजन निर्धारण है। इस प्रकार, समूह के सम्पूर्ण मिश्रण को एकल मान जिसे चर मात्रा मान जाना जाता है, प्रदर्शित करते हैं।
- **मापीय एवं गैर मापीय चर :–** मापीय चर उन आंकडों या चरों को उद्घृत करता है जो अन्तराल या अनुपात पैमाने में मापे जाते हैं जैस उम्र, वजन इत्यादि गैर मापीय चर उन आंकडों या चरों को उद्घृत करता है जो संज्ञात्मक या कमवाचक पैमाने जैसे नाम, लिंग धर्म इत्यादि।
- **परतंत्रता एवं स्वतन्त्रता तकनीकें :–** जब एक या अधिक चर जो कि स्वतन्त्र चरों में आश्रित होते हैं तब परतंत्रता तकनीक का प्रयोग किया जाता है। यदि चरों का वर्गीकरण आश्रित एवं स्तन्त्र वर्गो में सम्भव नहीं होता है और चरों के मध्य पारस्परिक निर्भरता रहती है तब अन्योन्याश्रय तकनीकों का प्रयोग करते हैं।
- **विवरणात्मक एवं मानदण्ड चर** :– वह चर जो दूसरे चर के माने में परिवर्तन की वजह होता है स्वतन्त्र या विवरणात्मक या बहिर्जात चर के रूप में जाना जाता है। इसके विपरीत, वह चर जिसका मान दूसरे चर के प्रभाव की वजह

से परिवर्तित होता है आश्रित या मानदण्ड या अंतर्जात चर के रूप में जाना जाता है।

- **अवलोकनीय और अविकसित चर** :– वितरणाात्मक चरों को दो वर्गों में पृथक किया जा सकता है। अवलोकनीय और अविकसित चर। यदि विवरणात्मक चर को प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित किया जा सकता है तब इसे अवलोकनीय चर के रूप में जाना जाता है और यदि इसे प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित नहीं किया जा सकता है तो इसे अविकसित चर के रूप में जाना जाता है।
- **कल्पित चर** :– इसे कृत्रिम चर के रूप में भी जाना जाता है। यह पद तकनीकी समझ में प्रयुक्त होता है और बहुचर विशलेषण के प्रकरण में बीजगणितीय दक्षप्रयोगों में उपयोगी होता है। X_i $(i = 1, 2,\ldots..\mathrm{m})$ को एक कल्पित चर कहा जाता है यदि केवल एक X_i 1 होता है और दूसरे सभी शून्य होते है।
- **अवशिष्टयॉः–** अवशिष्ट आरित चर के अपरिभाषित भाग को प्रदर्शित करता है। यह आश्रित या अर्न्तजात चर का वह भाग होता है जिसे बहुचर तकनीकी द्वारा परिभाषित नहीं किया जाता हे। इसे अनिदिृर्ष्ट सम्बन्धों या समस्याओं में शून्य निरूपण तकनीकी को स्थापित करने के लिए प्रयोग कर सकते है।
- **सह रेखीय** :– यह दो या अधिक स्वतन्त्र चरों के मध्य सम्बन्ध को वर्णित करता है। यदि कोई एकल स्वतन्त्र चर उच्चता से दूसरे स्वतन्त्र चरों के साथ उच्चता से सहसम्बन्धित होते हैं तो इसे बहु सह रेखीय के रूप मे जाना जाता हैं ।

18.4 बहुचर तकनीकों का वर्गीकरण

विभिन्न आधारों पर बहुचर तकनीकों को वर्गीकृत किया जा सकता है। इसका वर्गीकरण निश्चित प्रश्नों के उत्तरों पर आधारित होता है। पहला प्रश्न है :

क्या चरों को आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

इसका अर्थ यह है कि चरों को दो वर्गों में वर्गीकृत करना सम्भव है – पहला आश्रित चर और दूसरा स्वतन्त्र चर। यदि हम धनात्मक उत्तर प्राप्त करते हैं, अर्थात कुछ सम्मिलित चर दूसरों में आश्रित होते हैं तब निर्भरता विधियों का प्रयोग किया जाता है। इसके विपरीत, यदि हम ऋणात्मक उत्तर प्राप्त करते हैं, अर्थात आश्रित चरों में कोई भी चर सम्मिलित नहीं होता है और वहॉ चरों के मध्य परस्पर निर्भरता होती है तब अन्योन्याश्रय विधि प्रयुक्त होती है। इस प्रकार आश्रित चरों की उपस्थिति के आधार पर, बहुचर तकनीकों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता हैं निर्भरता विधियॉ और अन्योन्याश्रय विधियॉ। उन्हें क्रमशः कार्यात्मक विधियॉ। एवं संरचनात्मक विधियॉ कहा जाता है। यदि हम कुछ आश्रित चरों को ज्ञात करते हैं तब यह निर्भरता विधियों के प्रयोग का संकेत होता है। निभ्रश्रता विधियों के प्रकरण में आगे के वर्गीकरण के लिए, अगला प्रासंगिक प्रश्न है :–

एक एकल विशलेषण में आश्रित के रूप मे कितने चरों का प्रतिपादन करते हैं ?

इसका अर्थ है कि हमें सुनिश्चित करना है कि क्या केवल एक आश्रित चर या बहु से आश्रित चर है। आश्रित चरों की संख्या ज्ञात करने के पश्चात अगला प्रासंगिक प्रश्न है :

चरों की माप कैसे की जाती है ?

इसका अर्थ है कि हमें ज्ञात करना होता है कि चरों के मान के माप के लिए कौन सा पैमाना प्रयुक्त है। जैसा आप जानते है। कि यदि आंकडे को अन्तराल या अनुपात पैमाने मे मापा जाता है तो इसे मापीय के रूप में जाना जाता है और यदि इसे संज्ञात्मक या क्रमवाचक पैमाने मे मापा जाता है तो इसे गैर मापीय के रूप में जाना जाता है। इस प्रकार चरों की प्रवृत्ति के आधार पर, बहुचर तकनीकों को मापीय एवं गैर मापीय विधियों के रूप मे वर्गीकृत कर सकते हैं। निर्भरता विधियों के सन्दर्भ में, यदि केवल एक आश्रित चर होता है और यह मापीय है तब सबसे प्रचलित बहुचर तकनीकी बहुप्रतिगमन होती है और यदि यह एकल आश्रित चर गैर मापीय है तब बहु विभेदक विश्लेषण प्रयुक्त होता हैं बहुत से आश्रित चरों की दशा में यदि वे मापीय होते हैं तो प्रसरण का बहुचर विशलेषण प्रचलित है और यदि बहुत से आश्रित चर गैर मापीय होते हैं तब प्रामाणिक विशलेषण और संयुक्त विशलषण सबसे वाछंनीय तकनीकें होती है।

अन्योन्याश्रय विधियों के संदर्भ में, यदि चर मापीय होते हैं तो कारक विशलेषण, गुच्छ विशलेषण और मापीय बहु आयामी पैमाने इत्यादि का प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि चर गैर मापीय होते हैं तो गैर मापीय बहु आयामी पैमाना और अविकसित संरचनात्मक विशलेषण उपयुक्त होंगें।

18.5 बहुचरमात्रा तकनीकें

जैसा आप जानते है। कि एक बहुचर मात्रा तकनीकी को सभी प्रकार की स्थितियों में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार के बहुचर तकनीकों का प्रयोग होता है । कुछ महत्वपूर्ण बहुचर मात्रा तकनीकें नीचे वर्णित हैं :–

18.5.1 बहुचर प्रतीपगमन :– बहुचर प्रतीपगमन सामान्यतया सबसे अधिक प्रयोग की हुई बहुचर मात्रा तकनीक हैं यह सामान्य प्रतीपगमन का विस्तार है। जब हम दो या अधिक स्वतन्त्र चरों का एक आश्रित चर में संयुक्त प्रभाव का अध्ययन करना चाहते हैं, तब बहु प्रतीपगमन एक उपयुक्त विधि है। इस प्रकार, यह एक एकल मापीय आश्रित चर एवं दो या अधिक मापीय स्वतन्त्र चरों के मध्य सम्बन्ध का परीक्षण करता है। बहुचर प्रतीपगमन में विवरणात्मक चरों के एक रैखीय मिश्रण को इस तरीके बनाया जाता हैं कि इसका मापदंड चर के साथ सह सम्बन्ध अधिकतम हो । इस तकनीकी का मुख्य उद्देश्य सभी स्वतन्त्र चरों के साथ इसके सहप्रसरण पर आधारित आश्रित चरों की परिवर्तनशीलता का पूर्वानुमान करना होता है। दूसरे शब्दों में, बहुचर प्रतीपगमन का मूलभूत उद्देश्य एक प्रतिरूप का निर्माण रेखीय समीकरण के रूप में करना है जो अध्ययन में स्वतन्त्र चरों के सबसे भारित संयोजन को मानदण्ड चर में इष्टतम पूर्वानुमान की स्थापित करता है। इसका अर्थ है कि यदि स्वतन्त्र चरों को स्तर दिया हुआ होता है तब बहुचर प्रतीपगमन विश्लेषण प्रारूप के माध्यम से, आश्रित

घटनाओं के स्तर के पूर्वानुमानित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिये हुए वर्षा की मात्रा एवं आधार पर , बहुचर प्रतिगमन की सहायता के साथ उर्वरक फसल की उपज का अनुमान लगाया जा सकता हैं यह इसी तरह विज्ञापन एवं व्यक्तिगत विक्रयण के आधार पर विकी की मात्रा का अनुमान लगाया जा सकता है। इस सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सामान्य प्रतीपगमन में, आश्रित चर का अनुमान हमेशा रैखीय होता है लेकिन जब दो स्वतन्त्र चर होते हैं तब अनुमान सपाट होते हैं यदि स्वतन्त्र चर तीन या अधिक होते हैं तब वे अति सपाट होते हैं।

बहुचर प्रतीपगमन प्रायः पूर्वानुमान उपकरणों के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इन्हें विभिन्न उद्देश्यों जैसे अनेक दूसरे चरों के संयुक्त ज्ञान में से एक चर का मान या दूसरे चरों के समूह के साथ एक चर सम्बन्ध के आंकलन या दूसरे चरों के सह समूह के प्रयोग से एक चर के प्रसरण का सांख्यिकीय वर्णन के लिए या एक चर को कैसे कितना अच्छा पूर्वानुमानित किया जा सकता है इसके निर्धारण के लिए होता है यदि एक या अधिक प्राग्सूचक इत्यादि का मिश्रण में सम्मिलित करते हैं।

सामान्य प्रतीपगमन विशलेषण के समान, बहुचर प्रतीपगमन भी प्रतीपगमन समीकरणों की अवधारणाओं पर आधारित होता है। बहुचर प्रतीपगमन समीकरण विभिन्न चरों का औसत सम्बन्ध व्यक्त करता है और इस औसत सम्बन्ध के आधार पर आश्रित चर के लिए सबसे उपयुक्त अनुमान बनाया जाता है। यह समीकरण एक ही समय में आश्रित चर में बहुत स्वतन्त्र चरों के संयुक्त प्रभाव को व्यक्त करता है। बहु प्रतीपगमन प्रारूप का सामान्य रूप निम्नवत होता हैः–

$$Y = a + b_1X_1 + b_2X_2 + b_3X_3 + \ldots\ldots\ldots\ldots + b_kX_k + \varepsilon$$

जहॉं। Y = आश्रित चर का परिकल्पित मान

$X_1, X_2, \ldots\ldots X_k$ = ज्ञात स्वतन्त्र चर

$b_1, b_2, \ldots\ldots\ldots b_k$ = प्रतीपगमन गुणांक

a =अपरिवर्तनशील

ε = त्रुटि या अवशेष

इस सम्बन्ध मे विचारणीय तथ्य यह है कि जब विचलनों को वास्तविक माध्य से लिया जाता है तब प्रतीपगमन समीकरण छोटे होते हैं क्योंकि इन परिस्थितियो में स्थिर a का मान शून्य होता है। वास्तव में स्थिर a प्रतीपगमन समतल द्वारा बनाया हुआ अवरोधन प्रदर्शित करता है, इस प्रकार, जब प्रतीपगमन रेखा मूल से गुजरती है तब a का मान शून्य होता है। इस स्थिति में, 3 चरों की स्थिति में समीकरण होगा :

$$Y = b_1X_1 + b_2X_2$$

बहुचर प्रतीपगमन में, यह माना जाता हे कि दिये हुए स्वतन्त्र चरों के लिए अाश्रित चर का प्रतिबंधी वितरण सामान्य है और यह माना जाता है कि इन प्रतिबंधी वितरण का मानक विचलन एक समान होता है। बहुचर प्रतीपगमन समीकरण को न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा भी निर्धरित किया जा सकता है। न्यूनतम वर्ग विधि द्वारा प्रतीपगमन समीकरणों के निर्धारण समय में, सामान्य प्रतीपगमन एवं बहुचर प्रतिगमन में केवल एक ही अन्तर होता है। इसलिए, सामान्य प्रतीपगमन में, केवल दो अज्ञात (a,b) मान

होते हैं, इस प्रकार इसे केवल दो समीकरणों द्वारा हल किया जा सकता है लेकिन बहुचर प्रतीपगमन की स्थिति में, अधिक समीकरणों की आवश्यकता होती है क्योंकि इसमें अधिक अज्ञात मान होते हैं । इन अज्ञान मानों के निर्धारण के पश्चात इन्हें मूलभूत समीकरण में प्रतिस्थापित किया जाता है और फलस्वरूप बहुचर प्रतीपगमन समीकरण निर्धारित होती हैं एक आश्रित एवं दो स्वतन्त्र चरों के लिए बहुचर प्रतीपगमन होते हैं :

$$\sum Y = na + b_1 \sum X_1 + b_2 \sum X_2$$

$$\sum X_1Y = a \sum X_1 + b_1 \sum X_1^2 + b_2 \sum X_1X_2$$

$$\sum X_2Y = a \sum X_2 + b_1 \sum X_1X_2 + b_2 \sum X_2^2$$

अभ्यास में, Y और विभिन्न X चरों को मानक अंकों में परिवर्तित किया जाता है, z_y, $z_1, z_2, \ldots\ldots z_k$ के प्रत्येक z में माध्य 0 और मानक विचलन है 1 ।

बहुचर प्रतिगमन का मुख्य दोष बहु समरेखीयता का है। यहॉ तक की एक चर के विलुप्त होने की स्थिति में भी इसके प्रभाव को तब भी सम्मिलित किया जाता है यदि अपवर्जित चर सम्मिलित चरों में एक के साथ सहसम्ब्न्ध रखता है। इस प्रकार सम्मिलित चर का अनुमानित गुणांक सम्मिलित एवं अपवर्जित चर दोनों को दर्शाता है। बहुसमरेखीयता की यह स्थिति बहुचर प्रतिगमन के लिए विशालतम चुनौती होती है।

18.5.2 बहु विभेदक विशलेषण :– बहु विभेदक विश्लेषण आश्रित विधियों की श्रेणी में एक ऐसी विधि है जो उस स्थिति में प्रयुक्त होती है जब आश्रित या मानदण्ड चर को संज्ञात्मक स्तर में मापा जाता है और स्वतन्त्र या प्रायः सूचक चर को अन्तराल या अनुपात पैमाने में मापा जाता है। यह विशेषरूप से उस स्थिति में उपयोगी होता है जब वस्तुऐं या व्यक्तियों को दो या अधिक पारस्परिक अनंय और सुविस्तृत वर्गों के आधार पर स्वतन्त्र चरों के एक समूह का एक वर्गीकरण किया जा सकता है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य एक वस्तु की संभाव्यता का अनेक स्वतन्त्र चरों पर आधारित एक विशेष वर्ग से सम्बन्ध होने का पूर्वानुमान करना होता है।

इसका प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों जैसे वस्तुओं का वर्गीकरण विभिन्न वर्गों में या वर्गो के मध्य कोई अर्थपूर्ण अन्तर का मूल्यांकन या इस तरह का विभेदक फलन विकसित करना जो विभिन्न वर्गों के मध्य विभेद करता हो या वर्गीकरण की सटीकता का मूल्यांकन इत्यादि।

बहु विभेदक विशलेषण वास्तविक जीवन स्थितियों में बहुत उपयोगी होता है। जिसमें एक गैर मापीय आश्रित चर एवं अनेक मापीय स्वतन्त्र चर सम्मिलित होते हैं। उदाहरण के लिए मान लें हमें दो विभिन्न ब्रान्डों के लिए ,यथा A और B में व्यक्ति की आमदनी, उम्र एंव शिक्षा का ब्रान्ड की पसंद से सम्बन्ध निर्धारित करना है। इस स्थिति में, प्रतिगमन विश्लेषण प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि आश्रित चर (ब्रान्ड पसंद) को अतंराल या अनुपात पैमाने में नहीं मापा जा सकता है। यहॉ, विभेदक विशलेषण उपयुक्त होगा।

यदि आश्रित चर को केवल दो वर्गों में वर्गीकृत किया जा सके तब पद ''द्विवर्गीय विभेदक विश्लेषण'' या केवल ''विभेदक विश्लेषण'' प्रयोग होता है। जबकि जब दो या

अधिक आश्रित चरों के वर्गो। का गठन किया जा सकता है, तब पद 'बहुविभेदक विश्लेषण'' का प्रयोग होता है।

अवधारणाऐं :– विभेदक विशेषण के अनुप्रयोग के लए कुछ अवधारणाऐं होती हैं जिन्हें पूर्ण किया जाना चाहिए जो निम्नवत हैः–

- पारस्परिक अनंय वर्ग होने चाहिए। इस प्रकार, प्रत्येक पद या वस्तु का सम्बन्ध केवल एक वर्ग से होना चाहिए और इसके वर्गीकरण के बारे में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।
- सभी स्थितियॉ स्वतन्त्र होनी चाहिए।
- आश्रित चर के वर्गो के आकार में बहुत अंतर नहीं होना चाहिए।
- स्वतन्त्र चरों की माप अंतराल पैमाने में होनी चाहिए।
- बहुसमरेखीयता नहीं होनी चाहिए।

विभेदक फलन समीकरण :– विभेदक फलन को निम्नलिखित रैखीक समीकरण प्रदर्शित किया जाता है :–

$$D_i = b_0 + b_1X_1 + b_2X_2 + \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots + b_kX_k$$

जहॉ

D_i = विभेदक फलन I में अंक

$b_1, b_2, \ldots\ldots b_k$ = विभेदक गुणांक

b_0 = स्थिर

$X_1, X_2, \ldots\ldots X_k$ = स्वतन्त्र चर

B का संख्यात्मक मान एवं चिन्ह स्वतन्त्र चरों की अहमियत विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों के मध्य उनकी योग्यता को प्रदर्शित करती है। इस प्रकार, इस तकनीक के माध्यम से यह भी निर्धारित किया जा सकता है कि कौन सा स्वतन्त्र चर पूर्वानुमान में सबसें अधिक उपयोग होता है कि प्रतिक्रियादाता को पहले वर्ग या दूसरे में सम्मिलित करें।

चरण :– विभेदक विशलेषण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं :

- सबसे पहले, आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों को निर्धारित करते हैं।
- अगले चरण में, उपरोक्त वर्णित रैखीय समीकरण के सहायता के साथ, विभेदक फलन गुणांको को निर्धारित किया जाता है। जब स्वतन्त्र चरों (n) की संख्या 2 के बराबर हो, हमारे पास सीधी रेखा वर्गीकरण सीमा होती है। एक तरफ की रेखा में प्रत्येक व्यक्ति को वर्ग I के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और दूसरी तरफ में प्रत्येक को वर्ग II से सम्बन्धित रूप में वर्गीकृत किया जाता है। जब n 3 के बराबर होता है, वर्गीकरण सीमा 3 स्थान में द्विआयामी समतल होता है। सामान्य वर्गीकरण में (n-1) आयामी n स्थान में अति समतल होते हैं। n वर्ग विभेदक विश्लेषण में, प्रत्येक वर्ग के युग्म के लिए विभेदक फलन निर्मित किया जाता है। यदि 6 वर्गो को गठन करना

होता है, हमारे पास 6 (6-1) =15 समूहों का युग्म होगा और इस प्रकार हमारे पास 15 विभेदक फलन होंगें।

- विभेदक फलनों के अंकवाई पश्चात उनके महत्व का निर्णय निम्नलिखित प्रकिया के माध्यम से होता है।
- यदि विभेदक प्रारूप सम्पूर्णतया महत्वपूर्ण है के परीक्षण के लिए F परीक्षण प्रयुक्त होता है।
- यदि F परीक्षण महत्व को दर्शाता है, तब एकल स्वतन्त्र चरों को अवलोकित करने के लिए निर्धारित किया जाता है जो चर माध्य में समूह द्वारा महत्वपूर्ण अन्तर रखते हैं और इनका प्रयोग आश्रित चरों के वर्गीकरण में किया जाता है।
- अन्तिम चरण में, परिणामों की व्याख्या की जाती है। जब विभेदक गुणांक धनात्मक होता है, स्वतन्त्र चरों के मान ऊंचे होने पर, ज्यादा संभावना होती है कि एकल इस वर्ग से सम्बन्ध रखता है। इस तकनीक का दो वर्गो के मध्य सांख्यिकीय महत्व के निर्णय में भी प्रयोग किया जा सकता है। इसके लिए महालनोबिस आंकडा D^2की गणना की जाती है। जोकि दो वर्गो के मध्य सामान्यकृतः दूरी होती है, जहॉं प्रत्येक वर्ग n चरों के समान समूह द्वारा विश्लेषित किये जाते हैं और जहॅा यह कल्पना की जाती है कि प्रसरण सह प्रसरण संरचना दोनों वर्गों के लिए एक समान होती है। इसका सत्र निम्नवत है :

$$D^2 = (U_1 - U_2)\, v^{-1} (U_1 - U_2)'$$

जहॉ।

U_1 = वर्ग I के लिए माध्य सदिश

U_2 = वर्ग II के लिए माध्य सदिश

v = सामान्य प्रसरण सारणी

इस D^2 आंकडे को F आंकडे में परिवर्तित किया जा सकता है जिसे यदि दो वर्ग सांख्यिकीय रूप में एक दूसरे से भिन्न होते हैं के अवलोकन में प्रयोग किया जा सकता है। डी0 जी0 मौरीशन के अनुसार, ''रैखीय विभेद दो वर्गों के महत्तम सीमा तक पृथक करता है।'' विभेदक विश्लेषण की उपयोगिता के बारे में कोई संदेश नहीं होता है। यह भविष्यसूचक समीकरण प्रदान करता है। प्रत्येक चर की सापेक्ष महत्व को मापता है और यह समीकरण की योग्यता का भी माप है जो आश्रित चरों से सम्बन्धित वास्तविक कक्ष वर्गो का पूर्वानुमान करता है।

18.5.3 प्रसरण के बहुभिन्न रूपी का विश्लेषण (MANOVA) :—

बहुभिन्नरूपी या प्रसरण का बहुविश्लेषण (MANOVA) का प्रयोग बहु आश्रित अन्तराल चरों के सुस्पष्ट चरों के मुख्य एवं अन्योन्यकिया प्रभाव को अवलोकित करना होता है। MANOVA एक या अधिक सुस्पष्ट स्वतन्त्रों जैसे प्राक्सूचक, ANOVA की तरह प्रयुक्त होता है, लेकिन ANOVA से भिन्न इसमें एक से अधिक आश्रित चर होते

हैं। जहॉ ANOVA परीक्षणों मे स्वतन्त्रों के विभिन्न वर्गों के लिए आश्रित अंतराल के माध्यों में अन्तर होता है, MANOVA परीक्षणों में बहुअंतराल आश्रितों के माध्यों के सदिश में अन्तर होता हैं दूसरे शब्दों में, ऐसा कहा जा सकता है कि प्रसरण का बहुविचरण विश्लेषण प्रसरण का द्विविचरण विश्लेषण का विस्तार होता है जिसमें वर्गों के मध्य प्रसरण और वर्गों के अन्दर प्रसरण के अनुपात को एकल चर के बदले में चरों के समूह की गणना द्वारा करते है। इस प्रकार, यदि परीक्षण में केवल एक दाशमिक आश्रित चर एवं विभिन्न गैर दाशमिक आश्रित चर होते हैं तब ANOVA उपयुक्त होगा लेकिन यदि विभिन्न दाशमिक आश्रित चर बहुत से गैर दाशिमिक अर्थकारी चरों के साथ सम्मिलित होते हैं तब MANOVA सबसे उपयुक्त विकल्प होगा।

यह उदाहरण MANOVA के अनुप्रयोग के लिए उपयुक्त स्थितियों की प्रकृति को समझने मे आपकी सहायता करेंगा। एक अध्ययन संचालित किया जाता है और हम दो विभिन्न पाठ्यपुस्तकें में शोध करते है, और हम गणित एवं भौतिक विज्ञान मे विद्यार्थियों के सुधार में रूचि ले रहे हैं। उस स्थिति में, हमारे पास दो आश्रित चर होते हैं और हमारी परिकल्पना होती है कि दोनों एक साथ पाठ्यपुस्तकों में अन्तर द्वारा प्रभावित है। अब हम इस परिकल्पना के परीक्षण को MANOVA से कर सकते हैं । एकल विचरण F मान के बदले, हम बहुविचरण F मान (विल्कस लेम्डा) प्राप्त करेंगें जो कि त्रुटि प्रसरण/ सह प्रसरण सारणी और प्रभाव प्रसरण/ सह प्रसरण सारणी की तुलना पर आधारित होता है। सह प्रसरण को सम्मिलित किया जाता है क्योंकि दो मापें सम्भवतः सह सम्बन्धित होती है और हमें इस सहसम्बन्ध के संज्ञान में लेना चाहिए जब महत्व परीक्षण प्रदर्शित कर रहे होते हैं । प्रत्यक्ष रूप से यदि हम समान मापों को दोबारा ले रहे थे, तब हमें वास्तविकता मे कोई भी नई सीख की आवश्यकता नहीं होगी। यदि हम सहसम्बन्घित माप को लेते हैं, हम कुछ नई सूचना प्राप्त करते हैं, लेकिन नया चर भी अनावश्यक सूचना घेरता है जिसे सहप्रसरण में चरों के मध्य व्यक्त किया जाता है। यदि समस्त बहुविसरण परीक्षण अर्थपूर्ण है, हम निष्कर्ष निकालते है कि सम्बंधित पाठ्यपुस्तकों का प्रभाव अर्थपूर्ण है। अब प्रश्न उठता है कि क्या केवल गणित का हुनर सुधरा है, केवल भौतिक विज्ञान का हुनर सुधरा है या दोनों का, वास्तव में, एक विशेष मुख्य प्रभाव या अन्योन्यक्रिया के लिए एक अर्थपूर्ण बहुविसरण प्राप्त करने के पश्चात, प्रचलित रीति से कोई प्रत्येक चर के लिए सम्बन्धित प्रभाव की व्याख्या का निरीक्षण एकल विसरण F परीक्षणों से करेगा। दूसरे शब्दों मे कोई विशिष्ट आश्रित चरों को पहचानेगा जो अर्थपूर्ण समस्त प्रभाव के लिए योगदान देते हैं।

उद्देश्य :– MANOVA का प्रयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता हैः

- अन्तराल आश्रित चरों के समूह में सुस्पष्ट स्वतन्त्र चरों का वर्ग विभेद द्वारा तुलनात्मक वर्ग निर्धारण करना।
- स्वतन्त्र चरों को पहचानना जो आश्रित चरों के एक समूह का सबसे अधिक विभेद करते हैं।

- प्रयोगात्मक दक्ष प्रयोगों के लिए वर्ग प्रतिक्रियाओं में सम्बन्धित बहुविसरण अन्तरों का परिकल्पना परीक्षण करना।

MANOVA की भिन्नताऐं :– विभिन्न परिस्थितियों में, MAVOVA की विभिन्न भिन्नताऐं प्रयोग की जा सकती है। MANOVA की तीन आधारभूत भिन्नताऐं निम्नवत हैं :–

- होटलिंग का T :– जब एक द्विभाजित स्वतन्त्र चर और बहु आश्रित चर होते हैं तब MAVOVA का यह विचरण प्रयुक्त होता है जो कि द्विवर्ग T परीक्षण के समान है।
- एकतरफा MANOVA :– जब एक बहुस्तरीय संज्ञानात्मक चर और बहुस्तरीय आश्रित चर होते है। तब MANOVA के इस विचरण का प्रयोग करते हैं जो कि एक तरफा F स्थिति के समान है।
- क्रमगुणित MANOVA :– जब बहु संज्ञानात्मक स्वतन्त्र चर एवं बहु आश्रित चर होते हैं तब MANOVA के इस विचरण का प्रयोग करते हैं जो कि क्रमगुणित ANOVA प्रारूप के समान है। MANOVA के इन सभी भिन्नताओं के मध्य एक सार्वजनिक विशेषता यह होती है कि ये आश्रित चरों के रैखिक संमिश्रण को क्रमबद्ध करते है जो एक विशेष प्रयोगात्मक प्रारूप में वर्गों के मध्य सबसे अच्छा विभेद करती हैं ।

18.5.4 **प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण :–** यह एक तकनीक है जो विभिन्न गैर–मापीय आश्रित चरों की स्थिति में प्रयोग होता हैं वास्तव में, दोनों मापीय एवं गैर–मापीय आंकडों का प्रयोग इस बहुविसरण तकनीक में किया जाता है। प्रामाणिक सहसम्बन्ध विश्लेषण का प्रतिपादन हौटलिंग द्वारा किया गया था। इस तकनीक मे मानदण्ड चरों के एक समूह का एक समय में पूर्वानुमान उनके संयुक्त सह विचरण के साथ एक अर्थकारी चरों के समूह में से एक प्रयत्न किया जाता है। इस प्रकार, इसे बहुप्रतिगमन विशलेषण का एक विस्तार के रूप मे सुविचारित किया जा सकता है। प्रामाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण में, आश्रित एवं स्वतन्त्र चरों के लिए भारों के एक समूह को इस तरीके से प्राप्त किया जाता है कि मानदण्ड चरों के रैखिक संयोजन के साथ अर्थकारी चरों का रैखिक मिश्रण मे अधिकतम सह सम्बन्ध हो। यह विभेदक अंकों एवं समूहों के मध्य सम्बन्ध के सीमा की माप करता है। इसका मुख्य उद्देश्य चरों के दो समूहों में कारकों की पृथक रूप से खोज करना होता है जिससे कि कारकों के समूहों के मध्य अधिकतम संभावित बहु सहसम्बन्ध होगा। उदाहरण के लिए, यदि हम मानदण्ड चरों (y_1, y_2) के अनुसार प्रायःसूचक चरों (x_1, x_2) के एक समूह के सम्बन्ध को विश्लेषण करना चाहते हैं तब इसे निम्न प्रकार से दर्शाया जा सकता है :–

	x_1 x_2	y_1 y_2
x_1 x_2	R_{xx}	R_{xy}

y_1 y_2	R_{yx}	R_{yy}

यहॉ Rxx प्राग्सूचक या स्वतन्त्र चरों के मध्य अन्तर सह सम्बन्ध दर्शाता है, Ryy मानदण्ड या आश्रित चरों के मध्य अन्तर सह सम्बन्ध दर्शाता है और Rxy प्रायसूचक एवं मानदण्ड चर के मध्य परस्पर सह सम्बन्ध दर्शाता हैं ।

गणित के अनुसार, प्रायाणिक सह सम्बन्ध विश्लेषण में दो समूहों के भारों यथा–– a_1, a_2, a_3,…….a_k और b_1, b_2, b_3, ……..b_j को इस तरीके से निर्धारित किया जाता है. कि चरों $X = a_1X_1 + a_2X_2 +……+a_kX_k + a$ और $Y = b_1Y_1 + b_2Y_2 + ….+b_jY_j + b$ के पास अधिकतम सार्वजनिक प्रसरण हो। भारों को ज्ञात करने की प्रक्रिया के लिए आवष्यक कारक विश्लेषण दो आव्यूहों के साथ हो ।

$M = R_{yy}^{-1} R_{yx} . R_{xx}^{-1} R_{xy}$

यहॉ M विषम प्रामाणिक आव्यूह है।

20.5.5 सामूहिक विश्लेषण :– सामूहिक विश्लेषण एक अपघटन विधि होती है जिसका प्रयोग गुणों के संयुक्त उद्देश्यों के मूल्यांकन के प्रदर्शन में किया जाता है। यह पारंपरिक प्रयोग से सम्बन्ध रखता है जिसमें स्वतन्त्र चरों के स्तरों का प्रभाव आश्रित चर पर निर्धारित होता है। इस बहुविचरण तकनीक में, वस्तु या उत्पाद का समस्त मूल्यांकन प्रतिकियादाताओं द्वारा बनाया जाता है और उस उत्पाद को निश्चित गुणों के विभिन्न स्तरों के संमिश्रण के रूप में एक उत्पाद को मूल्यांकित किया जाता है, सम्पूर्ण मूल्यांकन के लिए प्रत्येक गुण के योगदान को सुनिश्चित किया जा सकता हैं। यह तकनीक एक बहुत उपयोगी तकनीक है जिसे प्रायः व्यवसाय एवं बाजार अनुसंधान के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है, जैसे क्रय निर्णय या अंगीकरण निर्णय या उत्पादों या सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं की पसंदों को समझना इत्यादि। यह नये उत्पाद विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण होता है।

सामूहिक विश्लेषण व्यवहारिक अध्ययनों एवं विपणन अध्ययनों में सबसे उपयोगी होता है जहॉ प्राग्सूचक चरों को प्रायः गुण कहा जाता है और आश्रित चर को प्रायः एक उत्पाद का सम्पूर्ण मूल्यांकन कहते हैं। सामूहिक विश्लेषण के पीछे धारणा यह होती है कि वस्तुऐं मान या एक उत्पाद या सेवा या सुझाव का मूल्यांकन करती है कि यदि प्रत्येक गुण द्वारा उपयोगिता के सयुक्त पृथक मात्राओं द्वारा यह वास्तविक या परिकल्पित है । इसे अपघटन तकनीक के रूप में सुविचारित किया जाता है क्योंकि एक वस्तु के समस्त मूल्यांकन विघटित होकर प्रत्येक प्रारसूचक चर एवं एक प्रारसूचक चर के प्रत्येक स्तर के लिए उपयोगिताऐं देता हैं ।

उद्देश्य :– निम्नलिखित दो उद्देश्यों के लिए सामूहिक विश्लेषण किया जाता है :

- विभिन्न प्राग्सूचक चरों का योगदान और उनका आश्रित चर से सम्बन्धित मानों या स्तरों का निर्धारण।
- प्राग्सूचक चरों में से लिये गए मानों का नए संयोजनों के लिए एक प्राग्सूचक प्रारूप स्थापित करना।

सामूहिक विश्लेषण का मुख्य लाभ यह होता है कि मापीय या गैर मापीय आश्रित चरों को अनुकूल योग्य बनाना होता है और इसका प्रयोग गैर मापीय चरों को प्राग्सूचक रूप में योग्य बनाना भी होता है।

सामूहिक विश्लेषण के लिए निर्णय प्रकिया :— एक सामूहिक विश्लेषण के लिए, एक उत्पाद कक्षा को वस्तुओं के एक समूह के साथ सुविचारित किया जाता है जो उस कक्षा में उत्पादों का मूल्यांकन करेगा। गुणों का एक समूह या प्राग्सूचक चरों को चयनित किया जाता है जो उत्पाद कक्षा का वर्णन करता है। प्रत्येक गुण के संभावित स्तरों को चयनित किया जाता है। एक उत्पाद उत्पाद कक्षा मे तब गुण स्तरों का एक सामान्य संयोजन होता है, अर्थात एक स्तर प्रति गुण। एक विशिष्ट सामूहिक विश्लेषण में निम्नलिखित स्तर सम्मिलित होते हैं :

- प्रयोगशाला में प्रयोग
- औपचारिक तरीके
- संख्यात्मक तरीकों जैसे गणितीय मॉडलिंग

शोधकर्ताओं को सक्षम करने के लिए ताकि वो सामाजिक और सांस्कृतिक घटना का अध्ययन कर सकें । सामाजिक विज्ञान में गुणात्मक अनुसंधान के तरीके विकसित किए गए और इसके कुछ उदाहरण:

- क्रिया अनुसंधान
- मामले का अध्ययन अनुसंधान तथा नृवंशविज्ञान

गुणात्मक डेटा स्रोतों में शामिल हैं, अवलोकन और भागीदार अवलोकन, साक्षात्कार और प्रश्नावली, दस्तावेज़ और ग्रंथ, और शोधकर्ता के छापों और प्रतिक्रिया (Myers, 1997) । इस शोध को समझने के लिए की हम तलाश करेंगे "लोगों को और वे सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों जिनके भीतर ये रहते हैं " (Myers, 1997). हसी और हसी के विचारों के अनुसार (1997) गुणात्मक अनुसंधान "एक व्यक्तिपरक दृष्टिकोण है जो कि सामाजिक और मानव गतिविधियों की समझ को हासिल करने के लिए परीक्षण को दर्शाती है"

आगमनात्मक दृष्टिकोण बनाम निगमनात्मक दृष्टिकोण

Hussey vkSj Hussey (1997) द्वारा निगमन अनुसंधान को परिभाषित किया गया है "एक अध्ययन है, जिसमें एक वैचारिक और सैद्धांतिक संरचना विकसित की जाती है तथा उसके बाद प्रयोगसिद्ध अवलोकन द्वारा परीक्षण किया जाता है"। निगमन अनुसंधान एक ऐसा अध्ययन जिसमे प्रयोगसिद्ध अवलोकन द्वारा सिद्धांत का परीक्षण किया जाता है। निगमन विधि को सामान्य से विशिष्ट के रूप में संदर्भित किया जाता है।



आगमनात्मक दृष्टिकोण

आगमनात्मक अनुसंधान एक ऐसा अध्ययन है जिसमें सिद्धांत 'प्रयोगसिद्ध वास्तविकता; के अवलोकन से विकसित होती है; अतः सामान्य अनुमान विशेष आवृत्तियों से प्रेरित होते है जो की निगमन विधि के विपरीत है । चूँकि यह व्यक्तिगत अवलोकन से सामान्य पैटर्न या कानून के तरफ चलती है (Hussey and Hussey, 1997).

अनुसंधान में दोनों दृष्टिकोण इस्तेमाल किया जा सकता और यह समयावधियों और निष्कर्ष आकर्षित करने के लिए तर्क को परिभाषित करता है।" एक ही केस स्टडी में दोनों ही आगनात्मक और निगमनात्मक दृष्टिकोण का उपयोग करने की संभावना का भी विचार विमर्श Perry (2001) द्वारा किया गया है । वह शुद्ध प्रेरण से एक सातत्य का वर्णन करता है (सिद्धांत–निर्माण) से शुद्ध (सिद्धांत–परीक्षण)। वह दोनों के बीच एक संतुलन की वकालत करता है, जिस स्थिति को वो "सिद्धांत की पुष्टि/अपुष्टि" दृष्टिकोण कहते है ।

निगमनात्मक दृष्टिकोण

व्यक्तिपरक दृष्टिकोण बनाम उद्देश्य दृष्टिकोण

एक अन्य महत्वपूर्ण विकल्प अनुसंधान के प्रतिमान में मौजूद है जो करने के लिए शोधकर्ता द्वारा व्यक्तिपरक होने की सीमा तक अपनाया जा सकता है यानी इसमें शामिल या शोध परिणाम या उद्देश्य पर एक प्रभाव है । अर्थात् डेटा संग्रह और अनुसंधान के निष्पादन में स्वतंत्र रूप से दूर है ।

Easter by&Smith et al- (1991) ने चर्चा की "यह एक पारंपरिक धारणा है कि विज्ञान में, शोधकर्ता को पूर्ण आजादी बनाए रखने चाहिए अगर वहाँ किसी भी प्रकार कि वैधता परिणामों में चाहिए" । घटना क्रिया अनुसंधान प्रतिमान प्रकृति द्वारा, व्यक्तिपरक है। इस प्रतिमान के उपयोग में दोनों की, वास्तविक दुनिया की परिस्थितियां और साथ ही शोधकर्ता की खुद की भागीदारी की आवश्यकता होती है। अब यह स्वीकार कर लिया गया है कि ऐसी एक व्यक्तिपरक दृष्टिकोण, जब शोध में प्रयोग की जाती है तो इसमें पहचान या अनुसंधान के निष्कर्षों की आवश्यकता होती है ।

19.12 अनुसंधान के प्रकार

अनुसंधान को वर्गीकृत करने के कई तरीके हैं। यद्यपि, अनुसंधान के विभिन्न प्रकार की विशेषताओं का अध्ययन करने से हमें जांच तथा पहचान एवं समानता और मतभेद करने में सहायता मिलती है। शोध को निम्नलिखित के अनुसार वर्गीकृत किया जा सकता है :

अनुसंधान का उद्देश्य –जिस कारण से इसे आयोजित किया गया है ।

अनुसंधान की प्रक्रिया – प्रक्रिया जिसके तहत डेटा को एकत्रित तथा उसका विश्लेषण किया गया ।

अनुसंधान के तर्क – क्या अनुसंधान का तर्क सामान्य से विशिष्ट के लिए या इसके विपरीत चलता है।

शोध के परिणाम – अपेक्षित परिणाम क्या किसी विशेष समस्या का समाधान है या ज्ञान के लिए एक सामान्य योगदान है। उदाहरण के लिए, अनुसंधान परियोजना का

उद्देश्य किसी विशेष व्यावसायिक गतिविधि (उद्देश्य) का वर्णन करने के लिए हो सकता है।

नीचे दी गई सारणी से उपरोक्त मानदंडों के अनुसार अनुसंधान का मुख्य प्रकार के वर्गीकरण का पता चलता है।

शोध के प्रकार (Type of Research)	वर्गीकरण का आधार (Basis of Classification)
अन्वेषणात्मक, वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक या भविष्य कहने वाला अनुसंधान (Exploratory, Descriptive, Analytical or Predictive Research)	अनुसंधान का उद्देश्य (Purpose of the research)
मात्रात्मक या गुणात्मक अनुसंधान (Quantitative or Qualitative Research)	अनुसंधान की प्रक्रिया (Process of the research)
लागू किए गए या बुनियादी अनुसंधान (Applied or Basic Research)	शोध के परिणाम (Outcome of the research)
निगमन या आगमनात्मक अनुसंधान (Deductive or Inductive Research)	अनुसंधान के तर्क (Logic of the research)

शोध के प्रकार (Type of Research)	वर्गीकरण का आधार (Basis of Classification)
अन्वेषणात्मक (Exploratory)	क विशेष कार्यालय में, विभाग, कंपनी, कंपनियों के समूह, उद्योग, क्षेत्र और अन्य जगहों पर लिपिक कर्मचारियों के बीच
वर्णनात्मक (Descriptive)	किस प्रकार से चयनित लिपिक स्टाफ पुरस्कृत हो रहे हैं तथा किस तरह का उपाय उनकी उत्पादकता स्तर को रिकॉर्ड करने के लिए उपयोग में लाया जाता है का वर्णन ।
विश्लेषणात्मक (Analytical)	लिपिक स्टाफ को दिए गए गए पुरस्कार और उनकी उत्पादकता स्तर के बीच कोई के संबंध का विश्लेषण।
भविष्य कहनेवाला अनुसंधान (Predictive)	एक भविष्यवाणी जो यह बताये कि किन चर (ओ) variable(s) को लिपिक कर्मचारियों की उत्पादकता स्तर में परिवर्तन लाने के लिए बदल दिया जाना चाहिए।

इन विश्लेषणों को करने के बाद, अब हम अनुसंधान के विभिन्न प्रकार की विशेषताओं पर चर्चा कर सकते हैं:

वर्णनात्मक बनाम विश्लेषणात्मक

वर्णनात्मक अनुसंधान में सर्वेक्षण और विभिन्न प्रकार के तथ्य को जानने वाले पूछताछ शामिल होते है। वर्णनात्मक अनुसंधान का प्रमुख उद्देश्य वर्तमान में मौजूद मामलों की स्थिति का वर्णन करना है। सामाजिक विज्ञान और व्यापार शोध में हम अक्सर वास्तविक अनुसंधान शब्द का प्रयोग वर्णनात्मक अनुसंधान अध्ययन के लिए करते है । इस विधि की मुख्य विशेषता यह है कि शोधकर्ता का चरों पर कोई नियंत्रण नहीं होता है अपितु शोधकर्ता केवल यह रिपोर्ट कर सकता हैं कि क्या हुआ है या क्या हो रहा है । ज्यादातर वास्तविक अनुसंधान परियोजनाओं का प्रयोग वर्णनात्मक अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा , खरीदारी, लोगों की वरीयता, या समान डेटा के लिए उपयोग किया जाता है। पूर्व वास्तविक अध्ययन शोधकर्ताओं द्वारा कारणों का

पता लगाने के लिए प्रयास भी शामिल हैं जबकि वे भी चर को नियंत्रित नहीं कर सकते । वर्णनात्मक अनुसंधान उपयोग के तरीकों में तुलनात्मक और सहसंबंध विधियों सहित सभी प्रकार के सर्वेक्षण के तरीके शामिल हैं ।दूसरे तरफ विश्लेषणात्मक अनुसंधान में, शोधकर्ता द्वारा तथ्य या पहले से उपलब्ध जानकारी का उपयोग महत्वपूर्ण मूल्यांकन करने के लिए इन का विश्लेषण किया जाता है।

अनुप्रयुक्त बनाम मौलिक

अनुसंधान या तो अनुप्रयुक्त अनुसंधान (या कार्य) हो सकते हैं या मौलिक अनुसंधान (मूल या शुद्ध) । अनुप्रयुक्त अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य एक समाज या एक औद्योगिक/ व्यापार संगठन के समस्या के लिए एक त्वरित समाधान खोजने में है, जबकि मौलिक अनुसंधान का उद्देश्य मुख्य रूप से सिद्धांत के निर्माण का है। कुछ प्राकृतिक घटना के विषय में या शुद्ध गणित से संबंधित अनुसंधान, मौलिक अनुसंधान के उदाहरण हैं। इसी तरह, वो अनुसंधान, जो मानव व्यवहार के अध्ययन के विषय में सचेत बनाने की दृष्टि से किया जाता है, मौलिक अनुसंधान का उदाहरण हैं । लेकिन एक ठोस सामाजिक या व्यावसायिक समस्या का सामना करने के उद्देश्य से निकला निष्कर्ष, अनुप्रयुक्त अनुसंधान का एक उदाहरण है।

अतः, अनुप्रयुक्त अनुसंधान का मुख्य उद्देश्य कुछ अहम व्यावहारिक समस्या के लिए एक समाधान खोजना है, जबकि बुनियादी अनुसंधान जानकारी खोजने की ओर निर्देशित किया गया है जिसका एक व्यापक आधार हो । इस प्रकार यह, पहले से ही मौजूदा संगठित वैज्ञानिक ज्ञान में वृद्धि करता है ।

मात्रात्मक बनाम गुणात्मक

मात्रात्मक अनुसंधान मात्रा या मात्रा के मापन पर आधारित है । यह उस घटना में लागू होता है जिसे हम मात्रा के संदर्भ में व्यक्त कर सकते है।, दूसरे तरफ गुणात्मक अनुसंधान, गुणात्मक घटना के साथ संबंध रखता है ।यानी वो घटना जो गुणवत्ता से संबंधि है । उदाहरण के लिए, जब हम मानव व्यवहार के कारणों की जांच में रुचि रखते हैं (यानी, क्यों लोग किसी एक धारणा में सोचते या कार्य करते हैं), हम अक्सर 'प्रेरणा के' अनुसंधान , को गुणात्मक अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण प्रकार मानते है । इस प्रकार के अनुसंधान का उद्देश्य गहराई से साक्षात्कार को इस प्रयोजन के लिए का उपयोग करते हुए अंतर्निहित मंशा और इच्छाओं की खोज करना है । रवैया या राय अनुसंधान यानी, एक विशेष संस्था या विषय के बारे में लोगों को कैसा और क्या लगता है, का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया शोध भी गुणात्मक अनुसंधान ही है। गुणात्मक अनुसंधान व्यावहारिक विज्ञान में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां मानव व्यवहार की अंतर्निहित मंशा की खोज करना ही उद्देश्य है। ऐसे शोध के माध्यम से हम विभिन्न प्रकार के कारको का विश्लेषण कर सकते हैं जो लोगों को एक विशेष तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित या जो लोगो के पसंदगी या नापसंदगी का कारण बनते है ।

वैचारिक बनाम प्रयोगसिद्ध

वैचारिक अनुसंधान सार विचारो या सिद्धांत से संबंधित होता है। यह आम तौर पर दार्शनिकों और विचारकों द्वारा नई अवधारणाओं का विकास करने के लिए या

वर्तमान अवाधारनाओ को पुनः परिभाषित करने के लिए उपयोग किया जाता है। दूसरी ओर, प्रयोगसिद्ध अनुसंधान प्रायः बिना कारण के या सिद्धांत के अनुभव या अकेले अवलोकन पर निर्भर करता है । यह डेटा–आधारित अनुसंधान है, जो अवलोकन या प्रयोग को सत्यापित करने में सक्षम होने के साथ निष्कर्ष पर पहुचता है । हम इसे प्रयोगात्मक अनुसंधान के रूप में भी पुकार सकते हैं। इस तरह के अनुसंधान में सक्रिय रूप से वांछित सूचना के उत्पादन को प्रोत्साहित करने को कुछ बातों को जानने के लिए प्रथम दृष्टया उनके स्रोत पर तथ्य प्राप्त करना आवश्यक है । ऐसे शोध में शोधकर्ता को पहले खुद एक परिकल्पना या संभावित परिणाम को प्रदान करना पड़ता है । वह फिर अपनी परिकल्पना को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए पर्याप्त तथ्यों (डाटा) को प्राप्त करने के लिए काम करता है। वांछित जानकारी आगे लाने के लिए तथा व्यक्तियों या संबंधित सामग्री में व्यवस्था बना सके इसके लिए प्रयोगात्मक डिजाइन सेट करता है । इस प्रकार, ऐसे अनुसंधान शोधकर्ता के नियंत्रण की विशेषता रखते है जिसमे अध्ययन करने के लिए अपने विचार के तहत वह प्रबंधन करता है । अनुभवजन्य अनुसंधान उपयुक्त होता है जब सबूत यह दिखाते है कि कुछ चर अन्य चरो को किस तरह प्रभावित करते है । प्रयोगसिद्ध या प्रयोग अध्ययन के माध्यम से इकट्ठा सबूत, आज परिकल्पना को साबित करने का संभव का सबसे शक्तिशाली समर्थक माना जाता है ।

इन के अलावा अन्य प्रकार के विशिष्ट शोध भी है जो या तो अनुसंधान का उद्देश्य, या अनुसंधान वातावरण जिसमे शोध किया जाए, या कुछ अन्य समान कारक के आधार पर आधारित होते हैं। समय के दृष्टीकोण से हम या तो एक बार अनुसंधान (one&time research) या अनुदैर्ध्य अनुसंधान (longitudinal research) के बारे में सोच सकते हैं।

पूर्व मामले में अनुसंधान एक ही समय अवधि तक ही सीमित है, जबकि उत्तरार्द्ध मामले में अनुसंधान कई बार किया जाता है। पर्यावरण जिसमे अनुसंधान हो रहा है के आधार पर अनुसंधान कार्यक्षेत्र अनुसंधान या प्रयोगशाला अनुसंधान या अनुकरण शोध हो सकता है । अनुसंधान को नैदानिक अनुसंधान के रूप में भी अच्छी तरह से समझा जा सकता है। ऐसे अनुसंधान मूल कारण संबंधों तक पहुंचने के लिए गहन दृष्टिकोण या मामले का अध्ययन का सहारा लेते है । बहुत छोटे नमूने और बहुत गहरी जांच कर डेटा का उपयोग करते हुए ऐसे अध्ययन आम तौर पर गहरी बातों के कारणों में या हमारे हित की घटनाओं में जाते है । शोध को अन्वेषणात्मक या औपचारिक रूप दिया जा सकता है। अन्वेषणात्मक शोध का उद्देश्य परिकल्पना का विकाश करना होता है अपितु उसके परीक्षण से भी है जबकि औपचारिक अनुसंधान उन पर्याप्त संरचना का अध्ययन करते है, जिनकी परिकल्पना का परीक्षण किया जा सके ।

घटनाओं या अतीत के विचारों का अध्ययन करने के लिए, ऐतिहासिक अनुसंधान दस्तावेज, अवशेष, आदि ऐतिहासिक स्रोतों का इस्तेमाल करता है, जिसमे व्यक्तियों के दर्शन और समूहों का समय शामिल है । शोध को निष्कर्ष उन्मुख और निर्णय उन्मुख (decision&oriented) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है ।

निष्कर्ष उन्मुख अनुसंधान, करते समय एक शोधकर्ता समस्या को लेने के लिए स्वतंत्र होता है, जैसे – जैसे आगे बढ़ता है वह पूछताछ को नया स्वरुप देता है और अपने इच्छा अनुरूप अवधारणा बनता है । निर्णय उन्मुख अनुसंधान हमेशा के लिए एक निर्णय निर्माता की जरूरत होता है और इस मामले में वह अपने झुकाव के अनुसार अनुसंधान करने में वह स्वतंत्र नही है । संचालन अनुसंधान निर्णय उन्मुख अनुसंधान का एक उदाहरण है क्योंकि यह कार्यकारी विभागों को एक मात्रात्मक आधार के साथ अपने नियंत्रण के तहत ऑपरेशन के बारे में निर्णय लेने के लिए एक वैज्ञानिक पद्धति है।

19.13 वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान की भाषा

Schiendler और coopers के मुताबिक, अनुसंधान में तर्क शामिल है और एक शोधकर्ता को सही परिसर को खोजने, तथ्यों के बीच कनेक्शन का परीक्षण करने तथा पर्याप्त सबूत के आधार पर दावे करने के लिए उत्कृष्ट तर्क की आदत को विकसित करना चाहिए।

वैज्ञानिक सोच संदर्भित करता है, ऐसी प्रक्रियाओं को जिनका संज्ञानात्मक में शामिल प्रक्रियाओं सहित सिद्धांत के निर्माण, प्रयोग डिजाइन, परिकल्पना परीक्षण, डेटा व्याख्या, और वैज्ञानिक खोज के क्षेत्र में उपयोग किया जाता है ।

वैज्ञानिक सोच के इन पहलुओं में कई संज्ञानात्मक प्रक्रियाये भी शामिल है जिनकी अपने आप में जांच की गई है, जैसे प्रेरणा, कटौती, सादृश्य, विशेषज्ञता, और समस्या का हल । अनुसंधान में गुणवत्ता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक सोच की आवश्यकता होती है। अगला अनुभाग विशिष्ट शर्तों से संबंधित वैज्ञानिक सोच में अनुसंधान पर चर्चा करता है। जब हम अनुसंधान करते हैं, तो क्या समझना है, क्या व्याख्या करनी है तथा घटना की भविष्यवाणी करने के लिए हम प्रयत्न करते है । घटनाओ को परिभाषित और उनकी व्याख्या जरुर होनी चाहिए। इस संबंध में विभिन्न शब्दों उपयोग किया जाता है।

अवधारणा : अवधारणा अर्थ या कुछ घटनाओं, वस्तुओं, स्थितियों, स्थितियों और व्यवहार के साथ जुड़े विशेषताओं का आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाला संग्रह है । किसी भी एकल अवलोकन से परे सामान घटनाओ को वर्गीकृत करना अवधारणाओं को बनाता है। हम दैनिक सोच, बातचीत, और अन्य गतिविधियों में कई अवधारणाओं का उपयोग करते है ।

अनुसंधान में, विशेष समस्याओं के बाहर भी अवधारणा की परिशुद्धता के लिए हम और खोजपरक अवधारणा का प्रयोग करके परिकल्पना का निर्माण करते है । हम इन काल्पनिक कथनों का परीक्षण करने के लिए जो माप अवधारणाओं का प्रयोग करते है । हम इन माप अवधारणाओं का उपयोग कर डेटा इकट्ठा करते है । शोध की सफलता पर निर्भर करता है:

1. कैसे हम स्पष्ट रूप से अवधारणा बनाते है , तथा
2. कैसे दुसरे अच्छी तरह से हमरे द्वारा बनाये गए अवधारणा को समझते है ।

उदाहरण के लिए, जब हम ग्राहकों के किसी खास ब्रांड के प्रति वफादारी से जुड़े प्रश्न पर सर्वेक्षण करते है तो प्रश्न हमेशा ऐसा होना चाहिए जो कि निष्ठापूर्वक उनके व्यहवार को भाप सके । यदपि व्यवहार काल्पनिक होते है, फिर भी हमें सावधानीपूर्वक चयनित अवधारणाओं का उपयोग करते हुए उनको मापने का प्रयास करना चाहिए। ऐसी अवधारणा जो कि दूसरों को स्पष्ट रूप से समझ आये विकसित करना एक चुनौती है। उदाहरण के लिए हमें , प्रतिभागियों से उनके परिवार की कुल आय का अनुमान पूछना चाहिए । लग सकता है कि यह एक सरल व् स्पष्ट अवधारणा है लेकिन हमें अलग अलग तरह के भ्रामक उत्तर मिलेंगे जब तक की हम उनके अवधारना को सिमित या संकीर्ण ना बनाये ।

- समय अवधि, जैसे साप्ताहिक, मासिक, या वार्षिक
- आय करों के बाद या पहले
- परिवार के प्रमुख या परिवार के सभी सदस्यों के लिए
- वेतन, मजदूरी, लाभांश, ब्याज या पूंजी लाभ के लिए के लिए
- सामान के रूप में आय जैसे निरू शुल्क किराया, कर्मचारी छूट, या खाद्य टिकटों पर

संरचनाएँ

अवधारणाये प्रगतिशील स्तर पर अमूर्त होती हैं व्यक्तित्व की तरह ही एक अमूर्त कल्पना करना अधिक कठिन है। इस तरह अमूर्त अवधारणाओं को अक्सर संरचनाएँ कहा जाता है। एक छवि का निर्माण है संरचनाएँ एक छवि होती है या अमूर्त विचार विशेष रूप से किसी दिए गए अनुसंधान के लिए आविष्कार किये जाते है या सिद्धांत के निर्माण के उद्देश्य से किये जाते है । हम संरचनाओं के निर्माण में सरल के संयोजन से, तथा अधिक ठोस अवधारणाओं खासकर जब विचार या छवि जो हम संप्रेषित करना चाहते है और वो प्रत्यक्ष अवलोकन के अधीन नहीं है। अवधारणाओं और संरचनाएँ आसानी से भ्रमित करते हैं।

परिभाषाएँ

शोधकर्ता या ग्राहक के बिना जाने भी अवधारणाओं के अर्थ के बारे में भ्रम एक शोध अध्ययन के मूल्य को नष्ट कर सकते हैं । अगर हितधारकों के लिए अलग अलग शब्द अर्थ के शामिल है । इसका आशय अलग अलग पक्ष अच्छी तरह से संवाद नहीं कर रहे हैं। परिभाषा इस खतरे को कम करने का एक तरीका हैं। शोधकर्ता दो प्रकार कि परिभाषाओ के साथ संघर्ष करते है : शब्दकोश परिभाषा और परिचालित परिभाषाओं। अधिक परिचित शब्दकोश में, परिभाषा को अवधारणा के एक पर्याय के रूप में परिभाषित किया गया है। परिचालनात्मक परिभाषा एक ऐसी परिभाषा जिसको परीक्षण या माप के लिए विशिष्ट मानदंडों के संदर्भ में लिया जाता है। ये सभी शब्द प्रयोगसिद्ध मानकों के लिए संदर्भित करना चाहिए । (यानी, हम गणना, उपाय, या कुछ अन्य तरह से हमारी इंद्रियों के माध्यम से जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम हो)। चाहे परिभाषित किया जाने वाला वास्तु भौतिक हो (उदाहरण के लिए, एक सूप का कैन) या अत्यधिक सार हो (उदाहरण के लिए, उपलब्धि प्रेरणा) परिभाषा को

विशेषताओं को निर्दिष्ट करना होगा और उनका कैसे अवलोकन किया जाय । विवरण और प्रक्रियाये तो स्पष्ट होनी चाहिए ताकि कोई भी सक्षम व्यक्ति उसका उपयोग करके वस्तु को वर्गीकृत कर सके । परिचालित परिभाषाएँ भिन्न हो सकती हैं आपके द्वारा चुने गए उद्देश्य और जिस तरह से आप उन्हें को मापने के लिए प्रयोग करते है । यहाँ एक ही अवधारणाओं की अलग परिभाषा की आवश्यकता दो अलग स्थितियाँ हैंरू यहाँ दो अलग स्थितियाँ हैं जहाँ एक ही अवधारणाओं की अलग परिभाषाओ की आवश्यकता है ।

चर (Variables)

व्यवहार में, चर शब्द का उपयोग संरचनाओ, या गुणस्वभाव के पर्याय के रूप में लिए किया जाता है जिसका अध्ययन किया जाना है। इस संदर्भ में, एक चर, घटना, कार्य, या विशेषता का प्रतीक है जो मापा जा सकता है और जिसको हम स्पस्ट रूप से मूल्य प्रदान करते है । मोटे तौर पर विभिन्न प्रकार के चरो को स्वतंत्र और आश्रित स्वतंत्र रूप में वर्गीकृत कर सकते है । Schiendler और coopers ने इन विशेषताओं का वर्णन किया।

स्वतंत्र चर (Independent Variable)	आश्रित चर (Dependent Variable)
भविष्यवक्ता (Predictor)	कसौटी (Criterion)
प्रकल्पित कारण (Presumed cause)	प्रकल्पित प्रभाव (Presumed effect)
उत्तेजना (Stimulus)	प्रतिक्रिया (Response)
से भविष्यवाणी (Predicted from...)	करने के लिए भविष्यवाणी तक (Predicted to...)
पूर्वपद या प्रारंभ (Antecedent)	परिणाम (Consequence)
जोड़–तोड़ (Manipulated)	मापा हुआ परिणाम (Measured outcome)

कई पाठ्यपुस्तकों ने स्वतंत्र चर (Independent Variable) शब्द के लिए भविष्यवक्ता (Predictor) शब्द का एक पर्याय के रूप में उपयोग किया है । इन चरो में शोधकर्ता द्वारा हेर – फेर किया जाता है, और यह हेरफेर निर्भर चर (dependent variable) पर एक प्रभाव का कारण बनता है। हम देखते हैं कि अक्सर कई स्वतंत्र चर होते है जो कि शायद कम से कम कुछ हद तक "सहसंबद्ध" होते है और इसलिए आपस में स्वतंत्र नहीं है । इसी प्रकार समानार्थी रूप से निर्भर चर (DV) के साथ इसी तरह के शब्द उपयोग में लाये जाते है । यह चर मापा जाता है, या निगरानी नजर रखी जाती है और स्वतंत्र चर के हेरफेर से प्रभावित होने की उम्मीद होती है ।

प्रस्ताव और परिकल्पना (Proposition and Hypothesis)

हम एक प्रस्ताव को, एक बयान जो की सुस्पस्ट (अवधारणाओं) घटनाओ के रूप में परिभाषित करते है जिसका सत्य या असत्य के रूप में परिक्षण किया जा सकेँ । जब एक प्रस्ताव प्रयोग्निष्ठ परीक्षण के लिए तैयार किया जाता है, हम इसे एक परिकल्पना कहते हैं। दो या दो से अधिक चरों के बीच संबंध के बारे में एक कथात्मक बयान के रूप में, एक परिकल्पना एक अंतरिम और शुद्ध प्रकृति कि होती है। एक बयान के रूप में परिकल्पना का वर्णन भी किया गया है, जिसमें हम मामलों के लिए चर नियुक्त करते है । किसी मामले को इस अर्थ में परिभाषित किया जाता है जिसके बारे में अस्तित्व या परिकल्पना वार्ता करें । चर है कि परिकल्पना कि

विशेषता, या गुण जिसको किसी मामले मे अध्यारोपित किया जाता है को चर कहते है ।

सिद्धांत (Theory)

एक सिद्धांत व्यवस्थित, आपसी–सम्बन्धो, अवधारणाओं, परिभाषाओं, और प्रस्ताव का एक संग्रह है जो कि समझाने और घटनाओ (तथ्य) की भविष्यवाणी करने के लिए सक्षम होते हैं। इस अर्थ में, हमारे पास कई सिद्धांत है जिसे हम लगातार, समझाने या हमारे चारों ओर क्या चल रहा की भविष्यवाणी करने के लिए के लिए उपयोग करते है। जिस हद तक करने के लिए कि हमारे सिद्धांतों मजबूत एवं किसी भी स्थिति के लिए उपयुक्त है, हम हमारे स्पष्टीकरण और भविष्यवाणियों में सफल है । विपणन में, उत्पाद का जीवन चक्र कई चरणों का वर्णन करता है जिससे एक उत्पाद बाज़ार से होकर गुजरता है ।

प्रतिमान या नमूना (Model)

एक अनुसंधान मॉडल संदर्भित करता है अनुसंधान के डिजाइन का परीक्षण करने के लिए तथा चरो के बीच जटिल संबंधों का अनुमान और जिनकी जांच की जा सके । मॉडल शब्द का प्रयोग एक प्रणाली के प्रतिनिधित्व के रूप में किया जाता है यानी इसका निर्माण व्यवस्था के कुछ पहलुओ का या पुरे व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए किया जाता है । मॉडल शब्द का व्यापार अनुसंधान और व्यापार के अन्य क्षेत्रों में भी प्रयोग सादृश्य के माध्यम से घटना का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है । यहाँ पर एक मॉडल को एक प्रणाली के प्रतिनिधित्व के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका निर्माण पूरे प्रणाली या प्रणाली के कुछ पहलू का अध्ययन करने के लिए किया जाता है। मॉडल सिद्धांत से अलग होते है क्योंकि सिद्धांत की भूमिका स्पष्टीकरण है जबकि एक मॉडल की भूमिका प्रतिनिधित्व की है । मॉडल चर के बीच संबंधों को परिभाषित करता है जिनका परिक्षण किया जाना है या अत्यधिक सैद्धांतिक अनुसंधान के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

एक व्यापार अनुसंधान के लिए, निम्न प्रकार के अनुसंधान मॉडल सुझाए गए हैं:

(i) वर्णनात्मक मॉडल (Descriptive model)

(ii) व्याख्यात्मक मॉडल (EÛplicative model)

(iii) अनुकरनात्मक मॉडल (Simulation model)

- स्थिर
- गतिशील

ये वर्गीकरण मॉडल के कार्यों पर आधारित हैं।

- जहां सिद्धांत अपर्याप्त और न के बराबर होते है वहा वर्णनात्मक मॉडल किसी प्रणाली में तत्वों के व्यवहार का वर्णन करता है ।
- व्याख्यात्मक मॉडल (Explicative model) अच्छी तरह से विकसित सिद्धांतों का अनुप्रयोग बताने के साथ साथ सिद्धांतों के महत्वपूर्ण अवधारणाओं के बारे में हमारी समझ में सुधार भी लाता है ।

- अनुकरनात्मक मॉडल अवधारणाओं के संरचनात्मक संबंधों को स्पष्ट तथा प्रक्रियाओं और उनके बीच संबंधों को उजागर करने का प्रयास करता है ।

स्थिर और गतिशील शब्द समय के साथ प्रणाली के व्यवहार को परिभाषित करते है । यदि अनुसंधान मॉडल, अध्ययन के साथ संबंध और किसी खास एक एक समय का प्रतिनिधित्व करती है तो यह स्थिर मॉडल (Static) कहा जाता है। यदि अनुसंधान मॉडल, अनुसंधान अध्ययन प्रणाली के लिए किसी समय की अवधि को परिभाषित करता है तो यह गतिशील (Dynamic) प्रणाली के रूप में जाना जाता है।

19.14 एक अच्छे अनुसंधान की विशेषताएं

आठ सबसे व्यापक रूप से सहमति वाले अनुसंधान की विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

व्यवस्थित प्रक्रियायें

नियंत्रित प्रक्रियायें

वैधता

परिशुद्धता या सख्ती

तार्किकता

गंभीर विचार निष्पक्षता और

सटीकता

कुछ अति महत्वपूर्ण शब्द जो अनुसंधान की विशेषताओं को परिभाषित करते है, को यहाँ समझाया गया हैं:

व्यवस्थित

अनुसंधान में मान्य प्रक्रियाओं और सिद्धांतों का उपयोग करना चाहिए।

प्रतिलिपि प्रस्तुत करने योग्य

अनुसंधान की रुपरेखा मान्य तथा स्पष्ट प्रक्रियाओं के साथ होना चाहिए ताकि दूसरों भी निष्कर्षों का परीक्षण कर सकेँ ।

नियंत्रित

यह संदर्भित करता है कि कैसे चर (variables) चालाकी से नियंत्रित किये जा रहे हैं।

प्रयोगनिष्ठ और उद्देश्य

यह प्राथमिक निष्कर्ष और प्रत्यक्ष प्रेक्षण पर आधारित होना चाहिए ।

विश्लेषणात्मक और महत्वपूर्ण

वैध तर्क को संदर्भित करता है ।

सटीकता

निष्कर्ष मान्य होना चाहिए, साथ ही डेटा बिना किसी भी जोड़तोड़ के सटीक होना चाहिए ।

मौलिकता

अभिनव और नवीन चिन्तन से महत्वपूर्ण योगदान करता है ।

19.15 भारत में अनुसंधान के साथ समस्या

समय के साथ अनुसंधान लागू प्रकृति के रूप में बन जाता है जैसे विकसित सिद्धांत और संरचानाये मौजूदा घटनाओ को समझाने में सहायक होती हैं। आज के समय अनुसंधान की गुणवत्ता नीचे जा रही है क्योंकि शोधकर्ता अच्छे शोध के मापदंड से भटक जा रहे हैं ᐟ यह कारण वर्तमान परिदृश्य में शोध के साथ समस्याओं के लिए सबसे अग्रणी है। कुछ समस्याये, जो अनुसंधान के साथ जुडी हुई है, यहाँ सूचीबद्ध हैं:

- सटीकता और डेटा की विश्वसनीयता संदिग्ध हैं
- शोधकर्ता का पक्षपात
- डेटा का वैज्ञानिक संग्रह संदिग्ध है
- डेटा का अशुद्ध अर्थ
- अधिक समय लगना
- व्यक्ति के लिए रुचिकर न होना
- डेटा में स्पष्टता की कमी
- वैध निष्कर्ष और उद्देश्य की कमी
- ज्ञान का अभाव
- उच्च लागत
- डेटा की मात्रा
- अनुचित नमूना और उसका आकार
- डेटा का स्रोत संदिग्ध है
- जानकारी की कमी
- उत्तरदाताओं द्वारा ख़राब प्रतिक्रिया

ऊपर दी हुई समस्याये घटिया शोध और अनुसंधान की गुणवत्ता में समझौता करने के लिए प्रमुख कारण है । इंटरनेट और संचार प्रौद्योगिकी के आगमन के साथ अनुसंधान में डेटा की चोरी (अन्य शोधकर्ता द्वारा) शोध की एक बड़ी समस्या है, जो की नैतिकता से जुडी है।

19.16 सारांश

इस इकाई में हमने अनुसंधान के मौलिक अवधारणा और अनुसंधान क्रियाविधि के बारे में चर्चा की है अनुसंधान क्रियाविधि के साथ जुड़े विभिन्न मुद्दों पर इस इकाई में चर्चा की गई ताकि छात्र स्वयं सीखने के लिए एक ठोस आधार विकसित कर सके हैं । शोध को इस रूप में परिभाषित किया गया है कि शोध वह व्यवस्थित डेटा संग्रह और डेटा विश्लेषण की प्रक्रिया है, जो समस्या में नए समाधान को प्राप्त कर सके ।

19.17 शब्दावली

तत्व मीमांसा (Ontology) : सामान्यतः आंटलजी संदर्भित करता है समाज के भीतर मौजूद विषयों के अध्ययन को या बारे में ।

प्रतिमान (Paradigm) : यह संदर्भित करता है उस विचार संप्रदाय को जो अनुसंधान को करने के लिए अनुकरण करता है ।

ज्ञान मीमांसा (Epistemology): ज्ञान मीमांसा ज्ञान के मुद्दो के साथ सम्बन्ध स्थापित करता है विशेष रूप से, जो 'ज्ञानी' हो सकता है ।

अवधारणा (Concept) : आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले कुछ घटनाओं, वस्तुओं, स्थितियों, परिस्थितियों और व्यवहार के अर्थ के संग्रह को अवधारणा कहते है ।

सिद्धांत (Theory) सिद्धांत व्यवस्थित परस्पर अवधारणाओं का एक संग्रह है ।

प्रतिमान या नमूना (Model) एक अनुसंधान मॉडल, अनुसंधान की संरचना के परीक्षण तथा चरो के बीच के गूढ़ संबंधो के पूर्वानुमान के जाँच को संदर्भित करता है ।

19.18 बोध प्रश्न

रिक्त स्थानों को भरें

1. शोधकार्य में आवश्यक है एक कार्यरत रूपरेखा को तैयार करना जिसमे..........
   (a) एक पूर्वनिर्धारित और स्पष्ट उद्देश्य (यों) हो
   (b) एक योजना, जो क्या, कैसे, क्यों, कहाँ जैसे सवालों के जवाब के लिए
   (c) शोध समस्या समाधान के बारे में एक स्पष्ट विचार हो
   (d) इनमे से कोई नही
2. शोध करने के पीछे मुख्य उद्देश्य होता है....
   (a) अध्ययन और ज्ञान का अन्वेषण करना
   (b) नए विचारों को प्राप्त करना
   (c) स्पष्ट उद्देश्यों को परिभाषित करना
   (d) ऊपर के सभी
3. अनुसंधान शुरू करने के लिए, एक व्यक्ति को चाहिए.......
   (a) स्पष्ट लक्ष्यों की संख्या के साथ प्रारंभ करें
   (b) पूर्वपरिभाषित उदेश्यों की संख्या के साथ प्रारंभ करें
   (c) एक अच्छी तरह से परिभाषित अनुसंधान विधि के साथ
   (क) शोध समस्या का समाधान
4. अनुसंधान दर्शन संदर्भित करता है
   (a) दृष्टिकोण और अध्ययन विषय
   (b) अध्ययन विषय में सही प्रक्रिया
   (c) खोज करने के लिए विचार
   (d) शोध प्रक्रिया में शामिल होने वाले उद्देश्य
5. निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए इनमे से कौन सी तार्किक प्रक्रिया, सामान्य ज्ञान पर या सच को जानने के लिए आधारित है
   (a) आगमनात्मक तर्क
   (b) निगमनात्मक तर्क
   (c) निर्णायक तर्क
   (d) भविष्यसूचक तर्क
6. निम्नलिखित में से कौन सा अनुसंधान है जो मौजूदा ज्ञान में नए अंतर्दृष्टि की ओर जाता है तथा प्रबंधकीय समस्या के विशिष्ट स्थितियों पर आधारित नहीं है?

(a) शुद्ध अनुसंधान (Pure Research)
(b) अनुप्रयुक्त अनुसंधान (Applied Research)
(c) फील्ड (क्षेत्र) अनुसंधान (Field Research)
(d) ऐतिहासिक अनुसंधान (Historical Research)

7. अनुसंधान में, चर जो अन्य चरो को परिवर्तित करता है, उसे कहा जाता है..
(a) आश्रित चर (Dependent variable)
(b) स्वतंत्र चर (Independent variable)
(c) मध्यस्थ चर (Moderating Variable)
(d) हस्तक्षेप चर (Intervening Variable)

8. वर्णनात्मक अनुसंधान अध्ययन शोध का एक वर्ग है जिसका उद्देश्य
(a) अवधारणा के अंतर्दृष्टि को प्राप्त करना
(b) किसी की विशेषताओं का विश्लेषण
(c) किसी कार्य में आवृत्ति निर्धारण
(d) चरों के बीच संबंधों का परीक्षण

19.19 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. (इ), 2. (क), 3. (इ), 4. (इ), 5.(इ), 6. (इ), 7. (इ), 8. (इ).

19.20 स्वपरख प्रश्न

1. निम्नलिखित शब्दों को परिभाषित कीजिये:
   a. अनुसंधान (Research)
   b. शोध समस्या (Research Problems)
   c. अनुसंधान विधिया (Research Methods)
   d. अनुसंधान क्रियाविधि विज्ञान (Research Methodology)
   e. अनुसंधान प्रतिमान (Research Paradigm)
   f. अनुसंधान प्रक्रिया (Research Process)
   g. अनुसंधान चर (Research Variables)
   h. अनुसंधान रूप रेखा (Research Design)
2. अनुसंधान के विभिन्न उद्देश्यों की व्याख्या कीजिये ।
3. अनुसंधान विधियों और अनुसंधान क्रियाविधि विज्ञान के बीच अंतर का अंतर बताइए ।
4. एक अनुसंधान के क्या लक्षण होते हैं ? आधुनिक समय में इसका महत्व समझाइये।
5. अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाले कारकों की चर्चा कीजिये ।
6. एक अच्छे अनुसंधान के सिद्धांतों की व्याख्या कीजिये ।
7. "राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के खोलने और बाजार के वैश्वीकरण" के वर्तमान संदर्भ में अनुसंधान का क्या कार्यक्षेत्र है ।
8. अनुसंधान में किन समस्याओं तथा सीमाओं का सामना करना पड़ता है, को समझाइये ।

9. एक अनुसंधान में प्रतिमान या नमूना से आप क्या समझते है? अनुसंधान प्रतिमान या नमूना कितने प्रकार के होते हैं?
10. व्याख्यात्मक और वर्णनात्मक अनुसंधान द्वारा आप क्या समझते है?
11. वैज्ञानिक सोच से आपका क्या आशय है ? एक अच्छे शोध के लिए वैज्ञानिक सोच क्यों आवश्यक है ?
12. निगमनात्मक तथा आगमनात्मक तर्क से आप क्या समझते है ? अनुसंधान में इन अवधारणाओं का क्या महत्व है ?

19.21 संदर्भ पुस्तकें

1. Kothari, C.R. (2008), *Research Methodology and Techniques*, New Age Publication, Delhi.
2. Bajpai, Naval (2012), *Business Research Methods*, Pearson, Delhi.
3. Schiendler and Cooper (2009), *Business Research Methods*, TMH, New Delhi.
4. N.K. Malhotra, *Marketing Research*, Pearsons Education Asia publication, New Delhi.

इकाई 20 अनुसंधान अभिकल्पना

इकाई की रूपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- एक अनुसंधान अभिकल्पना क्या होती है, की व्याख्या कर सकें।
- अनुसंधान अभिकल्पना में चरण क्या होते हैं, को समझ सकें।
- अनुसंधान अभिकल्पना के प्रकार क्या होते हैं, का वर्णन कर सकें।
- एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना के मानदण्ड क्या होते हैं, का वर्णन कर सकें।

20.1 प्रस्तावना

पिछले इकाई में आपने अनुसंधान के साथ सम्बन्धित अवधारणाओं एवं अर्थ को जाना। इस अनुभाग में हम एक अनुसंधान की अभिकल्पना के लिए विशिष्ट दृष्ट्रिकोणों का वर्णन करेंगें। जैसा कि विभिन्न लोगों के लिए अनुसंधान की व्याख्या एवं संकेतार्थ

भिन्न होते हैं, शोधकर्ताओं का कार्य अनुसंधान विधियों के माध्यम से घटित होता है, जो अनुसंधान अभिकल्पना में अनुसंधानकर्ता द्वारा चयनित होता है।

सबसे प्रारम्भिक समझ में, अनुसंधान अभिकल्पना अनुसंधान प्रक्रिया से जुडी क्रियाकलापों का एक तार्किक अनुक्रम होता है। यह अनुसंधान समस्या के मनस चित्रण के साथ आरम्भ होता है और परिणामों और निष्कर्षो। के साथ समाप्त होता है। यीन (1994) ने निर्दिष्ट किया कि एक अनुसंधान अभिकल्पना एक अनुसंधान की योजना होती है, जो निम्न के साथ सम्बन्ध रखती है।

- अध्ययन में क्या प्रश्न है ?
- क्या आंकडा प्रासंगिक है ?
- क्या आंकडा एकत्रित करना है ?
- परिणामों का विश्लेषण कैसे करना है ?

अनुसंधान अभिकल्पना एक कार्य योजना की तुलना में बहुत अधिक है क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य स्थिति का परिवर्जन करना जिसमें प्रमाण प्रारम्भिक अनुसंधान प्रश्नों का ध्यान नहीं करते है, की सहायता करना है। इस प्रकार अनुसंधान अभिकल्पना तार्किक समस्या के साथ सम्बन्धित है और निर्दिष्ट भी करता है कि अनुसंधानकर्ता महत्वपूर्ण मुद्दों का पता कैसे लगायेगा। अनुसंधान में अभिकल्पनाऐं आंकडा संकलन विधि या अनुसंधान दृष्टिकोण जो किएक अध्ययन में प्रयोग होती है का वर्णन करते है। यह विभिन्न तरीकों को परिभाषित करती है जिसके द्वारा सूचना को मूल्यांकन या आंकलन के लिए एकत्रित किया जाता है। अनुसंधान उद्देश्य के लिए प्रयोग किया जाता है। निश्चित अध्ययनों मे ंदो या अधिक अनुसंधान अभिकल्पनाओं के मिश्रण का प्रयोग असामान्य नहीं होता है।

20.2 अनुसंधान अभिकल्पना की परिभाषा

अनुसंधान अभिकल्पना की बहुत परिभाषाऐं हैं, लेकिन कोई भी परिभाषा महत्वपूर्ण पहलूओं की पूर्ण सीमा को नहीं ढकता है। अनुसंधान अभिकल्पना के लिए कुछ परिभाषाऐं यहॉ प्रस्तुत की गई हैं।

डेविड जे लक एवं रोनाल्ड एस रूबिन के अनुसार, ''एक अनुसंधान अभिकल्पना सामान्य अनुसंधान दृष्ट्रिकोण या विशेष अनुसंधान परियोजना के लिए स्वीकृत रणनीति का निर्धारण एवं कथन होता है।'' करलिंगर अनुसंधान अभिकल्पना को ऐसे परिभाषित करता है ''योजना, बनावट एवं अन्वेषण की कल्पित रणनीति ताकि अनुसंधान प्रश्नों के उत्तरों को एवं प्रसरण नियंन्त्रण प्राप्त हो।''

ग्रीन एवं टल के अनुसार, ''एक अनुसंधान अभिकल्पना आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए विधियों एवं प्रक्रियाओं का विशेष लक्षण होता है।''

कूपर एवं शेडलर कहते है। कि ''अनुसंधान अभिकल्पना संकलन, माप एवं आंकडे के विश्लेषण के लिए खाका तैयार करता है।''

ग्रीन अनुसंधान अभिकल्पना को इस तरीके से परिभाषित करता है ''आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए विधियों और प्रक्रियाओं का विशेष लक्षण होता है । यह

परियोजना की रूपरेखा का सम्पूर्ण क्रियाशील सॉचा होता है जो अपेक्षा करता है कि किस श्रोत में से किस प्रक्रिया द्वारा आंकडा एकत्रित किया जाना है।''

अनुसंधान अभिकल्पना को योजना एवं अन्वेषण की ऐसी बनावट में अनुसंधान प्रश्नों के उत्तरों को प्राप्त करने की कल्पना के रूप मे वर्णित किया जा सके। योजना अनुसंधान की समग्र पद्धति या कार्यक्रम होती है। यह परिकल्पनाओं लिखने से अनुसंधानकर्ता क्या करेगा की एक रूपरेखा आर उनके आंकडों के अन्तिम विश्लेषण से क्रियाशील अनुमानों को सम्मिलित करता है। एक बनावट अनुसंधान प्रक्रिया को आयोजित करने एवं अनुसंधान के विन्यासों की रूपरेखा होती है। एक अच्छा अनुसंधान यह सुनिश्चित करेगा कि अनुसंधान प्रश्नों से प्राप्त जानकारी प्रासंगिक है और जिसे उद्देश्य एवं अल्पव्ययी प्रक्रिया द्वारा संकलित किया गया था। विशेष रूप से एक अनुसंधान अभिकल्पना के वैचारिक अनुसंधान समस्याओं को आनुभविक अनुसंधान के प्रासंगिक (और साध्य) से जोडाने के लिए वर्णित किया जा सके। यह सुस्पष्ट करता है क्या आंकडा आवश्यक है, इस आंकडे के संकलन एवं विश्लेषण के लिए कौन सी विधियों का प्रयोग किया जाना है, और कैसे ये सब आप के अनुसंधान प्रश्नों के उत्तर दे रहे हैं। विभिन्न प्रकार के अध्ययन के लिए विभिन्न तार्किक अभिकल्पनाऐं प्रयोग की जाती है।

अनुसंधान अभिकल्पना सर्वेक्षण के उद्देश्य को भी दर्शाता है जो अन्वेषण, वर्णन, स्पष्टीकरण, आगम कथन, मूल्यांकन एवं इतिहास के रूप में चित्रित किया जा सकता है। नीचे दी हुई सारणी विभिन्न समूहों में प्रश्नों के प्रकारों के साथ को सम्बोधित करता है।

प्रश्न का प्रकार	प्रश्न	उदाहरण
अन्वेषी प्रश्न	क्या घटना है ? प्रमुख कारक क्या है ?	एक लाभदायक कम्पनी के सफलता के महत्वपूर्ण कारक क्या होते हैं ? एक अच्छे नेता के खास लक्षण क्या होते हैं ? दक्षिण अफ्रिका के सडकों में नरसंहार के कारण क्या है?
वर्णात्मक प्रश्न	कितने अधिक है ? x का भार क्या है ? क्या x और y सम्बन्धित हैं ?	पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका में कितने लोग AIDS से मरे ? क्या अभिभावकीय समर्थन और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य एक सहसम्बन्ध है ?

कारणात्मक प्रश्न	क्यों ? Y के क्या कारण हैं ?	एक ग्रामीण समुदाय में कुपोषण के मुख्य कारण क्या होते हैं ? क्या धूम्रपान फेफडों के कैन्सर का मुख्य कारण हैं ?
मूल्यांकनात्मक प्रश्न	X का परिणाम क्या था क्या P सफल रहा है ?	क्या एक नया TB जागरूकता कार्यक्रम TB घटनाओं के प्रतिवेध में गिरावट दिखाता है ? क्या एक नये रेफ्रीजरेटर का परिचय उत्पादन की अधिक प्रभावी कीमत देता है ?
प्रायसूचक प्रश्न	X का y में प्रभाव क्या रहेगा ?	समग्र P में एक नये जीवाणुनाशक का परिचय क्या प्रभाव डालेगा ?
ऐतिहासिक प्रश्न	Y के होने के लिए क्या बढता है ? Y के होने के लिए घटनाऐं क्या थी ? Y के कारण क्या हैं ?	अस्सी के दशक के मध्य यूरोप में समाजवाद के निधन के कारण क्या थे ? कोसोवों की हवाई बमबारी करने के लिए नाटों देशों को क्या करना है ?

अपने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का भ्रमण करें और पुस्तकालय में उपलब्ध अनुसंधान जर्नल की पहुॅच बनायें। अनुसंधान लेखों के पढे जो उस जर्नल में प्रकाशित है। अनुसंधान अभिकल्पना को और लेखक लेखकों द्वारा लेखों में प्रयुक्त अनुसंधान विधि को समझने की कोशिश करें।

20.3 अनुसंधान अभिकल्पना की विशेषताऐं

अनुसंधान अभिकल्पना के विश्लेषण एवं व्याख्या के पश्चात अब हम अनुसंधान अभिकल्पना की विशेषताओं को निम्नवत संक्षिप्त कर सकते हैं :

- अनुसंधान अभिकल्पना एक परस्पर सम्बन्ध का समूह एवं अनुक्रमिक गतिविधियॉ और समय आधारित योजना होती है।
- अनुसंधान अभिकल्पना अनुसंधान प्रश्न एवं अनुसंधान रूपरेखा पर आधारित होती है।

- अनुसंधान अभिकल्पना अनुसंधान के लिए जानकारी के श्रोत के चयन का मार्गदर्शन करती है।
- अनुसंधान अभिकल्पना चरों के समबन्ध का अध्ययन किया जाना है, का उल्लेख करती है।
- अनुसंधान अभिकल्पना विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों में प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है, की रूपरेखा एवं उल्लेख को दर्शाती है।
- अनुसंधान अभिकल्पना अनुसंधान मे प्रयुक्त उपकरणों एवं साधनों का उल्लेख करता है।

कूपर एवं शिंडलर (2009) के अनुसार एक अनुसंधान अभिकल्पना विभिन्न प्रश्नों के लिए उत्तरों को उद्धिष्ट करता है, जैसे कि

- आंकडे एकत्रित करने के एिल कौन सी तकनीकें प्रयुक्त होगी ?
- विश्लेषण के लिए कौन सी विधि का पालन किया जाना होगा ?
- किस प्रकार का प्रतिदर्शन प्रयोग होगा ?
- समय एवं कीमत की बाध्यता के साथ कैसे निपटा जायेगा ?

20.4 अनुसंधान अभिकल्पना एवं अनुसंधान प्रकिया

अनुसंधान अभिकल्पना एवं अनुसंधान प्रकिया के मध्य आधारभूत अन्तर होते हैं, इस चरण में इन दो अवधारणाओं की समझ आपके लिए आवश्यक है। शिंडलर एवं कूपर ने अनुसंधान अभिकल्पना एवं अनुसंधान प्रकिया की तुलना निम्नवत की है।

अनुसंधान अभिकल्पना	अनुसंधान प्रणाली
परिणाम में ध्यान केन्द्रित होता है : किस प्रकार के अध्ययन की योजना बनाई जा रही है और परिणामों के प्रकार का ध्येय क्या है। उदाहरण के लिए ऐतिहासिक –तुलनात्मक अध्ययन या अन्वेषणात्मक अध्ययन, विवेचनात्मक और निगमनात्मक इत्यादि	अनुसंधान प्रकिया में ध्यान केद्रित रहता है और उपकरणों एवं प्रकियाओं का प्रयोग किया जाना होता है। उदाहरण के लिए दस्तावेज विश्लेषण, सर्वेश्रण विधियॉ प्रचलित द्वितीयक आंकडे/सांख्यिकीय इत्यादि का विश्लेषण
अनुसंधान समस्या या प्रश्न (द्वारा संचालित) प्रस्थान स्थल	विशेष कार्य (आंकडा संकलन या प्रतिदर्शन) हाथ में (द्वारा संचालित प्रस्थान स्थल)
अनुसंधान के तर्क में ध्यान केन्द्रित करता है : प्रश्नों का र्प्याप्त रूप से पता करने के लिए कौन से प्रमाण आवश्यक होते हैं ?	अनुसंधान प्रकिया मे एकल चरणों में (अरैखीय) ध्ययान केन्द्रित रहता है और सबसे बडा उद्देश्य (निष्पक्ष) प्रकिया का हिसाब लगेगा।

20.5 एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना के लिए मानदण्ड

चावला एवं सोन्धी (2011) के अनुसार एक अनुसंधान अभिकल्पना में निम्नलिखित आधारभूत सिद्धान्त होने चाहिए।

- अनुसंधान प्रश्न को बदलने में सक्षम और निश्चित अवधारणाओं/परिकल्पनाओं को क्रियाशील चरों में जिन्हें मापित किया जा सकता है।
- प्रक्रिया को उल्लेखित किया जाना चाहिए जिसका उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने में जितना प्रभावी एवं प्रभावी एवं मितव्ययता से संभव हो सके पालन किया जायेगा।
- प्रक्रिया नियंत्रण का उल्लेख करते हैं जो दूसरे चरों के प्रभाव के प्रयोग को सुनिश्चित करेगा जिससे अध्ययन के परिणाम को प्रभावित नहीं किया जा सके।

उपरोक्त वर्णन के आधार पर अब हम एक अनुसंधान अभिकल्पना के लिए निम्न मानदण्डों का सार निकाल सकते हैं :–

- **सहजता** :– एक अनुसंधान अभिकल्पना सरल एवं समझने योग्य होनी चाहिए।
- **किफायती** :– अनुसंधान अभिकल्पना किफायती होनी चाहिए। चयनित तकनीक फायदेमन्द और कम समय लेने वाली होनी चाहिए।
- **विश्वसनीयता** :– एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना को विभिन्न त्रुटियों की संभावनाओं को कम करना सुनिश्चित करना चाहिए।
- **व्यवहार्यता** :– एक अच्छे अनुसंधान अभिाकल्पना को साध्य, व्यावहारिक और उपयोगी होना चाहिएं
- **सुनम्यता** :– एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना को अनुसंधान और विकास के कई विभिन्न पहलुओं के विचार को समायोजित करने के लिए पर्याप्त लचीला होना चाहिए।
- **यथार्थता** :– एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना से सटीक और परिणाम प्राप्त करने के लिए उद्देशित उचित निष्कर्ष निकालना चाहिए।

20.6 अनुसंधान अभिकल्पना में अनुसरण के लिए चरण

अनुसंधान अभिकल्पना के निरूपण के लिए चरण चक्रीय प्रक्रिया में होते हैं। ये प्रक्रियाऐं इस तरीके से परस्पर सम्बन्धित होते हैं कि पिछले को संशोधित करने के लिए पहले की प्रतिपुष्टि आवश्यक होती है। कभी कभी अनुसंधान अभिकल्पना निरूपण अनुसंधान प्रक्रिया अभिकल्पना के साथ विनिमेयता के अनुसार प्रयोग किया जाता है जो कि सत्य नहीं है। प्रत्येक अनुसंधान प्रक्रिया के लिए अनुसंधान अभिकल्पना विशिष्ट होती है और क्यों, कैसे और कब के निष्पादन मे किये गए कार्यों के विनिर्देशों के मूर्त के लिए ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता होती है। अनुसंधान अभिकल्पना निरूपण का प्रारम्भ उद्देश्यों की स्पष्टता एवं अनुसंधान के क्षत्र के साथ होती है। अनुसंधान अभिकल्पना निरूपण का प्रारम्भ उद्देश्यों की स्पष्टता एंव अनुसंधान के क्षेत्र के साथ होती है। अनुसंधानकर्ता को जॉच के प्रकार का चयन करना पडता है कि क्या ज्ञान का प्रकार संम्भव और तर्क संगत है। विभिन्न पदों की एक बडी संख्या

अनुसंधान अभिकल्पना के उद्धरण में प्रयोग की जाती है और इन पदों को प्रायः अनुसंधान पद्धति, दृष्टिकोणों, परिप्रेक्ष्य और धारणाअें के पर्यायवाची के रूप में प्रयोग किया जाता है यद्यपि ये सभी तुलनीय होते हैं, लेकिन ये भिन्न हैं ।

अनुसंधान समस्या के जॉच का प्रकार एवं अनुसंधान एक अनुसंधानकर्ता के ज्ञानमीमांसीय स्थिति को परिभाषित करता है। ज्ञानशास्त्र ज्ञान अन्वेषण मे आधारभूत विषय के साथ जैसे ''कैसे ज्ञान की उत्पत्ति हुई है और इसे परीक्षण और मान्य होना चाहिए '' के साथ व्यवहार करता है अनुसंधान में तीन इंगित जॉच के प्रकार है जो अनुसंधान अभिकल्पना का मार्ग दर्शन करते हैं।

1. **सकारात्मकता** :— इस प्रकार मे प्रयोगाश्रित एवं वैज्ञानिक अनुसंधान को निष्पादित किया जाता है। इसमें नियंत्रण एवं विश्लेषण के सांख्यिकीय प्रकार की अवश्यकता होती है।
2. **रचनावादी** :— यह अनुसंधान के गुणात्मक प्रकार महत्व देता है और तर्क प्रस्तुत करता है कि सामाजिक विज्ञान मात्रात्मक विधि की तुलना के रूप में अनुसंधान के लिए सबसे उचित विकल्प है।
3. **त्रिकोणीय सर्वेक्षण** :— यह अनुसंधान के गुणात्मक एवं मात्रात्मक विधियों का एक साथ एवं क्रमिक अनुप्रयोग इंगित करता है। उपरोक्त वर्णित दृष्टिकोण के एक में से ज्ञानमीमांसीय स्थिति के चयन के पश्चात शोध प्रश्न पूरी रिपोर्ट में प्रस्तुत किए जाते हैं। यह अनुसंधानकर्ता को अनुसंधान प्रश्न एवं अनुसंधान की विधि के लिए एक प्रायोगिक एवं प्रबन्धकीय परिप्रेक्ष्य के विकास में सहायता करता है।

इस चरण के पश्चात अनुसंधानकर्ता द्वारा एक वैचारिक अनुसंधान अभिकल्पना का विकास किया जाता है जिसमें अध्ययन के चरों को निर्धारित किया जाता है और अध्ययन के प्रकार एवं विश्लेषण का चयन किया जाता है।

उपरोक्त वर्णनों के पश्चात अब आप अनुसंधान अभिकल्पना के पहलूओं के बारे में समझने में सक्षम होते हैं। अधिक विशेष रूप से एक अनुसंधान अभिकल्पना में निम्नलिखित सामान्य चरण सम्मिलित होते हैं।

1. **एक समस्या का चयन एवं परिभाषा** :— अध्ययन के लिए चयनित समस्या को क्रियाशील पदों मे इस तरीके से सुस्पष्ट परिभाषित करना चाहिए कि अनुसंधानकर्ता वास्तविक रूप से जानता है वह कौन से तथ्य देख रहा है और क्या यह अध्ययन में प्रासंगिक है।
2. **आंकडों का श्रोत** :— एक बार समस्या चयनित हो जाती है यह अनुसंधानकर्ता का कर्तव्य है कि जानकारी के विभिन्न श्रोतों का स्पष्ट वर्णन करें जैसे पुस्तकालय, व्यक्तिगत दस्तावेज, क्षेत्रकार्य, एक विशेष अवासिक समूह इत्यादि।
3. **अध्ययन का गुण** :— अनुसंधान अभिकल्पना को लिये गये अध्ययन की प्रकृति के सम्बन्ध में व्यक्त किया जाना चाहिए। इस चरण में सांख्यिकीय, प्रायोगिक या अध्ययन के तुलनात्मक प्रकार का विकल्प बनाना चाहिए ताकि योजना के निम्नलिखित चरणों में प्रस्तावित समस्या को प्रासंगिक बनाया जा सके।

4. **अध्ययन का उद्देश्य** :– इस स्थिति में अभिकल्पना का ध्येय या तो सैद्धान्तिक समझ या एक कल्पना धारणा को सुस्पष्ट करना चाहिये था। अध्ययन के उद्देश्यों का वर्णन न केवल अभिकल्पना को सुस्पष्ट करता है अपितु प्रतिक्रियादाताओं में से एक निष्कपट प्रतिक्रिया प्राप्त करता है।
5. **सामाजिक–सांस्कृतिक विषय** :– अनुसंधान अभिकल्पना को सामाजिक सांस्कृतिक परिस्थिति के आधार पर बनाना चाहिए। उदाहरण के लिए 'पिछले' वर्ग के लोगों में प्रजनन दर के अध्ययन में तथाकथित लोगों के पिछडे वर्ग का विषय एवं वैचारिक सन्दर्भ सुस्पष्ट बनाना चाहिए जब तक कि पद का अर्थ सुस्पष्ट परिभाषित न हो, अध्ययन में एक बडे परिवर्तन का रूख न हो । क्योंकि पिछडे पद के धार्मिक, आर्थिक और राजनैतिक संकेत हो सकते हैं।
6. **लौकिक विषय** :– अभिकल्पना की भौगोलिक सीमा भी इस चरण में निर्दिष्ट होनी चाहिए ताकि केवल विशेष सामाजिक समूह के लिए अनुसंधान सम्बन्धित परिकल्पनाओं का अनुप्रयोग किया जा सके।
7. **आयाम** :– एक बडे समग्र में से आंकडे संकलन का विश्लेषण स्वभाव में असम्भव होता है। इस प्रकार, एक र्प्याप्त एवं प्रतिनिधि प्रतिदर्श का चयन किसी अनुसंधान में एक शब्द द्वारा होता है।
8. **चयन का आधार** :– यादृच्छिक प्रतिदर्श लेने की प्रकिया (सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श, स्तरित, सुनियोजित, गुच्छीय) द्वि गुच्छीय या अंश प्रतिदर्श का जब सावधनीपूर्वक पालन किया जाता है एक प्रतिनिधित्व बनेगा या गैर यादृच्छिक प्रतिदर्शन (सुविधा, परख, सउद्देश्य अंश) निष्पक्ष तरीके में एक मान्य प्रतिदर्श है।
9. **आंकडों के संकलन की तकनीक** :– आवश्यक आंकडों के संकलन के लिए एक उपयुक्त तकनीक स्वीकार किया जाना होता है जो अध्ययन अभिकल्पना के प्रासंगिक हो। अवलोकन, साक्षत्कार और प्रश्नावली के सापेक्ष गुण अध्ययन के साथ उचित तकनीक के विकल्प में सहायता करेंगें। एक बार आंकडों का संकलन का विश्लेषण बीजांक और प्रस्तुतीकरण का पालन करना पडता है।

स्किल्डलर एवं कूपर ने अनुसंधान अभिकल्पना के चरणों को निम्नलिखित प्रारूपों में प्रस्तुत किया है।





अभ्यास : किसी कम्पनी के उपलब्धि प्रतिवेदन जो समाचार पत्र में या किसी बेबसाइट में उपलब्ध हो पढे । आंकडे संकलन के प्रकार, इसका विश्लेषण एवं प्रस्तुतिकरण का निरीक्षण और कैसे इसको संगृहित किया गया है को समझे।

20.8 अनुसंधान अभिकल्पना वर्गीकरण के लिए मानदण्ड

अनुसंधान अभिकल्पना के विभिन्न प्रकारों को निम्न मानदण्डों के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

- **जिस स्थिति तक अनुसंधान प्रश्न को किस्टलीकृत किया गया है :** इस आधार पर हमारे पास अन्वेषणात्मक अध्ययन एवं औपचारिक अध्ययन होते हैं।
- **आंकडा संकलन की विधि :** इस मापदण्ड के आधार पर अनुसंधान अभिकल्पनाओं को प्रबोधन एवं संचार अध्ययन के रूप में वर्गीकृत करते हैं।
- **अध्ययन के अन्तर्गत चरों में प्रभावों का निर्माण करने की अनुसंधानकर्ता की सामर्थ्य :–** इस श्रेणी के अन्तर्गत, अनुसंधान अभिकल्पनाओं को प्रायौगिक एवं पूर्वव्यापी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- **अध्ययन का उद्देश्य** :– यह आधार अनुसंधान अभिकल्पना के प्रतिवेदन, विवरणात्मक, कारणात्मक अर्थकारी, कारणात्मक प्राग्सूचक के रूप में श्रेणीयों की ओर अग्रसर करता है।
- **समय आयाम** :– समय आयाम में, अनुसंधान अभिकल्पनाओं को अधोमुखी, छेदीय विरूद्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- **प्रासंगिक कार्यक्षेत्र , विशालता और अध्ययन की गहनता** :– इस आधार पर, हम अनुसंधान अभिकल्पना को मामले का अध्ययन एवं सांख्यिकीय अध्ययन के रूप वर्गीकृत करते हैं।
- **अनुसंधान वातावरण** :– अनुसंधान वातावरण के आधार पर अनुसंधान अभिकल्पना को क्षेत्र विन्यास, प्रयोगशाला अनुसंधान, अनुकरण के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- **प्रतिभागियों के अनुसंधान गतिविधियों की जानसम्बन्धी जागरूकता** :– यह अनुसंधान अभिकल्पना को वास्तविक नैत्यक अनुसंधान अभिकल्पना और संशोधित नैत्यक अनुसंधान अभिकल्पना के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

मल्होत्रा ने अपनी विपणन अनुसंधान पुस्तक में विभिन्न प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पनाओं के मध्य सम्बन्धों को विकसित किया है । दायी ओर के चित्र विभिन्न अनुसंधान अभिकल्पना के वर्गीकरण एवं सम्बन्ध को प्रकट करते हैं।



20.9 अनुसंधान अभिकल्पना के प्रकार

पिछले वर्णनों के पश्चात, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विभिन्न विधियों द्वारा जिससे अनुसंधान प्रक्रिया को अभिकल्पित और बोधगम्य किया जा सके। इसके बाद भी अनुसंधान अभिकल्पना के विभिन्न प्रकार होते हैं बहुत सी पुस्तकें अनुसंधान अभिकल्पना के वर्णन को निम्न तीन प्रकार के अभिकल्पनों द्वारा पसंद करते हैं।

1. अन्वेषणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना
2. विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना
3. कारणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना

अब हम इन विभिन्न प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पनाओं का विस्तृत वर्णन करेंगें।

20.9.1 अन्वेषणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना :– अन्वेषणात्मक अनुसंधान असंगठित होता है, अनौपचारिक अनुसंधान, अनुसंधान समस्या का सामान्य प्रकृति के बारे में पृष्ठभूमि जानकारी को प्राप्त करना है। इस प्रकार की अनुसंधान अभिकल्पना विशेष रूप से उपयुक्त होती है जब अनुसंधान उद्‌देश्य निम्न पर पूर्ण विचार करते हैं :–

- समस्याओं या अवसरों का निर्धारण करना
- समस्या को अधिक विधि पूर्वक परिभाषित करना
- एक स्थिति में क्रियाशील चरों का घनिष्ठ निरीक्षण करना
- प्रासंगिक रणनीति निर्धारित करना
- समस्याओं या अवसरों के संभावित महत्व के सन्दर्भ में प्राथमिकताऐं स्थापित करना
- एक दृष्टिकोण विकसित होने से पहले अतिरिक्त अंतर्दृष्टि प्राप्त करना और
- निर्णायक अनुसंधान करने के लिए संबंधित समस्याओं पर जानकारी एकत्र करना

बहुत से अनुसंधान अन्वेषणात्मक प्रकृति के होते हैं, ये प्रथाओं को ढूढने या नीतियों जिन्हें परिवर्तन की आवश्यकता है और सम्भावित विकल्पों के विकास मे प्रकाश डालते हैं। अन्वेषणात्मक अनुसंधान का प्रयोग दूसरे अनुसंधान के संमिलन के साथ भी किया जा सकता है। जैसा नीचे बताया गया है, चूकि इसे अनुसंधान प्रक्रिया में पहले चरण के रूप में, समस्या को परिभाषित करने मे प्रयोग किया जाता है, दूसरे अभिकल्पनाओं का प्रयोग समस्या के हल के बाद होगा। उदाहरण के लिए, इसे उन परिस्थितियों में प्रयोग किया जा सकता है जब एक फर्म विक्री की मात्रा के लिए कठिन संघर्ष कर रही है, अनुसंधानकर्ता संभावित स्पष्टीकरण के विकास के लिए अन्वेषणात्मक अनुसंधान के प्रयोग को विकसित कर सकता है। अन्वेषणात्मक अनुसंधान का प्रयोग करते हुए प्राप्त आंकडों का विशलेषण करते हैं।

अन्वेषणात्मक अनुसंधान के उद्‌देश्यों के निरीक्षण में, यह सही समझे हैं कि इसे निर्णय निर्धारण प्रक्रिया के प्रारम्भिक अवस्था में प्रयोग किया जा सके। यह विकेता/केता को एक किसी वस्तु की अधिक समझ का जिसके बारे मे अनुसंधानकर्ता

अधिक नहीं जानता है की स्वीकृत प्रदान करता है। यह उन स्थितियों में निर्णय निर्धारक और अनुसंधानकर्ता की सहायता करता है जब उनके पास समस्या स्थिति और या वैकल्पिक रणनीति की जानकारी अपर्याप्त होती है। संक्षेप में, अन्वेषणात्मक अनुसंधान का प्रयोग विश्वसनीय प्रारूपों और निश्चित अवधारणाओं की अनुपस्थिती मे होता है।

अन्वेषणात्मक अनुसंधान को दूसरे अनुसंधान संमिलन के साथ भी प्रयोग किया जा सकता है। जैसा कि नीचे बताया गया है, चूँकि समस्या की परिभाषित करने के लिए इसे अनुसंधान प्रक्रिया की पहली अवस्था के रूप मे प्रयोग किया जाता है, दूसरी अभिकल्पनाऐं समस्या हल होने के बाद प्रयुक्त होंगी । उदाहरण के लिए, जब एक फर्म बिक्री की मात्रा के लिए कठिन संघर्ष कर रही है, अनुसंधानकर्ता संभावित स्पष्टीकरण के विकास के लिए अन्वेषणात्मक अनुसंधान प्रयोग को विकसित कर सकता है। अन्वेषणात्मक अनुसंधान का प्रयोग करते हुए उत्पन्न आंकडें का विश्लेषण अनिवार्य रूप से संक्षेपण और व्यापकीकरण में होता है। संक्षेपण प्रयोगाश्रित अवलोकनो, मापों इत्यादि के अनुवाद को अवधारणाओं के उद्घृत करता है, व्यापकीकरण का अर्थ सामग्री को इस तरीके से व्यवस्थित करना है कि ये उन बनावटों पर ध्यान केन्द्रित करता है जो सभी के लिए या अधिकतम परिस्थितियों में समान है। अन्वेषणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना को इसकी सुनम्यता और बहुविज्ञता द्वारा सबसे अच्छा विशेषित किया जाता है। यह इसलिए, क्योंकि एक बनावट में इसके अभिकल्पना के गैर अनिवार्यत की अनुपस्थिती होती है। इसमें प्रमुखता से कल्पनाशक्ति, सृजनता और अनुसंधानकर्ता की चतुरात सम्मिलित होती है।

निम्नलिखित विधियों द्वारा अन्वेषणात्मक अनुसंधान को संपादित किया जाता है :–

द्वितीयक आंकडा विशलेषण :– द्वितीयक आंकडा खोज के लिए एवं अनुसंधान समस्या के प्रासंगिक प्रचलित जानकारी की व्याख्या की प्रक्रिया को प्रकट करता है। (जैसे – जनगणना आंकडा, जर्नल, समाचार पत्रों इत्यादि में लेख)

- **अनुभव (विशेषज्ञ) सर्वेक्षण** :– उन समस्याओं से संबंधित जानकारी एकत्र करने का उल्लेख करता है जो समस्या से संबंधित मुद्दों पर जानकार होता है।(जैसे – विशेषज्ञों से पूछना)
- **स्थिति विश्लेषण** :– पिछली स्थितियों के प्रयोगों से जो वर्तमान अनुसंधान समस्या के समान है।
- **फोकस समूह** :– 8–12 लोगों के छोटे समूहों को एक साथ जोडता है और सहज चर्चा के माध्यम से एक मध्यस्थ द्वारा निर्देशित होता है।

  अन्वेषणात्मक अनुसंधान की कुछ और अधिक लोकप्रिय विधियों में साहित्य खोज, गहन साक्षात्मकार, फोकस समूह, और स्थिति विश्लेषण सम्मिलित हैं।

साहित्य की खोज :– परिकल्पनाओं को खोजने के लिए सबसे तेज और कम खर्चीला तरीकों मे से एक साहित्य खोज का संचालन करना होता है। प्रायः सभी विपणन अनुसंधान अनुमान यहॉ से प्रारम्भ होने चाहिए। पुस्तकालयों में, आनलाइन श्रोतों के माध्यम से, वाणिज्यिक डेटाबेस और इत्यादि में अविश्वनीसय मात्रा की जानकारी

उपलब्ध रहती है। साहित्य खोज में पत्रकारिता (समाचार पत्र, पत्रिकाऐं, इत्यादि) व्यापार साहित्य, शैक्षिक साहित्य, या प्रकाशित आंकडों का अनुसंधान फर्मों या सरकारी ऐजेंसियों से भी सम्मिलित होना होता है ।

गहन साक्षात्कार का प्रयोग ज्ञान एवं प्रतिक्रियादाताओं के अनुभव का समस्या या अवसर के साथ प्रासंगिक जानकारी से क्षार निकालना होता है। प्रासंगिक जानकारी के साथ एक गहन साक्षात्कार के लिए एक संभावित उम्मीदवार होता है जिसमे वर्तमान प्रतिक्रियादाता, लक्षित बाजार के सदस्य असामी संगठन के अधिशाषी एवं प्रबन्धक, विक्रय प्रतिनिधि, थोक विक्रेता, खुदरा व्यापारी और इस तरह सम्मिलित होते हैं। उदाहरण के लिए, एक बच्चों के पुस्तक प्रकाशक ने पुस्तकालयाध्यक्ष और स्कूल के अध्यापकों से बात करते हुए बिक्री की गिरावट के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की, जिन्होने संकेत दिया कि अधिक से अधिक लोग पुस्ताकलय अभिगम (सुविधााओं) का उपयोग कर रहे हैं और संभवतः अपने बच्चों के लिए कम किताबें खरीद रहे हैं।

फोकस समूह साक्षात्कार विपणन अनुसंधान मे सबसे अधिक प्रयुक्त तकनीकें होती है। कुछ लोग यह तर्क देंगे कि ये सबसे भारी और दुरूप्योग तकनीकों में से एक है, इस बिन्दु को हम बाद में चर्चा करेगें। फोकस समूह में लोगों के एक छोटे समूह को (उदारहण के लिए, 8—12) रूचि के किसी विषय के बारे में बात करने के लिए फोकस समूह प्रायोजक द्वारा एक साथ लाया जाता है चर्चा को मध्यस्थ द्वारा निर्देशित किया जाता है जो कि कक्ष में फोकस समूह भागीदारों के साथ होता है। प्रबन्धक, विज्ञापन एजेंसी प्रतिनिधियों, और या दूसरे प्रायः सत्र को कक्ष के बाहर से मुद्दों की किसी न किसी रूपरेखा का पालन करने का प्रयास करता है जबकि एक साथ समूह चर्चा में विचार किए गए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणीयॉ होती है।

प्रतिभागियों को इस प्रकार दूसरों के विचारों से अवगत कराया जाता है कि उन विचारों का स्वयं के साथ जवाब दे सके। समूह अन्योन्यक्रिया एक महत्वपूर्ण पहलू होता है जो फोकस समूह साक्षात्कारों को गहन साक्षात्कारों में से पृथक करता है, जिन्हें एक समय मे एक प्रतिक्रियादाता के साथ संचालित किया जाता है। यह फोकस समूह का अनेकों अन्वेषणात्मक तकनीकों के ऊपर प्राथमिक लाभ भी है। क्योंकि उनके पारस्परिक प्रकृति से, एक फोकस समूह चर्चा के दौरान कभी कभी विचार ''नीले रंग से'' बाहर निकलते हैं इसके साथ साथ, एक तेजी से बढ जाना प्रभाव होता है। एक व्यक्ति द्वारा एक टिप्पणी दूसरों की प्रतिक्रियाओं की एक श्रंखला को प्रेरित कर सकती है। एक परिणाम के रूप में, प्रतिक्रियाऐं गहन साक्षात्कार की तुलना में अधिक सहज एवं कम पारंपरिक हो सकते हैं।

स्थिति का विश्लेषण रूचि की घटना के चयनित उदाहरणों के गहन अध्ययन से है, शोधकर्ता प्रायः सावधानी से चयनित उदाहरणों या घटनाओं के मामलों का अध्ययन करके एक स्थिति के बारे मे बहुत कुछ सीख सकते हैं। यह घटना विशलेषण का सार होता है, जो अन्वेषणात्मक अनुसंधान का दूसरा रूप है। अनुसंधानकर्ता के रूप में, आप मौजूदा अभिलेखों, घटना अवलोकन जिस रूप में यह घटित होता है,

असंगठित साक्षात्कारों का संचालन, विश्लेषण के विभिन्न दृष्टिकोणों में किसी एक के प्रयोग से दिये हुई स्थिति में क्या हो रहा है की जांच कर सकते हैं।

घटना विश्लेषण को विभिन्न प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है। कभी आन्तरिक अभिलेखों को समीक्षित करके, कभी व्यक्तिगत साक्षात्कार करके और कभी स्थितियों या लोगों को ध्यानपूर्वक अवलोकित करके । कई वर्षों पूर्व, एक कम्पनी ने इसके विक्रय बल की उत्पादकता को सुधारने का निर्णय किया। एक अनुसंधानकर्ता ने इस क्षेत्र के कई सबसे अच्छे विक्रेताओं की तुलना कई खराब विक्रेताओं से करते हुए उन्हें सावधानी पूर्वक अवलोकित किया। इससे निकला कि सबसे अच्छे विक्रेता थोक व्यापारियों के भंडार का निरीक्षण कर रहे थे और चीजों में अंगुलि निर्देश कर रहे जो कम था, छोटे प्रर्दशक इन चीजों में समय नहीं ले रहे थे। विक्रेता बल के साथ इस क्षेत्र में न होने पर, यह अन्तर्दृष्टि संभावित रूप खुली हुई होगी।



व्यावहारिक दृष्टि से अन्वेषणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना के निम्नलिखित उद्देश्य (मैल्होत्रा, 2001) हो सकते हैं।

- एक समस्या को अधिक सटीकता से निरूपित करना ।
- वैकल्पिक रणनीति निर्धारित करना ।
- एक परिकल्पना विकसित करना ।
- प्रमुख चरों को अलग करना और आगे के परीक्षण के लिए सम्बन्ध स्थापित करना ।
- समस्या के एक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए अर्न्तदृष्टि प्राप्त करना।
- आगे अनुसंधान के एिल प्राथमिकताऐं स्थापित करना।

20.9.2 विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना :– विवरणात्मक अनुसंधान कौन, क्या, कब ,कहॉ और कैसे प्रश्नों के उत्तर प्रदान करते हैं । यहॉ पर यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हम अन्तिम रूप से उत्तरों को सुनिश्चित नहीं कर सकते हैं कि क्यों विवरणात्मक अध्ययनों का प्रयोग हो रहा है।

जैसा कि नाम के सुझाव से, विवरणात्मक अध्ययन में किसी स्थिति या घटना का निरीक्षण और अनुसंधान के अर्न्तगत अध्ययन का विवरण सम्मिलित होता है। उदाहरण के लिए एक बाजार स्थिति के लिए विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना के विवरण के लिए कौन, क्या, कब, कहॉ और कैसे निम्नलिखित स्थितियों को सुविचारित किया जा सकता है।

- विशेषताऐं या फलन
- एक विशेष समूह जो एक समान खरीद व्यवहार प्रदर्शित कर रहे हैं में ग्राहकों के प्रतिशत का आंकलन
- उत्पाद विशेषताओं की अभिज्ञता, और
- विशेषता के व्यवहार के आकार का दूसरे की तुलना मे पूर्वानुमान

विवणात्मक अनुसंधान में, आंकडे को एक विशिष्ट एवं निश्चित उद्देश्य के लिए एकत्रित किया जाता है और इसमें अनुसंधानकर्ता द्वारा विश्लेषण एवं व्याख्या सम्मिलित होती है। अन्वेषणात्मक एवं विवरणात्मक अनुसंधान के मध्य अन्तर निम्नवत है।

- विवरणात्मक अनुसंधान विशिष्ट उद्देश्यों के निरूपण द्वारा चित्रित होता है।
- विवरणात्मक अध्ययन अन्वेषणात्मक अनुसंधान की तुलना में लचीलेपन एवं बहुविज्ञता को रोकते हैं।
- जानकारी के श्रोतों के चयन के लिए एवं इन श्रोतों से आंकडे संग्रह के लिए इसमें एक उच्च अंश के विशिष्ट विधि का रूपतामक अभिकल्पना सम्मिलित होती है।

रूपात्मक अभिकल्पना यह सुनिश्चित करने में आवश्यक होती है कि वर्णन में सभी वांछनीय अवस्थाऐं सम्मिलित हैं । इसमे अनावश्यक आंकडे के संग्रह को रोकना भी आवश्यक होता है। जब एक विवरणात्मक अनुसंधान को अभिकल्पित किया जाता है, अनुसंधानकर्ता को उसके द्वारा प्रयोग किये जा रहे सांख्यिकीय तकनीकों के प्रकार एवं प्रकृति का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। यह स्थिति में सही अभिकल्पना के लिए सहायता करेगा।

सामान्यतः विवरणात्मक अध्ययन प्रश्नावली, संरचित साक्षत्कारों एवं अवलोकनों के प्रयोगों से निष्पादित की जाती है। विवरणात्म्क अध्ययनों के परिणाम सीधे तरीके से प्रबन्धकीय निर्णयों के लिए प्रयोग किये जाते हैं।

विवरणात्मक अध्ययन को विस्तृत श्रेणीयों के रूप में निम्नवत वर्गीकृत किया जा सकता है।

- पार अनुभागीय विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना
- अधोमुखी विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना

अधोमुखी अनुसंधान पैनल आंकडा एवं पैनल विधियों मे निर्भर होता है। इसमे एक पैनल लगाया जाता है जिसमें विषयों के प्रतिदर्श लगे होते हैं जो बार बार मापे जाते हैं, उन्हें शामिल करते हैं । पैनल सदस्य वे होते हैं जो अपनी सहमति एक विशिष्ट

अन्तराल में एक विस्तारित अवधि पर प्रदान करते हैं। उदाहरण के लिए, पैनल निर्माण से प्राप्त आंकडों की जानकारी को बाजार प्रतिभूतियों को प्रदान करना समय के विस्तारित अवधि पर आधारित होता हैं, लेकिन यह अनुसंधानकर्ता को समय के ऊपर बाजार प्रतिभूति में परिवर्तन के निरीक्षण की आज्ञा भी देता है। नये सदस्यों को पैनल में सम्मिलित किया जा सकता है। जब वर्तमान सदस्य पैनल को छोड देते हैं या जब सदस्यों का प्रतिनिधित्व बनाऐं रखना होता है। पैनल आंकडा विश्लेषणात्मक होता है और अध्ययन में जानकारी संग्रह के सन्दर्भ में लाभ सम्मिलित होते हैं । इन्हें पार अनुभागीय आंकडों की तुलना में अधिक सटीक सुविचारित भी किया जाता है क्योंकि पैनल आंकडा को पिछले व्यवहार के प्रतिवेदन में उठने वाली त्रुटियों और साक्षात्कार और प्रतिवादी के बीच आवश्यक वार्तालाप के कारण उत्पन्न हुई त्रुटियों से जुडी समस्या को बेहतर तरीके से संभालना होता है।

विवरणात्मक अनुसंधान के कुछ उदाहरण निम्नवत हैं।

- बिक्रीकर्ताओं के विभिन्न विशेषताओं के मापने का अध्ययन, एक प्रशिक्षण कार्यक्रम या खुदरा व्यापार स्थिति ।
- बिक्रीकर्ता या ग्राहक कैसे व्यवहार करते हैं को मापना साथ साथ बिक्री तीव्रता में क्या हुआ है।
- एक विशेष भंडार में खरीददारी करने वाले लोगों की विशेषताओं के बारे में सीखना।
- पूरे वर्ष में बहुसमय में लिया गया संतुष्टि अध्ययन ।

पार अनुभागीय अनुसंधान विपणन में सबसे अधिक प्रमुखता एवं बहुधा प्रयुक्त विवरणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना होती है। इसमें रूचि के समग्र में से एक प्रतिदर्श के तत्व सम्मिलित होते हैं प्रतिदर्श तत्वों को एक गुणों की संख्या में सुनिश्चित किया जाता है। दो प्रकार के पार अनुभागीय अध्ययन होते हैं।

- क्षेत्र अध्ययन और
- सर्वेक्षण

यह दिखाया जा सकता है कि क्षेत्र अध्ययनों एवं कोई अंतर नहीं है लेकिन दोनों समान है। यद्यपि, प्रौद्योगिक कारणों के लिए इन्हें पार अनुभागीय अनुसंधान की दो श्रेणीयों मे वर्गीकृत किया जाता है आधारभूत अन्तर ये अनुसंधान क्या सम्मिलित करते हैं इसकी गहराई निर्भर करता है। जबकि सर्वेक्षण का दायरा वृहद होता है, क्षेत्र अध्ययन में अधिक गहराई होती है। सर्वेक्षण कुछ ज्ञात समग्र के प्रतिनिधित्व को बनाने की कोशिश करता है और क्षेत्रीय अध्ययन बडे प्रतिनिधि के प्रतिदर्श जनन से कम सम्बन्धित होता है और कुछ विशिष्ट परिस्थितियों के गहन अध्ययन से अधिक सम्बन्धित होता है। पार विभागीय अभिकल्पना एक समग्र में से लिये गये प्रतिदर्शों की संख्या के आधार पर या तो एकल या बहु पार विभागीय अभिकल्पना हो सकती है। एकल पार विभागीय अभिकल्पना में, एक प्रतिदर्श प्रतिक्रियादाता को लिया जाता है जबकि बहु पार विभागीय अभिकल्पनाओं में, दो या अधिक प्रतिक्रियादाताओं का प्रतिदर्श लिया जाता है। विशेष रूचि का बहु पार विभागीय अभिकल्पना का एक प्रकार

को हार्ट (दल) विश्लेषण होता है। वर्णनात्मक अनुसंधान या तो मात्रात्मक या गुणात्मक अनुसंधान पद्धतियों की परिभाषा में पूर्णरूप से उपयुक्त नहीं होता है लेकिन इसके बावजूद इसका दोनों तत्वों में प्रायः समान अध्ययन के अन्दर प्रयोग किया जा सकता है। वर्णनात्मक अनुसंधान शब्द अनुसंधान प्रश्न के प्रकार, अभिकल्पना, और आंकडा विश्लेषण जो दिये हुए प्रसंग में प्रयोग होगा का इशारा करता है। वर्णात्मक सांख्यिकीय बताते है कि क्या है, जबकि अनुमानित सांख्यिकीय कारण और प्रभाव को निर्धारित करने की कौशिश करते हैं।

शोधकर्ता द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न का प्रकार अंततः विषय सही आकलन को पूरा करने के लिए आवश्यक दृष्टिकोण का निर्धारण करेगा। वर्णात्मक अध्ययन, मुख्यतः ''क्या है'' को जानने के लिए सम्बन्धित है, निम्न प्रश्नों की जांच के लिए प्रयोग किया जा सकता है। वर्णनात्मक अनुसंधान या तो मात्रात्मक या गुणात्मक हो सकता है । इसमे गुणात्मक जानकारी का संग्रह सम्मिलित हो सकता है जिसे संख्यात्मक रूप में एक सातत्य के साथ सारणीबद्ध किया जा सकता है, जैसे एक परीक्षण में प्राप्तांक या एक व्यक्ति द्वारा एक बहुमाध्यम कार्यक्रम के एक निश्चित विशेषता के चयन मे समय की संख्या या यह जानकारी के श्रेणीयों का वर्णन कर सकती है जैसे लिंग या अन्योन्यक्रिया का सांचा जब एक समूह स्थिति में तकनीक का प्रयोग किया जाता है। (ग्लास एवं होपकिन्स 1984) वर्णात्मक अनुसंधान में आंकडों का एकत्रीकरण सम्मिलित होता है जो घटनाओं का वर्णन करता है और तब संगठित, सारणीबद्ध, प्रदर्शित एवं आंकडा संग्रहण वर्णित होता है। इसमें प्रायः दृश्य प्रसाधन जैसे रेखाचित्र, मानचित्र सम्मिलित होते है। जो आंकडा वितरण में पाठक की समझ को बढाते हैं। क्योंकि मानवीय मस्तिष्क कच्चे आंकडों का पूर्ण आयात नहीं कर सकता है, प्रबंधकीय रूप से आंकडों को कम करने में वर्णनात्मक आंकडे बहुत महत्वपूर्ण होते है। जब गहराई मे, घटनाओं के छोटी संख्या के कथा वर्णन सम्मिलित होते हैं, अनुसंधान विश्लेषण के दौरान उभरने वाले प्रतिरूपों में आंकडों को व्यवस्थित करने के लिए उपकरण के रूप में वर्णन का प्रयोग किया जाता है। ये प्रतिरूप एक गुणात्मक अध्ययन और इसके प्रभावों को समझने मस्तिष्क की सहायता करते हैं। वर्णनात्मक अनुसंधान अभिकल्पना को निम्नरूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।



उपरोक्त प्रदर्शित एक विवरणात्मक अध्ययन के विभिन्न प्रकार विवरण है। पार विभागीय अभिकल्पनाओं जो परम्परागत रूप से सबसे अधिक प्रचलित है और अधोमुखी अभिकल्पनाओं के मध्य आधारभूत अंतर होता है। विशिष्ट रूप से, एक पार

विभागीय अध्ययन में रूचि के समग्र में से प्रतिदर्श के तत्वों को लेना सम्मिलित होता है। तत्वों की विशेषता या प्रतिदर्श सदस्यों की माप एक बार होती है। अधोमुखी अध्ययन में, दूसरी तरफ, एक पैनल सम्मिलित होता है, जो एक नियत तत्वों का प्रतिदर्श होता है। तत्व भंडार, थोक विक्रेता, या प्रतिदर्श समय के माध्यम से अपेक्षाकृत स्थिर रहता है, यद्यपि सदस्यों को छोड गये सदस्यों की जगह सम्मिलित किया जाता है ताकि प्रतिनिधित्व बने रहे । एक अनुभागीय अध्ययन में एक बार माप के विपरीत, एक पैनल में प्रतिदर्श सदस्यों को बार बार मापा जाता है।

अभ्यास :– कुछ अनुसंधान लेखों को अपने विश्वविद्यालय के अध्यापकों के दिशा निर्देश में लिखें। अनुसंधान प्रसंग एवं आंकडे सग्रहण की परिभाषा एवं प्रतिपादन में सम्मलित चरणों को समझने की कोशिश करें। इन लेखों को प्रकाशन के लिए भी भेजें।

20.9.3 कारणात्मक अनुसंधान अभिकल्पना :– कभी कभी प्रबंधकों को एक विशेष क्रिया में एक विशेष परिणाम उत्पन्न करने की संभावना के लिए सशक्त प्रमाणों की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, अगर आप उत्पाद संवेष्टन में परिवर्तन पर विचार कर रहे थे, तो आप इस परिकल्पना का परीक्षण करना चाहेगें: ''अनाज संवेष्टन की पुनरर्चना होती है कि यह उत्पाद के कम और कम होने की संभावना है और इससे उपभोक्ता दृष्टिकोण में सुधार होगा।''

वास्तविक आवश्यक निर्णयों के लिए, कभी कभी हमें वर्णनात्मक अनुसंधान के साथ मिलकर सशक्त प्रमाणों की आवश्यकता होती है। (वर्णनात्मक अनुसंधान का उपयोग करके, हमने यह जान लिया होगा कि उपभोक्ता निर्धारण के बीच एक नकारात्मक सहसंबंध होता है, जो उत्पाद की ओर झुकाव एवं प्रवृत्ति की संभावना होती है, लेकिन बहुत अधिक नहीं।) वर्णात्मक अनुसंधान परिकल्पना परीक्षण के लिए चरों के मध्य सम्बन्धों के बारे में अच्छे होते हैं, लेकिन हमें कारण एवं प्रभाव सम्बन्ध परीक्षण के लिए कारणात्मक अभिकल्पनाओं की आवश्यकता होती है। धारणा के साथ परिचित होता है, विचार होता है कि एक बात दूसरी घटना की ओर ले जाती है। कारणत्व की वैज्ञानिक धारणा अत्यन्त जटिल होती है, यद्यपि वैज्ञानिक हमें बताते हैं कि यह सिद्ध करना असम्भव है कि एक बात का कारण दूसरा होता है स्थापित करें कि चर x, चर y में परिवर्तन को कारण होता है, में शर्तों की संख्या के मिलने की आवश्यकता होती है, उनमें से एक (y के दूसरे सभी सम्भावित कारणों का निष्कासन) हम निश्चित रूप से कुछ भी नहीं जानते है कि हम कितनी सावधानी से हम योजना बना चुके है और शोध का आयोजन करते हैं। प्रयोगात्मक अनुसंधान अभिकल्पनाऐं प्रयोगों के उपयोग के माध्यम से संभावित कारण सम्बन्धों की स्थापना की ओर काम करते हैं।

प्रयोग कारणात्मक अनुसंधान के रूप में : एक प्रयोग कारणों से सम्बन्धों के अधिक विश्वसनीय साक्ष्य प्रदान कर सकता है क्योंकि नियन्त्रण के कारण यह जांचकर्ताओं को प्रदान करता है। एक प्रयोग में, एक अनुसंधानकर्ता कुशलतापूर्वक कार्य करता है। या स्तरों के समूह का एक या एक से अधिक कारणों वाले (स्वतंत्र चर) एक दूसरे या अधिक परिणाम चर पर प्रभाव की जांच करने के लिए, अन्य सभी संभव कारणों के

प्रभावों के लिए निश्चित मात्रा का प्रयास करते हुए, सामान्यतया उन्हें स्थिर रखा जाता है।

कभी कभी हम ''निचली'' या ''अकल्पनाशील'' वातावरण में प्रयोग का संचालन करते है ताकि हम ठीक से नियंत्रण कर सके कि कौन से शोध भागीदार देख सके और अनुभव कर सके । (प्रयोगात्मक विषय कहा जाता है) यह हमें अवलोकित किए गए चर के प्रभाव का पालन करने देता है जबकि अन्य कारकों के प्रभाव का पालन करने देता है। जबकि अन्य कारकों के प्रभाव को कम किया जाता है। प्रयोगों को प्रयोगशाला प्रयोगों या क्षेत्र प्रयोगों के रूप मे आयोजित किया जा सकता हैं प्रयोगशाला प्रयोगों में हमने लगभग निश्चित रूप से तय किया है कि चर हमलों के परिणामों का उत्पादन करते है। क्योंकि हमें सभी कारकों को नियत रख सकते हैं।

एक क्षेत्र प्रयोग एक यथार्थवादी या प्राकृतिक परिस्थितियों में आयोजित एक शोध अध्ययन है। प्रयोगशाला प्रयोगों की तरह, एक या अधिक चर को एक परिणाम चर पर उनके प्रभाव को देखने के लिए कुशलातापूर्वक प्रयोग किया जाता है क्योंकि यह क्षेत्र में आयोजित किया जाता है, आपकों एक प्रयोगशाला अध्ययन की तरह नियंत्रण की मात्रा नहीं लेकिन आप यथा संभव अधिक नियंत्रण करने का प्रयास करेगें।

उदाहरण :– गुच्छीय (बनाम गैर गुच्छीय) यात्रा श्रंखलाओं के लिए उपभोक्ता प्राथमिकताओं का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं ने भी क्षेत्रीय प्रयोग आयोजित किया था। इस स्थिति में, उन निवासियों के साथ प्रयोग किया गया जो वास्तव में उस क्षेत्र में रहते थे। जिनका प्रयोगशाला प्रयोगों के विषयों के लिए प्रतिचित्रण किया गया था। यद्यपि, क्षेत्रीय अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने एक टेलीफोन सर्वेक्षण का प्रयोग किया और छात्रों के घर के पते और खुदरा विक्रेताओं के वास्तविक स्थानों पर अध्ययन के आधार पर अध्ययन किया, जो विषयों के लिए जाना जाता था। उन्होने उनसे यह सोचने के लिए कहा कि खुदरा व्यापारियों को दो प्रकार की यात्राऐं करने की आवश्यकता है और फिर उन्हें दो वैकल्पिक मार्ग (एक जो गुच्छीय था और एक गैर गुच्छीय था) के साथ प्रस्तुत किया। प्रयोगशाला प्रयोग के रूप में, विषयों ने गैर गुच्छीय यात्रा श्रृंखला की तुलना में गुच्छीय यात्रा श्रृंखला के लिए प्राथमिकता व्यक्त की, यद्यपि समग्र यात्रा दूरी उसी बारे में थी।

अभ्यास प्रश्न :– एक कम्पनी उत्पाद के विक्री की गिरावट समस्या विक्रय का सामना कर रही है। इस कम्पनी का प्रबन्धक विक्रय आगम की गिरावट से चिन्तित है और विक्री कार्यकारिणी की संगोष्ठी बुलाता है। इस संगोष्ठी में विक्री की गिरावट के विभिन्न कारणों की व्याख्या हुई थी। विक्रय प्रबन्धक व्याख्याओं से संतुष्ट नहीं होता है और इस समस्या के लिए एक शोध का निष्पादन करता है। आप किस प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पना की सलाह देगें । अपने उत्तर को न्यायसंगत सिद्ध करें।

उदाहरण :– विभिन्न प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पना में आंकडा संग्रहण की सुझायी गयी विधियॉ



20.10 अनुसंधाान अभिकल्पना में त्रुटियॉ

अब हम अनुसंधान अभिकल्पना के प्रकार के बारे में समझ विकसित कर चुके हैं। विशेष रूप से अनुसंधान अभिकल्पना शोधकर्ता और जांच के तरीके के चयन द्वारा अनुसंधान समस्या के निर्माण पर निर्भर करता है। यहॉ तक कि विभिन्न प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पनाओं के व्यापक वर्गीकरण में भी, यह एक व्यक्ति परक प्रक्रिया है जो अभी तक मानकीकृत नहीं हैं। किसी भी चरण का गलत चयन, अनुसंधान अभिकल्पना में त्रुटियों की वजह से हो सकता है जो निम्नवत हो सकते हैं :–

1. **समग्र विशेष में त्रुटि** :– इस प्रकार की त्रुटि घटित होती है जब अनुसंधानकर्ता अनुपयुक्त समग्र या ब्रहमाण्ड का चयन करता है जिससे आंकडें प्राप्त करने हैं। **<u>उदाहरण</u>** :– पैकेज किए गए सामान निर्माता अवसर गृहिणियों का सर्वेक्षण करते हैं, क्योंकि उनसे सम्पर्क करना आसान होता है और यह माना जाता है कि वे यह तय करते है कि क्या खरीदा जाना चाहिए और वे वास्तविक खरीददारी भी करते हैं । इस स्थिति में प्रायः समग्र विनिर्देश त्रुटि होती है। पति खरीदे गए वस्तुओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं, और जो खरीदा जाता है उस पर बहुत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। इस कारण से, प्रतिदर्श से पति को छोडकर गलत दर्शकों का लक्षित परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।
2. **प्रतिदर्शन में त्रुटि** :– प्रतिदर्शन त्रुटि घटित होती है जब एक प्रतिदर्श के चयन मे प्रायिकता प्रतिदर्शन विधि का प्रयोग होता है लेकिन परिणामी प्रतिदर्श सम्बन्धित समग्र का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। दुर्भाग्यवश, प्रतिदर्श त्रुटि के कुछ तत्व अपरिहार्य होते हैं। यह विश्वसनीयता अंतराल के लिए जिम्मेदार हैं, एक संभावना मानते हुए प्रतिदर्शन विधि का प्रयोग किया जाता है। **<u>उदाहरण</u>** :– मान लिजिए कि हमने प्रौढ आबादी से 500 लोगों के एक यादृच्छिक

प्रतिदर्श को जो कि उनकी मनोरंजन वरीयताओं को मापने के लिए एकत्रित किए गये हैं। फिर विश्लेषण पर, इसमें 70 प्रतिशत महिलाऐं पायी गई यह प्रतिदर्श सामान्य वयस्क समग्र का प्रतिनिधि नहीं होगा और आंकडे को प्रभावित करेगा। महिलाओं की मनोरंजन वरीयताओं में अधिक वजन होता है, सामान्य वयस्क समग्र के लिए सटीक बहिर्वेशन को रोकता है। प्रतिदर्शन की त्रुटि का प्रभाव समग्र की समरूपता से प्रभावित होता है प्रतिदर्श में से प्रतिदर्श द्वारा होता है।

3. **प्रतिदर्श चयन मे त्रुटियॉ** :– चयन त्रुटि एक गैर प्रायिकता विधि द्वारा चयनित प्रतिदर्श के लिए प्रतिदर्शन त्रुटि होती है। **उदाहरण :–** एक माल अवरोधन अध्ययन करने वाले साक्षात्कारकर्ता उन उत्तरदाताओं का चयन करने के लिए एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है जो सबसे अधिक सुलभ और अनुदार है जब भी ऐसा करने के लिए अक्षांश हो। ऐसे प्रतिदर्शों मे प्रायः दोस्तों और सहयोगियों को सम्मिलित किया जाता है जो वांछित समग्र के लिए विशेषताओं में कुछ समानताऐं रखते हैं।
4. **गैर प्रभावनीय त्रुटियॉ** :– गैर प्रतिकिया त्रुटि मौजूद हो सकती है जब प्राप्त प्रतिदर्श मूल चयनित प्रतिदर्श से भिन्न होता है। **उदाहरण :–** टेलीफोन सर्वेक्षण में, कुछ प्रतिक्रियादाता अनुपलब्ध होते हैं क्योंकि वे प्रारंभिक काल या वापिस काल के लिए घर पर नहीं होते है। सर्वेक्षण की अवधि के लिए दूसरों ने स्थानांतरित किया है या घर से दूर है, घर पर किसी व्यक्ति के साथ परिवारों की तुलना में काम करने वाली पत्नियों की तुलना में कम से कम कुछ प्रतिक्रियादाताओं का कोई भी छोटा बच्चा नहीं होता है। जो लोग स्थानांतरित हो चुके हैं या सर्वेक्षण अवधि के लिए दूर हैं वे समग्र के औसत की तुलना में अधिक भौगोलिक गतिशीलता रखते हैं, इस प्रकार, अधिकांश सर्वेक्षण प्रतिक्रियादाताओं के गैर संपर्क से त्रुटियों की अपेक्षा कर सकते हैं। ऑनलाइन सर्वेक्षण ई–मेल वितरण के माध्यम से इस त्रुटि से बचने की कोशिश करते हैं। इस प्रकार घर के प्रतिकियाओं को विलुप्त नहीं करना होता है।
5. **माणीय त्रुटियॉ** :– मापन त्रुटि ही माप प्रक्रिया से उत्पन्न होती है, और उत्पन्न की गई जानकारी और शोधकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी के बीच के अन्तर का प्रतिनिधित्व करती है।

उदाहरण 4 :– एक खुदरा भण्डार दहक खरीद पर ग्राहक प्रतिपुष्टि की राय का आंकलन करना चाहती है। सर्वेक्षण विकसित किया जाता है लेकिन भण्डार में खरीददारी वाले लक्षित ग्राहक से विफल रहते हैं। इसके अतिरिक्त जिन ग्राहकों द्वारा वस्तु ऑनलाईन खरीदे गए हैं उनके परिणाम बदले हैं।

20.11 आंकडों के प्रकार एवं आंकडा संग्रहण विधियॉ

अनुसंधान आंकडे विभिन्न प्रकार से एकत्रित किये जा सकते हैं। इन विधियों में से कुछ पद्धति पर और अनुसंधान मे प्रयुक्त अनुमानित अवधारणाओं पर निर्भर होती है। ''त्रिकोणीय'' (डेन्जिन 1978, टामकिन और ग्रूव्स, 1983 द्वारा उद्घृत) द्वारा सैन्य

अध्ययनों से प्रस्तुत एक धारणा को अलग अलग तरीकों के माध्यम से परिणामों की पुष्टि करके अनुसंधान के अध्ययन को अधिक मजबूत और कठोर बनाने का एक तरीका माना गया है जो परिणाम शोध पद्धति का एक कार्य नहीं हैं।

अनुसंधान में दो प्रकार के आंकडे होते हैं :–

1. प्राथमिक आंकडे
2. द्वितीयक आंकडे

पहले बार अनुभव से अवलोकित आंकडे या सीधे एकत्रित आंकडे प्राथमिक आंकडे कहलाते हैं। प्रकाशित आंकडे और पूर्व में किस संस्था द्वारा एकत्रित आंकडे द्वितीयक आंकडे कहलाते हैं। द्वितीयक आंकडे के सामान्य श्रोतों में जनगणनाऐं, संगठन दस्तावेज और गुणात्मक पद्धतियों या गुणात्मक अनुसंधान के माध्यम से आंकडा संग्रहण सम्मिलित होता है। दूसरी तरफ प्राथमिक आंकडे अनुसंधानकर्ता द्वारा अनुसंधान निष्पादन से एकत्रित किये जाते हैं।

आंकडे संग्रहण विधियॉ :– प्राथमिक आंकडे को प्रश्नावली, साक्षत्कार एवं अवलोकन के माध्यम से एकत्रित किया जा सकता है।

(अ) प्रश्नावली एवं सर्वेक्षण विधि :– शार्प एवं होवर्ड (196, पृ 145) के अनुसार, प्रश्नावली ''पिछली शताब्दी से, सूचना एकत्रित करने की एक सामान्य विधि रही है।'' इसे ''पूर्व तैयार किए गए प्रश्नों के लिखित समूह में प्रतिभागीयों का अपने उत्तरों को रिकार्ड करना, सामान्यता काफी हद तक निकटवर्ती परिभाषित विकल्प'' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। (सेकरन 1992, पृ0 200) सर्वेक्षण एक विधि होती है जहॉ प्रश्नावली का प्रयोग आंकडा संग्रहण में किया जाता है। केसवेल (1994) ने एक सर्वेक्षण को ''सवाल पूछने की आंकडा संग्रह प्रकिया, समग्र के कुछ अंशो की एक मात्रात्मक या संख्यात्मक विवरण प्रदान करती है, अर्थात एक प्रतिदर्श जो सामान्तया समग्र से लिया जा सकता है जिसमें से प्रतिदर्श तैयार किया गया था। '' के रूप में परिभाषित है।

(ब) साक्षात्कार :– नाचिमिया एवं नाचिमिया (1996) साक्ष्ज्ञात्कार को एक ''आमने सामने पारस्परिक भूमिका की स्थिति जिसमें एक साक्षात्कारकर्ता प्रतिभागियों से सवाल पूछता है, जो प्रश्नों के आधार पर अनुसंधान परिकल्पनाओं के लिए प्रासंगिक है।'' के रूप मे परिभाषित किया है। यद्यपि सेकरन (1992) हमें याद दिलाता है कि साक्षात्कार के लिए आमने सामने होने की आवश्यकता नहीं होती है इसे टेलीफोन के माध्यम से या यहॉ तक की कम्प्यूटर की सहायता से निष्पादित किया जा सकता है। साक्षात्कार को संरचित या असंरचित (या गैर निर्देशित साक्षात्कार) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है । यद्यपि नाचिमिया एवं नाचिमिया (1996) एक तीसरा वर्ग केन्द्रित साक्षात्कार निर्धारित किया, जो कि संरचित साक्षात्कार का एक विचरण होता है। संरचति साक्षात्कार में, प्रारूप अधिक कठोर होता है और यह माना जाता है कि शोधकर्ता जानता है कि कौन सी जानकारी की आवश्यकता है और इसमें पूर्व निर्धारित प्रश्नों की एक सूची होती है, जिसे वह प्रतिभागीयों से पूछना चाहता है। वही सवाल हर साक्षात्कारकर्ता को दिया जाता है, यद्यपि परिस्थितियों या प्रतिभागियों के उत्तरों

के आधार पर कुछ मामलों में, शोधकर्ता अतिरिक्त प्रश्न पूछे बिना अपने प्रश्न पर पूछकर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकता है।
''इस प्रक्रिया के माध्यम से नए कारकों की पहचान की जा सकती है और परिणामों में गहरी समझ हो सकती हैं।'' (सेकरन 1992) गैर–निर्देशित साक्षात्कार में, शोधकर्ता के पास न तो पूर्व निर्दिष्ट प्रश्नों के समूह की सूची होती है न विशेष क्रम में पूछे जाने वाले प्रश्न होते हैं। शोधकर्ता साक्षात्कारकर्ता को निर्देशित नहीं करता है और इस प्रकार साक्षात्कारकर्ता को अपने अनुभवों को बताने और रूचि के विषय पर उनके दृष्टिकोण और धारणाओं को प्रकट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस पद्वति में, साक्षात्कारकर्ता को विभिन्न क्षेत्रों की जांच करने और साक्षात्कार के दौरान विशिष्ट प्रश्नों को उठाने का अवसर मिलता है।

(स) अवलोकन :– अवलोकन व्यवहार, घटनाओं या उनके प्राकृतिक वातावरण में भौतिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए आंकडों को एकत्रित करने का एक तरीका है। अवलोकन प्रत्यक्ष (प्रत्येक जानता है कि उनको अवलोकित किया जा रहा है) हो सकता है या गुप्त (कोई नहीं जानता है कि उनको अवलोकित किया जा रहा है और अवलोकनकर्ता अप्रकट है)। गुप्त अवलोकन का लाभ होता है कि लोगों के प्राकृतिक व्यवहार करने की अधिक संभावना होती है यदि वे नहीं जानते हैं कि उन्हें अवलोकित किया जा रहा है। यद्यपि, आप को विशिष्ट रूप से प्रत्यक्ष अवलोकन के निष्पादन की आवश्यकता होगी क्योंकि आपके अवलोकन के दुराव से सम्बन्धित नैतिक समस्याऐं होती है। अवलोकन या तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भी हो सकता हैं । प्रत्यक्ष अवलोकन होता है जब आप अन्योन्य प्रतिक्रियाऐं, क्रियाऐं या व्यवहार जो घटित होते को देखते हैं । उदाहरण के लिए एक लिखित पाठ्यक्रम में से एक अध्यापक के पाठ्यविधि को अवलोकित करना निर्धारित करना कि वे ईमानदारी के साथ दे रहे हैं। अप्रत्यक्ष अवलोकन वे होते हैं जब आप अन्योन्यक्रिया के परिणामों प्रक्रियाओं या व्यवहारों को देखते हैं, उदाहरण के लिए स्कूल जलपान घर में छात्रों द्वारा प्लेट अपशिष्ट की मात्रा को मापने के लिए यह निर्धारित करना कि उन्हें एक नया भोजन स्वीकार्य है या नही।

अभ्यास प्रश्न :– निम्नलिखित स्थिति में आप आंकडा संकलन के लिए किस तकनीक का प्रयोग करेंगें ?

- उपभोक्ताओं के संतुष्टीकरण मूल्यांकन के लिए
- छात्र संघ के अध्यक्ष के चुनाव के पूर्व मतदान सर्वेक्षण के लिए
- कर्मियों के कार्य तनाव प्रबन्ध तकनीक के लिए
- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए नई आरबीआई की आर्थिकता पर अधिकारियों की राय को समझना

20.12 अनुसंधान अभिकल्पना में चर

अनुसंधान में, चर एक मापीय विशेषता होती है जो परिवर्तनशील है। यह समूह से समूह तक, व्यक्ति से व्यक्ति तक या समय के साथ ही एक व्यक्ति के भीतर भी परिवर्तित हो सकती है। छः सामान्य चरों के प्रकार होते हैं।

स्वतन्त्र चर : – ये चर ऐसे होते हैं जिनमें अनुसंधानकर्ता का नियन्त्रण होता है। इस ''नियंन्त्रण'' में मौजूदा चर (उदाहरण के लिए, अनुदेश के मौजूदा तरीकों को संशोधित करना) या अनुसंधान वातावरण में नए चर (उदाहरण के लिए, कुछ वर्गों के लिए एक पूरी तरह से नई पद्धति को अपनाने) को शामिल करना हो सकता है अनुसंधानकर्ता अपेक्षा करता है कि स्वतन्त्र चर/चरों का आश्रित चर (सम्बन्ध के साथ) पर कुछ प्रभार पडेगा।

आश्रित चर :– यह स्वतन्त्र चर को चतुराई या शुरू करने के प्रभाव को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, यदि स्वतन्त्र चर ''नई भाषा शिक्षण प्रक्रिया'' का उपयोग करना या न करना हो तो उस प्रक्रिया का उपयोग सिखाया गयी सामग्री एक परीक्षा पर आश्रित चर उपयोगकर्ता का स्कोर हो सकता है। दूसरे शब्दों में, निर्भर चर (शैक्षणिक अंक) में भिन्नता स्वतन्त्र चर (नई शिक्षण प्रक्रिया) में भिन्नता पर निर्भर करती हैं

मध्यवर्ती चर :– यह अमूर्त प्रक्रियाओं का संदर्भ देता है जो प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखे जा सकते हैं लेकिन यह स्वतन्त्र और आश्रित चर को जोडता है। भाषा सीखने और शिक्षण में, वे आमतौर पर विषयों के अंदर होते हैं, जिसमें विभिन्न भाषा सीखने की प्रक्रियाएं शामिल होती है जो शोधकर्ता नहीं देख सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि एक विशेष शिक्षण तकनीक का प्रयोग स्वतन्त्र चर है, तो भाषा सीखने की प्रक्रियाएं उन विषयों द्वारा उपयोग की जाती है जो मध्यवर्ती चर हैं।

मध्यस्थ चर :– ये ऐसे चर हैं जो हस्तक्षेप करने वाले चर (चरों) के प्रभाव को संशोधित करके स्वतन्त्र और निर्भर चर के बीच सम्बन्ध को प्रभावित करते हैं। बाहरी चर के विपरीत, TESL और भाषा अधिग्रहण अनुसंधान में मध्यस्थ चर (जब वे अध्ययन के सकेंद्रित नहीं हैं) में लिंग, आय, संस्कृति या विषयों की भाषा दक्षता सम्मिलित होती है।

नियंत्रण चर :– भाषा सीखना और शिक्षण बहुत जटिल प्रक्रियाऐं हैं। एक अध्ययन में प्रत्येक चर पर विचार करना सम्भव नहीं है। इसलिए, वे परिवेश जिन्हें अलग अलग अध्ययन में मापा नहीं जाता है, उन्हें निरंतर, निष्पक्ष/संतुलित या समाप्त किया जाना चाहिए, इसलिए अन्य चर पर उनके पक्षपाती प्रभाव नहीं होंगें। चर जिन्हें इस तरह नियंत्रित किया गया है उन्हें नियंत्रित चर कहा जाता है।

बाह्य चर :– इन शोध परिवेश में वे कारक होते हैं जिनका आश्रित चर पर प्रभाव पड सकता है, लेकिन जो नियंन्त्रित नहीं है, बाह्य चर खतरनाक है वे खगोल की वैधता को नुकसान पहुॅचा सकते हैं, यह जानना असंभव है कि क्या प्रभाव स्वतन्त्र और मध्यस्थ चर या कुछ बाहरी कारकों के कारण होता है । यदि उन्हें नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, तो परिणामों की व्याख्या करते समय कम से कम चर को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

20.13 प्रतिदर्शन एवं उनके अनुप्रयोग

आयोजित किसी भी शोध में, लोगों, स्थानों और चीजों का अध्ययन किया जाता है। उन लोगों, जगहों और चीजों के पूरे समग्र का अध्ययन करने का अवसर एक प्रयास होता है कि अधिकतर शोधकर्ता के पास समय और या धन नहीं होता है। इस सीमा को प्रतिदर्शन और सांख्यिकीय तकनीकों से दूर किया जाता है। अनुसंधान

अभिकल्पना में हमें प्राथमिक आंकडे के लिए आंकडे के श्रोत को भी निर्दिष्ट करना होगा। प्रतिदर्श पूरे समग्र की विशेषताओं का आकलन करने के लिए सांख्यिकीय समग्र के भीतर से व्यक्तियों के एक उपसमूह के चयन से सम्बन्धित है। एक प्रतिदर्श समग्र का प्रतिनिधि समूह होता है।

प्रतिदर्शन प्रक्रिया मे निम्नलिखित चरण सम्मिलित होते हैं :–

1. समग्र को परिभाषित करना
2. एक प्रतिदर्श रूपरेखा को निर्दिष्ट करना
3. एक प्रतिदर्शन विधि को निर्दिष्ट करना
4. प्रतिदर्श आकार निर्धारित करना
5. प्रतिदर्शन योजना का क्रियान्वयन करना
6. प्रतिदर्शन एवं आंकडा संग्रहण

एक अध्ययन में व्यक्तियों का चयन करने के लिए शोधकर्ताओं के लिए कई विभिन्न प्रतिदर्शन विधियॉ उपलब्ध होती हैं। प्रतिदर्शन पद्धति दो श्रेणीयों में आती हैं :

1. **प्रायिकता प्रतिदर्शन** :– समग्र में प्रत्येक व्यक्ति ज्ञात होता है और प्रत्येक के चयनित होने की निश्चित प्रायिकता होती है। यह यादृच्छिक प्रक्रिया प्रतिदर्श प्रत्येक व्यक्ति की प्रायिकता का आधार होता है। प्रायिकता प्रतिदर्शन के कुछ उदाहरण हैं :

(अ) **सरल यादृच्छिक प्रतिदर्श** :– समग्र में प्रत्येक वस्तु निर्धारित होती है और प्रत्येक वस्तु की प्रतिदर्श में चयन की समान सम्भावना होती है। प्रत्येक वस्तु का चयन प्रत्येक दूसरे वस्तु के चयन से स्वतन्त्र होता है। एक वस्तु का चयन दूसरे वस्तु के चयन की सम्भावना को प्रभावित नहीं करता है।

(ब) **सुनियोजित यादृच्छिक प्रतिदर्शन** :– समग्र में प्रत्येक वस्तु निर्धारित होती है, और प्रत्येक वस्तु का प्रतिदर्श में होने की समान सम्भावना होती हैं।

(स) **स्तरीकृत यादृच्छिक प्रतिदर्शन :–** समग्र में प्रत्येक वस्तु निर्धारित होती है, प्रत्येक वस्तु ज्ञात है, प्रतिदर्श में होने की कोई भी सम्भावना नहीं हैं इसे प्रयोग किया जाता है जब अनुसंधानकर्ता जानता है कि रूचि के अनुसार समग्र में उप समूह (स्तरित) है।

(द) **गुच्छीय प्रतिदर्शन** :– गुच्छीय प्रतिदर्श्ज्ञन समग्र में इकाईयों को देखता है क्योंकि न केवल कुल समग्र के सदस्य है अपितु स्वाभाविक रूप से सदस्यों के समग्र के भीतर समूहों को लेना। उदाहरण के लिए पडोस, ब्लॉक और आवास संरचना के शहर निवासी।

2. **गैर प्रायिकता प्रतिदर्शन :–** समग्र पूर्ण रूप से ज्ञात नहीं होता है इस प्रकार एकल प्रायिकताऐं ज्ञात नहीं की जा सकती है। व्यावहारिक बुद्धि या सहुलियत का प्रतिदर्श चयन में प्रयोग किया जाता है, लेकिन पक्षपात दूर करने के लिए प्रयास किये जाते हैं और प्रतिदर्श प्रतिनिधित्व बनाया जाता है। गैर प्रायिकता प्रतिदर्शन के कुछ उदाहरण हैं।

(अ) **सहुलियत प्रतिदर्श** :– को ''सांयोगिक प्रतिदर्श'' या ''सडक में आदमी'' प्रतिदर्श भी कहा जाता है। अनुसंधानकर्ता इकाईयों का चयन करता है जो उचित , हाथ में हैं, पहुॅच में आसान है इत्यादि ।

(ब) **सउद्देश्य प्रतिदर्श** :– अनुसंधानकर्ता कुछ मस्तिष्क में उद्देश्य के साथ इकाईयों का चयन करता है, उदाहरण के लिए विद्यार्थी जो परिसर छात्रावास में निवास करते हैं, या शहरी विकास में विशेषज्ञ ।

(स) **अंश प्रतिदर्श** :– अनुसंधानकर्ता विभिन्न प्रकार के इकाईयों के लिए हिस्सों का निर्माण करता है। उदाहरण के लिए, एक माल में निर्धारित संख्या के दुकानदारों का साक्षात्कार, जिसमें आधे पुरूष हैं और आधे महिला हैं।

20.14 अनुमान का परिचय

अनुसंधान अभिकल्पना अनुसंधान उपसंहार के बारे में कुछ अवधारणााओं पर आधारित होता है। इस अवधारणा का परीक्षण मानक प्रक्रिया और आंकडे प्रयोग द्वारा किया जाता है। अभिकल्पना अनुसंधान अवधारणा होती है जो अनुसंधान अभिकल्पना को दिशा निर्देश देती है। एक अनुमान या व्याख्या (सिद्धान्त) जिसे कुछ घटनाओं या घटनाओं की व्याख्या के लिए अस्थायी रूप में स्वीकार किया जाता है और आगे की जॉच के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कहा जाता है, अनुमान है। एक अनुमान को सही या गलत सिद्ध किया जा सकता है, और इसे निराकरण के योग्य होना चाहिए। यदि यह तथ्यों द्वारा निराकरण करने के पश्चात समान रहती है, इसे सत्यापित या मंडित कहा जाता है। सांख्यिकीय में इसे एक समग्र की निश्चित विशेषता के बारे में एक अवधारणा के रूप में परिभाषित किया जाता है। यदि यह एक समग्र के प्रत्येक प्राचल के लिए मानों को निर्दिष्ट करता है, इसे सरल अनुमान कहा जाता है, यदि नहीं, एक संयोजित अनुमान है। यदि यह दो प्रतिदर्श माध्यों के मध्य अन्तर को अमान्य घोषित करने का प्रयास करता है (संकेत द्वारा कि सांख्यिकीय अंतर महत्वपूर्ण नहीं है) इसे एक शून्य परिकल्पना कहा जाता है।

20.15 सारांश

इस इकाई में हमें अनुसंधान अभिकल्पना की अवधारणा को सीखा। विभिन्न प्रकार के अनुसंधान अभिकल्पनाओं को भी अध्ययन किया। एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना के मापदण्ड और चरों के प्रकारों का वर्णन किया। आंकडा संग्रहण विधि किसी अनुसंधान अभिकल्पना का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। हमने सर्वेक्षण, साक्षात्कार एवं अवलोकन के रूप में आंकडे संग्रहण की तीन महत्वपूर्ण विधियों के बारे में सीखा।

20.16 शब्दावली

ज्ञान शास्त्र : ज्ञान की खोज पर मूलभूत गुछ्दे के साथ्ज्ञ व्यवहार करता है कि ज्ञान कैसे प्राप्त किया जाय और इसका परीक्षण एवं सत्यापन किया जाना चाहिए।

रचनावादी : यह जांच के गुणात्मक तरीके पर जोर देता है और तर्क देता है कि मात्रात्मक विधि की तुलना में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है।

त्रिकोणीय सर्वेक्षण : यह गुणात्मक एवं मात्रात्मक विधि के एक साथ और क्रमिक उपयोग का सुझाव देता है।

विश्लेषण : पिछली स्थितियों का उपयोग करता है जो वर्तमान शोध समस्या के समान है।

फोकस समूह : असंगठित, सहज चर्चा के माध्यम से एक मध्यस्थ द्वारा एकत्रित और निर्देशित लोगों के (8–12) छोटे समूहों को शामिल करता है।

परिकल्पना : समग्र के विशेष गुण के बारे में एक अवधारणा जिसका सांख्यिकीय रूप मे परीक्षण करना है ।

20.17 बोध प्रश्न

बहु विकल्पी प्रश्न

1. एक अनुसंधान अभिकल्पना क्या है।

   (क) अनुसंधान निष्पादन का एक मार्ग जो सिद्धान्त पर आधारित नहीं होता है।

   (ख) गुणात्मक या मात्रात्मक विधियों के प्रयोग के मध्य विकल्प

   (ग) वह ढंग जिसमें आप अपनी अनुसंधान परिणाम प्रदर्शित करते हैं, उदाहरण के लिए आलेख

   (घ) प्रत्येक चरण के लिए आंकडों का संकलन एवं विश्लेषण की एक बनावट

2. यदि एक अध्ययन ''विश्वसनीय'' है, इसका अर्थ कि :

   (क) यह एक प्रतिष्ठित शोधकर्ता द्वारा आयोजित किया गया था जिस पर विश्वास किया जा सकता है।

   (ख) अवधारणाओं के लिए तैयार उपाय विभिन्न अवसरों पर स्थित है।

   (ग) परिणामों को दूसरे सामाजिक परिस्थितियों में सामान्यीकृत किया जा सकता है।

   (घ) अनुसंधान को दोहराने के लिए विधियों को स्पष्ट रूप से पर्याप्त बताया गया हो।

3. समस्या में अंतदृष्टि प्राप्त करने के लिए निम्न में से कौन से शोध अभिकल्पना का उपयोग किया जाता है।

   (क) अन्वेषी

   (ख) विवरणात्मक

   (ग) कारणात्मक

   (घ) उपरोक्त में कोई नहीं

4. कौन सी शेध अभिकल्पना का कथन

   (क) सर्वेक्षण

   (ख) मानवजाति वर्णन

   (ग) प्रयोगात्मक

   (घ) घटना

5. निम्न में से कौन सी त्रुटि का अध्ययन किया जा रहा है जो समग्र एवं प्रतिदर्श आकार की एकरूपता से प्रभावित होता है।
   (क) समग्र विशिश्टिकरण त्रुटि
   (ख) चयन त्रुटि
   (ग) प्रतिदर्शन त्रुटि
   (घ) गैर प्रतिक्रिया त्रुटि
6. निम्न में से कौन सी विधि का प्रयोग प्राथमिक आंकडा संकलन के लिए किया जाता है।
   (क) सर्वेक्षण
   (ख) साक्षात्कार
   (ग) अवलोकन
   (घ) उपरोक्त सभी
7. अनुसंधान में प्रतिदर्शन को क्यों किया जाता है।
   (क) अनुसंधान के लागत को कम करने के लिए
   (ख) अनुसंधान को समय के अन्दर पूर्ण करने के लिए
   (ग) समग्र के सभी सदस्यों की सुलभता की सीमाओं को हटाने के लिए
   (घ) उपरोक्त सभी

20.18 बोध प्रश्नों के उत्तर

1. घ
2. घ
3. क
4. ग
5. ग
6. घ
7. घ

20.19 स्वपरख प्रश्न

1. अनुसंधान अभिकल्पना क्या है ? इसके महत्व को समझाइयें।
2. एक अच्छे अनुसंधान अभिकल्पना के लक्षणों का वर्णन करें।
3. एक अनुसंधान अभिकल्पना निष्पादन के चरणों का वर्णन करें।
4. निष्पक्षता क्या है। इसकी अनुसंधान अभिकल्पना में आवश्यकता का वर्णन करें।
5. अनुसंधान अभिकल्पना में चरों द्वारा आपका क्या अर्थ है? वर्णन करें।
6. कारणात्मक अध्ययनों द्वारा आप क्या समझते हैं?
7. अनुसंधान अभिकल्पना में फोकस समूह से आप क्या समझते हैं?
8. अन्वेषी अनुसंधान अभिकल्पना की व्याख्या करें और इसके लक्षणों का वर्णन करें।
9. एक अनुसंधान अभिकल्पना के प्रमुख अंगों का वर्णन करें।

10. एक अनुसंधान अभिकल्पना के प्रमुख अंगों का वर्णन करें।
11. साक्षात्कार द्वारा आप क्या समझते हैं? साक्षात्कार के कितने प्रकार होते हैं? वर्णन करें।
12. एक अवलोकन क्या होता है? व्यवसाय अनुसंधान में इसके गुणों एवं सीमाओं का वर्णन करें।
13. एक अनुसंधान में त्रुटियों के संभावित श्रोत क्या होते हैं ? उदाहरण के साथ वर्णन करें।
14. प्रयोगात्मक अभिकल्पना द्वारा आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं का वर्णन करें।

20.20 संदर्भ पुस्तकें

1. क्रेसवेल, जान , डब्ल्यू (2008) अनुसंधान अभिकल्पना, गुणात्मक, मात्रात्मक एवं मिश्रित विधियॉ पहुॅच मार्ग। न्यूवरी पार्क, सी0ए0 सेज प्रकाशन
2. मर्कजाक, जी0आर0 डेमटेयों, डी0एवं फेसटिनजर डी0 (2005), अनुसंधान अभिकल्पना एवं प्रणाली के मूलभूत, न्यूर्याक शहर, एन0वाय0 बिले।
3. इथराइड, डान ई0, (2004) । व्यावहारिक अर्थशस्त्र में अनुसंधान प्रणाली, दरियागंज, नई दिल्ली , बिले ब्लैक बैल ।
4. वर्घ , डी0 एवं केचन, डी0 (2009) रणनीति एवं प्रबन्ध में अनुसंधान प्रणाली, बिंगले, रू0 के0 एममारैड प्रकाशन समूह
5. सी0आर0कोठारी, अनुसंधान प्रणाली : न्यू ऐज, नई दिल्ली ।
6. एन0के0 मैल्होत्रा , विपणन अनुसंधान : पियरसन्स , नई दिल्ली।

इकाई–21 माप एवं परिमाण तकनीके

इकाई की रूपरेखा

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- शोध में माप की आवधारणा की व्याख्या कर सकें।
- परिमाप पैमाने के प्रकार को समझ सकें।
- परिमाप के विकास की प्रक्रिया की व्याख्या कर सकें।
- अच्छे परिमापन के पैमाने के विभिन्न मुद्दों को समझ सकें।

21.1 प्रस्तावना

जैसा कि गैलीलियो ने कहा है कि, ''जो परिमाप करने योग्य पैमाना हो उसकी गणना करो और जो परिमाप योग्य नही हो, उसे माप के योग्य बनाया जाये ।'' प्रभावित करने वाली वस्तुओं का परिमाप ही शोध का एक महत्वपूर्ण पहलू है जिन्हें अनुसंधान नमूना में बताया गया है। परिमापन वह प्रक्रिया है जिसमें अध्ययन की कुछ घटनाओं या सम्पत्ति का वर्णन किया जाता है जो कि अक्सर विश्सनीय एवं वैध तरीके से ही किया जाता है। संख्याएं मापी जा रही संपत्ति के बारे में जानकारी गुणों के गुणात्मक पहलुओं की मात्रा जानने योग्य हो जाते है। जहाँ संख्याओं का उपयोग किया जाता है, वहाँ अनुसंधानकर्ता संख्या निर्धारित करने के लिये यह निमय बना लेना चाहिये कि उस

संख्या को अवलोकन हेतु इस भांति लिया जाय कि सही विवरण प्राप्त हो सके । यह ध्यान देने योग्य है कि हम शोध में जो कुछ भी निष्कर्ष निकालते हैं वह व्यक्ति या राज्य की वस्तु नीं है बल्कि उस विषय वस्तुत की विशेषताएं है। उदाहरण स्वरूप किसी शोध की रूपरेखा ग्राहकों का संतुष्टि का स्तर नापना है तो हम संतुष्टि स्तर मापेंगे न कि ग्राहक को। हम कभी भी व्यक्तियों का आकलन नहीं करते हैं, केवल उनकी आयु, कद, वजन, आय या कुछ अन्य विशेषताओं का ही आकलन करते हैं।

प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि आकलन किस प्रकार किया जाना चाहिये? प्रभावित घटनाओं के असर का अवलोकन करने के लिये हमें एक उपयुक्त पैमाने की आवश्यकता होती है। विशेष रूप से व्यावसायिक अनुसंधान में परिमाप के लिये पैमानों का निर्माण किया जाता है। यह प्रक्रिया जिसके द्वारा परिमाप के लिये पैमाना तैयार किया जाता है उसे स्केलिंग या परिमापन कहते हैं। स्केलिंग एक व्यापक रूप से परिभाषित शाश्वत निरंतरता है जिस पर मापी गयी वस्तुंए स्थित होती हैं (पीटरसन 2000)/ पैमाना एक वह उपकरण ह जो मूल्यों की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो कि मापे जा रहे विभिन्न मूल्यों की अवधारणा के अनुरूप है। संबंधित नियम इस तरह से संकेत देते हैं कि पैमाने पर एक निश्चित मूल्य एक अवधारणा की कुछ वास्तविकता से संबंधित है।

उदाहर स्वरूप, सर्वेक्षण में यदि कोई अनुसंधानकर्ता किसी विक्रय प्रबंधक से विक्रय प्रतिनिधियों की ईमानदारी के संबंध में प्रश्न पूँछता है। तो उसका प्रत्युत्तर प्रश्यन के उत्तर द्वारा संलेखित किया जावेगाः–

"आपके विक्रय प्रतिनिधि पर आपको कितना विश्वास है उसी आधार पर संख्या 1 से 7 निर्धारित करें। यदि विक्रय प्रतिनिधि पूरी तरह से अविश्वसीय के रूप में जाना जाता है, तो संख्या 1 निर्धारित करें, यदि विक्रय प्रतिनिधि पूरी तरह से ईमानदार मालूम पड़ता है तो संख्या 7 निर्धारित करें।" विक्रय प्रतिनिधि के विश्वास के क्रम को निर्धारित करने के लिये प्रत्युत्तर में 1 से 7 तक उपयुक्त संख्या का चयन करें। इस मापक्रम में हम बिक्री कार्यपालकों से लेकर बिक्री प्रबंधक के विश्वास को नापतौल कर रहे हैं। प्रशिक्षकों द्वारा छात्रों के ग्रेड आवंटित करने के तरीके के बारे में सोचर भी माप को उद्धृत किया जा सकता है। कक्षा में छात्र द्वारा किये गये प्रदर्शन का मापदण्ड होता है श्रेणी । जिन छात्रों ने कक्षा में अधिक अच्छा प्रदर्शन किया है उन्हें कम प्रदर्शन करने वालों की अपेक्षा अधिक अच्छी ग्रेडिंग (श्रेणी) जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है, मापन प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये अनुभवजन्य प्रणाी में घटनाओं या वस्तुओं के मध्य वर्तमान संबंधों का संख्यात्मक व्यवस्था के नियमों के साथ सीधा संबंध होना चाहिये। यदि यह अनुरूपता गलत तरीके से पेश्ख की गयी है तो माप संबंधी त्रुटि हुयी है। मापन प्रक्रिया में विभिन्न पहुलुओं से नापी गयी संख्या के प्रादुर्भाव को शब्द संख्या इंगित करती है। आंकड़ों का विश्लेषण एक सांख्यिकीय प्रक्रिया है जिसको उपयोग स्केल का प्रयोग करते हुये आंकड़े उत्पन्न करने में किया जाता है। अतः सभी मापों को संख्या लागू करके मात्रात्मक शर्तों के परिवर्तित किया जाना चाहिये । अतः मापतौल की परिभाषा स्वीकार्य संख्यात्मक जोड़–तोड़ के प्रकार पर कुछ प्रतिबंध लगाती है। इस इकाई के आगे के भाग में मापतौल के प्रकारों एव तरीकों के बारे में व्याख्या की जायेगी।

21.2 अनुसंधान में मापतौल क्या है ?

एक अनुसंधानकर्ता को मापतौल किस प्रकार किया जायेगा यह जानने के पहले इस बात की जानकारी होना आवश्यक है कि क्या मापा जाना है। परिभाषा प्रक्रिया की समस्या को उन अवधारणाओं के विषय में बताना चाहिये जिन्हें मापा जाना है। जैसा कि पिछली इकाई में भी बताया जा चुका है, एक साधारण विचारधारा अवधारणा हो सकती है जोकि आयु, लिंग, शिक्षा और बच्चों

की संख्या जैसी अवधारणाओं के अर्थ का प्रतिनिधित्व करती है। इस प्रकार माप तौल या परिभाषा में थोड़ी बहुत परेशानी आ सकती है। अन्य अवधारणाएं अधिक संक्षिप्त है। ईमापनदारी, व्यक्तित्व, चैनल शक्ति, विश्वास,निगम संस्कृति, ग्राहक संतुष्टि, उपयोगिता जेसी अवधारणाओं को मापना और उन्हें परिभाषित करना दोनों ही दुरूह कार्य है। उदाहरण स्वरूप, ईमानदारी को केवल ग्राहक द्वारा दी गयी जानकारी (व्यक्ति द्वारा किसी एक प्रतिद्वंदी साख / स्टोर से खरीदारी के आधार पर) एवं प्रतिबद्धता (वह स्तर जहां ग्राहक किसी साख या स्टोर के साथ व्यवसाय करने हेतु बलिदान करेगा । के आधार पर ही परखा जा सकता है। अतः हम देख सकते हैं कि ईमानदारी के अन्तर्गत दो अवयव सम्मिलित हैं, पहला स्वभाव संबंधी है और दूसरा व्यवहार के संबंधित है। जब हम परिवर्तनशीलता को मापतौल करने का चयन करते हैं, तो इस परिवर्तनशीलती के अन्तर्गत स्थापित अवधारणा को समझना आवश्यक हो जाता है। प्रभावित करने वाली वह चर वस्तुएं हैं जिन्हें हम मापते हैं, नियंत्रित करते हैं । प्रभावित करने वाली वह चर वस्तुएं हैं जिन्हें हम मापते हैं, नियंत्रित करत ेहैं या अनुसंधान में इनके साथ जोड़ –तोड़ से पहले उनको अवधारणा में परिभाषित होना आवश्यक है। जैसा कि पहले भी चर्चा की जा चुकी है कि चर (प्रभावित करने वलाी वस्तुओं) की विभिन्न परिभाषाएं :–

- **सैद्धान्तिक परिभाषा** :– इस प्रकार की परिभाषा का उपयोग शब्दावली में सिद्धान्तों अवधारणा या निर्माण हेतु सामान्यतः प्रयोग कियाक जाता है। इस प्रकार की परिभाषाएं सामान्य प्रकार की होती हैं ओर इनका उपयोग संकल्पना या विचारधारा को समझने हेतु किया जाता है।
- **परिचालन संबंधी परिभाषा** :– यह परिभाषा इसकी व्याख्या करती है कि अनुसंधान करते समय प्रभावशाली वस्तुओं को किस प्रकार मापा जाए। यह संकल्पना या चर वस्तुओं का अर्थ निर्धारित करती है और यह सुनिश्चितता प्रदान करती है कि इसके परिचालन में किस तरह के कार्यों की आवश्यकता होगी।

कभी–कभी, एक अकेला चर एकल विचारधारा को परिभाषित नहीं कर सकता है। एक विचारधारा को मापने में बहुत सारी वस्तुओं की आवश्यकता होती है। इस परिप्रेक्ष्य में रचनात्मकता का प्रयोग होता हैं निर्माण या रचना एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग अवधारणाओं के लिये किया जाता है एवं कई चरों या प्रभावित करने वाली वस्तुओं के साथ जिसकी माप –तौल की जाती है। उदाहरणार्थ, व्यापार का अनुसंधानकर्ता विक्रय अभिकर्ता के ग्राहक उन्मुखीकरण को मापने की इच्छा रखता है, विभिन्न चरों का उपयोग इसी प्रकार किया जा सकता है, सभी को 1 से 5 के पैमाने पर मापा जाना चाहिये :–

1 वह उत्पाद प्रस्तावित होना चाहिये जिससे ग्राहक की समसया का सबसे अधिक प्रभावी ढंग से समाधान हो रहा हो।

2 एक अच्छे कर्मचारी के दिमाग में ग्राहक के अच्छे हितों का ध्यान होना चाहिये।

3 यह जानने का प्रयास किया जाना चाहिये कि किस प्रकार के उत्पाद ग्राहक के लिये लाभप्रद होंगे।

अभ्यास करनाः– संगठन के काम काज पर अनुपस्थिति के प्रभाव की जानकारी प्राप्त करने के लिये विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का समावेश किया जाना चाहिये । मानव संसाधन प्रबंधकों से इस प्रकार के प्रश्न पूँछे जाने चाहिये । जवाब मिलने के बाद उत्तरदातोां द्वारा दिये गये जवाब की व्याख्या की जानी चाहिये।

21.3 परिमाप क्या है ?

परिमाप निरन्तरता की वह प्रक्रिया है जिसके आधार पर मापी गयी वस्तुओं की विशेषाएं स्थापित होती है। अनुसंधानकर्ता एक प्रक्रिया के माध्यम से अवधारणा को मापता है जिसे संचालन प्रक्रिया कहा जाता है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत तादाक्य स्थापित करने वाले वह पैमाने आते हैं जो अवधारणा में भिन्नता के अनुरूप है। परिमाप से उस मूल्यों की प्राप्ति होती है जो मापी जा चुकी अवधारणा में विभिन्न मूल्यों के अनुरूप होते हैं दूसरे शब्दों में, परिमाप से अनुरूप नियमों की प्राप्ति होती है। उदाहरण के लिये, एक परिमाप पद्धति के व्यक्तियों की बर्हिमुखता के स्तर का अनुमान भी सम्मिलित होना चाहिये, या उत्पादों की जांची परखी गुणवत्ता सम्मिलित होनी चाहिये। परिमाप के कुछ तरीके निरंतरता पर परिण की अनुमति देते हैं, जबकि अन्य तरीकों से केवल संस्थाओं के सापेक्ष आदेश ही प्राप्त होते हैं।

परिमाप के विस्तार के लिये उठाये जाने वाले कदम इस प्रकार हैः–

1 अवधारणा या अवधारणओं की परिभाषा का आकलन किया जाना चाहिये।

2 अवधारणा के घटकों की पहचान करना,

3 देखने योग्य और मापनीय वस्तुओं के नमूने का विनिर्देश (संकेतक या परोक्षी प्रभावित करने वाली वस्तुएं) जो अवधारणा के घटकों का प्रतिनिधित्व करते हैं,

4 अवधारणा को मापने हेतु उपयुक्त प्रणाली का चुनाव

5 वस्तुओं का एक समग्र पैमाने में संयोजन, जिसे एक उपकरण के रूप में जाना जाता है, जो कि प्रत्युत्तर में अवधारणा को मापने के साधन के रूप में कार्य करता है,

6 नमूने के लिये व्यवस्थापित साधन जमाना और प्रतिद्वन्दी की जानकारी का मूल्यांकन करना।

7 विश्वसनीयता एवं वैधता का आकलन , तथा आवश्यकतानुसार संशोधित साधन।

21.4 एक अच्छे पैमाने के मानदंड

एक अच्छी मापतौल की व्याख्या करने के लये पॉच प्रमुख मानदंड निर्धारित :–

विश्वसनीयता :– माप की आन्तरिक निरंतरता का सूचक है विश्वसनीयता। विश्वसनीयता को समझने के लिये भी चाभी निरंतरता है। कोई माप विश्वसनीय तब हो जाती हे जब किसी चीज को मापने के विभिन्न प्रयासों का परिणाम एक जैसा ही होता है। उदाहरणार्थ, एक परीक्षा पर विचार करें जिसके तीन भाग हैः– 25 बहु विकल्पीय प्रश्न, 2 निबंधात्मक प्रश्न ओर एक लघु प्रश्न। यदि एक छात्र 25 में से 20 (80 प्रतिशत) बहुविकल्प प्रश्न सही करता है, तो हम यह आशा करते हैं कि निबंधात्मक प्रश्न में भी उसे 80 प्रतिशत अंक प्रा एवं तीसरे भाग का भी यही अनुपात अपेक्षित होगा। आगे, यदि एक प्रोफेसर के द्वारा किये गये अनुसंधान परीक्षण विश्वसनीय है, तो छात्रों को उन सभी परीक्षणों में सुसंगत अंक प्राप्त होंगे। दूसरे शब्दों में, एक छात्र जिसे पहली परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त होते हैं उसके बाद वाले अन्य सभी परीक्षाओं में भी 80 प्रतिशत के आस पास ही अंक आने चाहिये। यह परीक्षा की स्थिरता है। क्या बार–बार परीक्षा दने में वह समान अंक लाता है। विश्वसनीयता का मूल्यांकन सामान्य रूप से सह–संबंधों की गणना करके की जाती है, और हम सदैव मजबूत एवं सकारात्मक मूल्यों की ओर देखते हैं।

परीक्षा– पुनः परीक्षा विश्वसनीयता :– इसमें लोगों के एक समूह की परीक्षा के दो प्रशासन के अंकों को सहसंबंधित करना शामिल है। जिन लोगों को पहली बार में अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। उन्हें दूसरी, तीसरी बार भी इसी प्रकार समान अंक प्राप्त करने चाहिये।

समानांतर स्वरूप विश्वसनीयता :–इसमें एक ही परीक्षा के दो भिन्न संस्करणों के अंकों का सहसंबधं शामिल है (लोग –ए संस्करण में सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हैं उन्हें दूसरे संस्करण में भी सर्वोच्च अंक प्राप्त करना चाहिये।

आधी बंटी हुई विश्वसनीयता :– इसमें परीक्षा के आधे भाग पर प्राप्तांकों का सह संबंध । विषम क्रमांकित वस्तुएं) दूसे आधे भाग में प्राप्तांकों के साथ, शामिल है (जैसे– समक्रमांकित वस्तुएं) पहले आधे में सर्वाधिक प्राप्त अंकों का तालमेल इसमें आधे भाग में प्राप्त सर्वोच्च अंकों से होना चाहिये ।

सांख्यिकी विश्वसनीयता :– इस संभावना की व्याख्या करती है कि जो परिणाम प्राप्त हुआ है वह ''मौके'' के कारण प्राप्त हुआ और यदि संभावना कम है (जैनादुई संख्या $P<.05$) तो हम कहते हैं कि यह वास्तविक परिणाम है (जैसे मौके पर आधारित नहीं है, अतः यदि परीक्षण पुनः किया गया तो पुनः प्राप्त होने की संभावना है। साहित्य में महत्वपूर्ण परिणामों की तलाश करते समय हम पढ़ते हैं (दो समूहों में महत्वपूर्ण अन्तर सांख्यिकी विश्वास भिन्नता है।

वैधता :– वैधता माप की सटीकता है या उस सीमा तक जहाँ तक सचमुच प्राप्तांक एक अवधारणा का प्रतिनधित्व करते हैं दूसरे शब्दों में हमने जो कुछ भी मापने का सोचा है या हम उतनी सटीकता से उसे माप रहे हैं। यह अर्थपूर्ण है या परीक्षण की सटीकता है– क्या जो मापना चाह रहे थे, उसी का परीक्षण किया जा रहा हैं।

- कुद मानदंडों की पहचान करके मूल्यांकन किया जाता है। (जैसे – व्यवहार का परीक्षण पूर्व में होकर लेना चाहिये ।
- परीक्षण की भविष्यवाणी वैधता मानदंडों पर प्राप्तांक के साथ परीक्षा में प्राप्तांकों के सहसंबंध के द्वारा निर्धारित की जाती है। जैसे, परीक्षा में आये अंकों का सामंजस्य शिक्षकों के साथ बैठाया जाना चाहिये। बच्चे द्वारा विद्यालय में कितनी बार झगड़ा किया गया उसके ब्यौरे को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये।
- यदि अध्यापकों और विशेष माप के मध्यम एक मजबूत सघरात्मक संबंध सामने आता है, तब हम यह कह सकते हैं कि हमारे साथ की ''भावी वैधता'' है।

संवेदनशीलता :– पैमाने की संवेदनशीलता एक महत्वपूर्ण माप–तौल की अवधारणा है, और विशेषतया जब व्यवहार में परिवर्तन या काल्पनिक संरचनाएं जाँच पड़ताल के अन्तर्गत आती है। संवेदनशीलता से तात्पर्य एक अवधारणा में परिवर्तनशीलता को सटीक रूप से मापने के लिये उपकरण की क्षमता से है। एक द्विपक्षीय प्रतिक्रिया श्रेणी जैसे ''सहमति या असहमति'' छोटे से छोटे व्यवहारिक परिवर्तन का लेखा रखने की अनुमूति नहीं देती है। पैमाने पर कई श्रेणियों के साथ अधिक संवेदनशील उपाय की आवश्यकता हो सकती है। उदहरणार्थ, दृढ़तापूर्वक सहमत ''हल्की सी सहमति, न ही सहमत और न ही असहमत, हल्की सी असहमति ''थोड़ी असहमति'' और पूर्णतः असहमति जैसे शब्दों को जोड़ कर पैमाने की संवेदनशीलता को बढ़ाया जा सकता है।

21.5 माप के पैमाने का वर्गीकरण

व्यवसाय से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान करते समय, एक अनुसंधानकर्ता को सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करना होगा कि किस चीज की माप तौल करनी है, केसे की जायेगी, और साथ ही अवधारणा ली, भी माप तौल कैसे की जायेगी। 1940 के शुरूआती दौर में, हार्वडे मनोचिकित्सक एस.एस. स्टीवेन्स ने मापतौल के पैमाने का वर्गीकृत करने केक लिये मामूल, क्रमिक, अन्तराल और अनुपात जैसे शब्दों की उत्पत्ति की (टीवेन्स 1946)/ मापतौल के पैमाने वह नियम हैं जो संख्याओं के गुण की व्याख्या करते है। यह नियम दर्शाते हैं कि विज्ञान में एक संख्या केवल संख्या नहीं होती है, इसके अतिरिक्त इससे आगे बढ़कर संख्या इस सूचना पर आश्रित होती है इसका उपयोग कैसे किया गया था या इसे कैसे मापा गया था। इस श्रेणी में, हम आंकड़ों के सूचनापरक के विस्तार तक की चर्चा करेंगे। अन्ततः मापतौल के पैमाने के तीन गुण होते है। आदेश या क्रम, अन्तर और अनुपात । प्रत्येक गुण की व्याख्या निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देकर की जा सकती है:–

1 क्रम– क्या एक बड़ी संख्या छोटी संख्या से अधिक महत्व इंगित करती है।

2 अन्तर – क्या दो संख्याओं को घटाने से कोई अर्थपूर्ण मूल्यांकन का प्रतिनिधित्व होता है।

3 अनुपात – क्या दो संख्याओं का विभाजन (या अनुपात) कुछ अर्थपूर्ण मूल्यांकन का प्रतिनिधित्व करता है।

मापतौल के पैमाने से तात्पर्य है संख्याओं के गुणों का भिन्न उपयोग करके किस प्रकार इनको बदला जा सकता है। पैमानों को सामान्यतः चार प्रकारों में बाँटा जाता है :–

1. मामूली पैमाना
2. क्रमिक पैमाना
3. अन्तराल पैमाना और
4. अनुपात पैमाना

व्यापार शोधकर्ता बहुत से पैमानों या संख्या व्यवस्था का प्रयोग करते है। सभी पैमाने मापतौल में एक समान परिणाम नहीं देते हैं और न ही सभी अवधारणाओं को समस्त मापतौल से परिपूर्ण होने की आवश्कयता है। पैमाने का स्तर अधिक महत्वपूर्ण दिखता है क्योंकि इससे गणितीय तुलना निर्धारित होती है जो कि स्वीकार्य हैं पैमाने के चार प्रकार या स्तर एक अनुसंधानकर्ता को विश्लेषण एवं पैमाने की वैधता के परीक्षण में प्रगतिशील रूप से अधिकाधिक शक्ति प्रदान करते है।



अभ्यास हेतु प्रश्न :– अपने विश्वविद्यालय के संबंधित अध्यापक के साथ चर्चा करो कि कक्षा और परीक्षा में विषयों के प्रदर्शन को मापने का क्या तरीका है । विभिन्न पैमानों के भिन्न भिन्न प्रकारों से इसमें सामंजस्य बैठाने हेतु चर्चा करो।

21.5.1 सांकेतिक पैमाना :–

सांकेतिक पैमाना नापतौल के स्तर का सर्वाधिक प्राथमिक या प्रारंभिक पैमाना है सांकेतिक पैमाना कवेल पहचान या वर्गीकरण के उद्देश्यों क`लिये किसी वस्तु का मान निर्दिष्ट करता है। मान कोई संख्या भी हो सकती है और होनी भी चाहिये क्योंकि किसी मात्रा का प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा है। इस संदर्भ में, सांकेतिक पैमाना । सही मायने में गुणात्मक पैमाना है। सांकेतिक पैमाने बहुत अधिक उपयोगी होते हैं, और कभी कभी तो ये एकमात्र उचित पैमाना (उपाय) होते हैं, इन्हें प्राथमिक भी कहा जा सकता है। सांकेतिक पैमाना एकपक्षीय या विवेकाधीन होती है जैसे–प्रत्येक स्तर को बिना किसी त्रुटि के किसी भी श्रेणी में रखा जा सकता है। सांकेतिक पैमाने श्रेणी तक पैमाने होते हैं। जिसका उपयोग पहचान, नाम या श्रेणी गत चीजों या व्यक्तियां या घटनाओं के लिये किया जाता है। सांकेतिक पैमाने माप तौल के सबसे निम्न स्तर के पैमाने होते हैं। जब सांकेतिक पैमाने का विस्तार किया जा सरहा हो या तैयार किया जा रहा हो तो साधारण प्रक्रिया का अनुसरण किया जाना चाहिये। व्यापार अनुसंधान में सांकेतिक पैमानों का उपयोग बहुत से अवसरों पर किया जाता है। उदाहरणार्थ, सांकेतिक पैमाने का प्रयोग पहचान करने हेतु, ब्रांड की पहचान हेतु, बिक्री क्षेत्र हेतु, ब्रांड की जागरूकता हेतु, स्त्रियों के कार्य करने की स्थिति आदि की जानकारी हेतु किया जाता है।

पुरूषों में लिंग के आधार पर जनसंख्या और स्त्रियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य जाति के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है। व्यावसायिक बैंकों को सार्वजनिक, निजी और विदेशी बैंकें की श्रेणी में रखा जाता है और प्रत्येक श्रेणी को एक संख्याओं के रूप में (0,1,2) या अक्षरों के रूप में (ए.बी, सी) सारणी दे दी जाती है।

आंकड़े एकत्रित करने में सांकेतिक पैमानों का उपयोग किया जाता है, सांख्यिकीय विश्लेषण, प्रतिशत और ची–स्वेयर परीक्षा उपयुक्त तरीके हैं केन्द्रीकृत प्रवृत्ति को मापने के लये प्रणाली या रीति अकेले का ही उपयोग किया जा सकता है। मध्य और औसत को सांकेतिक आंकड़े पर नियोजित किया जा सकता है क्योंकि इसमें संख्या पद्धति के उच्च स्तरीय गुण सम्मिलित रहते है। अनुसंधानकर्ता को पैमाने के प्रकार का चयन करने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिये यदि वे सांख्यिकीय तकनीक का उपयोग करने जर रहे हैं। अनुसंधान कर्ता सांकेतिक आंकड़ों से औसत मूल्य का अनुमान नहीं लगा सकता है।

21.5.2 क्रमसूचक पैमाना :–

क्रमसूचक पैमाना या औपचारिक पैमाना एक श्रेणीबद्ध पैमाना है जो वस्तुओं या घटनाओं के बीच आदेशित संबंधों को इंगित करता है। इसमें वस्तुओं की संख्याओं को निर्दिष्ट करना शामिल है जो कि वस्तुओं के गुणों एवं विशेषताओं के सापेक्ष विस्तार की सूचना देता है। यह इस बात की माप–तौल करता है कि एक वस्तु या घटना की विशेषताएं और गुण दूसरी घटनाओं या विशेषताओं के समान हैं या नहीं है। सांकेतिक पैमाने से आगे थोड़ा सुधरा हुआ रूप है क्योंकि यह क्रय की सूचना देता हैं फिर भी, इस पैमाने से इस बात की सूचना प्राप्त नहीं होती है कि विभिनन वस्तुओं या घटनाओं में कितनी विशेषताएं अधिक है और कम है तो कैस कम है । शब्द कितनी कम को इंगित करता है न कि यह दूसरी श्रेणी पहली श्रेणी से कितना करीब है या प्रथम श्रेणी से कितनी दूर हैं क्रमसूचक पैमाने का प्रयोग करते हुये जो आंकड़े एकत्रित किये जाते हैं उनमें एक श्रेणी निकल कर आती है जहाँ कोई वस्तु जिसे प्रथम श्रेणी में रखा गया है, उसमें द्वितीय या तृतीय श्रेणी में श्रेणीबद्ध वस्तुओं से अधिक विशेषताएं होंगी अतः, सांकेतिक पैमाने की अपेक्षा क्रमसूचक पैमाने की मुख्य विशेषता या गुण यह है कि यह सापेक्ष स्थिति को इंगित करता है न कि वस्तुओं के बीच अंतर की परिमाण को । अनुसंधान में, सांकेतिक पैमानों का उपयोग सापेक्ष प्रवृत्ति, विचार, धारणाओं इत्यादि को मापने के लिये किया जाता है। वह समस्त आंकड़े जिन्हें व्यक्तियों द्वारा प्रश्न पूंछकर एकत्रित किया जाता है क्रमसूचक गुण वाले होते हैं। उदाहरण के लिये । एक विक्रेता का हित ग्राहक की विभिन्न ब्रांडों में रूचि जानना हो सकता हैं ग्राहकों से निवेदन किया जा सकता है कि वे विशिष्ट जायके या सुगंध, पैकेट कीडिजायन आदि के आधार पर विभिन्न ब्रांडों को वरीयता प्रदान करें। मनोभाव या अभिवृत्ति का पैमाना भी क्रमसूचक प्रवृत्ति में ही आता है। किसी वस्तु या घटना हेतु निर्दिष्ट संख्या को क्रमसूचक पैमाने में भी परिवर्तित नहीं किया जा सकता हैं इस सिद्धांत का उल्लंघन होने पर अनुसंधानकर्ता को प्राप्त होने वाले परिणाम बहुत उलझाने वाले होंगे। क्रमसूचक पैमाने के लिये औसत एक उपयुक्त सांख्यिकीय नहीं है।

21.5.3 अन्तराल पैमाना :

अन्तरावधि पैमानेको क्रम निर्धारण मान भी कहा जाता है। इसमें वस्तुओं या घटनाओं के मूल्य निर्धारण हेतु संख्याओं का उपयोग शामिल है। अन्तरावधि पैमाने में, पैमाने पर संख्यात्मक रूप से बराबर दूरी अंतराल पैमाने में बराबर मान दर्शाती है जिसे कहीं कहीं क्रम निर्धारण मान भी कहा जाता हैं इसमें घटनाओं या वस्तुओं की दर करने हेतु संख्याओं का उपयोग करना शामिल है।

अन्तरावधि पैमाने में, पैमाने पर संख्यात्मक रूप से बराबर दूरी गुणों में बराबर मूल्यों को दर्शाती है। अन्तरावधि पैमाना क्रमसूचक पैमाने का आधुनिक रूप है, इसमें क्रमसूचक पैमाने के समस्त गुण होने के साथ–साथ यह अनुसंधानकर्ता को अनुमति देता है कि वह वस्तुओं के मध्य विभिन्नता की तुलना कर सके। इसमें मापतौल के प्रत्येक स्तर के मध्य विभिन्नता की समानता का गुण समाहित है। इस पैमाने की यह विशेषता है कि किसी भी दो पैमानो के मूल्य के मध्य अन्तर अन्य दो पैमाने के असन्न मूल्य में अन्तर होता है। अन्तराल पैमाने उदाहरण हैं फारेनहाइट और सेल्सियस पैमाना । अन्तराल पैमाना पैमाने के बिन्दुओं के मूल्यों पर प्रतिबंध लगाता है। शून्य जो एक कार्य हो सकता है वह प्राकृतिक शून्य की अपेक्षा स्वैच्छिक शून्य है। मध्यस्थता में किसी भी बिंदु पर शून्य मान रखने की स्वतंत्रता शामिल है। पैमाने के मानों पर समान और निरंतर अन्तराल होता है। अनुसंधन में, अधिकांश अनुसंधान मनोवृतित या अभिभावों, विचारों और संभावनाओं पर अनुसंधान अन्तराल पैमाने का प्रयोग करके किया जाता है। वह समस्त सांख्यिकीय तकनीकें जो सांकेतिक और क्रम सूचक पैमानों पर उपयोग में लायी जाती है, उनका उपयोग अन्तराल पैमानों द्वारा आंकड़े एकत्रित करने में भी किया जा सकता है।

21.5.4 अनुपात पैमाना :–

अनुपात पैमाने अन्तरावधि पैमाने से इस संदर्भ में भिन्न है कि इसमें प्राकृतिक /परिपूर्ण शून्य है। इसमें सांकेतिक, क्रमानुता और अन्तरावधि पैमाने के सभी गुण है। अनुपात पैमाने के द्वारा उत्पन्न आंकड़ों को पहचाना जा सकता है, श्रेणियों में वगीकृत किया जा सकता है, रैंक दी जा सकती है एवं अन्य गुणों से इसकी तुलना भी की जा सकती है। इसे सापेक्षता के संदर्भ में अभिव्यक्त भी किया जा सकता है, एक को दूसरे के विभाजन की शर्तों पर भी अभिव्यक्त किया जा सकता है। अतः इसे सापेक्ष पैमाने के नाम से भी जाना जा सकता है। अनुपात पैमानों अनुसंधान में बहुत अधिक संख्या में उपलब्ध है। इसमें बिक्री, बाजार हिस्सेदारी, लागत, ग्राहक की आयु और संख्या सम्मिलित है। इन सभी मामलों में स्वाभाविक शून्य की उत्पत्ति होती है । समस्त सांख्यिकीय तकनीकों को अनुपात आंकड़ों पर अपनाया जा सकता है।

<u>माप का पैमाना</u>

	सांकेतिक	क्रमानुगत	अन्तरावधि	अनुपात
क्रम	नहीं	हाँ	हाँ	हाँ
अन्तर	नहीं	नहीं	हाँ	हाँ
अनुपात	नहीं	नहीं	नहीं	हाँ

पैमानों को विस्तृत रूप में वगीकृत किया जा सकता हैः–

- दाशमिक पैमाने में समेकित आकलन, संख्यात्मक पैमाना, अर्थसंबंधी पैमाने और रेखाचित्रीय अनुपात पैमाना शामिल है।
- गैर दाशमिक पैमाने :–इसमें श्रेणीगत, पंक्तिबद्ध, श्रेणी करण, निरंतर योग ओर युगल तुलना शामिल है।

21.6 स्केलिंग की तकनीकें

इस भाग में हमारी चर्चा जारी रहेगी कि पैमानों का विकास किस प्रकार हुआ और सामान्य स्केलिंग तकनीकों और प्रारूपों का प्रयोग किस प्रकार कि जा सकता हैं यह अभिवृत्ति पैमाने की व्यापक

अवधारणाओं पर केन्द्रित है– प्रबंधकीय और उपभोक्ता या खरीददार धारणा के माप के लिये स्केलिंग का अध्ययन इसमें शामिल है। समस्त मनोभाव (और अन्य मनोवैज्ञानिक) माप तौल प्रक्रियाएं व्यक्तियों से संबंधित हैं जेसे ग्राहक, खरीदी, अभिकर्ता, बाजार प्रबंधक, या विनिर्दिष्ट दिशा निर्देशों के अनुसार कुछ प्रेरणास्पद प्रतिक्रियाएं। यह प्रेरणा या प्रोत्साहन वैकल्पिक उत्पाद या सेवाएं, विज्ञापन संबंधी विषयवस्तु, पैकेज की आकृति, ब्रांड नाम, बिक्री का प्रदर्शन और बहुत कुछ हो सकता हैं प्रतिक्रिया में यह शामिल हो सकता है कि कौन सी प्रतिलिपि विषयवस्तु दूसरे की तुलना में अधिक आकर्षक है । कौन सी पैकिंग डिजायन, इसमें की अपेक्षा अधिक लुभावनी है, हर ब्रांड नाम का क्या विशेष गुण है आदि आदि। स्केलिंग प्रक्रिया को अंतिम पैमाने (सांकेतिक, क्रमानुमन, अन्तरावधि या अनुपात) के गुणों की शर्तों के आधार पर वगीकृत किया जा सकता है, लक्ष्य यह है कि कार्य करने के लिये कहा जाता है या फिर भी अन्य तरीकों से किया जाता है, जैसे विषय, प्रेरणाओं या दोनों पर जोर दिया गया हो।

एक सुआकल्पित अनुसंधान समस्या से ही एक सुआकल्पित माप तौल (पैमाना) प्रक्रिया का निर्माण होता है। किसी भी अनुसंधान की मौलिक पहलू होती है मापन प्रक्रिया यही वह कदम है जहाँ हम इसके माप तौल की वास्तविकता को जानने का प्रयास करते हैं। निर्णायकगण इस कदम के पहले वाले कदम के ज्यादा इच्छुक होते है। यह कदम पूर्णतः व्याख्यात्मक होते हैं और यही वह कदम है जहाँ सही मायेन में परिमाणन अपना स्थान लेता है। माप में होने वाली त्रुटियों से रहित माप तौल होनी ाहिये। ऐसी विनाशकारी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है जहाँ विपणन कर्ता आंकड़ों के निष्कर्षों तक पहुँच सकता हैं यदि वह उलझे हुये परिणामों को लेकर सतर्क है तो वह आंकड़ों के विश्लेषण से उत्पन्न होने वाले निष्कर्षों का त्याग कर सकता है। मापन से प्राप्त आंकड़े स्थिर, ओर स्पष्ट है तो उनकी पहचान करने के लिये अधिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है, किन्तु दुर्भायवश, विपणनकर्ता को यह जानकारी ही नहीं होती है या जानने का इच्छुक कभी नहीं होता है कि किस प्रकार के पैमाने का उपयोग किया जाए ताकि विपणन में आने वाली समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को मापा जा सके। निष्कर्षों के आधार पर लिये गये किसी भी निर्णय को संगठन पर बहुत सारे नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते है। अतः यह अत्यावश्यक है कि अनुसंधानकर्ता के मापन पैमाने को विस्तृत करने की समझ हो। ताकि युक्तियुक्त तरीके सही गुण प्राप्त किये जा सके।

विस्तृत रूप में मापन तकनीक को तुलनात्मक और गैर तुलनात्मक पैमाने में वर्गीकृत किया जा सकता है। तुलनात्मक पैमाना जैसा कि इसके नाम से ही इंगित होता है कि समस्त दरें, जिसमें सापेक्ष निर्णय भी सम्मिलित है, तुलना होती है । इसमें प्रेरणास्पद वस्तुओं की प्रत्यक्ष तुलना सम्मिलित है। इसमें केवल क्रमानुगत या श्रेणीबद्ध आदेश के गुण होते हैं। इसे दूसरे अर्थों में गैर मापीय पैमाना भी कहा जाता है । क्योंकि यह किसी भी प्रकार के यह इसके विपरीत सिकी भी अंकीय क्रियाओं की अनुमति नहीं देता है, इन सबका उउपयोग अन्तरावधि ओर अनुपात पैमानों में किया जा सकता है। तुलनात्मक पैमानों में प्ररणाप्रद वस्तुओं की प्रत्यक्ष तुलना सम्मिलित है।



21.6.1 तुलनात्मक पैमाना पद्धति :–

तुलनात्मक पैमाना पद्धतियों में सम्मिलित हैं :–

(ए) युग्म तुलना पैमाना,

(बी) श्रेणी क्रमिक पैमाना

(सी) स्थिर संक्षिप्त विवरण देने वाला पैमाना और

(डी) प्रश्न की भांति ।

(ए) युग्म तुलनात्मक पैमानाः– जैसा कि इसके नाम से ही विदित होता है इसमें दो वस्तुओं की प्रस्तुति और मानदंडों के अनुसार उत्तरदाताओं से प्रश्न पूदने में से किसी एक का चयन करना शामिल है। क्रमानुगत पैमाने का उपयोग करके आंकड़े एकत्रित किये जाते है। उदाहरण के लिये एक उत्तरदाता को टी.वी. के वरीयता क्रम को जोड़े में रखने को कहा जा सकता है। युग्म तुलतना आंकड़ों को विश्लेषण विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। ऊपर वाले उदाहरण में अनुसंधान कर्ता उन उत्तरदाताओं के प्रतिशत को गणना कर सकता है जिन्होंने किसी अन्य की अपेक्षा एक विशिष्ट टी.वी. ब्रांड को वरीयता दी है।

पारगमन की धारणा के तहत युग्मित तुलना तकनीक का उपयोग करके प्राप्त आंकड़ों को क्रमानुगत श्रेणी में परिवर्तित किया जा सकता है। वरीयता के पारगमन का तात्पर्य है कि यदि कोई प्रत्यर्थी Y ब्रांड की जगह X ब्रांड को वरीयता देता है और Y ब्रांड को Z के ऊपर वरीयता प्राप्त है, तब X ब्रांड को Z के ऊपर वरीयता प्राप्त होगी। यह, सबसे कम वरीयता की अपेक्षा प्रत्येक ब्रांड को पसंद किये जाने की संरख्या निर्धारित करने के द्वारा किया जा सकता है।

युग्मित तलनात्मक तकनीक तब बहुत उपयोगी हो जाती है जब ब्राडों की संख्या सीमित होती है, क्योंकि इसमें प्रत्यक्ष तुलना और अत्यधिक पसंद की जरूरत होती है। हालांकि ऐसा नहीं है, कि संभावित तुलना नहीं की जा सकती, किन्तु तुलना बहुत दुर्वह या बोझिल हो जायेगी। युग्मित तुलना के द्वारा किया जाने वाला सर्वसाधारण तरीका स्वाद परीक्षण है, उदाहरण के लिये इसमें उपभोक्ता को दो विभिन्न ब्रांउों के पेय पदार्थों को चखने के लिये कहा जाता है और यह कहा जाता है कि दो में से जिसका स्वाद सबसे अच्छा लग रहा हो उसका चुनाव करो।

(बी) पंक्तिबद्ध पैमाना :– यह तुलनात्मक मापन की एक अन्य जानी पहचानी पद्धति है। पंक्तिबद्ध पैमाने में प्रतिद्विन्दों या उत्तरदाता को बहुत सारी चीजें एक साथ दे दी जाती है और एक विशिष्ट मापदंड के आधार पर श्रेणीबद्ध या क्रम में रखने के लिये कहा जाता है। उदाहरण स्वरूप

टी.बी.के. विभिन्न ब्रांडों की वरीयता के लिये उपभोक्ता वरीयता रख सकते हैं इस मापन पद्धति में, क्रमानुगत पैमानो का उपयोग किया जाता है। टेलिविजन के विभिन्न ब्रांडों को एक क्रम में रखने हेतु उपभोक्ताओं से कहा जा सकता है, पहला सर्वाधिक पंसदीदा ब्रांड, दूसरे स्थान पर थोड़ा कम अधिमानित ब्रांड और तीसरे पर उससे कम पसंद के ब्रांड को रखा जा सकता है। युग्मित तुलना की तरह, यह भी तुलनात्मक प्रकृति का ही होता है। इस तकनीक द्वारा प्राप्त आंकड़े संयुक्त विश्लेषण के साथ नियोजित होते हैं ।क्योंकि पैमाने की विभेदक संभावना रहती है, उपभोक्ताओं को एक दूसरे ब्रांड के लिये भड़काते है। पारगमन की धारणाओं के तहत पंक्तिबद्ध क्रम को समकक्ष युग्मित तुलना आंकड़े या इसी के समान किसी आंकड़े में परिवर्तित किया जा सकता है।

(सी) **अविरत (लगातार) मापन** :– यह तकनीक कुछ इकाईयों को लगातार निर्धारित करने की आज्ञा उत्तरदाता को देता है, जैसे बिन्दु, रूपये या कुद मानदंडों के संदर्भ में महत्वपूर्ण वस्तुएं । इस तकनीक में उत्तरदाता को खेल उपयोगी वाहन के गुणों को 10 अंक देने के लिये कहा जाता है। यदि गुण महत्वपूर्ण नहीं हे उत्तरदाता शून्य अंक देना चाहेगा । गुणों को उत्तरदाताओं द्वारा दिये गये अंकों के आधार पर मापा जाता है। इसमें मुख्यत रूप से तुलनात्मक प्रकृति का होने केक कारण क्रमिक का इस्तेमाल किया जाता हे और उसका परिणाम सामान्यता की कमी होना है। अविरत मापन का लाभ यह है कि इससे महत्वपूर्ण वस्तुओं के मध्य बिनाअधिक समय लगाये भेदभाव करने का अवसर प्राप्त होता है। इसके लाभ में निर्दिष्ट लोागें की तुलना में अधिक याक म इकाईयों का आबंटन शामिल है।

(डी) शीघ्र समाधान :– यह अपेक्षाकृत बडत्री संख्या में वस्तुओं के बीच शीध्रातिशीघ्र भेदभाव को संदर्भित करता है। इस तकनीक में पंक्तिबद्ध क्रम प्रक्रिया का उपयोग होता है जिसमें कुछ मानदंडों के संबंध में वस्तुओं को समानता के आधार पर इकट्ठे में वृल (समाधान) किया जाता है। मल्होत्रा (2004) में एक सटीक उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जो इस प्रकार है। उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत कार्ड पर 100 व्यवहारिक कथन करने को दिये गये और उनसे कहा गया कि उन्हें सर्वाधिक सहमत से लेकर सबसे कम सहमत तक 11 ढेर बनाओ। छाँटीी गयी वस्तुओं की संख्या किसी भी हाल में 60 से कम और 140160 से अधिक नहीं होनी चाहिये, 60 से 90 वस्तुओं तक की सीमा को युक्तियुक्त माना गया । पूर्व निर्धारित प्रत्येक ढेर में वस्तुओं को रखा जाना चाहिये।

21.6.2 गैर तुलनात्मक मापन प्रणाली :–

गैर तुलनात्मक मापन को दूसरे शब्दों में भ्रमणकारी माप कहा जाता है क्योंकि एक समय में एक ही वस्तु का माप लिया जाता है। अनुसंधानकर्ता इस पैमाने का उपयोग उत्तदाताओं को उन मानकों का उपयोग करने की अनुमति देता है जो उन्हें सटीक और उचित लगते हैं न कि अनुसंधानकर्ता द्वारा विनिर्दिष्ट मानकों को। उत्तरदाता अनसुधान कर्ता द्वारा विनिर्दिष्ट मानको की तुलना अन्य वस्तुओं से नहीं करते हैं। गैर तुलनात्मक प्रणाली का उपयोग निरंतन होता है एवं मापक पैमाने का अलग–अलग उल्लेख होता है। इन पैमानों में, प्रत्येक वस्तु को दूसरी वस्तुओं से पृथक स्वतंत्र रूप से मापा जाता है, परिणाम मूलक आंकड़ा सामान्यतया उन्तरावधि या अनुपात पैमाना माना जाता है।

सतत् दर निर्धारित पैमाना :–

इसे आलेखीय दर–निर्धारित पैमाना भी कहा जाता है। एक एक प्रकार का पैमाना है जो उत्तरदाता को निरंतरता की अनुमति देता है। (जैसे एक रेखा) जिस पर किसी वस्तु का मूल्यांकन प्रदान किया जाता है। अनुसंधानकर्ता सतत् मूल्यांकन पैमाने का विस्तार करके उत्तरदाता को उनके

द्वारा मूल्यांकन करने हेतु अनुमति देते है, उनसे कहा जाता है कि एक रेखा पर उचित बिन्दु पर एक चिह्न अंकित करें जो एक छोर से दूसरे छोर तक मापदंड तक पहुंच सके या पूर्वनिर्धारित श्रेणी तक पहुंच सके। यह उत्तरदाता को अनुसंधानकर्ता द्वारा निर्धारित चिह्न को चयन करने की आवश्कयता नहीं होती है, इसमें बहुत से उतार चढ़ाव संभव है। यह रेखा लंबवत या क्षेति हो सकती है, यह चिन्हित या अचिन्हित हो सकती है, यह चिन्हित है, उसके कुछ भाग हो सकते हैं। या थर्मामीटर पैनाने में हो सकती है, पैमाने के बिन्दु या संख्यात्मक होने चाहिये या उनका संक्षिप्त विवरण होना चाहिये। सामान्यता नीचे दी गयी सारणी में तीन प्रकार के वर्णन हैः–

सतत् मूल्यांकन पैमानेक के उदाहरण :– किसी भी रेस्टोरेंट द्वारा दी गयी सेवाओं का मूल्यांकन करने के लिये क्षैतिज रेखा पर अविकणियें जिसमें आपकी मनोभावों का आभास होता है।

सहानुभूति :–

सबसे खराब ———————————————————— —————— सबसे अच्छा

– सतत् मूल्यांकन पैमाना बनाना आसान है, किन्तु गणना अविश्सनीय और बोझिल हो सकती है। अनुसंधान में कम्प्यूटर के प्रयोग से, और लगातार कम्प्यूटर का उपयोग करने से, अन्यथा सूचना बहुत कम प्रापत करते हैं।

अलग–अलग उल्लेखित मूल्यांकन पैमानाः– यह पैमाना आलेखीय पैमाने के ही समान है, इसमें भी व्यक्ति अपने निर्णय स्वतंत्रापूर्वक करते है। प्रत्यक्ष तुलना का लाभ न लेते हुये स्वतंत्र निर्णय किये जाते हैं। उत्तरदाताओं को एक पैमाना दिया जाता है जिसमें या तो संख्या दी होती है या प्रत्येक श्रेणी का संक्षिप्त विवरण दिया रहता है। यह पैमाना उत्तरदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में से कुद संख्या में श्रेणी चयन की अनुमति देता है, सामान्यता उसे 7, और 10 या उससे अधिक कभी–कभी उपयोग में आते हैं। श्रेणियों को पैमाने की स्थिति में क्रमानुगत किया जाता है, और उत्तरदाताओं से एक विशिष्ट श्रेणी जिसका मूल्यांकन विशिष्ट विवरण के साथ है, को चुनने के लिये कहा जाता है विभिन्न वर्गों का मौखिक विश्लेषण कर दिया जाता है। हालांकि यह आवश्यक नहीं होता है । इस पैमाने का अनुसंधान में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है और आजकल अधिक जटिल प्रकार के पैमाने का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार के मूल्यांकन पैमाने के कुछ प्रकार हैं वे है लाइकर्ट, अर्थपूर्ण भिन्नतम और मुख्य या प्रधान पैमाना ।

लीकर्ट पैमाना :– इस पैमाने का नाम रेनिस लीकर्ट के नाम पर रखा गया है। यह सर्वाधिक उपयोग में आने वाला पैमाना है। विशेषतया अनुसंधान में परीक्षण प्रणाली में इसका सर्वाधिक प्रयोग किया जाता है। बहुत सा अनुसंधात्मक अध्ययन लीकर्ट पैमाने का उपयोग करके किया गया है। विशेष वस्तुओं के बारे में सहमति या असहमति के वक्तव्यों की सूचित करने की आवश्यकता होती है। और यह उत्तरदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह सहमति या असहमति की सूचना देगा। सेवा की स्थिरता को मापने के लिये जाने पहचाने लीकर्ट पैमाने के उपयोग के एक हिस्से का उदाहरण नीचे दिया गया है :–

बैंक द्वारा दी गयी सेवा की स्थिरता को मापने हेतु सूची नीचे दी गयी है। कृपया निम्नलिखित पैमाने का उपयोग करते हुये आप यह इंगित करें कि कितनी दृढ़ता से आप इससे सहमत हैं या असहमत हैः–

1 पूर्णतः असहमत

2 असहमत

3 न असहमत , न ही सहमत

4 सहमत

5 पूर्णतः सहमत

लीकर्ट पैमाना :– जिस कम्प्यूटर साफ्टवेयर का आप इस्तेमाल कर रहे हैं। उसके बारे में आप क्या अनुभव करते है कृपया एक संख्या पर गोला बनाइये :–

पूर्णतः असहमत	1	2	3	4	5	6	7	पूर्णतः सहमत

इसे इस्तेमाल करना आसान है।

पूर्णतः असहमत	1	2	3	4	5	6	7	पूर्णतः सहमत

इसका इस्तेमाल हास्यास्पद है।

पूर्णतः असहमत	1	2	3	4	5	6	7	पूर्णतः सहमत

इससे वह सब कुछ होता है जिसकी मैंने अपेक्षा की थी।

पूर्णतः असहमत	1	2	3	4	5	6	7	पूर्णतः सहमत

उपयोग में लाते समय किसी तरह की विसंगतता देखने मे ंनहीं आयी ।

पूर्णतः असहमत	1	2	3	4	5	6	7	पूर्णतः सहमत

यह उपयोगकर्ता के अनुकूल है।

दृढ़तापूर्वक असहमत	1	2	3	4	5	6	7	दृढ़तापूर्वक सहमत

इस पैमाने के उपयोग से एकत्रित आंकड़े का विश्लेषण करने के लिये प्रत्येक कथन का एक संख्यात्मक गणना दी जाती है, जिसकी सीमा –2 से +2 के माध्यम से एक शून्य या 1 से 5 तक होती है।

विश्लेषण या तो वस्तु अनुसार होता है या संपूर्ण गणना (समेकित) या औसत के द्वारा होता है, प्रत्येक उत्तरदाता द्वारा जोड़ कर या वस्तुओं के औसत की तुलना करके इसकी गणना की जा सकती है। लाइकर्ट पैमाने में यह महत्वपूर्ण है कि सतत् मूल्यांकन प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिक गणना की प्रतिक्रिया का हितकारी प्रभाव नहीं होता है। विपरीत संकेतीकरण के रूप में कोई विचलन होता है जहाँ अनुकूल प्रतिक्रिया का सबसे कम मूल्यनिरूपण दिया गया है और अननुकूल प्रतिक्रिया का सबसे अधिक मूल्य निरूपण दिया गया है, उसे अनुसंधानकर्ता द्वारा विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट किया जाना चाहिये। सामान्यता, प्रतिकूल संकेतीकरण का उपयोग नकारात्मक अवधारणा को चिन्हित करने के लिये किया जाता है और जब अन्य कथनों के साथ इसका उपयोग किया जाता है, प्रतिकूल संकेतीकरण का सकारात्मक प्रभाव होगा।

अर्थपूर्ण भिन्नता पैमानाः– यह पैमाना लाइकर्ट पैमाने के बाद एक बहुत ही प्रसिद्ध पैमाना है। इस पैमाने में उत्तरदाता की प्रतिक्रिया द्विध्रुवीय स्तर से संबंधित होती है जिसका अर्थपूर्ण मतलब होता है । उत्तरदाता वस्तुओं पर अलग–अलग संख्या का उल्लेख करता है, सात बिन्दु गणना पैमाना प्रत्येक छोर पर दो द्विध्रुीवय विशेषणों जैसे ''उत्कृष्ट'' ओर ''बहुत बुरा' द्वारा बंधे होते है। उत्तरदाता किसी एक का चयन करके अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं कि यही उनकी सर्वोत्कृष्ट चयन है। संकेतों को शून्य या 1 से 7 लेकर – 3 से +3 तक चिन्हित किया जाता है। मध्यम मूल्यांकन को तटस्थ स्थिति के रूप में आंका जाता है। पहले प्रकार में शून्य मूल्यांकन तटस्थ बिन्दु होता है और दूसरे प्रकार में तटस्थ बिन्दु 4 होता हैं परिणाममूलक आंकड़ों को सामज्यतया रूपरेखा विश्लेषण के माध्यम से विश्लेषण किया जाता है। इस प्रकार के विश्लेषण में, प्रत्येक रेटिंग पैमाने के आशय और औसत मूल्यांकन को जोड़ा जाता है और आलेखन या सांख्यिकीय विश्लेषण द्वारा इसकी तुलना की जाती है। इससे अनुसंधानकर्ता को वस्तुओं में समानताओं और अंतर को पूर्णरूपेण

सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है। विभिन्न खंडों में उत्तरदाता द्वारा आये अंतरों का अनुसंधानकर्ता विभिन्न खंडों के अर्थ की प्रतिक्रिया की तुलना कर सकता है। इस पैमाने के उपयोग से एकत्रित आंकड़ों को सारांश आंकड़ों के साथ नियोजित किया जा सकता है। यद्वपि कि इस पैमाने पर अर्थ के नियोजन पर विवाद है। अर्थ पूर्णतः अन्तरवधि और अनुपता पैमाना है जबकि यह पैमाना सैद्धांतिक रूप से एक क्रमानुगत पैमाना है। हालांकि सांख्यिकीविद द्वारा इस आपत्ति को मद्देनजर रखते हुये, अनुसंधानकर्ता इस पमाने पर सभी सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग करते हैं। निम्नलिखित उदाहरण अर्थपूर्ण भिन्नतापूर्ण पैमाने को उद्घृत करता है:–

1 प्रसन्नतापूर्वक .... अप्रसन्नतापूर्वक

2 आक्रामाक ....विनम्र (विनीत)

3 रोमांचक .... गैर रोमांचक

अर्थपूर्ण पैमाना :–

अच्छा – बुरा

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

<u>अर्थपूर्ण भिन्न पैमाना</u>

महत्वपूर्ण – अमहत्वपूर्ण

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

खर्चीला (बहुमूल्य) – अपमूमल्य (सस्ता)

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

उपयोगी – अनुपयोगी

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

मजबूत – कमजोर

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

गतिशील– धीमा

अत्यन्त , मुक्त, थोड़ा, अन्यथा, थोड़ा, काफी, अत्यन्त

स्टेपेज पैमाना :– इस पैमाने का नाम जैन स्टेपेल के नाम पर पड़ा है। जिन्होनें इसके बनाया। यह द्विध्रुवीय गणनात्मक पैमाना है जिसमें रूपधारण 10 श्रेणियाँ है। और –5 से +5 तक संख्याएं हैं और कोई तटस्यबिन्दु (शून्य) नहीं हैं इस पैमाने को आमतौर पर लंबवत् प्रस्तुत किया जाता है और उत्तरदाता यथार्थता और अयथार्यता के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया को चुनता है और प्रतिक्रियात्मक श्रेणी में से युक्तियुक्त संख्या चुनकर प्रत्येक वस्तु का चयन करता है। किसी भी वस्तु की अधिकाधिक संख्या उसकी अधिक यथार्थता के आधार पर अपनी प्रतिक्रिया को चुनता है ओर प्रतिक्रियात्मक श्रेणी में से युक्तियुक्त संख्या चुनकर प्रत्येक वस्तु का चयन करता है। किसी भी वस्तु की अधिकाधिक संख्या उसकी अधाकि यथार्थता को इंगित करती है और कम संख्या वस्तु की कम यथार्थ विवरण की ओर इंगित करती है। इसका उदाहरण इस प्रकार है:–

+5

+4

+3

+2

+1
उच्च मूर्तता (वास्तविकता) सेवा
−1
−2
−3
−4
−5

स्टेपल पैमाने के माध्यम सवे एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण ठीक अर्थपूर्ण भिनन पैमाने के जैसे ही किया जा सकता है। स्टेपेल पैमाने का मुख्य लाभ यह है कि वास्तविक द्विध्रुवीयता सुनिश्चित करने के लिये विशेषणों या वाक्यांशों के प्रतितम की आवश्यकता नहीं होती है। और इसे टेलिफोन के द्वारा ही प्रबंधित किया जा सकता है।

विभिन्न पैमानों के आंकड़ों पर गणितीय और सांख्यिकीय विश्लेषण ।

सूची क्रमांक	पैमाने	मूलभूत लक्षण	उदाहरण	अनुमत आंकड़े	
				वर्णनात्मक	आनुमानित
1	नाममात्र	संख्या की पहचान और वस्तुओं को वर्गीकृत करना	संग्रह के प्रकार, हाँ या ना का चुनाव, लिंग	प्रतिशत साधन	पी वर्ग, द्विपदिक, परीक्षण
2	क्रमानुगत	संख्याएं वस्तुओं के प्रतिनिधि, पदों को इंगित करती हैं परंतु उनके बीच अंतर का परिमाण नहीं है।	वरीयताक्रम, गुणवत्ता क्रम	प्रति शतक, औसत	पद क्रम, सह संबंध, अनोवा,
3	अन्तराल	वस्तुओं के मध्य अन्तर की तुलना की जा सकती है, शून्य बिन्दु स्वैच्छिक है	मनोदृष्टि, मत, सूची संख्या	सीमा, अर्थ, मानक, विचलन	पल, सह–संबंध, टी–परीक्षण, अनोवा, प्रतीपगमन और घटक विश्लेषण
4	अनुपात	शून्य बिन्दु, निश्चित होता है, पैमाने गणना का अनुपात का अभिकलन किया जा सकता है।	आयु, आय, कीमत, बिक्री, बाजार शेयर	रेखागणितीय अर्थ, लायबद्ध अर्थ (माध्य)	गुणांक का परिवर्तन

अभ्यास का प्रश्नः– इंगित करें कि निम्नलिखित पैमाने नाममात्र, क्रमिक, अंतराल या अनुपात पैमाने का उपयोग करते हैः–

(ए) शयेर बाजार की कीमतें :–

(बी) वैवाहिक स्थिति, ''विवाहित'' ''या'' अविवाहित'' के रूप में 'वर्गीकृत'

(सी) इस तरह का प्रश्न पूंछे जाने पर हाँ या ना में उत्तर देना कि क्या कभी उत्तरदाता अनियोजित रहा।

(डी) प्रोफेसर पद – सहायक प्रोफेसर, संबंध प्रोफेसर या प्रोफेसर ।

(इ) वर्ग या पद –, ए, बी, सी, डी या एफ। जब हम व्यवसाय अनुसंधान में मापन प्रणाली का विस्तार करने का प्रत्यन्त करते हैं तब बहुत सारे विचारों की आवश्यकता होती हैं पैमाने का विस्तार करते समय कुछ आवश्यक निर्णय लिये जाते हैं। जो कि निम्नानुसार हैः–

पैमाने श्रेणियों की संख्या :–संख्या जितनी बड़ी होगी, मापन पैमाने की अधिक सटीकता की आवश्यकता होगी।

एक अवधारणा को मापने के लिये वस्तुओं की संख्या : – वस्तुओं की संख्या कितनी होनी चाहिये? स्वीकार्य विश्वसनीयता प्राप्त करने केक लिये कम से कम 3 वस्तुओं का होना आवश्यक है, किन्तु साधारणतया 5 से 7 वस्तुएं और कभी कभी तो इससे अधिक वस्तुएं भी देखने में आती है।

सम और विषम संख्या की श्रेणियाँ :– जब एक पैमाने में विषम संख्या की श्रेणियों का उपयोग किया जाता है तब मध्य–बिन्दु तटस्थ स्थिति का प्रतिनिधित्व करता हैं यदि अनुसंधान कर्ता किसी विशिष्ट मुद्दे पर अपनी पसंद या विकल्प के लिये मज़बूर करना चाहता है तो समसंख्या का उपयोग किया जाना चाहिये।

संतुलित और असंतुलित पैमान :–संतुलित पैमाने से तात्पर्य पक्षीय और गैर पक्षीय श्रेणियों का समान होना है और असंतुलित पैमाने से तात्पर्य दोनों श्रेणियों में असमानता होना है। असंतुलित पैमाने का वहां उपयोग किया जाता है जब अनुसंधानकर्ता पैमाने के एक छोर तक के पूछे गये प्रश्नों की प्रतिक्रिया की अपेक्षा करता है।

बलपूर्वक या गैर बलपूर्वक पसंद :– बलपूर्वक पसंद पैमाने में उत्तरदाताओं को विकल्प चुनने के लिये मजबूर किया जाता हैं इसमें ऐसा कोई मध्य बिंदु नहीं होता है जिसे तटस्थ की श्रेणी में रखा जा सके तथा जिसका अपना कोई मत न हो। यदि उत्तरदाता बीच की श्रेणी का चयन करता है जहां उनका अपना कोई 'मत' नहीं है या 'तटस्थ' है, इससे प्रतिक्रिया में त्रुटियाँ आयेंगी, अतः बलात पसंद पैमाने का प्रयोग करना अधिक उचित है एवं 'कोई राय नहीं का विकल्प उपलब्ध कराता है।
पैमानों के लिए श्रेणी लेबल :– तीन प्रकार की श्रेणियों के स्तर हैं मौखिक, संख्यात्मक, और लेबल रहित विकल्प संख्यात्मक एवं लेबल रहित पैमानों का उपयोग एक अनुसंधानकर्ता द्वारा तब किया जाता है जब उसे मध्यम श्रेणी के लिये उचित मौखिक विवरण प्राप्त करने में कठिनाई होती है।

21.7 माप में त्रुटियाँ

मापत्रुटि कोविकृत जानकारी के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है तथा एक माप उत्पाद के बारे में अविकृत जानकारी के रूप में परिभाषित किया गया है। बहुत से स्रोतों के द्वारा माप में त्रुटियों की जा सकती हैं, जिसमें प्रतिक्रिया सीमा, मध्यम बिंदु प्रतिक्रिया, गैर प्रासंगिक प्रतिक्रिया (बामगार्टनर और स्टीनकैम्प, 2001, पॉट्स कॉफ, मैककैन्जी, ली और पॉड्स कॉफ 2003) कुछ त्रुटियों, के प्रकार की चर्चा इस प्रकार की गयी है।

समझौता (कराकर) पूर्वाग्रह के कारण त्रुटि :– पूर्वाग्रह युक्त समझौता कथन के साथ सहमत होने की प्रवृत्ति है न कि वस्तु के सामग्री के साथ सहमति । अधिग्रहण प्रतिक्रिया शैली के रूप में भी जाना जाता है।

स्थान पूर्वाग्रह के कारण त्रुटिः– ऐसा तब होता है जब व्यक्ति तरीके में भिन्न होता है जिसमें वे प्रतिक्रिया पैमाने श्रेणियों का उपयोग करते है (उदाहरण के लिये अग्रसर होने या चरम सीमा का उपयोग करने की प्रवृत्ति)।

उदारता त्रुटिः उत्तरदाता की या तो बहुत अधिक या बहुत कम मूल्यांकन करने की प्रवृतित उदारता त्रुटि कहलाती है ।

तीव्र या कठोर त्रुटि :– यह उदारता त्रुटि की ठीक पिरीत है।

मध्य बिन्दु प्रतिक्रिया त्रुटि :– यह सामग्री की अपेक्षा मध्य पैमाना बिन्दु का उपयोग करने की प्रवृत्ति है (बामगार्टनर और स्टीनकैम्प 2001), और यह अपवंचनता (टालमटोल), असमंजस अनिश्चितता या उदासीनता (मौसिक, 1968, शुमैन और प्रेसर, (1981 के कारण हो सकता है।

चरम (नितान्त) प्रतिक्रिया त्रुटि :– श्यह एक शैली है जो सामग्री के बावजूद अत्यधिक प्रतिक्रियाओं को चुनने के लिये संदर्भित करती है।

21.8 प्रश्नावली निर्माण (रचना)

पिछले खण्डों में हमने मापन प्रणाली एवं पैमाने की मूलभूत अवध्यारणा का अध्ययन किया। इस खंड में प्रश्नावली रचना के रूप में व्यक्त (विज्ञ) अवधारणा को लागू करेंगे। हालांकि प्रश्नावली विकसित करने हेतु कोइ्र निर्धारित नियम नहीं है, बहुत से अनुसंधान कर्ताओं के सामूहिक प्रयास ने संभावनाओं को कम करने हेतु दिशा निर्देश प्रस्तावित किये हैं तथा कप्रश्नावली बनाने में आंकड़े की वैधता की समस्या की गंभीरता को भी कम करने हेतु दिशा निर्देश जारी किये हैं। इस विषय पर बॉयड और वेस्टफाल (1992) का एक उत्कृष्ट संदर्भ बना हुआ है। प्रश्नावली के डिजायन में सहायता के लिये एक सप्त –चरण प्रक्रिया प्रसतावित की गयी है।

चरण 1:– आवश्यक जानकारी निर्धारित करें :–

चूंकि प्रश्नावली आवश्यक सूचना एवं आंकड़े एकत्रित करने के मध्य एक श्रृंखला (कड़ी) है, अनुसंधानकर्ता के पास आवश्यक सूचना की विस्तृत सूची होनी और साथ ही प्रतिवादी समूह की स्पष्ट पहचान भी होनी चाहिये। यह चरण सामान्यता परक शोध एवं परिकल्पना विकास चरणों का परिणाम होता है। पिछले अध्याय में बाजार प्रतिक्रिया के विभिन्न रूपों के किया गया अध्ययन अवधारणाओं को मापने की पहचान करने में विश्लेषक को सहायता प्रदान करेगा।

चरण 2 : उपयोग में आने वाली प्रश्नावली के प्रकार को निर्धारित करें :–

व्यक्तिगत साक्षात्कार, मेल या टेलिफोन के द्वारा आंकड़े एकत्रित किये जा सकते है। इन विकल्पों के बीच चुनाव मुख्य रूप से प्राप्त की जाने वाली जानकारी के प्रकार द्वारा निर्धारित किया जाता है। इस बिन्दु पर आकर प्रश्नावली के प्रकार पर निर्णय लेना आवश्यक हो जाता है, प्रश्नों के शब्द और सामग्री के निर्णय से पहले प्रश्नावली के प्रकार पर निर्णय लेना आवश्यक हो जाता है। प्रश्नावली की लंबाई और प्रश्नों का तारतम्य पर भी इस निर्णय का खासा असर होगा। उदाहरण के लिये संयुक्त विश्लेषण का उपयोग करने का निर्णय एक टेलीफोन साक्षात्कार के उपयोग को रोक देना । अतः इस स्तर पर बाजार का विश्लेषण विशिष्ट हो जाता है कि किस प्रकार आवश्यक प्राथमिक आंकड़ों को एकत्रित किया जा सकेगा और आंकड़ों के साथ किस प्रकार का विश्लेषण किया जायेगा ।

चरण 3 व्यक्तिगत प्रश्नों की सामग्री निर्धारित करें :–

एक बार आवश्यक जानकारी ज्ञात हो गयी और आंकड़े एकत्रित करने का तरीका भी निश्चित कर लिया गया, अनुसंधानकर्ता प्रश्न तैयार करना प्रारंभ कर देता हैं एक बार प्रश्न की सामग्री निर्धारित होने के बाद बहुत सारे बिन्दुओं पर व्यवस्थित रूप से समीक्षा की जानी चाहिये।

क्या यह प्रश्न आवश्यक है ? उन दिलचस्प प्रश्नों को शामिल करने से बचना चाहिये जो आवश्यक जानकारी से सीधे संबंधित नहीं है।

एक के बजाय कई प्रश्न आवश्यक हैं ? कुछ प्रश्नों के दो या उसके अधिक तत्व होते हैं और यदि इन्हें एक प्रश्न में छोड़ दिया गया है तो व्याख्या असंभव हो जाती है। यह विशेषतया ''क्यों'' प्रश्न का मामला है।

क्या उत्तरदाता के पास पूँछी गयी जानकारी उपलब्ध है?

निम्न को निर्धारित करने के लिये उप–प्रश्नों का परीक्षण किया जा सकता हैः–

- क्या यह उत्तरदाता के अनुभव में उठाया गया मुद्दा है ?
- क्या उत्तरदाता जानकारी को याद कर सकता है ?
- क्या उत्तरदाता को जानकारी प्राप्त करने के लिये अत्यधिक काम करना होगा?
- क्या उत्तरदाता जानकारी दे पायेंगे :– यद्यिपि कि वे उत्तर जानते हैं उत्तरदाता कभी कभी प्रश्नों का उत्तर नहीं देते हैं क्योंकि ::–

– वे उत्तर नहीं देना चाहते हैं।

चरण 4 : उपयोग में आने वाले प्रश्नों का प्रकार निर्धारित करें :–

वास्तविक प्रश्नों को तैयार करते समय, अनुसंधान कर्ता के पास तीन मुख्य प्रकार के प्रश्नों के मध्य विकल्प होता है।

एक खुला– समाप्त प्रश्न :– इसमें उत्तरदाताओं को प्रश्नों के अपने उत्तर प्रदान करने की आवश्यकता होती है।

बहुतविकल्प प्रश्न :– इसमें उत्तरदाताओं को ऐसा उततर चुनने की आवश्यकता होती है जो एक सूची में प्रश्न के साथ दिये रहते है। उत्तरदाता से एक या एक से अधिक विकल्प भी चुनने के लिये कहा जा सकता है।

विरोधाभासी प्रश्न :– विरोधभासी कई वैकल्पिक प्रश्नों का एक चरम रूप है, जो उत्तरदाता को केवल दो प्रतिक्रियाओं की अनुमति देता है, जैसे हाँ/ना, सहमत/असहमत या इसी तरह । बहुविकल्प प्रश्न में जब प्रस्तावित उत्तरों को क्रमानुगत किया जाता है, तो उद्देश्य केवल एक श्रेणी की पहचान करना नहीं है (जैसा कि नाममात्र के पैमाने में होता है), किन्तु समझौते के सतर को मापने के बजाय महत्व का सतर या वरीयता क्रम को मापना होता है।

चरण क्रमांक 5 :– प्रश्नों के शब्द सुनिश्चित करें :– इस स्तर पर समसया यह आती है कि प्रश्नों का वाक्य विन्यास इस प्रकार हो कि :–

– उत्तरदाता को आसानी से समझ में आ सके।

– उत्तरदाता को सुराग नहीं देता है कि उसे कैसे उत्तर देना चाहिये।

निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये प्रश्नों का निर्माण निश्चय ही सुबोध और निष्पक्ष होगा।

– **मुद्दे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करें :–** प्रत्येक प्रश्न का छः बिन्दुओं पर परीक्षण किया जाना चाहिये – कौन, कहाँ, कब, क्या, क्यों और कैसे – ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मुद्दा स्पष्ट है ।

– **सुनिश्चित करें कि प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे या विषयनिष्ठ :–** एक व्यक्तिपरक प्रश्न व्यक्ति के संदर्भ में सवाल रखता है जबकि वस्तुपरक वाक्यांश यह संदर्भित करते हैं कि लोग सामान्य रूप में क्या सोचते हैं। व्यक्तिगतपरक या आत्मपरक प्रश्नों के परिणाम अधिक विश्वसनीय आते हैं।

साधारण शब्दों का इस्तेमाल करें :– प्रश्नावली में प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों का केवल ही अर्थ होना चाहिये और प्रत्येक व्यक्ति को उसका अर्थ ज्ञात हो ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिये। दिन प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले शब्दों से होने वाली गलतफहमी के बहुत सारे उदाहरण देखने को मिलते हैं। विशेष तौर पर विपणन के तकनीकी शब्दकोष (ब्रांड छवि, स्थिति इत्यादि) को टाला जाना चाहिये। इन कठिनाईयों पर काबू पाने के लिये प्रश्नावली का पूर्व–परीक्षण बहुत उपयोगी होता है।

– **संदिग्ध प्रश्नों से बचें :–** संदिग्ध प्रश्नों से तात्पर्य अलग–अलग लोगों के लिये अलग – अलग चीजों से है। अक्सर कभी न कभी 'अक्सर, 'बहुत' 'अच्छा', 'स्पष्ट', 'गरीब' ओर बहुत कुछ अनिश्चित शब्दों के अन्तर्गत आते हैं। इनके बहुत सारे अर्थ हो सकते हैं जेसे, एक मासिक पत्रिका का लगातार पढ़ना एक वर्ष में 6 या 7 प्रकाशन भी हो सकते हैं जो एक व्यक्ति द्वारा किया जाता है या वर्ष में दो बार भी पढ़ना हो सकता है।

– सूचक या एक तरफा प्रश्नों से बचे :– सूचक प्रश्न वह होता निश्चित उत्तर की ओर ले जा सकता है। एक तरफ प्रश्न मुद्दे के केवल एक ही पहलू को उजागर करता है। जितना संभव हो सके प्रश्नों को निर्माण बिल्कुल निष्पक्ष होना चाहिये, ब्रांड या कम्पनी के नाम से बचना चाहिये। 'दो किनारे वाले प्रश्नों से बचें :– प्रश्न वह होता है जिसमें दो प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होती है और फिर उत्तरदाताओं में भ्रम उत्पन्न होता है। ऐसे प्रश्नों को दो अलग–अलग भागों में विभाजित करना चाहिये।

– जहाँ संभव हो विभाजित ममतपत्र का उपयोग करें :– एक प्रश्न के लिये 'सही' शब्द नहीं है। जहाँ दो शब्द हैं ओर उनमें से चुनना है किन्तु वरीयता में रखने के लिये कोई आधार नहीं है, प्रश्नावली के आधे में एक शब्द को चुना जा सकता है और बाकी बचे दूसरे आधे भाग के लिये दूसरा शब्द चुना जा सकता है।

चरण –6 : प्रश्नों का अनुक्रम तय करें :– सामान्यतया प्रश्नावली में तीन बड़े भाग होते हैं :–

– मांगी गयी मूलभूत जानकारी ।

– उत्तरदाता की प्रोफाइल प्राप्त करने में उपयोगी सामाजिक जनसांख्यिकीय जानकारी ।

सामान्य नियम उस क्रम में अनुभागों को रखना है, प्रश्नावली का मुख्य भाग को प्रथम स्थान में रखा जाना चाहिये और सामाजिक जनसांख्यिकीय प्रश्नों को अन्त में रखा जाना चाहिये (जब तक कि वे सर्वेक्षण के लिये उत्तरदाताओं को अर्हता प्राप्त करने के लिये फिल्टर प्रश्नों के रूप में कार्य नहीं करते हैं)। प्रश्नों के अनुक्रम की सुनिश्चितता को अधिक भावशील बनाने के लिये निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिये :–

– साधारण एवं दिलचस्प शुरूआती प्रश्नों का उपयोग – यदि प्रारंभिक प्रश्न दिलचस्प और साधारण होंगे और उनका उत्तर देना आसान होगा, तो उत्तरदाता के सहयोग में वृद्धि होगी।

– कपी (फनल) दृष्टिकोण का उपयोग करें :– कीप दृष्टिकोण के अन्तर्गत आता है किसी भी विषय पर सामान्य प्रश्नों से प्रारंभ करना एवं धीरे धीरे उसी विषय के छोटे से छोटे प्रश्न तक पहुँच जाना।

– तार्किक क्रम में प्रश्नों का संयोजन करना:– विषय में आकस्मिक परिवर्तन होने से उत्तरदाता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और इस प्रकार असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

– अंत में कठिन या संवेदनशील प्रश्न रखें :–

कठिन और संवेदनशील प्रश्नों को अंत में रखा जाना चाहिये :–

जब उत्तरदाता अध्ययन में शामिल हो जाए, तब प्रश्नावली के अंतिम पड़ाव पर संवेदनशील प्रश्न होने चाहिये। एक मेल द्वारा तैयार प्रश्नावली विशिष्ट अनुक्रम समस्याओं को उठाती है क्योंकि इसे स्वयं को बेचना चाहिये। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि शुरूआती प्रश्नों से उत्तरदाता की पसंद को आंका जाता है। उसके बाद प्रश्नों को तार्किक अनुक्रम में रखा जाना चाहिये। फिर भी, मेल प्रश्नावली में, व्यक्तिगत साक्षात्कार की भांति प्रश्नों के अनुक्रम का लाभ मिलना संभव नहीं होता है क्योंकि मेल प्रश्नावली में उत्तरदाता स्वयं ही उत्तर देने का क्रम निश्चित करता है। आत्मानुशासित प्रश्नावली के लिये शारीरिक आकर्षक और प्रश्नावली की तैयार भूमिका अत्यन्त आवश्यक है।

चरण –7 : प्रश्नावली का पूर्व परीक्षण:– किसी भी क्षेत्र के लिये तैयार प्रश्नावली के लिये उसक्षेत्र की स्थितियों के अन्तर्गत प्रश्नावली का पूर्व परीक्षण होना अत्यावश्यक होता हैं पूर्व परीक्षण में सुविधानुसार प्रश्नावली को चुनिंदा संभावित उत्तरदाताओं की एक सीमित संख्या मेंप्रशासित करना शामिल है, किन्तु संभावित लक्ष्य की संख्या बहुत अलग नहीं होनी चाहिये। फिर भी पूर्व परीक्षण के लिये सांख्यिकीय सर्वेक्षण आवश्यक नहीं होता हैं पूर्व परीक्षण प्रक्रिया अनुसंधानकर्ता को यह सुनिशितचत करने की आाा देती है कि क्या उत्तरदाताओं को प्रश्नावली समझने में कोई कठिनाई आ रही है और क्या प्रश्नावली में कोई अस्पष्ट या पक्षपातपूर्ण प्रश्न तो नहीं है। पूर्व परीक्षण के परिणामों को सारणीबद्ध करना भी यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक हो जाता हे कि सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर कली जायेगी।

21.9 सारांश

इस इकाई में हमने मापन प्रणाली की अवधारण को समझा । यह समझना महत्पूर्ण है कि मापन प्रणाली निर्णय को मापने के लिये चर या मनोवैज्ञानिक संरचनाओं के लिये संख्यात्मक मान निर्दिष्ट कर रहा है। माप पैमाने के विभिन्न स्तर है जैसे सांकेतिक, क्रमानुगत, अनुपात और अन्तरावधि । कुछ मानक माप पैमानों जैसे लाइकर्ट, सेमान्टिक भेदभाव पूर्ण आदि का विस्तार किया गया है।

21.10 शब्दावली

माप : वैाानिक पद्धति से चरों की वधारणा को संख्या निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया।

रचना करना :– मापने के लिये एक परिचालित परिभाषित अवधारणा।

चर वस्तुएं (प्रभावित करने वलाी वस्तुएं) : कोई भी रचना जो अनुसंधान डिजायन में परिवर्तित हो जाए।

पैमाना : यह वह प्रक्रिया है जिसमें स्थापित मापित वस्तुओं के गुणों पर निरंतरता बरकरार रखी जाती है।

वैधता :– अच्छे पैमाने से माप की सुनिश्चितता ''जो मापना चाहा उसका मापन।''

संवेदनशीलता : यह एक अवधारणा में विलेख की क्षमता को सटीकरूप से मापने की क्षमता को संदर्भित करता है।

21.11 बोध प्रश्न

बहुविकल्प प्रश्न :–

1 निम्न में से कौनसी अवधारणा व्यवसाय अनुसंधान में मापने योग्य है ?
(अ) संतुष्टि स्तर (ब) प्रवृत्ति (स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं।

2 मापने योग्य पैमाने की विशेषताओं की व्याख्या करने में निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है ''ताकि मापने के लिये क्या लगता है'' चता चले ?
(अ) विश्वसनीयता (ब) वैधता (स) संवेदनशीलता (द) इनमें से कोई नहीं।

3 पैमाने के कौन से अनुक्रमों बढ़ती हुई जटिलता का प्रतिनिधित्व करते है ?
(अ) क्रमानुगत, सांकेतिक, अन्तरावधि, अनुपात
(ब) सांकेतिक, क्रमानुमत, अन्तरावधि, अनुपात
(स) अन्तरावधि , सांकेतिक, क्रमानुगत, अनुपात
(द) अनुपात, क्रमानुगत, अन्तरावधि , सांकेतिक

4 किस पैमाने में वस्तुओं को संख्या बताने के लिये उन वस्तुओं के कुछ विशेषताएं होती है ?
(अ) अनुपात (ब) क्रमानुगत (स) अन्तरावधि (4) सांकेतिक

5 समस्त मनोवैज्ञानिक गुण जैसे प्रवृत्ति, विश्वास, संतुष्टि का स्तर है ?
(अ) एकध्रुवीय (ब) द्विध्रुवीय (स) तटस्य (द) इनमें से कोई नहीं।

6 किस मामले में पारगमन का सिद्धान्त लागू होगा ,
(अ) सांकेतिक (ब)क्रमानुगत (स) अनुपात (द)इनमें से कोई नहीं

21.12 बोध प्रश्नों के उत्तर

(अ) –(1) ए, (2) बी, (3) ए, (4) बी (5) बी (6) बी

21.13 स्वपरख प्रश्न

1 व्यापार अनुसंधान में माप का क्या अर्थ होता है ?
2 माप में पैमाने से क्या तात्पर्य है ? पैमाने के कितने स्तर होते हैं ?
3 किसी व्यक्ति को माप में किस प्रकार की कठिनाई का सामना करना होता है?
4 विश्वसनीयता से क्या तात्पर्य है? चर्चा कीजिए।
5 वैधता से आप क्या समझते है ? चर्चा कीजिए।
6 एक अच्छे मापन पैमाने के क्या मानदंड होते हैं?
7 प्रश्नावली में शुरूआती प्रश्न एवं अंतिम प्रश्नों से आप क्या समझते हैं ?
8 लाइकर्ट पैमाने की विशेषताओं की उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। यह अर्थपूर्ण भिन्नता पैमाने से किस प्रकार अलग है?
9 माप पैमानों के विभिन्न प्रकारों को दाहरण सहित समणइये ? प्रत्येक पैमाने से जुड़े अनुज्ञप्त सांख्यिकीय संचालन कौन से हैं?

10 एक शॉपिंग माल के प्रति ग्राहकों को निष्ठा को मापने के लिये लाइकर्ट पैमाने, अर्थपूर्ण भिन्न पैमाना और स्टेपल पैमाने का वर्णन करो।

11 एक अच्छी प्रश्नावली तैयार करने के लिये कौन–कौन से कदम उठाये जाने चाहिये।

12 मापन प्रणाली में क्या त्रुटियाँ है ? इन त्रुटियों को कैसे कम किया जा सकता है ?

13 **निम्नलिखित की वैधता एवं विश्वसनीयता पर टिप्पणी कीजिए –**

(अ) उपभोक्ता प्रतिवेदन की सदस्यता लेने के इरादे की एक उत्तरदाता की रिपोर्ट अत्यधिक विश्वसनीय होती है । शोधकर्ता का यह मानना होता है कि यह आर्थिक प्रणाली एवं बड़े व्यापार से अलगाव के साथ असंतोष का एक वैधमाप है।

(ब) एक सामान्य रूचि की पत्रिका ने दावा किया कि टेलीविजन कार्यक्रमों की अपेक्षा यह विज्ञापन का एक सशक्त माध्यम है। शोध में भी यह पाया गया कि शीतलपेय और अन्य परीक्षण उत्पादो के विज्ञापनों को याद रखने के लिये पत्रिका को, 30 सैकंड के विज्ञापनों से अधिक अंक प्राप्त हुये थे।

(स) पत्रिका पढ़ने की निरंतर आवृत्ति की उत्तरदाता की रिपोर्ट यह दर्शाती है कि वह नियमित रूप से ग्रह व्यवस्था पत्रिका पढ़ती है ।

21.14 सन्दर्भ पुस्तकें

1. क्रेसवेल, जान, डब्ल्यू (2008) अनुसंधान अभिकल्पना, गुणात्मक, मात्रात्मक एवं मिश्रित विधियॉ पहुॅच मार्ग। न्यूवरी पार्क, सी0ए0 सेज प्रकाषन
2. मर्कजाक, जी0आर0 डेमटेयों, डी0एवं फेसटिनजर डी0 (2005), अनुसंधान अभिकल्पना एवं प्रणाली के मूलभूत, न्यूर्याक षहर, एन0वाय0 बिले।
3. इथराइड, डान ई0, (2004) । व्यावहारिक अर्थषस्त्र में अनुसंधान प्रणाली, दरियागंज, नई दिल्ली , बिले ब्लैक बैल ।
4. वर्घ , डी0 एवं केचन, डी0 (2009) रणनीति एवं प्रबन्ध में अनुसंधान प्रणाली, बिंगले, रू0 के0 एममारैड प्रकाषन समूह
5. सी0आर0कोठारी, अनुसंधान प्रणाली : न्यू ऐज, नई दिल्ली ।
6. एन0के0 मैल्होत्रा , विपणन अनुसंधान : पियरसन्स , नई दिल्ली।

इकाई 22 अनुसंधान, रिपोर्ट लेखन ओर अनुसंधान में कम्प्यूटर आवेदन संरचना

इकाई की रूपरेखा

उद्‌देश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप इस योग्य हो सकेंगे कि –

- अनुसंधान रिपोर्ट की तैयारी और प्रस्तुति की प्रकिया की व्याख्या कर सकें।
- रिपोर्ट का स्वरूप, रिपोर्ट लिखना, ग्राफ और तालिकाओं सहित रिपोर्ट तैयार करने की बुनियादी आवश्यकताओं को समझ सकें।
- रिपोर्ट तैयार और प्रस्तुति में इंटरनेट और कंप्यूटर के उपयोग को समझ सकें।

22.1 प्रस्तावना

शोध के परिणाम प्रभावी रूप से और इच्छित प्रयोक्ताओं के लिए अर्थपूर्ण रूप से सूचित होने चाहिए। यह निर्णय लेने में मदद करता है । शोध रिपोर्ट एक व्यवस्थित, सुव्यवस्थित दस्तावेज है जो व्यवस्थित और तार्किक लेखन में पूरी गतिविधियों, शोध डिजाइन, प्रकियाओं, व्याख्याओं और शोध कार्यो के निष्कर्षो को प्रस्तुत करता है। इसे लिखित रूप में संकलित करने के बाद कंप्यूटर के जरिए ऑडियों विजुअल टूल्स की मदद से प्रस्तुत किया जा सकता है। यह अनुसंधान कार्य

के दौरान अनुसरण किए गए घटनाओं के अनुक्रम को रिकॉर्डिंग और व्याख्या करना, निष्कर्ष और संदर्भ के साथ समाप्त होता है। उपयोगकर्ताओं को एक शोध अध्ययन में निष्कर्षो को प्रस्तुत करना एक औपचारिक लिखित रिपोर्ट के साथ–साथ मौखिक प्रस्तुति भी शामिल है। रिपोर्ट और इसकी प्रस्तुति अत्यंत महत्वपूर्ण है एक अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करने को लेखन के अलावा अन्य गतिविधियां शामिल है, वास्तव में, लेखन तैयारी प्रक्रिया का अंतिम चरण है। लिखने से पहले, अनुसंधान परियोजना के परिणामों को पूरी तरह से समझा जाना चाहिए और सोचा जाना चाहिए कि रिपोर्ट क्या कहें। इस प्रकार, एक शोध रिपोर्ट तैयार करने में तीन चरण शामिल हैं, समझ आयोजन और लेखन। इस इकाई के आगे के खंड अनुसंधान रिपोर्ट की तैयारी में विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। इस इकाई में हम सीखेंगे कि एक शोध रिपोर्ट कैसे लिखनी है। विभिन्न प्रकार के अभ्यास सीखने की अपनी प्रगति की जांच करने के लिए प्रश्न शामिल हैं।

22.2 आंकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या

एक शोध रिपोर्ट लिखने से पहले आकड़ों की व्याख्या करना आवश्यक है। व्याख्या एक विश्लेषणत्मक और प्रायोगिक अध्ययन के बाद एकत्र किए गए तथ्यों से निष्कर्षो को आकर्षित करने के कार्य को संदर्भित करना है। आकड़ों का विश्लेषण और व्याख्या एकत्रित जानकारी के लिए अर्थ प्रदान करने और निष्कर्षो, महत्व और निष्कर्षो के निहितार्थ का निर्धारण करने की प्रकिया है। एक प्रबंधकीय परिप्रेक्ष्य से निर्णय लेने के लिए डेटा को रिकॉर्ड की गई जानकारी के रूप में देखा जा सकता है। पूर्ण प्रश्नावली या अन्य माप उपकरणों को संपादित करना, कोडित करना, कंप्यूटर द्वारा प्रसंस्करण के लिए डेटा सेट में दर्ज करना होगा, और उनके पूर्ण अर्थों और प्रभावों से पहले सावधानी से विश्लेषण किया जाना आवश्यक है।

